पत्र नहीं मित्र

देशबन्धु

रायपुर, सोमवार, 20 नवम्बर 2023 । वर्ष – 65 । अंक –215 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु. प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23

एक दूसरे की सुरक्षा के लिए आगे आएं कांग्रेसी पृष्ठ 2

■ कार्यकर्ता के लिए लड़ने वाले नेता दिग्विजय
■ क्यों करें सप्ताह में सत्तर घंटे काम? पृष्ठ 6

■ दक्षिणी गंगा में जमीनी कार्रवाई शुरू करेंगे इजरायली सैनिक
■ आपसी विश्वास रूस-चीन के बीच सफल सहयोग का आधार : पुतिन पृष्ठ 7

जोकोविच ने सेमीफाइनल में अल्काराज को हराया पृष्ठ 8

ऑस्ट्रेलिया छठी बार बना विश्व क्रिकेट का सिरमौर

एक दिवसीय विश्व कप स्पर्धा : टीम इंडिया का सपना टूटा, 6 विकेट से मिली हार

अहमदाबाद, 19 नवंबर (एजेंसी)। ट्रेविस हेड की पारी ने भारतीय टीम के इस विश्व कप में विजय अभियान पर ब्रेक लगा दिया। 241 रन के लक्ष्य की पीछा करते हुए 43 ओवर में 4 विकेट खोकर जीत हासिल की। विश्व कप में सौरव गांगुली की तरह विश्व कप फाइनल में खिताब जीतने से रोहित शर्मा चूक गए। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खिताबी जंग एकतरफा साबित हुई। भारतीय टीम ने टूर्नामेंट में सब कुछ अच्?छा किया था लेकिन फाइनल में शायद उसका दिन नहीं था.टॉस हारने से लेकर लगभग हर बात भारतीय टीम के खिलाफ गई.पहले बैटिंग करते हुए टीम केवल 240 रन बनाकर आउट हो गई।

ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीता और पहले गेंदबाजी करने का फैसला कर लिया। भारत की तरफ से कप्तान रोहित शर्मा ने ताबड़तोड़ 47 रन बनाकर टीम को तेज तर्रार शुरूआत दी। लेकिन हिटमैन के विकेट के बाद विराट को छोड़ दें तो टॉप ऑर्डर ताश के पत्तों की तरह बिखर गया। जिसके बाद रनों में मंदी नजर आई सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल दहाई का आंकड़ा भी नहीं पार कर पाए। इसके अलावा पिछले मैच में सेंचुरी ठोकने वाले श्रेयस अय्यर भी उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे। अय्यर महज 4 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। हालांकि, विराट कोहली ने 63 गेंद में 54 रन की पारी खेली, इसके बाद केएल राहुल ने टीम को लड़ाकू स्कोर तक पहुंचाया। राहुल ने 107 गेंद में 66 रन की बेहद धीमी पारी को अंजाम दिया, जिसमें महज एक चौका शामिल था। इन पारियों की बदौलत ब्लू आर्मी जैसे-तैसे 240 रन के आंकड़े तक पहुंची और सारी जिम्मेदारी भारतीय टीम के घातक गेंदबाजी अटैक के कंधो पर आ गई।



■ ट्रेविस हेड ने खेली शतकीय पारी

अनैतिक काम करने वालों से सख्ती से निपटेगी कांग्रेस : दिग्विजय सिंह

■ राजीव रंजन श्रीवास्तव

नई दिल्ली, 19 नवंबर (देशबन्धु)। मध्यप्रदेश का सियासी इतिहास कई तरह की उथल-पुथल

130 से अधिक सीटें लाने का किया दावा

और जोड़-तोड़ का साक्षी तो रहा है, लेकिन इस बार मध्यप्रदेश के चुनावों में हिंसा का जोर देखने मिला। पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह का कहना है कि इसके लिए भाजपा जिम्मेदार है, जिसके संरक्षण में अनैतिक कार्य करने वालों को प्रश्रय मिला। मध्यप्रदेश में राजनगर विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस के पूर्व पार्षद सलमान खान की हत्या 17 नवंबर को मतदान से पहले की गई थी। इसका इल्जाम भाजपा के कार्यकर्ताओं और प्रत्याशी पर लगा है। मृतक सलमान के परिजन इंसाफ की मांग करते हुए खजुराहो थाने के सामने बैठ गए और उनका साथ देने दिग्विजय सिंह भी पहुंच गए। 18 तारीख से लेकर 19 तारीख दरम 24 घंटों से अधिक वक्त तक मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और मौजूदा राज्यसभा सांसद धरने पर बैठे रहे। जब पुलिस अधीक्षक ने शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया, तब जाकर रविवार की शाम को ये धरना समाप्त हुआ। सलमान खान के परिजन अब उनके अंतिम संस्कार के लिए तैयार हो गए हैं। हालांकि दिग्विजय सिंह ने चेतावनी दी है कि अगर आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी नहीं हुई तो पुन: आंदोलन किया जाएगा।

दिग्विजय सिंह जब धरने पर बैठे थे, इस दौरान देशबन्धु डीबी लाइव के लिए प्रधान संपादक राजीव रंजन श्रीवास्तव ने उनसे विशेष बातचीत की और मध्यप्रदेश में चुनाव में हिंसा से लेकर सरकार की चोरी होने से बचाने तक कई मुद्दों पर चर्चा हुई। दिग्विजय सिंह का कहना है कि मध्यप्रदेश में इस बार कांग्रेस 130 सीटों से अधिक पर जीत दर्ज करने जा रही है और पांच साल काम करने का मौका मिलने पर श्री कमलनाथ अवैध और अनैतिक कार्य करने वालों से सख्ती से निपटेंगे। पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में ही नहीं, आने वाले लोकसभा चुनावों में भी कांग्रेस मजबूती से प्रदर्शन करने जा रही है।

यहां पेश है उनसे बातचीत के खास अंश

प्र.- मध्यप्रदेश में चुनावी हिंसा का इतिहास नहीं रहा है, फिर क्या कारण है कि इस बार चुनावों में इस तरह की हिंसा हुई कि किसी कांग्रेस

शेष पृष्ठ 7 पर

नितिन गडकरी की विशेषज्ञों के साथ बैठक

उत्तरकाशी सुरंग में फिर ड्रिलिंग शुरू

उत्तरकाशी, 19 नवम्बर (एजेंसियां)। उत्तराखंड के उत्तरकाशी में सुरंग धंसने से 8 दिन से 41 मजदूर फंसे हैं। सिलक्यारा की ओर से बंद पड़ी ड्रिलिंग रविवार शाम को 50 घंटे बाद फिर से शुरू हो गई है। यहां से खाना अंदर भेजने के लिए एक और छोटा पाइप ड्रिल किया जा रहा है। अब ड्रिलिंग में आ रही रुकावट का पता लगाने के लिए रोबोट की भी मदद ली जाएगी।

■ सुरंग में रुकावट का पता लगाएगा रोबोट

पुणे और हॉलैंड से मशीनें मंगाई

इससे पहले रविवार को केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने उत्तरकाशी में विशेषज्ञों के साथ बैठक की और सुरंग के अंदर जाकर बचाव अभियान भी देखा। उन्होंने अंदर फंसे लोगों के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें आश्वासन दिया। अंदर फंसे मजदूरों को मल्टी विटामिन, ड्राई फ्रूट्स और एंट्री डिप्रेशन दवाएं दी जा रही हैं। अच्छी बात यह है कि सुरंग के अंदर जहां मजदूर फंसे हैं, वहां बिजली सप्लाई है। इधर, सिल्कयारा सुरंग में ऊपरी सतह से ड्रिलिंग की जानी है। इसके लिए पुणे और हॉलैंड से मशीनें मंगाई गई हैं। ये मशीन चिल्यानीसौड़ हवाई पट्टी पर एयरलिफ्ट करके लाई जाएगी। यह सिल्कयारा से 50 किलोमीटर दूर है। वहीं, सुरंग को सुरक्षित करने के लिए रेलवे ने रविवार सुबह एक और मशीन ऋषिकेश से मंगवाई है। यह टनल में मलबा गिरने से रोकने का काम करेगी।

विश्वकप में सुरक्षा में चूक

'फ्री फिलिस्तीन' लिखी टी-शर्ट पहनकर मैदान में घुसा युवक

अहमदाबाद, 19 नवम्बर (एजेंसियां)। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच रविवार को यहां नरेंद्र मोदी स्टेडियम में एकदिवसीय विश्व कप फाइनल के दौरान सुरक्षा में चूक देखी गई, जब 'फ्री फिलिस्तीन' लिखी टी-शर्ट पहने एक व्यक्ति मैदान में घुस गया। भारत की पारी के चौदह ओवरों के दौरान कई युवा अप्रत्याशित रूप से पिच पर आ गए और विराट कोहली को गले लगा लिया। अहमदाबाद की अपराध शाखा सहित सुरक्षा बलों ने तुरंत हस्तक्षेप किया, घुसपैठिए को पकड़ लिया और स्टेडियम से हटा दिया। घटना के बाद खुद को ऑस्ट्रेलिया का जॉन बताने वाले व्यक्ति को चांदखेड़ा पुलिस स्टेशन ले जाया गया। हिरासत में रहते हुए उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि उनका प्राथमिक मकसद कोहली से मिलना और फिलिस्तीन के प्रति अपना समर्थन व्यक्त करना था।

■ घुसपैठिए ने कोहली को गले लगाया

सार संक्षेप

खड़गे, सोनिया ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को दी श्रद्धांजलि

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी तथा राहुल गांधी ने रविवार सुबह पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की 106वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। श्री खड़गे तथा कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी, कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल तथा अन्य नेताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री की समाधि शक्ति स्थल जाकर उन्हें पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कांग्रेस ने अपने आधिकारिक पेज पर ट्वीट कर कहा 'शक्ति, साहस और कुशल नेतृत्व की मिसाल रहीं भारत की आयरन लेडी इंदिरा गांधी जी को आज पूरा देश याद कर रहा है।

हैदराबाद अग्निकांड में मरने वालों की संख्या 10 हुई

हैदराबाद। हैदराबाद के एक अपार्टमेंट परिसर में 13 नवंबर को लगी आग की घटना में मरने वालों की संख्या 10 हो गई है। पुलिस ने बिल्डिंग के मालिक को गिरफ्तार कर लिया है। नामपल्ली पुलिस ने घटना के लगभग एक सप्ताह बाद बाजारघाट में बालाजी रेजीडेंसी के मालिक रमेश कुमा जायसवाल को गिरफ्तार किया। चार मंजिला इमारत के स्टिल्ट फ्लोर में रखे केमिकल ड्रमों में आग लग गई थी, जिसके कारण यह भीषण हादसा हुआ।

तेलंगाना में जब्ती का आंकड़ा 625 करोड़ तक पहुंचा

हैदराबाद। विधानसभा चुनाव होने से 10 दिन पहले तक जब्त की गई नकदी, सोना, शराब और मुफ्त वस्तुओं का मूल्य 625 करोड़ रुपए से अधिक हो गया है। प्रवर्तन एजेंसियों ने पिछले 24 घंटों के दौरान 22.46 करोड़ रुपए की नकदी, कीमती धातु, शराब और अन्य सामान जब्त किया, जिससे कुल आंकड़ा 6,25,79,47,333 रुपए हो गया। 2018 के चुनावों में नकदी, शराब और अन्य वस्तुओं की कुल जब्ती केवल 103.89 करोड़ रुपए थी।

मोदी ने कांग्रेस को आपसी गुटबाजी पर घेरा

एक-दूसरे को रन आउट करते रहे कांग्रेस नेता

चूरू, 19 नवम्बर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को राजस्थान में चुनाव प्रचार के दौरान क्रिकेट के मूड में दिखे। उन्होंने चूरू के तारानगर और झुंझुनूं में कहा कि कांग्रेस वाले एक-दूसरे को रनआउट करने में लगे हैं। जो बचे हैं, वे महिलाओं और अन्य मुद्दों पर गलत बयान देकर हिट विकेट हुए जा रहे हैं। बाकी जो हैं, वे पैसे लेकर, रिश्वत लेकर मैच फिक्सिंग कर लेते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब इनकी टीम ही इतनी खराब है, तो ये क्या रन बनाएंगे और आपका क्या काम करेंगे। हमें हर मतदान केंद्र पर पांच से सात सतक लगाने हैं। मोदी ने कहा कि कांग्रेस के राज में इस भूमि पर ईश्वर का नाम लेना भी मुश्किल हो गया है। एक तरफ भाजपा है, जो करतारपुर साहब कॉरिडोर बनवाती है, वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस अपने राज में यहां शोभा यात्रा तक निकलने नहीं देती है। वह देवी-देवताओं की शोभा यात्रा पर रोक लगाती है, लेकिन आतंकी संगठन पीएफआई की रैली को बढ़ावा देती है।

भाजपा सभी भ्रष्टाचारियों को आउट करेगी

कांग्रेस ने भ्रष्टाचार फैलाया है। भाजपा सरकार आएगी तो सभी भ्रष्टाचारियों को आउट कर देंगे और भाजपा विकास का स्कोर तेजी से बनाएगी। जीत राजस्थान की होगी, जीत किसान, महिलाओं, युवाओं के भविष्य की होगी। आज भारत हर क्षेत्र में विकास कर रहा है। 'चंद्रयान चांद पर पहुंचा। कोरोना का देसी टीका बनाया। कांग्रेस और विकास एक-दूसरे के दुश्मन हैं, इसलिए विकास चाहिए तो कांग्रेस को जितना दूर रखें, उतना अच्छा है। राजस्थान भी इसमें बड़ी भूमिका निभाएगा।

अडानी का नहीं, भारत मां वाला हिंदुस्तान चाहिए : राहुल

राजस्थान में कांग्रेस नेता बोले, देश को बदलने का समय आ गया है, मोदी ने अरबपतियों का कर्जा माफ किया

बूंदी, 19 नवम्बर (एजेंसियां)। राजस्थान के बूंदी में आज कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक जनसभा को संबोधित किया, जिसमें उन्होंने भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जमकर निशाना साधा। रैली को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि हमें अडानी वाला हिंदुस्तान नहीं चाहिए, भारत मां वाला हिंदुस्तान चाहिए। देश को बदलने का समय आ गया है। नरेंद्र मोदी कहें 'अडानी जी की जय' क्योंकि वे उसके लिए ही काम करते हैं। भारतवासी तो 'भारत माता की जय कहेंगे'। एक भी उद्योगपति दलित या आदिवासी नहीं। हमें ऐसा हिंदुस्तान चाहिए, जिसमें पिछड़ों, दलितों, आदिवासियों की इज्जत हो।

राजस्थान की गहलोत सरकार ने 7 गारंटी दी हैं, लेकिन यह मोदी वाली गारंटी नहीं है। थाली बजाओ, फोन की लाइट ऑन करो। कोरोना से लाखों लोग मरे, मोदी ने सभी को नचवा दिया। कोविड फैला और गरीब लोग मर गए।

मित्रों को 14 लाख करोड़ का तोहफा दिया

नरेंद्र मोदी ने हिंदुस्तान के अरबपतियों का 14 लाख करोड़ का कर्जा माफ किया। उसमें एक दलित नहीं, आदिवासी कोई नहीं। मतलब उसमें हिंदुस्तान की 80 प्रतिशत आबादी का कोई नहीं। इन्होंने अपने मित्रों को 14 लाख करोड़ का तोहफा दिया और आप लोग देखते रह गए। केवल 20-25 लोगों को यह पैसा दिया गया। दलितों, आदिवासियों से उनके सामने ही चोरी की गई और आपको पता तक नहीं लगा।

जाति जनगणना नहीं करा सकते मोदी

कुछ भी हो जाए नरेंद्र मोदी जाति जनगणना नहीं करा सकते है। जाति जनगणना केवल राहुल गांधी और कांग्रेस कर सकती है। जिस दिन जाति जनगणना हो गई और जिस दिन आदिवासी, दलितों को ये जनगणना की बात समझ आ गई। उस दिन ये देश बदल जाएगा।

दिल्ली में प्रदूषण हुआ कुछ कम

ट्रकों के प्रवेश पर से रोक हटाई गई

नई दिल्ली, 19 नवम्बर (एजेंसियां)। दिल्ली में पिछले दो दिनों से प्रदूषण के स्तर में गिरावट आई है। रविवार सुबह 7 बजे, शहर का एवरेज एयर क्वॉलिटी इंडेक्स 290 था। जबकि शनिवार को 319, शुक्रवार को 405 और गुरुवार को 419 रिकॉर्ड किया गया था। प्रदूषण कम होता देख 14 दिन बाद दिल्ली से ग्रेप-4 (ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान) हटा दिया गया है। बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए इसे 5 नवंबर को लागू किया गया था। अब शहरों में कंस्ट्रक्शन वर्क और ट्रकों की एंट्री पर रोक हट गई है। उधर सोमवार से दिल्ली में स्कूलों को फिर से खोला जा रहा है। प्रदूषण के चलते सरकार ने 8 नवंबर को स्कूलों में 10 दिन के विंटर वेकेशन की घोषणा कर दी थी।

■ आज से राजधानी में स्कूल खुलेंगे

दिल्ली में वायु प्रदूषण का स्तर कम होता देख दिल्ली के पर्यावरण मंत्री और आप नेता गोपाल राय ने कहा- पिछले दो दिनों में दिल्ली में प्रदूषण के स्तर में सुधार हुआ है। ग्रैप 4 प्रतिबंध हटा दिए गए हैं, लेकिन मैं दिल्ली के लोगों से सतर्क रहने का अनुरोध करता हूं। ट्रकों की एंट्री पर प्रतिबंध हटा दिया गया है।

आस्था का महापर्व छठ : नदी-तालाबों पर उमड़ा आस्था का सैलाब, व्रतियों ने डूबते सूर्य को दिया अर्घ्य

मणिपुर में इंटरनेट पर प्रतिबंध 23 तक बढ़ा

इंफाल, 19 नवम्बर (एजेंसियां)। मणिपुर सरकार ने राज्य की अस्थिर हालात को देखते हुए शनिवार को मोबाइल इंटरनेट सेवा पर प्रतिबंध को और अगले पांच दिनों के लिए यानी 23 नवंबर तक बढ़ा दिया है। एक अधिकारी ने कहा कि असामाजिक तत्वों को भ्रामक संदेशों, फोटो और वीडियो फैलाने से रोकने के लिए एक निवारक उपाय के रूप में मोबाइल इंटरनेट पर प्रतिबंध बढ़ाया गया है। मणिपुर में मोबाइल इंटरनेट पर पहली बार 200 दिन पहले प्रतिबंध लगाया गया था, जब 3 मई को मणिपुर में गैर-आदिवासी मैतेई और आदिवासी कुकी-जो समुदायों के बीच जातीय हिंसा भड़क उठी थी। तब से हर पांच दिन बाद प्रतिबंध बढ़ाया जाता रहा है।

■ 200 दिन पहले लगाया गया था प्रतिबंध
■ हर 5 दिन बाद प्रतिबंध बढ़ाया जाता रहा

विधानसभा चुनाव | महिलाओं के लिए घोषणा का दिखा असर

50 विधानसभा क्षेत्रों में महिलाओं ने पुरुषों की तुलना में किया ज्यादा मतदान

रायपुर, 19 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन 2023 में अपने मताधिकार का प्रयोग करने वाले कुल महिला मतदाताओं की संख्या अपने मताधिकार का प्रयोग करने वाले कुल पुरुष मतदाताओं की संख्या से अधिक है। छत्तीसगढ़ की 90 विधानसभा क्षेत्रों में से 50 विधानसभा क्षेत्रों में पुरुषों की तुलना में महिलाओं ने ज्यादा मतदान किया है।

इस बार विधानसभा चुनाव में भाजपा के संकल्प पत्र में प्रत्येक महिला को सालाना 12000 रूपए तथा कांग्रेस के घोषणा पत्र में महिलाओं को सालाना 15000 रूपए देने का वायदा किया गया था, जिसके चलते, छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत 7 और 17 नवंबर को हुए दो चरणों में मतदान के आंकड़ों के अवलोकन से यह स्पष्ट है कि अपने मताधिकार का प्रयोग करने में महिलाओं की सहभागिता और जागरूकता पुरुषों से कम नहीं है।छत्तीसगढ़ की 90 विधानसभा क्षेत्रों में से 50 विधानसभा क्षेत्रों मे अपने मताधिकार का प्रयोग करने वाली महिलाओं की संख्या अपने मताधिकार का प्रयोग करने वाले पुरुषों की संख्या से कहीं अधिक है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार भरतपुर-सोनहत, प्रतापपुर, रामानुजगंज, सामरी, लुण्ड्रा, अंबिकापुर, सीतापुर, जशपुर, कुनकुरी, पत्थलगांव, लैलूंगा, सारंगढ़, खरसिया, धर्मजयगढ़, रामपुर, पालीतानाखार, जैजैपुर, मरवाही, सरायपाली, बसना, खल्लारी, महासमुंद, बिलाईगढ़, राजिम, बिंद्रानवागढ़, सिहावा, डोंडीलोहारा, गुंडरदेही, संजारी-बालोद, धमतरी, दुर्गी शहर, पंडरिया, कवर्धा, खैरागढ़, डोंगरगढ़, राजनांदगांव, डोंगरगांव, खुज्जी, मोहलामानपुर, भानुप्रतापपुर, कांकेर, केशकाल, कोंडागांव, नारायणपुर, बस्तर, जगदलपुर, शेष पृष्ठ 7 पर

देश

उवाच

केंद्र सरकार ने हाल ही में देश की महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने की व्यवस्था की गई थी। लेकिन, उसमें भी एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग की महिलाओं को अलग से कुछ भी नहीं दिया गया है।

-मायावती, बसपा प्रमुख

तापमान	अधिकतम	न्यूनतम
दिल्ली	24.0	16.0
मुंबई	28.0	26.0
कोलकाता	27.0	19.0
चेन्नई	29.0	25.0

तेलंगाना विस चुनाव में दल बदलुओं का दबदबा

हैदराबाद, 19 नवम्बर (एजेंसियां)। तेलंगाना में चुनावी परिदृश्य पर दलबदलुओं का दबदबा है और कांग्रेस पार्टी ने सबसे ज्यादा संख्या में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से आए नेताओं को मैदान में उतारा है। कांग्रेस के लगभग एक-तिहाई उम्मीदवार ऐसे हैं, जो मई के बाद से बीआरएस और भाजपा से पार्टी में शामिल हुए हैं, कर्नाटक चुनावों में कांग्रेस की जीत ने तेलंगाना में सबसे पुरानी पार्टी को एक नया जीवन दिया है। बीआरएस और भाजपा के कई नेता इस शर्त पर कांग्रेस में चले गए कि उन्हें 30 नवम्बर के विधानसभा चुनावों के लिए मैदान में उतारा जाएगा। कुछ को पार्टी ने अपने खेमे में शामिल होने और उसके टिकट पर चुनाव लड़ने के लिए भी आमंत्रित किया था। कुछ दलबदलुओं को वफादारी बदलने के कुछ दिनों या कुछ घंटों बाद भी टिकटों से पुरस्कृत किया गया। यहां तक कि 30 नवम्बर को होने वाले चुनावों में कुछ ही दिन बचे हैं, पार्टी में भाग-दौड़ जारी है और जिन लोगों को टिकट नहीं मिला है, वे अगले साल के लोकसभा चुनावों के लिए नामांकन पाने या भविष्य में कुछ बड़े पद पाने की उम्मीद में अपनी वफादारी बदल रहे हैं। दिलचस्प बात यह है कि दलबदल की गाथा 2018 के चुनावों के तुरंत बाद शुरू हो गई थी, जब कांग्रेस के लगभग एक दर्जन विधायक सत्ता

- **कांग्रेस ने बीआरएस व भाजपा दलबदलुओं पर लगाया बड़ा दांव**
- **कर्नाटक चुनावों में जीत के बाद राज्य में पार्टी को मिला जीवन मिलने की आस**

में बने रहने के बाद टीआरएस (अब बीआरएस) के प्रति वफादार हो गए थे। 119 सदस्यीय विधानसभा में 88 सीटें जीतने वाली बीआरएस एक दर्जन कांग्रेस विधायकों को अपने खेमे में शामिल करने में सफल रही। इसने तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के दोनों विधायकों सहित चार और विधायकों को लालच देकर अपनी संख्या 104 तक पहुंचा दी। सत्ता में हैट्रिक का लक्ष्य रखते हुए, बीआरएस ने लगभग सभी मौजूदा विधायकों को मैदान में उतारा है और इसकी सूची चुनाव प्रक्रिया शुरू होने से दो महीने से अधिक पहले जारी की गई थी। टिकट के दावेदार, जिनकी उम्मीदें टूट गईं, उन्होंने कांग्रेस पार्टी की ओर रुख करना शुरू कर दिया।

जैसे ही कर्नाटक में हार के बाद भाजपा ने गति खो दी, उसके कई नेताओं ने भी कांग्रेस की ओर देखना शुरू कर दिया, जिसके नेता बाहें फैलाकर दलबदलुओं का स्वागत करने के लिए तैयार थे। बीआरएस और भाजपा छोड़ने वालों में से कई वास्तव में लंबे अंतराल के बाद कांग्रेस में वापसी कर रहे थे। 2014 में नए राज्य में अपनी पहली सरकार बनाने के बाद सबसे पुरानी पार्टी और टीडीपी ने पूर्व मंत्रियों सहित अपने वरिष्ठ नेताओं को बीआरएस में खो दिया था। नेताओं को लुभाने की होड़ जून में पूर्व मंत्री जुपल्ली कृष्ण राव और पूर्व खम्मम सांसद पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी के साथ शुरू हुई, जिन्हें कुछ महीने पहले पार्टी विरोधी गतिविधियों के लिए बीआरएस ने निलंबित कर दिया था। दोनों को भाजपा ने आमंत्रित किया था। लेकिन, कर्नाटक चुनाव के बाद उन्होंने कांग्रेस में शामिल होना पसंद किया। कृष्णा राव को अविभाजित महबूबनगर जिले के कोल्लापुर से टिकट दिया गया है। उन्होंने 2011 में बीआरएस में शामिल होने के लिए कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया था और 2014 में बीआरएस के टिकट पर कोल्लापुर निर्वाचन क्षेत्र से चुने गए थे। 2018 के चुनावों में उन्हें हराने वाले हर्षवर्धन रेड्डी के चुनाव जीतने के बाद कांग्रेस से बीआरएस में चले जाने के बाद उन्हें बीआरएस में दरकिनार कर दिया गया महसूस हुआ। दिलचस्प बात यह है कि जहां कांग्रेस ने उन बीआरएस नेताओं को लुभाया जो टिकट के इच्छुक थे, लेकिन उन्हें मैदान में नहीं उतारा गया, वहीं बीआरएस ने पिछले कुछ दिनों के दौरान उन कांग्रेस नेताओं को अपने पाले में कर लिया, जिन्होंने दलबदलुओं को टिकट दिए जाने के बाद विद्रोह का झंडा उठाया था।

बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामा राव और एक अन्य प्रमुख नेता हरीश राव ने व्यक्तिगत रूप से असंतुष्ट कांग्रेस नेताओं के घर जाकर उन्हें बीआरएस में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया।

कोल्लापुर सीट से कृष्णा राव पर टिकी कांग्रेस को उम्मीद

कांग्रेस नेताओं को उम्मीद है कि कृष्णा राव न केवल पार्टी के लिए कोल्लापुर जीतेंगे बल्कि जिले के अन्य निर्वाचन क्षेत्रों के नतीजों पर भी प्रभाव डालेंगे। इसी तरह, श्रीनिवास रेड्डी ने खम्मम जिले के पलेयर से टिकट हासिल किया। 2014 में वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के टिकट पर खम्मम से लोकसभा के लिए चुने गए, बाद में उन्होंने बीआरएस के प्रति अपनी वफादारी बदल ली। केसीआर द्वारा उन्हें 2018 विधानसभा और 2019 लोकसभा चुनावों के लिए पार्टी का टिकट देने से इनकार करने के बाद वह नाखुश थे। एक अच्छे समर्थन आधार वाले नेता, श्रीनिवास रेड्डी से अविभाजित खम्मम जिले में कांग्रेस की संभावनाओं को बढ़ावा देने की उम्मीद है, जहां बीआरएस ने कभी अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है। लेकिन, 2018 में कांग्रेस और टीडीपी के टिकट पर चुने गए अधिकांश विधायकों को लुभाने में कामयाब रहे। पूर्व मंत्री और वरिष्ठ नेता तुम्मला नागेश्वर राव का बीआरएस से दलबदल खम्मम जिले में कांग्रेस के लिए एक और बढ़ावा है। पार्टी ने उन्हें खम्मम निर्वाचन क्षेत्र से टिकट दिया, जहां उनका परिवहन मंत्री पी अजय कुमार के खिलाफ कड़ा मुकाबला है। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि इन दलबदल से कांग्रेस को गति हासिल करने में मदद मिली और इसके बाद कई अन्य लोगों ने अपनी वफादारी बदल ली। कांग्रेस ने मल्काजगिरी के मौजूदा बीआरएस विधायक मयनामपल्ली हनुमंत राव को भी अपने खेमे में लाने का मौका नहीं गंवाया, क्योंकि उन्होंने मेडक से अपने बेटे मयनामपल्ली रोहित राव को टिकट देने से इनकार करने पर केसीआर के खिलाफ विद्रोह का झंडा उठाया था।

राजस्थान में वोटों के जातीय समीकरण को लेकर राजनीति तेज

नई दिल्ली, 19 नवम्बर (एजेंसियां)। राजस्थान में 25 नवम्बर को विधानसभा चुनाव होना है, लेकिन उससे पहले वोटों के जातीय समीकरण को लेकर राजनीति तेज हो गई है। पीएम नरेंद्र मोदी जाट वोट बैंक को साधने के लिए तेजाजी के मंदिर पहुंचे तो वहीं दलित वोट बैंक पर प्रभाव जमाने के लिए कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और सीएम अशोक गहलोत जयपुर के एसएमएस अस्पताल पहुंचे गए। उन्हीं के विधायक और वर्तमान बीजेपी प्रत्याशी गिरिजं सिंह मलिंगा द्वारा मारपीट के बाद पिछले 20 महीनों से दलित अधिकारी हर्षाधिपति वाल्मीकि भर्ती है। हर्षाधिपति से खरगे और गहलोत की मुलाकात के कई राजनीतिक मायने निकाले जा रहे हैं। गिरिजं सिंह मलिंगा धौलपुर की बाड़ी विधानसभा सीट से कांग्रेस के टिकट पर जीत कर विधायक बने थे। दबंग विधायक ने अपनी दबंगई बिजली कर्मचारी हर्षाधिपति वाल्मीकि पर इस कदर उतरी की कुर्सियों से मार- मारकर उनके शरीर में करीब 2 दर्जन फ्रैक्चर कर दिए। वाल्मीकि अभी चल फिर नहीं सकते।उनसे मुलाकात के बाद खरगे व गहलोत ने मलिंगा को टिकट देने के लिए बीजेपी पर निशाना साधा। जिसको लेकर राजनीति गरमाई। घटना के वक्त विपक्ष ने भूमिका निभाई थी, सत्ता पक्ष ने चुप्पी साध ली थी, लेकिन अब मलिंगा को बीजेपी से टिकट मिलते ही वहां की राजनीति में निर्णायक भूमिका रखने वाले दलित वोट बैंक को साधने के लिए कांग्रेस पार्टी के शीर्ष और स्थानिय नेतृत्व ने गाड़ियों का काफिला एसएमएस अस्पताल की तरफ बढ़ा दिया।

दलित अधिकारी की पिटाई मामले में कांग्रेस ने भाजपा को घेरा

कांग्रेस अध्यक्ष पूरे लाव-लश्कर के साथ अस्पताल पहुंचकर हर्षाधिपति और पीड़ित परिवार से मुलाकात की। इसके बाद बीजेपी पर निशाना साधा। अस्पताल से निकलने के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि असल में दलित विरोधी तो भाजपा है। कांग्रेस अगर दलित विरोधी होती तो इनकी रक्षा के लिए इतने कानून नहीं बनते। बाबा साहब आंबेडकर और पंडित जवाहर लाल नेहरू ने मिलकर दलितों के लिए जो कानून बनाया है वो नहीं होते। असर में भाजपा कभी भी दलितों के साथ नहीं थे। उनका सिर्फ एक ही मकसद है और वो आरएसएस का एजेंडा चलाना है। उन्होंने गरीबों और दलितों के लिए कभी कुछ नहीं किया। भाजपा ने राजनीति के भीतर काला अध्याय लिख दिया है। जिसने इस घटना को अंजाम दिया पहले उसकी आलोचना की और फिर उसी व्यक्ति को आपने टिकट दे दिया। सरकार बनाने के प्रयास में भाजपा किस हद तक गिर सकती है उसका एक यह नमूना है।

सार संक्षेप

गहलोत का खेड़ली दौर आज

अलवर। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सोमवार को कठूमर विधानसभा क्षेत्र के खेड़ली कस्बे में कांग्रेस प्रत्याशी संजना जाटव के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। जनसभा गहलोत के अलावा पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेंद्र सिंह , प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा सहित प्रदेश एवं जिला स्तर के कांग्रेस पदाधिकारी संजना जाटव के पक्ष में मतदान करने की अपील करेंगे। मुख्यमंत्री के खेड़ली आगमन की तैयारी को लेकर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी भी व्यवस्थाओं की देखरेख में जुटे हुए हैं।

पी.बाबू मोहन के बेटे बीआरएस में शामिल

हैदराबाद। एक्टर और तेलंगाना के एंडोले निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार पी.बाबू मोहन के बेटे उदय बाबू मोहन रविवार को भारत राष्ट्र समिति में शामिल हो गए। उदय औपचारिक रूप से सिद्दीपेट में बीआरएस नेता और राज्य मंत्री टी. हरीश राव की उपस्थिति में सत्तारूढ़ दल में शामिल हुए। उदय के साथ, एंडोले और जोगीपेट के कुछ स्थानीय जन प्रतिनिधि और भाजपा नेता बीआरएस में शामिल हुए। मंत्री ने उनसे बीआरएस की जीत के लिए काम करने का आग्रह करते हुए कहा कि यह तेलंगाना के विकास के लिए काम कर रहा है।

रतलाम शहर में 73.49 प्रतिशत हुआ मतदान

रतलाम। मप्र के रतलाम जिले की पांच विधानसभा सीटों के लिए शुक्रवार को हुए मतदान के अंतिम आंकड़े प्राप्त हो चुके है। मतदान के आंकड़ों से जो तस्वीर सामने आई है, वह वर्ष 2018 में हुए पिछले विधानसभा चुनाव से लगभग मिलती जुलती है। निर्वाचन आयोग से प्राप्त मतदान के अंतिम आंकड़ों को देखें तो रतलाम शहर में 73.49 प्रतिशत मतदान हुआ है, जबकि रतलाम ग्रामीण सीट पर मतदान का प्रतिशत 86.20 रहा है। सैलाना में 90.10 प्रतिशत, जावरा में 85.52 प्रतिशत और आलोट में 83.30 प्रतिशत मतदान होने की खबर है। इस तरह पूरे जिले में औसतन 83 प्रतिशत मतदान हुआ है। सैलाना में पूरे प्रदेश में सबसे अधिक मतदान दर्ज हुआ है।

रामगढ़ व कठूमर में भाजपा को बागी उम्मीदवारों की चुनौती

अलवर। राजस्थान में 25 नवम्बर को होने वाले विधानसभा आम चुनाव में अलवर जिले की रामगढ़ और कठूमर विस क्षेत्र में भाजपा के लिए बागी उम्मीदवार चुनौती बने हुए हैं। कठूमर विस आरक्षित सीट से जहां कांग्रेस ने संजना जाटव को टिकट दिया है वहीं भाजपा ने पूर्व विधायक रमेश खींची को उम्मीदवार बनाया है। यहां से भाजपा के दावेदार के रूप में पूर्व मंत्री मंगल राम कोली थे लेकिन टिकट रमेश खींची को मिला।

चित्तौड़गढ़ में निर्दलीय प्रत्याशी ने चुनाव को बनाया त्रिकोणीय

चित्तौड़गढ़, 19 नवम्बर (एजेंसियां)। राजस्थान में 25 नवम्बर को होने वाले विधानसभा आम चुनाव में सबसे हॉट सीट मानी जा रही चित्तौड़गढ़ सीट पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से बगावत कर निर्दलीय मैदान में उतरे विधायक चंद्रभान सिंह आक्या ने यहां चुनाव को त्रिकोणीय बना दिया है।

चित्तौड़गढ़ विधानसभा क्षेत्र जहां इस बार लगभग दो लाख सत्तर हजार मतदाता हैं और चुनावी मैदान में आठ प्रत्याशी है लेकिन मुख्य मुकाबला भाजपा उम्मीदवार एवं विधायक नरपत सिंह राजवी एवं कांग्रेस प्रत्याशी सुरेंद्र सिंह जाड़ावत और भाजपा के ही बागी दो बार के विधायक आक्या के बीच है। ये तीनों उम्मीदवार इस सीट से दो दो बार विधायक रह चुके हैं। भाजपा के राजवी वर्ष 1993 में सरकारी नौकरी छोड़ राजनेता बने और यहां से विधायक चुने गए बाद में 2003 में भी यही से विधायक चुने गए जबकि कांग्रेस के जाड़ावत 1998 और 2008 में जबकि आक्या वर्ष 2013 से अब तक विधायक हैं। राजवी को पूर्व मुख्यमंत्री भैरोंसिंह शेखावत का दामाद एवं पूर्व मंत्री होने के चलते कद्दावर नेता माना जाता है तो जाड़ावत भी कांग्रेस के कद्दावर नेताओं की गिनती में आते हैं। जाड़ावत के गत बार दूसरी बार भी आक्या के हाथों पराजित होने के बावजूद उन्हें मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्य मंत्री का दर्जा दिया। इसी लोकप्रियता के बल पर वह पार्टी के दबाव में नहीं आए और उन्होंने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में ताल ठोक दी।

आक्या के समर्थन में चित्तौड़गढ़ विधानसभा क्षेत्र में संगठन स्तर पर भाजपा के सैंकड़ों पदाधिकारियों जनप्रतिनिधियों के साथ हजारों की संख्या में कार्यकर्ता पार्टी एवं मतदाता भी मुखर होकर उनके साथ आ जाने से मुकाबला त्रिकोणीय हो गया।

रहली व अटेर हिंसा मामलों को लेकर बोले कमलनाथ

एक दूसरे की सुरक्षा के लिए आगे आएं कांग्रेसी

भोपाल, 19 नवम्बर, (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने रविवार को शासन प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से एक दूसरे की सुरक्षा करने का आह्वान किया है। उन्होंने रहली और अटेर विधानसभा का जिक्र कर एक्स पर लिखा कि भिंड जिले की अटेर विधानसभा में कांग्रेस पार्टी के बूथ एजेंट केशव जाटव का घर भाजपा के गुंडों ने जला दिया। यह गुंडागर्दी भाजपा प्रत्याशी और मंत्री अरविंद सिंह भदोरिया के लोगों ने की है।

कमलनाथ ने लिखा कि पीड़ित कांग्रेस कार्यकर्ता को सुरक्षा मुहैया कराना तो दूर पुलिस ने अब तक इस मामले में समुचित कार्रवाई भी नहीं की है। देखने में आ रहा है कि प्रदेश के अलग-अलग इलाकों में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को चुन-चुन कर निशाना बनाया जा रहा है और पुलिस प्रशासन मूक दर्शक की भूमिका में बना हुआ है। कमलनाथ ने एक अन्य ट्वीट में लिखा कि सागर जिले की रहली विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी ज्योति पटेल के ऊपर कल हमला किया गया। उनकी गाड़ियों पर पथराव और तोड़फोड़ की गई। हमलावर खुलेआम हाथ में पिस्तौल लहराते हुए दिख रहे हैं। ज्योति ने वीडियो जारी कर कहा है कि अगर उनकी हत्या हो जाती है तो उसके लिए भाजपा प्रत्याशी गोपाल भार्गव जिम्मेदार होंगे। एक महिला प्रत्याशी के ऊपर इस तरह खुलेआम हमला हो रहा है। लेकिन उसकी सुरक्षा और हमलावरों को पकड़ने के लिए पुलिस ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है।

प्रदेश में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को चुन-चुन कर बनाया जा रहा निशाना

भाजपा के संरक्षण में काम कर रहा पुलिस प्रशासन

कमलनाथ ने लिखा कि पुलिस और प्रशासन चुप्पी साधकर बैठे हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि भारतीय जनता पार्टी और उसके संरक्षण में काम कर रहे कुछ अधिकारी कांग्रेस कार्यकर्ताओं को चुन-चुन कर निशाना बना रहे हैं। यह बहुत खतरनाक स्थिति है। नाथ ने ट्वीट में आगे लिखा कि मैं सागर के प्रशासन को चेतावनी देता हूं कि वे तत्काल कांग्रेस प्रत्याशी को पूर्ण सुरक्षा उपलब्ध कराएं और हमलावरों पर तेजी से कार्रवाई करें। कमलनाथ ने लिखा कि मैं सागर जिले के कांग्रेस कार्यकर्ताओं को यह संदेश भी देना चाहता हूं कि वे इस संघर्ष के दौर में अकेले नहीं हैं, पूरी कांग्रेस पार्टी उनके साथ है।

दिग्विजय ने किया धरना समाप्त

छतरपुर/भोपाल। मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले के खजुराहो क्षेत्र में कांग्रेस नेता विक्रम सिंह उर्फ नाती राजा के सहयोगी सलमान की कथित हत्या के विरोध में रविवार कांग्रेस नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह का जारी धरना रविवार दोपहर समाप्त हो गया। वह शनिवार से इस मामले को लेकर धरने पर बैठे थे। सिंह ने धरना समाप्त करने के बाद कहा कि मतदान के दौरान जहां, जहां कांग्रेस प्रत्याशी और उनके समर्थकों पर हमले किए गए हैं, वे वहां जाएंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होने की अपील भी की है। सिंह सागर जिले के रहली भी जा सकते हैं, वहां भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ताओं की झड़प के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी के वाहनों में तोड़फोड़ की गई थी।

विकास की पटरी दौड़ रहा तेलंगाना : केसीआर

कोल्लापुर, 19 नवम्बर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव ने रविवार को कोल्लापुर में आयोजित आशीर्वाद सभा को संबोधित करते हुए कहा कि दिल्ली की पार्टियां (कांग्रेस और भाजपा) चोल की तरह हैं जो तेलंगाना पर भोजन करने के लिए उतर रहे हैं, जिस राज्य को उन्होंने 2014 में निर्माण के बाद लगातार प्रयत्न से एक एंट जोड़कर बनाया है। रविवार को मुख्यमंत्री ने चार आशीर्वाद सभाओं को संबोधित किया। महबूबनगर जिले के कोल्लापुर और आलमपुर में चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री केसीआर ने कहा कि उन्होंने तेलंगाना को पटरी पर लाने के लिए लगातार कड़ी मेहनत की है और अब यह विकास कर रहा है। प्रति व्यक्ति आय में देश में नंबर एक है। उन्होंने कहा कि दस साल की कड़ी मेहनत का नतीजा है कि तेलंगाना प्रगति पथ पर है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की पार्टियां



कोल्लापुर में आशीर्वाद सभा को किया संबोधित

तेलंगाना की भारी प्रगति से नफरत करती हैं और एक बार फिर इस राज्य का शोषण करना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि किसानों को कृषि निवेश के लिए साहूकारों के पास जाने से रोकने के लिए रायथु बंधु योजना शुरू की है। जब कांग्रेस सत्ता में थी तो क्या किसानों को सीधे सरकार से कोई पैसा मिलता था? उन दिनों, जब किसान कर्ज नहीं चुका पाते थे तो बैंक वाले उनके घरों के दरवाजे बंद कर देते थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि रायथु बंधु का जन्म केवल उन किसानों की मदद करने के लिए हुआ है जो तेलंगाना में संयुक्त आंध्र प्रदेश में सत्ता में रहने के दौरान तेलंगाना के लोगों के लिए कुछ नहीं करने के लिए कांग्रेस को जवाबदेह ठहराया। उन्होंने ने मतदाताओं को बीआरएस पार्टी का समर्थन करने के आग्राह किया। पूर्व पीसीसी अध्यक्ष उत्तम कुमार रेड्डी का कहना है कि रायथु बंधु पैसे की बर्बादी है। यदि आप चाहते हैं कि रायथु बंधु लगातार जारी रहे तो आपको बीआरएस को वोट देना चाहिए। तभी किसानों को न केवल रायथु बंधु से वित्तीय प्रोत्साहन मिलेगा बल्कि चौबीसों घंटे बिजली की आपूर्ति जारी मिलेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता कहते हैं कि तीन घंटे बिजली पर्याप्त है।

मतदाताओं से पार्टी के समर्थन में मांगे वोट

केसीआर ने संयुक्त आंध्र प्रदेश में सत्ता में रहने के दौरान तेलंगाना के लोगों के लिए कुछ नहीं करने के लिए कांग्रेस को जवाबदेह ठहराया। उन्होंने ने मतदाताओं को बीआरएस पार्टी का समर्थन करने के आग्राह किया। पूर्व पीसीसी अध्यक्ष उत्तम कुमार रेड्डी का कहना है कि रायथु बंधु पैसे की बर्बादी है। यदि आप चाहते हैं कि रायथु बंधु लगातार जारी रहे तो आपको बीआरएस को वोट देना चाहिए। तभी किसानों को न केवल रायथु बंधु से वित्तीय प्रोत्साहन मिलेगा बल्कि चौबीसों घंटे बिजली की आपूर्ति जारी मिलेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता कहते हैं कि तीन घंटे बिजली पर्याप्त है।

अपने कुछ कार्यों में निवेश करने की स्थिति में नहीं थे।

तेलंगाना के निर्दलीय उम्मीदवार ने की आत्महत्या

निजामाबाद, 19 नवम्बर (एजेंसियां)। आगामी तेलंगाना विधानसभा चुनाव में निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे एक व्यक्ति ने रविवार तड़के कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने कहा कि फोर्थ टाउन थाना के अधिकार क्षेत्र में साईनगर के कन्नैया गौड़ (36) ने साइबर अपराधियों की ओर से उत्पीड़न के बाद यह अतिवादी कदम उठाया है। गौड़ का मोबाइल फोन रैक कर लिया गया और उनसे पैसों की मांग के साथ-साथ मॉर्फीग वीडियो भी मिले। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि लगातार उत्पीड़न से परेशान होकर गौड़ ने अपने घर में सीलिंग फैन से फांसी लगा ली। गौड़ निजामाबाद शहरी निर्वाचन क्षेत्र में एक विधायक उम्मीदवार (स्वतंत्र) के रूप में चुनाव लड़ रहे थे। चुनाव आयोग (ईसीआई) ने उन्हें रोटी बनाने वाले का प्रतीक चुनाव चिह्न आबंटित किया था।

राजस्थान में अब तक 644 करोड़ रुपए किए गए जब्त

जयपुर,19 नवम्बर (एजेंसियां)। विधानसभा आम चुनाव 2023 के मद्देनजर प्रदेश में विभिन्न एनफोर्समेंट एजेंसियों द्वारा आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक 644 करोड़ रुपए मूल्य की अवैध नकदी और अवैध सामग्री जब्त की गई है। जयपुर में सीजर का आंकड़ा 106 करोड़ के पार पहुंच गया है। प्रदेश में गत विधानसभा आम चुनाव में पूरी आचार संहिता के दौरान की गई जब्ती के मुकाबले अब तक 920 प्रतिशत की बढ़ोतरी हो चुकी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि प्रदेश के 11 जिलों में अलग-अलग एजेंसियों की ओर से अब तक 20 करोड़ रुपए से अधिक की जब्ती की गई है। जयपुर 106 करोड़ रुपए के सीजर के साथ प्रदेश में सबसे आगे है। अब तक प्रदेश के 11 जिलों में 20 करोड़ रुपये से ज्यादा मूल्य का सीजर है। कुल सीजर के मामले में दूसरे स्थान पर 36.61 करोड़ रुपए के साथ अलवर है। जोधपुर 31.03 करोड़ के साथ तीसरे, भीलवाड़ा 25.27 करोड़ के साथ चौथे, बूंदी 24.69 करोड़ के साथ पांचवें, उदयपुर 24.09 करोड़ के साथ नौवें, नागौर 23.24 करोड़ के साथ 10 वें और श्रीगंगानगर 20.69 करोड़ के साथ 11वें स्थान पर है। विधानसभा चुनाव के बीच राजस्थान में सी-विजिल एप पर आचार संहिता उल्लंघन की अब तक 15 हजार से अधिक शिकायतें प्राप्त हुई हैं।

जयपुर में सबसे ज्यादा 106 करोड़ सीज

साथ अठवें, चित्तौड़गढ़ 23.01 करोड़ के साथ नौवें, नागौर 23.24 करोड़ के साथ 10 वें और श्रीगंगानगर 20.69 करोड़ के साथ 11वें स्थान पर है। विधानसभा चुनाव के बीच राजस्थान में सी-विजिल एप पर आचार संहिता उल्लंघन की अब तक 15 हजार से अधिक शिकायतें प्राप्त हुई हैं।

चुनाव *मध्य प्रदेश में महिलाओं ने चुपचाप कर दिया खेला*

72 सीटों पर महिलाओं ने 80 प्रतिशत से ज्यादा किया मतदान

भोपाल,19 नवम्बर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव 2023 में मतदान हो गया है। अब अलग-अलग अटकलें लग रही हैं। प्रदेश में महिलाओं ने बंपर मतदान किया है। मध्य प्रदेश की 230 सीटों में से 72 सीटों पर महिलाओं ने 80 प्रतिशत से ज्यादा मतदान किया है। इन सीटों पर ही सबकी नजर रहने वाली है। महिलाओं के मतदान को लेकर।

भाजपा और कांग्रेस के अपने-अपने दावे हैं। 2023 के विधानसभा चुनाव में 29 सीटें ऐसी है, जहां महिलाओं की संख्या पुरुष मतदाताओं से अधिक हैं। इस बार 1 हजार पुरुषों पर महिलाओं की संख्या 945 हो गई है। जबकि 2018 में 10 सीटों पर महिलाओं की संख्या पुरुष मतदाताओं से अधिक थी। वहीं, 1 हजार पुरुषों पर महिला वोटरों की संख्या 917 थी। मप्र विस चुनाव में 230 सीटों पर शुक्रवार को मतदान हुआ। इसके बाद हार जीत को मंथन शुरू हो गया है। इस बार महिलाओं ने बढ़ चढ़कर मतदान किया है। प्रदेश की 34 सीटों पर महिलाओं ने पुरुषों से ज्यादा मतदान किया है। पिछली बार दो प्रतिशत मतदान बढ़ा तो सरकार बदल गई थी। हालांकि विंध्य की 29 सीटों में महिलाओं ने ज्यादा वोट डाले थे, जिसमें से 19 पर भाजपा जीती थी। जबकि 2018 में 44 सीटों पर महिलाओं ने पुरुषों से ज्यादा मतदान किया था। महिलाओं के बढ़े मत प्रतिशत को भाजपा लाड़ली बहना का असर बता रही है तो कांग्रेस इसे सरकार के खिलाफ बदलाव के लिए मतदान बता रही है। प्रदेश में कुल मतदान 77.15 प्रतिशत में से 78.21 प्रतिशत पुरुष और 76.03 प्रतिशत महिलाओं ने वोट किया है। पिछली बार 74.01 प्रतिशत महिलाओं ने मतदान किया था। पिछले 2018 चुनाव के मतदान को देखें तो 41 सीटों पर महिलाओं ने 80 प्रतिशत से ज्यादा मतदान किया था। इसमें से 27 पर कांग्रेस ने जीत दर्ज की थी। वहीं, भाजपा को सिर्फ 12 और दो सीट पर निर्दलीय प्रत्याशी जीते थे। भाजपा को इन सीटों पर लाड़ली बहना योजना का लाभ मिलने की उम्मीद है तो कांग्रेस भी अपनी नारी सम्मान योजना से उम्मीद लगाए बैठी है। हालांकि इस बार दोनों ही पार्टी के बीच कड़ा मुकाबला है। जावद, नीमच, मनासा, सुवासरा, मल्हारगढ़, जीरा, सैलाना, रतलाम ग्रामीण, बड़नगर, बदनावर, थांदला, राजपुर, कसरावद, महेश्वर, बागली, सोहागपुर, पिपरिया, बासौदा, बुदनी, आष्टा, इछावर, नरसिंहगढ़, ब्यावरा, राजगढ़, खिलचीपुर, सारंगपुर, सुसनेर, शाजापुर, कालापीपल, सोनकच्छ, हाटपिपलिया, गोटेगांव, नरसिंहपुर, तेंदूखेड़ा, गाड़रवाड़ा, जुनारदेव, अमरवाड़ा, चौरई, सौंसर, छिंदवाड़ा, परासिया, पांढुर्णा, मुलताई, घोड़ाडोंगरी, भैंसदेही, टिमरनी, हरदा, सिवनी मालवा, सिहोरा, शाहपुरा, डिंडौरी, बिछिया, निवास, मंडला, बैहर, लांजी, परसवाड़ा, बालाघाट, वारासिवनी, कटंगी, बरघाट, सिवनी, क्योलारी, लखनादौन, राघौगढ़, विजयपुर, पिछौर, पृथ्वीपुर, जयसिंहनगर, जैतपुर, पुष्परागढ़, बहोरीबंद विस क्षेत्र शामिल हैं।



बंपर मतदान से भाजपा व कांग्रेस में मची खलबली

दुनिया रंग-बिरंगी

टाइगर 3 ने पहले सप्ताह में 220 करोड़ से अधिक की कमाई की

मुंबई, 19 नवम्बर (एजेंसियां)। बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान की फिल्म टाइगर 3 ने अपने पहले सप्ताह में 220 करोड़ से अधिक की कमाई कर ली है। सलमान खान ,कैटरीना कैफ और इमरान हाशमी स्टार फिल्म टाइगर 3 दीवाली के अवसर पर 12 नवंबर को हिंदी, तमिल और तेलुगु में सिनेमाघरों में रिलीज हुयी है। 'टाइगर 3' को लेकर दर्शकों के बीच काफी क्रेज है। 'टाइगर 3' दर्शकों को खूब पसंद आ रही है। 'टाइगर 3' ने पहले वीकेंड के दौरान 148.5 करोड़ रुपए की कमाई की थी। टाइगर 3 ने अपने पहले सप्ताह में 220 करोड़ की कमाई कर ली है। टाइगर 3 से पहले इस फ्रेंचाइजी के दो पार्ट एक था टाइगर (2012) और टाइगर जिंदा है (2017) रिलीज हो चुके हैं। यशराज बैनर तले बनी फिल्म टाइगर 3 का निर्देशन मनीष शर्मा ने किया है।

मधुमेह रोगियों के लिए इंजेक्शन योग्य ग्लूकोज मॉनिटर बनाने पर काम कर रहे हैं शोधकर्ता

न्यूयॉर्क, 19 नवम्बर (एजेंसियां)। अमेरिका में टेक्सास एएंडएम विश्वविद्यालय के शोधकर्ता पूरी तरह से इंजेक्टेबल निरंतर ग्लूकोज मॉनिटर (सीजीएम) बनाने पर काम कर रहे हैं। वह इतना छोटा है कि यह चावल के एक दाने को टक्कर दे सकता है। शुगर के स्तर को मापने के लिए बाहरी ऑप्टिकल रीडर के साथ इसका उपयोग किया जा सकता है। विश्वविद्यालय में बायोमेडिकल इंजीनियरिंग विभाग के दो फैकल्टी मेंबर को एक इंजेक्शन, चावल के दाने के आकार के ग्लूकोज बायोसेंसर और पहनने योग्य उपकरण विकसित करने के लिए राष्ट्रीय विज्ञान फाउंडेशन (एनएसएफ) अनुदान प्राप्त हुआ है। यह प्रमुख अन्वेषक और रीजेंट्स प्रोफेसर डॉ. जेराई कोटे ने कहा, 'सतृत ग्लूकोज मॉनिटर व्यावसायिक रूप से उपलब्ध हैं, लेकिन उनमें से अधिकतर अंतर्निहित हैं, जिसका अर्थ है कि बांह पर एक पैच से जुड़ी त्वचा में एक सुई होती है। उन्होंने कहा, एक सीजीएम है जो पूरी तरह से प्रत्यारोपित किया जा सकता है। इसे चीरा लगाकर शल्य चिकित्सा द्वारा प्रत्यारोपित करने के लिए डॉक्टर की आवश्यकता होती है। कोटे और उनकी लैब इंजेक्टेड सेंसर की केमिस्ट्री डिजाइन कर रहे हैं और वॉच-टाइप रीडर डिवाइस विकसित कर रहे हैं। सेंसर को त्वचा के नीचे लगाया जाता है और ग्लूकोज एकाग्रता निर्धारित करने के लिए घड़ी जैसी डिवाइस से प्रकाश का उपयोग करके विश्लेषण किया जाता है। रीडर सेल फोन पर सिग्नल भेजता है और मरीज अपने स्वास्थ्य प्रदाता के साथ परिणाम साझा कर सकता है। कोटे ने समझाया, 'इंजेक्टेबल सेंसर में रासायनिक परख का उपयोग टिश्यू के भीतर ग्लूकोज की एकाग्रता को निर्धारित करने के लिए किया जाता है, जहां घड़ी उपकरण प्रकाश भेजती है।' सेंसर और पहनने योग्य रीडर एक ऑप्टिकल सेंसिंग तकनीक का उपयोग करते हैं, जो गहरे रंग की त्वचा वाली आबादी के लिए बायोसेंसेा से जुड़ी चुनौतियों का समाधान करती है। कोटे ने कहा, हम ऐसे रसायन का उपयोग करते हैं, जिसमें एक फ्लोरोसेंट रंग होता है जो हरी रोशनी के बजाय लाल और अवरक्त रेंज में उत्सर्जित होता है, जो गहरे रंग की त्वचा के लिए बेहतर काम करता है।

बिहार में सूर्योपासना के महापर्व कार्तिक छठ पर डूबते सूर्य को अर्घ्य

■ बिहार के सारण जिला छपरा थाना जलालपुर भटकेशरी गांव के पोखरा छठ घाट सूर्य को अर्घ्य अर्पित के व्रतधारी

पटना, 19 नवम्बर (एजेंसियां)। बिहार में सूर्योपासना के महापर्व कार्तिक छठ के अवसर पर आज व्रतधारियों ने अस्ताचलगामी सूर्य को नदी और तालाब में खड़े होकर प्रथम अघर्घ्य अर्पित किया। गंगा नदी में हजारों महिला और पुरुष व्रतधारियों ने डूबते सूर्य को अर्घ्य अर्पित किये। इस अवसर पर लाखों लोगों ने पवित्र गंगा नदी में स्नान भी किया। आज दोपहर बाद से ही गंगा नदी की ओर जाने वाले सभी मार्ग छठ व्रत एवं सूर्य आराधना के भक्तिपूर्ण एवं कर्णप्रिय गीतों से गुंजायमान थे। 'केलवा जे फरेला घवद से, ओह पर सुगा मेड़राय, आदित लिही मोर अरगिया., दरस देखाव ए दीनानाथ., उगी हे सुरूजदेव., हे छठी माइर महिमा अपार., कांच ही बास के बहँगिया बहंगी लचकत जाय ..... , गीत सुनने को मिल रहे हैं। पटना जिला प्रशासन ने गंगा नदी के घाटों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये हैं। छठ घाटों पर वाहनों की आवाजाही पर रोक लगाया गया है। इसके लिए ट्रैफिक प्लान बना कर आम लोगों के बीच प्रचारित प्रसारित किया जा रहा है। छठ को लेकर नदियों में निजी नावों के परिचालन पर रोक लगाया गया है तथा नदी घाट पर राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की टीम को एक्टिव मोड में रहने का निर्देश दिया है। घाटों पर विधि व्यवस्था संधारण तथा शांतिपूर्ण पूजा के आयोजन हेतु पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारी पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गयी है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने यहां एक अगे मार्ग स्थित आवास पर अस्ताचलगामी सूर्य को प्रथम अघर्घ अर्पित किया और प्रदेश की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। उन्होंने लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के अवसर पर बिहारवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह आत्मानुशासन का पर्व है। लोग शुद्ध अन:करण एवं निर्मल मन से अस्ताचल और उदीयमान भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करते हैं। भगवान भास्कर से वह राज्य में प्रगति, सुख, समृद्धि और शांति के लिए प्रार्थना करते हैं।

बिहार के औरंगाबाद जिले के ऐतिहासिक तथा धार्मिक स्थल देव के पवित्र सूर्य कुंड में लगभग 10 से 11 लाख व्रतधारियों ने अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया गया। इस अवसर पर अत्यन्त आकर्षक ढंग से सजाये गये देव के त्रेतायुगीन सूर्य मंदिर में आज सुबह से ही भगवान भाष्कर के दर्शन के लिए व्रतधारियों तथा श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगी हुई थी। इस दौरान देव के विभिन्न प्रांतों तथा बिहार के कोने-कोने से आये लाखों श्रद्धालुओं और व्रतधारियों द्वारा गाये जा रहे कर्णप्रिय छठी मईया के गीतों से पूरा वातावरण गुंजायमान था । छठ मेला में आनेवाले श्रद्धालुओं तथा व्रतधारियों के लिए जिला प्रशासन की ओर से पेयजल, बिजली, स्वास्थ्य, यातायात, सफाई आदि के प्रबंध किये गये हैं और मेला में विधि-व्यवस्था बनाये रखने के लिए जगह-जगह दंडाधिकारियों के नेतृत्व में सशस्त्र पुलिस बल की तैनाती की गयी है।

बच्चों में बढ़ रहा है टाइप 2 मधुमेह का खतरा

लखनऊ। किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) के चिकित्सा विशेषज्ञों के मुताबिक अधिक से अधिक बच्चे टाइप 2 मधुमेह का शिकार हो रहे हैं। केजीएमयू के मेडिसिन विभाग के वरिष्ठ फैकल्टी मेंबर कौसर उस्मान ने कहा, 'जिस सबसे छोटे बच्चे में मैंने मधुमेह का निदान और उपचार किया है, वह कक्षा 7 का छात्र था, जिसके परिवार में मधुमेह का कोई इतिहास नहीं था। ऐसे बच्चों की संख्या में वृद्धि हुई है। बिना किसी पारिवारिक इतिहास के ओपीडी में मधुमेह का निदान किया जा रहा है।' डॉक्टरों का कहना है कि इसके लिए आनुवांशिकी से ज्यादा बदलती आदतों/जीवनशैली को जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। केजीएमयू के फिजियोलॉजी विभागाध्यक्ष एनएस वर्मा ने कहा, 'बच्चे अब ज्यादातर घर से बाहर का खाना खाने लगे हैं और यहां तक कि स्कूल में टिफिन लाने से भी बचते हैं। व्यस्त माता-पिता भी टिफिन के बजाय पैसे देते हैं। इसके अलावा उन पर अच्छा प्रदर्शन करने का काफी दबाव है। इसका उद्देश्य कक्षा 4 या 5 से ही चिकित्सा या इंजीनियरिंग जैसे पेशे पर निर्णय लेना है। हमारे समय में यह सारा दबाव कक्षा 10 के बाद ही आता था।' डॉक्टरों का कहना है कि बच्चों को डायबिटीज होना समाज के लिए बड़ी समस्या है। उस्मान ने कहा, 'सबसे पहले, यदि कोई अन्य मधुमेह रोगी नहीं था, तो मधुमेह के लिए पारिवारिक इतिहास शुरू होता है और दूसरी बात यह है कि यह रोग 17 वर्ष से 40 वर्ष के बीच व्यक्ति को प्रभावित करता है। 'प्रोफेसर वर्मा ने कहा, आईसीएमआर के आंकड़ों पर गौर करें तो उत्तर प्रदेश में 18 प्रतिशत आबादी, चाहे वह किसी भी उम्र की हो, उसे मधुमेह का खतरा है। आईसीएमआर के अध्ययन के अनुसार वे प्री डायबिटीज श्रेणी में आते हैं। वे अभी भी मधुमेह को होने से रोक सकते हैं, लेकिन इसके लिए उनकी जीवनशैली और खान-पान में बदलाव की जरूरत है। उन्होंने रोजाना कम से कम 40 मिनट तक व्यायाम करने, एक डाइट चार्ट बनाए रखने और वह खाने का सुझाव दिया जो आपके शरीर के लिए सबसे उपयुक्त हो।

पूर्वोत्तर भारत की प्रसिद्ध जैव विविधता कुप्रबंधित विकास के कारण खतरे में है

गुवाहाटी/अगरतला, 19 नवम्बर (एजेंसियां)। पूर्वोत्तर क्षेत्र, जो देश के कुल भौगोलिक क्षेत्र का 8 प्रतिशत हिस्सा कवर करता है, इस क्षेत्र के 2,62,179 वर्ग किमी क्षेत्र का लगभग 65 प्रतिशत क्षेत्र वन क्षेत्र के अंतर्गत है, लेकिन विशेषज्ञों के अनुसार यह क्षेत्र बदलती जलवायु और ग्लोबल वार्मिंग के प्रभाव से बच नहीं सकते। एक समय जैव विविधता हॉटस्पॉट माने जाने वाले आठ राज्यों वाले पूर्वोत्तर क्षेत्र में पहले देश में सबसे ज्यादा बारिश होती थी और यह भारत का शीर्ष आर्द्र क्षेत्र था। विशेषज्ञों ने कहा कि जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग के प्रभावों के अलावा, वन क्षेत्र और जल निकायों की संख्या में धीरे-धीरे गिरावट, बढ़ते शहरीकरण, मानव बस्तियों का विस्तार, विकास परियोजनाओं और अन्य गतिविधियों के अंधाधुंध कार्यान्वयन से मानव जीवन के सभी पहलुओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। विशेषज्ञों ने कहा कि जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग ने पिछले कुछ वर्षों में असम, त्रिपुरा और अन्य राज्यों में चाय बागानों पर भी प्रतिकूल प्रभाव डाला है और कहा है कि सिंचाई के बिना चाय बागानों को जीवित रहना मुश्किल हो रहा है।

चाय उद्योग असम और त्रिपुरा में सबसे बड़ा संगठित उद्योग है। असम, जो भारत की लगभग 55 प्रतिशत चाय का उत्पादन करता है, में संगठित क्षेत्र में 10 लाख से अधिक चाय श्रमिक हैं, जो लगभग 850 बड़े एस्टेट में काम करते हैं। इसके अलावा, व्यक्तियों के स्वामित्व वाले लाखों छोटे चाय बागान हैं। असम के बाद त्रिपुरा पूर्वोत्तर क्षेत्र में चाय का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है, जो 6,885 हेक्टेयर क्षेत्र में सालाना लगभग 10 मिलियन किलोग्राम चाय का उत्पादन करता है। कृषि विज्ञानी और पादप शरीर विज्ञान विशेषज्ञ डॉ. पी सोमन ने कहा कि जलवायु परिवर्तन असम में चाय उद्योग के लिए शीर्ष पांच चुनौतियों में से एक है। यह देखते हुए कि चाय बागान अत्यधिक जलवायु पर निर्भर हैं, असम के गोलाघाट में एक हालिया कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में सोमन ने बताया, कैसे कृषि विज्ञान में परिवर्तन सूक्ष्म सिंचाई तकनीक को फसल के प्रदर्शन को बढ़ाने में मदद करते हैं।

मौसम की मार के कारण यूपी की शान 'आम' का स्वाद पहले जैसा नहीं रहा

लखनऊ, 19 नवम्बर (एजेंसियां)। जलवायु परिवर्तन दुनिया भर में मौसम की स्थिति को प्रभावित कर रहा है। इससे प्राकृतिक आपदाएं भी सामने आ रही हैं। यहां तक कि खाने के स्वाद पर भी इसका असर पड़ रहा है। विशेष रूप से उत्तर प्रदेश में, भले ही यह सुनने में आपको अजीब लगे। सर्दियां कभी-कभी सामान्य से अधिक और कभी-कभी बहुत कम ठंडी होती हैं। गर्मियां गर्म हैं, लेकिन हवाएं, जिन्हें स्थानीय भाषा में 'लू' कहा जाता है, गायब हैं। मानसून के समय से पहले और बाद में बारिश आती-जाती रहती है और वसंत की शुरुआत भी चिंताजनक रूप से बदलती रहती है।

मौसम का यह अनियमित पैटर्न उन खाद्य पदार्थों को प्रभावित कर रहा है जो प्राकृतिक रूप से उत्पादित होते हैं और जो मानव निर्मित भी हैं। उदाहरण के लिए, 'उत्तर प्रदेश की शान' कहा जाने वाला 'आम' धीरे-धीरे अपना स्वाद खोता जा रहा है। खराब मौसम और बेमौसम बारिश के कारण फलों के राजा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। मैंगो ग्रोअर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष इंसराम अली कहते हैं, फरवरी और मार्च में अप्रत्याशित तूफान आम की फसल के लिए विनाशकारी साबित होते हैं। यह उनके फूलों का मौसम होता है। फूल, जिन्हें 'बौर' के नाम से जाना जाता है, तेज हवा और बारिश के कारण गिर जाते हैं। आम उत्पादकों का मानना है कि मई की गर्म हवाएं फल में मिठास लाती हैं। वे इसे प्राकृतिक रूप से पकाने में मदद करती हैं। अब गर्मियां गर्म रहती हैं, लेकिन लू वाली हवाएं नहीं चलती और इससे आम का स्वाद खत्म हो रहा है। 'एक और स्वादिष्ट फल, जो मौसम परिवर्तन के कारण लगभग लुप्त हो गया है, वह है 'फूट', एक फल जो खरबूजे परिवार से संबंधित है और इसे स्नैप तरबूज के रूप में भी जाना जाता है।

'फूट' एक ग्रीष्मकालीन व्यंजन है, जो गर्मियों में नदियों के रेतीले तटों पर उगाया जाता था। जब मैदानी इलाकों में गर्म हवाएं चलती थी, तब पक जाता था। पिछले एक दशक से, स्नैप तरबूज़ बाज़ारों में नहीं देखा गया है। किसानों का दावा है कि बदलते मौसम के कारण फसल पक नहीं पाती है। बदलते मौसम की मार झेलने वाले इन फलों के अलावा, कुछ मानव निर्मित व्यंजनों पर भी असर पड़ा है।

साइको थ्रिलर फिल्म में नजर आयेगी कंगना रनौत

मुंबई, 19 नवम्बर (एजेंसियां)। बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत साइको थ्रिलर फिल्म में काम करती नजर आयेगी। कंगना रनौत ने अपनी आने वाली फिल्म का एलान कर दिया है। कंगना ने चेन्नई में इस फिल्म शूटिंग भी शुरू कर दी है। यह फिल्म साइकोलॉजिकल थ्रिलर जॉनर की होगी। कंगना ने एक्स (ट्विटर) पर पूजा की तस्वीर शेयर की है। फोटो में देखा जा सकता है कि फिल्म स्लेट में प्रोडक्शन नंबर 18 लिखा हुआ है। साथ ही प्रोड्यूसर और डायरेक्टर का नाम लिखा है। इस फिल्म का निर्देशन विजय कर रहे हैं, जबकि प्रोड्यूसर आर. रविंद्रन हैं। कंगना रनौत ने फिल्म के सेट से फोटो शेयर करते हुए लिखा, चेन्नई में हमने अपनी नई फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी। यह एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर है। अन्य डिटेल्स जल्द ही बताऊंगी।

48 वर्ष की हुईं सुष्मिता सेन

मुंबई, 19 नवम्बर (एजेंसियां)। बॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री और पूर्व यूनिवर्स सुष्मिता सेन आज 48 वर्ष की हो गयी। सुष्मिता सेन का जन्म आंध्रप्रदेश के हैदराबाद में 19 नवम्बर 1975 को हुआ था। सुष्मिता सेन के पिता सुबीर सेन एयर फोर्स में विंग कमांडर थे, जबकि मां शुभरा सेन ज्वैलरी व्यवसाय से ताल्लुक रखती थीं। सुष्मिता सेन ने वर्ष1994 में मिस इंडिया प्रतियोगिता में हिस्सा लिया, जिसमें वह प्रथम चुनी गयी। इसके बाद वर्ष 1994 में सुष्मिता सेन मिस यूनिवर्स चुनी गयी। सुष्मिता सेन ने अपने सिने करियर की शुरूआत वर्ष 1996 में प्रदर्शित फिल्म दस्तक से की, लेकिन यह फिल्म कोई खास कमाल नहीं दिखा सकी।इसके बाद वर्ष 1997

रायपुर, सोमवार 20 नवम्बर 2023
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

चुनाव जीतने हिंसा-गालियों का सहारा

मध्यप्रदेश में एक कांग्रेसी कार्यकर्ता की हत्या तथा प्रचार रैलियों के दौरान इस्तेमाल में लाई जा रही अभद्र भाषा का इस्तेमाल कर भारतीय जनता पार्टी ने एक बार फिर से बता दिया है कि वह चुनाव जीतने के लिये कैसी भी हद तक जा सकती है। हालांकि कई लोग भाजपा की इन हरकतों को उसकी कमजोर होती स्थिति तथा पराजय का भय भी बतला रहे हैं लेकिन पूरे देश में शासन करने वाली किसी भी सरकार एवं पार्टी का यह उत्तरदायित्व होता है कि वह चुनावों में होने वाली हिंसा को रोके तथा सियासी स्पर्धा को स्वस्थ रहने दे। वैसे पिछले कुछ वर्षों से जिस प्रकार से भाजपा ने अराजकता के नये कीर्तिमान गढ़े हैं उसके चलते इस प्रकार की अपेक्षा करना कुछ ज्यादा ही होगा।

ऐसे वक्त में जब पांच राज्यों में से तीन (मिजोरम, छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश) में मतदान खत्म हो चुका है, मध्यप्रदेश के खजुराहो पुलिस स्टेशन के बाहर पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह अपने साथियों के साथ टेंट लगाकर धरने दे रहे हैं। उनकी मांग है कि मतदान के दिन (17 नवम्बर को) उनकी पार्टी के एक कार्यकर्ता व छतरपुर के पूर्व पार्षद सलमान खान की हत्या के आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार किया जाये। हत्या का आरोपी राजनगर के भाजपा प्रत्याशी अरविन्द पटेरिया को बतलाया जा रहा है। पहले मृतक के परिवारजन दो दिनों तक उनका मृत शरीर लेकर धरने पर बैठे थे। शनिवार की शाम दिग्विजय सिंह भी उसमें शामिल हो गये। रात उन्होंने वहीं गुजारी और रविवार की रात तक वे साथियों समेत डटे हुए थे। उनका और परिजनों का आरोप है कि शिवराज सरकार आरोपी को बचा रही है। पुलिस इन दिनों निर्वाचन आयोग के तहत कार्य करने के बाद भी शिवराज के प्रभाव में काम करती दिख रही है क्योंकि पटेरिया के विरूद्ध नामजद रिपोर्ट दायर की गई है। देखना यह होगा कि पुलिस कब तक कार्रवाई करती है।

उधर राजस्थान अब भाजपा व कांग्रेस के बीच चुनावी घमासान के मंजर देख रहा है। यहां भी भाजपा बड़ी सियासी हार का खतरा देख रही है। यहां 15 नवम्बर को मोदी ने बाड़मेर के बायतु में आयोजित एक प्रचार सभा में लोगों से अपील की थी कि 'वे कमल के बटन को ऐसा दबाएं जैसे किसी को सजा दे रहे हैं, फांसी पर चढ़ा रहे हैं।' उनके इस बयान को न सिर्फ गैर लोकतांत्रिक माना जा रहा है वरन घृणा व हिंसा को बढ़ावा देने वाला भी निरूपित किया गया है। उम्मीद थी कि अपनी इस जन आलोचना से स्वयं मोदी तथा उनकी पार्टी के अन्य नेता सबक लेंगे व अपनी भाषा को संयमित, मर्यादापूर्ण तथा शालीन बनाए रखेंगे। ऐसा तो हुआ नहीं, उसी दिन मध्यप्रदेश की अपनी आखिरी जनसभा में उन्होंने कांग्रेसी नेता राहुल गांधी को 'मूर्खों का सरदार' कह डाला। सम्भवतः उनसे प्रेरणा पाकर केन्द्रीय बाल व महिला विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने राजस्थान के ही टोंक के देवली में शनिवार को हुई एक सभा में राहुल के लिये बहुत ही अशोभनीय व असंसदीय टिप्पणी कर दी, जो यह बतलाता है कि भाजपा के पास ऐसे कटु बोल करने वालों की पूरी की पूरी फौज है।

इस तरह के अनेक दृष्टांत देश के सामने पिछले लगभग एक दशक से देखने में आ रहे हैं। इस मामले में भाजपा नित नयी गिरावट दर्ज कर रही है और अपने साथ समग्र राजनीति को भी दूषित कर रही है। वैसे इसका कारण यह भी माना जा रहा है कि एक ओर तो भाजपा की इन पांचों राज्यों में स्थिति बहुत नाजुक है, तो दूसरी तरफ़, जैसा कि राजनैतिक विश्लेषक बतला रहे हैं और तमाम ओपिनियन पोल से लेकर सर्वेक्षण भी बतला रहे हैं, किसी भी राज्य में भाजपा को शायद ही सफलता मिले। इसके अलावा स्वयं मोदी का जादू हर रोज फ़ीका पड़ता जा रहा है। उनकी कही बातें असर नहीं कर रही हैं। एक ओर कांग्रेस के राहुल गांधी, उनकी बहन प्रियंका गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे सभाओं-रैलियों में गदर मचा रहे हैं तो वहीं संगठन का प्रचार तंत्र न सिर्फ भाजपा के वार को भोथरा कर रहा है बल्कि प्रत्युत्तर में बड़े हमले कर रहा है। अब तो नौबत यहां तक आ गई है कि कांग्रेस की रैलियों, जनसभाओं एवं रोड शो में लोग चलकर आ रहे हैं, तो वहीं भाजपा की सभाओं में लोगों को ढो कर लाने के बावजूद उनमें खाली कुर्सियां अधिक होती हैं। जिस देवली की सभा का ऊपर ज़िक्र हुआ है, उसमें केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह आने वाले थे परन्तु लोग इतने कम आए कि उसमें स्मृति को भेजना पड़ा था।

सत्ता के लिए भाजपा की अति महत्वाकांक्षा देश का लोकतांत्रिक माहौल कलुषित कर रही है। शायद उसे दो तरह की खुशफहमियां हैं- पहली तो यह कि सत्ता में रहना केवल और केवल उसी का अधिकार है। दूसरे यह कि हमेशा वही सत्ता में बनी रहेगी और उसे कोई सत्ताच्युत नहीं कर सकता। यह सोच राजा-महाराजा या किसी तानाशाह शासक की तो हो सकती है परन्तु लोकतांत्रिक प्रणाली में यह सम्भव नहीं है। सत्ताएं आती हैं, उन्हें चुनौतियां मिलती हैं और वे स्थानापन्न होती हैं। उनकी जगह पर कोई और आसीन होता है। इस परम्परा व सहज प्रणाली को कोई भी नहीं तोड़ सका है। न मोदी तोड़ पायेंगे और न ही उनकी पार्टी। जन्म-जन्मांतर तक सत्ता पर काबिज रहने की महत्वाकांक्षा उनसे चुनावी हिंसा को बढ़ावा दे रही है तो दूसरी ओर अपने राजनैतिक प्रतिद्वंद्वियों को अमर्यादित व गरिमाहीन शब्दों से अपमानित करने के लिये उद्धत करती है। इससे वह बाज आए तो बेहतर।

कार्यकर्ता के लिए लड़ने वाले नेता दिग्विजय

नेता ऐसा ही होना चाहिए। दिग्विजय सिंह ने सर्दी की रात खजुराहो थाने के बाहर खुले में सोते हुए निकाल दी। 17 नवंबर को मतदान के दिन छतरपुर की राजनगर विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी विक्रम सिंह उर्फ नाती राजा पर भाजपा प्रत्याशी अरविंद पटेरिया और उनके समर्थकों ने हमला कर दिया था। उन्हें बचाने कांग्रेस कार्यकर्ता सलमान खान आए तो उन पर धारदार हथियारों, कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। और कई गोलियां मार कर सलमान को गाड़ियों से रौंदते हुए भाग गए।

दिग्विजय ने फोन पर वहां से बात करते हुए कहा कि ऐसी क्रूर हत्या नहीं देखी। कई गाड़ियां कांग्रेस कार्यकर्ता के ऊपर से निकाल कर ले गए। घटना के बाद पूरे मध्यप्रदेश और खासतौर से बुन्देलखंड में तहलका मच गया। मध्यप्रदेश में चुनाव में ऐसी घटनाएं नहीं होती हैं। इस बार कई जगह मतदान के दिन और फिर उसके बाद भी हिंसा की घटनाएं हो रही हैं। मतदान के बाद सागर जिले के रहली विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी ज्योति पटेल का घर घेर कर लगातार फायरिंग की गई।

छतरपुर की हिंसा बहुत भयानक थी। कांग्रेस का आरोप है कि वहां के भाजपा प्रत्याशी पटेरिया प्रदेश भाजपा अध्यक्ष और वहीं खजुराहो के सांसद वीडी शर्मा के साथ हैं। इसलिए पुलिस हत्या के आरोपियों पर कोई कार्रवाई नहीं कर रही। सलमान का परिवार शव लेकर वहीं खजुराहो थाने के बाहर बैठा है। परिवार का कहना है कि जब तक गिरफ्तारी नहीं होगी वह अन्तिम संस्कार नहीं करेगा।

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए दिग्विजय सिंह शनिवार को ही छतरपुर पहुंच गए। और सीधे परिवार से मिलने पहुंचे। चुनाव तक तो सारे नेता कार्यकर्ता के साथ होते हैं। मगर चुनाव के बाद कम ही नेता कार्यकर्ता और उसके परिवार के साथ खड़े होते हैं। दिग्विजय के साथ उनकी पत्नी अमृता राय भी हैं। वैसे किसी सामारोह में वे साथ दिखें या नहीं दिखें मगर संघर्ष में वे साथ होती हैं। शनिवार से वे साथ ही धरने पर बैठी हैं। इससे पहले दिग्विजय की ऐतिहासिक नर्मदा यात्रा में वे पूरे साढ़े तीन हजार किलोमीटर पैदल चली थीं। आधे साल से ज्यादा।

उस नर्मदा यात्रा के बाद ही 2018 में कांग्रेस मध्य प्रदेश में सत्ता में वापस आई थी। 15 साल बाद। हालांकि ज्योतिरादित्य सिंधिया के धोखे की वजह से 15 महीने में ही सरकार गिर गई। मगर जनता के मन में इस विश्वासघात से गहरी चोट लगी। खास तौर से ग्वालियर चंबल संभाग, बुंदेलखंड में। सिंधिया इसी इलाके का खुद को ठेकेदार मानते हैं। मगर जनता जब तक सम्मान देती है, देती है। मगर फिर जैसे ही उसे लगता है कि नेता हमारे साथ धोखा कर रहा है वह गुस्से में खड़ी हो जाती है। और फिर इस इलाके में



शकील अख्तर

कांग्रेस पिछले साढ़े नौ साल से केन्द्र की सत्ता से बाहर है। और कांग्रेस नेताओं के तौर तरीकों से कभी लगता भी नहीं था कि वे वापसी के लिए कुछ कर रहे हैं। मगर पिछले साल राहुल गांधी की संघर्षमय भारत जोड़ो यात्रा ने तस्वीर बदल दी। जनता को विपक्ष का लड़ता हुआ अंदाज ही भाता है। दिग्विजय सिंह इस यात्रा के संयोजक थे। उनके पास करीब इतनी ही बड़ी अपनी नर्मदा यात्रा का अनुभव था।

तो इसे गद्दारी कहा जाता है। और गद्दारी को सबसे खराब चीज माना जाता है। जनता इस बार ज्योतिरादित्य सिंधिया और उनके साथ भाजपा को कड़ा सबक देने के मूड में लगी।

उसी की प्रतिक्रिया में इस बार चुनाव में भाजपा की तरफ से ज्यादा हिंसा देखने को मिल रही है। लेकिन इसका प्रतिकार करके दिग्विजय ने एक नया इतिहास रच दिया है। सिर्फ मध्य प्रदेश में ही नहीं देश भर में एक संदेश गया है कि नेता हो तो ऐसा। जो अपने कार्यकर्ता और उसके परिवार के साथ ऐसे डट कर खड़ा हो जाए। रात खुले में निकाल दे।

कांग्रेस पिछले साढ़े नौ साल से केन्द्र की सत्ता से बाहर है। और कांग्रेस नेताओं के तौर तरीकों से कभी लगता भी नहीं था कि वे वापसी के लिए कुछ कर रहे हैं। मगर पिछले साल राहुल गांधी की संघर्षमय भारत जोड़ो यात्रा ने तस्वीर बदल दी। जनता को विपक्ष का लड़ता हुआ अंदाज ही भाता है। दिग्विजय सिंह इस यात्रा के संयोजक थे। उनके पास करीब इतनी ही बड़ी अपनी नर्मदा यात्रा का अनुभव था। राहुल के सारथी बन कर उन्होंने पूरी यात्रा संचालित की।

भारत के इतिहास में ऐसा कोई नेता नहीं हुआ जिसने साढ़े तीन-तीन, चार-चार हजार किलो मीटर की दो पैदल यात्राएं की हों। दूसरी यात्रा में भी अमृता राय कई जगह साथ चलती दिखीं।

राहुल तो बहुत ही संघर्षशील नेता हैं। यात्रा के बाद उनकी असली छवि निखर कर सामने आ गई है। जो हजारों करोड़ रुपया भाजपा ने राहुल को पप्पू बनाने में लगाया था वह पानी में बह गया। राहुल की मेहनत और साथ ही पार्टी अध्यक्ष खरगे जी और प्रियंका की करिश्माई छवि ने कर्नाटक से एक नया इतिहास रच दिया। जीत की वापसी का।

अब पांच राज्यों के चुनाव में खरगे जी राहुल और प्रियंका फिर वैसी ही मेहनत कर रहे हैं। अभी जिन तीन राज्यों मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और मिजोरम में चुनाव हो गए वहां कांग्रेस की स्थिति अच्छी मानी जा रही है। और बाकी दोनों जगह जहां चुनाव होना है राजस्थान और तेलंगाना में वहां कांग्रेस का ग्राफ दिन ब दिन बढ़ता जा रहा है। पहले मुकाबला बराबरी का माना जा रहा था। अब कांग्रेस का पलड़ा भारी बताया जा रहा है।

अगर ऐसा ही रहा तो यह विधानसभा चुनाव अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव की पूर्व पीठिका साबित हो जाएंगे। मतलब 2024 का ट्रेलर होगा इन विधानसभा चुनावों का नतीजा। राहुल की मेहनत रंग ले आएगी।

राहुल के पास ऐसे नेता होंगे जो कार्यकर्ताओं में जोश जगा सकें। जनता मन बना रही है। मगर उसे मतदान के दिन उसी मन से लाना कार्यकर्ताओं का काम होता है। और कार्यकर्ता जब उत्साह से दिल से यह काम करता है तो जनता अपने मन के साथ कार्यकर्ता का जोश भी जोड़ लेती है।

बड़े नेता की सर्वोच्च सफलता यह होती है कि वह अपने साथ के नेताओं में वही जोश और जज्बा पैदा कर सके जो उसके अंदर है। और फिर नेता उसी जोश को कार्यकर्ताओं में ट्रांसफर कर सके।

उमंग और उत्साह ऊपर से नीचे बहता है। 2014 में कांग्रेस के सब शिखर नेता ढीले पड़ गए थे तो बाकी नेता और कार्यकर्ता भी। और आज जब जोश बढ़ा हुआ है तो वह नीचे के कार्यकर्ता तक और बढ़चढ़ कर जा रहा है।

मध्यप्रदेश के छतरपुर जिले के खजुराहो थाने के बाहर उमड़ पड़ी कांग्रेस कार्यकर्ताओं की भीड़ बेमिसाल थी। जब दो बार के मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह वहां आकर धरने पर बैठ जाएं, रात खुले में गुजार दें, तो आप समझ सकते हैं कि कार्यकर्ता का मनोबल कितना ऊंचा हो जाएगा। और जनता पर कितना सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

दिग्विजय ने वहां से डीबी लाइव/देशबन्धु को इंटरव्यू देते हुए कहा कि-भाजपा सरकार जाने वाली है। मध्यप्रदेश में कांग्रेस की 130 से ज्यादा सीटें जीतेगी। उन्होंने चुनाव आयोग से भी कहा कि वह देखे कि कोई गड़बड़ नहीं होने पाए।

दिग्विजय का यह धरना ऐतिहासिक हो गया। कांग्रेस के कार्यकर्ता अब तीन दिसंबर मतगणना के दिन तक चार्ज रहेंगे। ईवीएम मशीनों की निगरानी करते हुए।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)

क्यों करें सप्ताह में सत्तर घंटे काम?

■ प्रेरणा

जाने-अनजाने 'इंफोसिस' के संस्थापक नारायण मूर्ति ने देश में एक बहस छेड़ दी है। मोहनदास और नारायण मूर्ति किसी दौर में साथ काम करते थे। एक पोडकास्ट में दोनों चर्चा कर रहे थे कि विकास की रफ्तार कैसे बढ़ाई जाए। नारायण मूर्ति ने उस बातचीत में कहा था कि देश के विकास के लिए नौजवानों को चाहिए कि वे सप्ताह में 70 घंटे काम करें। उन्होंने उदाहरण देते हुए यह भी कहा था कि जिस तरह जर्मनी, जापान ने दूसरे विश्वयुद्ध के बाद अपने देश को खड़ा करने के लिए जी-जान से मेहनत की, भारत के नौजवानों को भी वैसी ही मेहनत करनी होगी।

नारायण मूर्ति ने काम करने को कहा, लोग बात करने पर टूट पड़े। देश के कोने-कोने से, हर उम्र व पेशे के लोगों ने मूर्ति का ऐसा प्रतिवाद किया जैसे किसी ने उनकी दुखती रग पर पांव रख दिया हो। प्रतिक्रिया आई कि भारतीय दरअसल कितने घंटे काम करते हैं? शहरों में काम करने वालों के घंटे किस तरह गिनेंगे? अपने काम पर जाने के लिए जो लोग घंटों सफर में बिताते हैं, वे इस हिसाब में जुड़ेंगे या नहीं? महिलाओं का क्या, जो चौबीस घंटे, सातों दिन घर के काम करती हैं, बच्चे संभालती हैं और कमाई भी करती हैं? गांव में किसान बिजली के इंतजार में रात-रात भर जागते हैं, उसका हिसाब कौन रखेगा?

हमारे समाज में पूंजी और बुद्धि को अनुपातहीन और बेमेल महत्व दिया गया है? वैसे सभी जानते हैं कि बिना श्रम के पूंजी का कोई अर्थ नहीं है, लेकिन मानते नहीं हैं। जीवन के लिए यदि ये दोनों जरूरी हैं तो यह भी जरूरी है कि इनकी हैसियत बराबर की मानी जाए। इसे इस तरह भी समझा जा सकता है कि बीमारी की रोकथाम ज्यादा महत्वपूर्ण है या उसका इलाज?

बड़ी संख्या में मजदूर दूसरे राज्यों में जाकर सप्ताह में 70 घंटे से कहीं ज्यादा मेहनत करते हैं ताकि चार पैसे बचाकर घर भेज सकें। कोविड के दौरान जब हजारों कामगार शहरों से अपने गांव की तरफ लौटने लगे थे तब कहीं देश और इसके शासकों को पहली बार पता चला था कि दौड़ते-भागते हमारे आधुनिक शहर किसके कंधों पर खड़े हैं! ट्विटर पर एमके निधि बताते हैं कि केरल से प्रति सप्ताह चलने वाली 35 सीटों की एक बस ओडिशा के लिए एक सीट का 3500 रुपये किराया लेती है और कभी खाली नहीं चलती। कोई हिसाब लगाएगा कि ये मजदूर प्रति सप्ताह कितनी मेहनत करते होंगे ताकि टिकट और अपने दैनिक खर्च निकाल सकें तथा घर में पैसे भेज सकें?

विकास एक आधुनिक परिकल्पना है। ज्यादा-से-ज्यादा और जल्दी-से-जल्दी पाने की तीव्र इच्छा विकास की गाड़ी को दौड़ाते हैं। यह सपना देखना और दिखाना कि कैसे कोई एक आदमी पांच रुपया और लोटा लेकर गांव से चला था और कुछ ही वर्षों में देश का सबसे अमीर आदमी बन गया, विकास की कहानी का एक अध्याय लिखता है। फिर यह कि कितनी जल्दी हम पांच ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था का ओहदा हासिल करें, दुनिया की तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बन जाएं, यह विकास की दूसरी कसौटी है। आज तो इसे एक राष्ट्रीय उद्देश्य का दर्जा ही दे दिया गया है।

कहा जा रहा है कि इसके लिए देश का हर नागरिक हाड़तोड़ मेहनत करे, एक सप्ताह में 70 घंटे तो कम-से-कम करे ही! इन सभी सपनों में जो बात छिप जाती है या छिपाई जाती है वह यह है कि एक किसान/मजदूर या कारकून के लिए ईमानदारी से मेहनत करते हुए करोड़पति बनना वह सपना है जो कभी साकार नहीं होगा। ऐसे सपने दिखाकर कुछ गिने-चुने लोग तेजी से देश के सबसे अमीर आदमी बन सकते हैं, यह तो हम प्रत्यक्ष देख ही रहे हैं। इस खेल की शर्त ही यह है कि सभी जी-जान लगाकर दौड़ें, ताकि कोई एक या दो जीत सके और राष्ट्रीय गर्व का प्रतिमान खड़ा कर सके।

क्या यह बात सूर्य की तरह साफ़ नहीं है कि हमारे समाज में पूंजी और बुद्धि को अनुपातहीन और बेमेल महत्व दिया गया है? वैसे सभी जानते हैं कि बिना श्रम के पूंजी का कोई अर्थ नहीं है, लेकिन मानते नहीं हैं। जीवन के लिए यदि ये दोनों जरूरी हैं तो यह भी जरूरी है कि इनकी हैसियत बराबर की मानी जाए। इसे इस तरह भी समझा जा सकता है कि बीमारी की रोकथाम ज्यादा महत्वपूर्ण है या उसका इलाज? आप झट से जवाब देंगे-रोकथाम ज्यादा महत्वपूर्ण है! लेकिन अगर रोकथाम ज्यादा महत्वपूर्ण है तो हमारा सफाई कर्मचारी उस रोकथाम का पहला सिपाही है; उस सफाई कर्मचारी को डॉक्टर से पहले रखना चाहिए। यही बात खेती और उद्योग पर भी लागू होती है। पूंजी, बुद्धि और श्रम का ऐसा गलत समीकरण हमने बना रखा है कि श्रम को पूंजी के सामने हम कुछ मानते ही नहीं हैं।

नारायण मूर्ति इसी के भोले शिकार हैं। कंप्यूटर, सॉफ्टवेर और अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस- इन सबकी दिशा में हम एग्ज ही इसलिए कि इंसानी मेहनत / श्रम को बचाया जा सके या उस पर होने वाला खर्च कम किया जा सके। हमारी स्कूली शिक्षा विद्यार्थियों को पढ़ाती है कि श्रम करना नीचा है, उससे कोई विकास नहीं होता। शिक्षा व व्यवस्था तो ऐसी बनाई है मूर्ति जैसों ने और फिर कहते हैं कि 70 घंटे युवकों को मेहनत करनी चाहिए!

मनुष्य अपनी रोजी-रोटी के लिए श्रम करता है! जब रोटी महंगी हो जाती है तो वह और ज्यादा मेहनत करता है। अभाव में जीने वाले करोड़ों लोग पहिए पर दौड़ने वाले चूहे की तरह सतत दौड़ते रहते हैं। पूंजी पर चलने वाली व्यवस्था का यह आधारभूत नियम है कि पूंजी तभी तेजी से बढ़ सकती है जब श्रम सस्ता हो; नैसर्गिक संसाधनों को लूटने की खुली छूट हो; सरकारी टैक्स कम-से-कम हों; टैक्स की चोरी व्यवस्था के भीतर की जा सकती हो। इसलिए नारायण मूर्ति जैसे लोग जब युवाओं से 70 घंटे मेहनत की बात करते हैं तब वो उनकी बात करते हैं जिनके श्रम का कोई मोल नहीं और विकास के पहिये में सभी जुत जाएं, ताकि दो-चार लोग दुनिया के सबसे अमीरों में अपना नाम लिखवाएं और विश्वगुरु बन जाएं।

गांधीजी जब 'दूसरी गोलमेज परिषद' के लिए इंग्लैंड गए थे तो उनसे बार-बार निवेदन किया गया था कि आप यहां तक आ ही गए हैं तो अमेरिका के लोगों के बीच पहुंचकर, उन्हें भी अपना संदेश दें। आइंस्टाइन ने भी गांधीजी से ऐसा ही अनुरोध किया था। गांधीजी ने जवाब में तब जो कहा था वही आज भी भारत व दुनिया के लिए सबसे मतलब की बात है। उन्होंने कहा था कि-जब तक अमेरिका पूंजी के पीछे की अपनी पागल दौड़ छोड़ता नहीं है, उसे देने के लिए मेरे पास कुछ है ही नहीं। इसलिए मूर्ति यदि 70 घंटे की मेहनत की पैरवी के साथ यह भी बता सकें कि युवाओं को इतनी मेहनत क्यों करनी चाहिए, तो गांधीजी और हमारा सबका ज्ञानवर्धन हो सकेगा।

(लेखिका गांधीवादी-अर्थशास्त्र की अध्येता हैं।)

गुरबाणी विचार

अव्वल अल्लाह नूर उपाइआ कुदरत के सब बंदे

ऐसा नाम एकन निरमोलक पुनि पदारथ पाइआ
अनिक जतन करि हिरदे राखिया- रतन न छपै छपाइआ।
हरि गुण कहते कहन न जाई-जैसे गूंगे की मठिआई (रहाओ)
रसना रमत सुनत सुख स्वरना- चित वेते सुख होई।
कहो भीखन हुए नैन जहं देखा तहं सोई।।

गुरबाणी की यह पंक्तियां गुरु ग्रंथ साहिब के अंग 659 से ली गई है। इसमें भक्त भीखण जी मानव मन को समझाइश देते हुए कह रहे हैं कि प्रभु परमात्मा का नाम एक ऐसा अनमोल पदारथ है जो रतन जवाहर की तरह बहुमूल्य है। मनुष्य को पूर्व जनमों के पुण्य से यह मानवदेही मिली है। इस मानव देही को पाने के लिए देवता भी तरसते हैं। बिना प्रभु परमात्मा के सिमरन बंदगी किए मानवदेही की प्राप्ति नहीं हो सकती। ईसान इस प्राप्ति को छिपाने की कोशिश करता है। फिर भी यह हीरे-जवाहरात को कितना भी छिपा कर रखे उसे लोग समझ नहीं पाते कि उसे छिपा नहीं सकते। फूल में खुशबू रहती है लोग उसे कितना ही बंद कमरे में रखें लेकिन उसकी खुशबू छिप नहीं सकती। ठीक इसी प्रकार प्रभु प्राप्ति एक ऐसा जवाहर हीरा है जिसे हम कितना भी छिपाएं उसकी खुशबू फैल ही जाती है।

हरि प्रभु परमात्मा की सिमरन बंदगी करते-करते जो आनंद की अनुभूति है उसकी प्राप्ति के स्वाद से रस की प्राप्ति होती है। उसका वर्णन नहीं किया जा सकता। एक गूंगे ईसान को मिठाई खिलाई जाए तो वह उसका स्वाद बता नहीं पाएगा। ठीक इसी प्रकार प्रभु परमात्मा की प्राप्ति से प्राप्त आनंद की अनुभूति को वह नहीं बता पाएगा पर हर वक्त वह महसूस कर पाएगा और आनंदित हर वक्त रहेगा।

इस रतन रूपी प्रभु नाम की सिमरन बंदगी करते रहने पर हमारी जिव्हा को भी सुख मिलता है। कानों को प्रभु कथा सुनने से आनंद की अनभूति होती है। हर वक्त फिर नेत्रों को ऐसा महसूस होता है कि प्रभु परमात्मा सर्वत्र विराजमान है। हम सब एक परमात्मा की संतानें हैं और प्रभु परमात्मा ने प्रत्येक प्राणी की रचना कर फिर उसी कृति में विराजमान होकर उसके द्वारा किए जा रहे प्रत्येक क्रियाकलापों को देख रहा है। इस तरह जिस-जिस ईसान ने प्रभु सिमरन बंदगी कर उसकी प्राप्ति कर ली है उसने यह महसूस कर लिया है कि प्रत्येक ईसान में प्रभु परमात्मा मौजूद है। इस तरह सब एक दूसरे के भाई हैं। न ही कोई बुरा है। भक्त कबीरदास जी यही बात कह रहे हैं-

अव्वल अल्लाह नूर उपाइआ कुदरत के सब बंदे।
एक नूर ते सब जग उपजिया कौन भले को मंदे।।

इस तरह हर ईसान अच्छा है बुरा कोई भी नहीं है। सुख दुख अपने अपने किए कर्मों के अनुसार उसे प्राप्त होता है। इसीलिए भक्त भीखणजी ईसान को समझा रहे हैं कि प्रभु परमात्मा के नाम सिमरन करते मेरी आंखों में ठंडक आ गई है। मैं जहां पर भी नजर दौड़ाता हूं मुझे उस जगह प्रभु परमात्मा नजर आने लगा है। इसलिए हर ईसान को चाहिए कि वह प्रभु सिमरन कर उसकी प्राप्ति कर लें। तभी हमारा मानव जीवन पाकर धरा पर आना सार्थक समझा जाएगा और हम इस लोक और परलोक में भी सुखपूर्वक जिंदगी बिता पाएंगे और हमें सांचे दरबार में भी स्थान प्राप्त हो पाएगा।

इंदर सिंह आहुजा

आपके पत्र

पूंजी-प्रधान हो गए हैं पर्व-त्यौहार

समाज में जैसे-जैसे आधुनिकता का समावेश हो रहा है, वैसे-वैसे हमारे तीज-त्यौहारों पर भी उसका प्रभाव स्पष्ट देखा जा रहा है। दीवाली जैसा हमारा पारम्परिक त्यौहार भी आधुनिकता की चपेट से नहीं बच पाया है। पहले लोग दीवाली के दिन श्रद्धापूर्वक अपने घर के अंदर व बाहर सरसों तेल अथवा घी के दीये जलाते थे और रात के समय सपरिवार पूजन में शामिल होते थे, लेकिन अब प्रतीकात्मक कुछ दीये जलाने की रस्म निभाने के साथ मोमबत्तियों व रंग-बिरंगी लाइटों का इस्तेमाल होने लगा है। पूजन तथा घर में खाने के लिए तरह-तरह के पकवान घरों में ही बनाए जाते थे, लेकिन अब बाजार की मिठाईयों व ड्राई-फ्रूट्स का चलन हो गया है। हल्के पटाखों की जगह कानफोड़ू और अत्यधिक जहरीला धुआं उगलने वाले पटाखों ने ले ली है। हर तरफ दिखावे की होड़ और उपहार संस्कृति नजर आने लगी है।

एक विद्यालय की प्रिंसिपल श्रीमती कुसुम शंकर कहती हैं कि पहले लोगों में अपने घर में अधिक-से-अधिक दीये जलाने और घर की मुंडेर पर दीयों की कतार सजाने के लिए अपार उत्साह देखा जाता था। लोग दीये जलाने के लिए प्राय: बच्चों के हाथों से ही रूई की बाती बनवाते थे, लेकिन दीयों के लिए बाती भी अब बाजार से रेडीमेड मिलती है और लोगों में दीयों के बजाय रंग-बिरंगी मोमबत्तियों व इलेक्ट्रॉनिक लाइटों के प्रति आकर्षण बढ़ गया है।

प्रकाश पर्व दीवाली पर पहले जो सौहार्दपूर्ण वातावरण देखने को मिलता था, अब वो बात नहीं रही। लोगों के बीच पहले इस अवसर पर जो सौहार्द देखा जाता था, वह खत्म सा हो गया लगता है और दीवाली पर पूरी तरह आधुनिकता हावी नजर आती है। पाश्चात्य संस्कृति में रंगे बहुत से युवा भी अब दीवाली पर अपने परिवारजनों के साथ पूजा-पाठ में भाग न लेकर क्लबों व पार्टियों में इस अवसर पर अपने तरीके से जश्न मनाते हैं।

बाजार की मिठाईयों का चलन बढ़ने के कारण दीवाली के अगले दिन बहुत से लोगों के गले खराब नजर आते हैं क्योंकि बाजार की मिठाईयां शुद्ध नहीं रही।

दीवाली के बदलते अंदाज पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए बैंक अधिकारी एसके नागपाल कहते हैं कि पहले जहां आस-पड़ोस में एक-दूसरे के घर जाकर मिठाईयां भेंट करके बधाई देने की परम्परा थी और आपसी मेलजोल तथा भाई-चारे का माहौल देखने को मिलता था, वहीं अब लोग बर्तन खरीदने के बजाय विभिन्न स्कीमों का लाभ उठाकर इस अवसर पर फ्रिज, टीवी, एसी इत्यादि खरीदते हैं। नागपाल मानते हैं कि अब दीवाली पर दिखावा ज्यादा बढ़ गया है और उसी के अनुरूप खर्च भी बढ़ रहा है।

योगेश कुमार गोयल

देश विदेश

विफल हुआ स्पेसएक्स के स्टारशिप का दूसरा परीक्षण

वाशिंगटन। प्रसिद्ध उद्योगपति एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स के रॉकेट स्टारशिप दूसरी परीक्षण भी विफल हो गया है।

दुनिया के सबसे ताकतवर स्टारशिप को भारतीय समयानुसार शनिवार शाम करीब 6:30 बजे लॉन्च किया गया था। यह मिशन 1:30 घंटे का था। मीडया रिपोर्ट के अनुसार लॉन्चिंग के करीब 2.4 मिनट बाद सुपर हैवी बूस्टर और स्टारशिप का सेपरेशन हुआ। इसके बाद बूस्टर को वापस पृथ्वी पर लैंड करना था, लेकिन 3.2 मिनट बाद 90 किलोमीटर की ऊंचाई पर यह फट गया।

इजरायली रक्षामंत्री ने की घोषणा

दक्षिणी गजा में जमीनी कार्रवाई शुरू करेंगे इजरायली सैनिक

बीजिंग, 19 नवम्बर (एजेंसियां)। इजरायली रक्षा मंत्री योव गैलांट ने 18 नवंबर की शाम को घोषणा की कि इजरायली सेना दक्षिणी गाजा पट्टी में जमीनी अभियान शुरू करेगी। गैलांट ने इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि इजरायली सेना गाजा पट्टी में हमास पर गंभीर कार्रवाई जारी रखे हुए है और जल्द ही दक्षिणी गाजापट्टी में अभियान शुरू करेगी। गैलांट ने यह भी कहा कि गाजा पट्टी में इजरायली जमीनी अभियान दूसरे चरण में प्रवेश कर गया है और हमास को भारी झटका लगा है।

हमास मीडिया कार्यालय ने 17 नवंबर को एक बयान में कहा कि फिलिस्तीन-इजरायल संघर्ष के नए दौर की शुरुआत के बाद से, गाजापट्टी पर इजरायली सेना के हमलों में 12 हज़ार से अधिक मौतें हुई हैं और 30 हज़ार से अधिक घायल हुए हैं। संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, संघर्ष के कारण गाजापट्टी के लगभग 16 लाख निवासियों को अपना घर छोड़कर भागना पड़ा है।

'बंधकों की रिहाई के लिए समझौते की संभावना बढ़ी'

दोहा। कतर के प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल थानी ने रविवार को कहा कि फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई के बदले में इजरायली बंधकों को रिहा करने के लिए हमास और इजरायल के बीच एक समझौते की संभावना हाल के दिनों में बढ़ गई है। श्री थानी ने दोहा में एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान कहा, गाजा में बंधकों और फिलिस्तीनी कैदियों को उनके परिवारों को लौटाने के लिए एक समझौते पर पहुंचने की संभावना में हमारा विश्वास हाल के दिनों में बढ़ गया है क्योंकि हम बातचीत के लक्ष्य के करीब पहुंच रहे हैं।

गजा में 61 सैनिक मारे गए : आईडीएफ

तेल अवीव। इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने रविवार को कहा कि गाजा में हमास द्वारा तीन और आईडीएफ सैनिकों की हत्या कर दी गई, जिससे मारे गए सैनिकों की कुल संख्या 61 हो गई। आईडीएफ ने मारे गए तीन सैनिकों की पहचान सार्जेंट के रूप में की। मेजर (रेस) रानी ताहान, 261वीं रिजर्व ब्रिगेड की 8717वीं बटालियन के ऑपरेशंस सार्जेंट, 261वीं रिजर्व ब्रिगेड की 8717वीं बटालियन के मास्टर सेगट (रेस), और मेजर (रेस) चेन याहालोम जो आर्टिलरी कोर 8159वीं बटालियन के साथ थे। आईडीएफ ने मारे गए तीन सैनिकों की पहचान 261वीं रिजर्व ब्रिगेड की 8717वीं बटालियन के ऑपरेशंस सार्जेंट मेजर (रेस) रानी ताहान, 261वीं रिजर्व ब्रिगेड की 8717वीं बटालियन के मास्टर सेगट (रेस) और मेजर (रेस) चेन याहालोम जो आर्टिलरी कोर 8159वीं बटालियन के साथ थे। आईडीएफ ने कहा कि उसने युद्ध में काफी प्रगति की है और सेना ने हमास के मजबूत इलाकों में प्रवेश कर उत्तरी गाजा पट्टी पर कब्जा कर लिया है। इसने दक्षिणी गाजा के खान यूनिस क्षेत्र में नागरिकों को राफा सीमा की ओर जाने की चेतावनी दी क्योंकि इजरायल सुरक्षा एजेंसी (आईएसए) ने दक्षिण गाजा के खान यूनिस क्षेत्र में हमास की उपस्थिति का दावा किया है। आईडीएफ ने कहा कि उसने गाजा के उत्तर में हमास से इजरायल की ओर दागी जाने वाली मिसाइलों की संख्या में कमी हमास की घटती ताकत का संकेत है।

गजा की घेराबंदी में सीमित ईंधन आपूर्ति की अनुमति देगा इजरायल

गजा। अमेरिका के दबाव में आने के बाद इजरायल की राज्य सुरक्षा कैबिनेट ने रविवार को गाजा पट्टी में ईंधन के सीमित प्रवेश की अनुमति देने के लिए मतदान किया। इजरायली मीडिया ने यह जानकारी दी। स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार पैनल के अधिकांश सदस्यों ने एक छोटे युद्ध के कैबिनेट द्वारा रखे गए प्रस्ताव का समर्थन किया। इनमें प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू, रक्षा मंत्री योव गैलेंट और कैबिनेट मंत्री बेनी गैंट्ज़ शामिल थे। राष्ट्रीय सुरक्षा, वित्त और परिवहन मंत्रियों ने विरोध में मतदान किया। यह घोषणा छह घंटे से अधिक की तनावपूर्ण बातचीत के बाद आई और श्री नेतन्याहू के मंत्रिमंडल के लिए नीति में बदलाव का संकेत दिया। धुर दक्षिणपंथी प्रधानमंत्री और उनके रक्षा प्रमुख ने बार-बार कहा कि जब तक फिलिस्तीनी समूह हमास ने इजरायलियों को बंधक बना रखा है, तब तक वे घिरे हुए क्षेत्र में ईंधन को प्रवेश नहीं करने देंगे। गत सात अक्टूबर को हमास के साथ संघर्ष की शुरुआत में इजरायल ने गाजा पट्टी को सभी ईंधन आपूर्ति बंद कर दी, जिससे एन्क्लेव का एकमात्र बिजली संयंत्र और जल उपचार प्रणाली के साथ-साथ अस्पताल तथा अन्य महत्वपूर्ण सुविधाएं बंद हो गईं।

सुडोकू 6381

					3		2	4
			1	4				
				9			5	7
7	3					4		5
8								3
5		4					8	2
9	1			5				
				8	2			
4	7		3					

: नियम :

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

हल आज ही के अंक में

वर्ग पहेली 6381



बायें से दायें:-

१. दिखाई देता हुआ
४. बहुत ही मशहूर
६. पैदायशी अंधा
७. जोड़ा, जो दो की संख्या में हो
८. नीरस, फीका, बेमज़ा
१०. बंधन कड़ा करना, कसकर बांधना
११. कर या शुल्क का अतिरिक्त भार जो विशेष परिस्थितियों में किसी पर डाला जाए
१३. निंदा, जुगुप्सा
१४. लाल कमल, चांदी, विष्णु, कपूर
१५. जिस पर असर पड़ा हो
१७. केश्वान पर, के बदले में (उर्दू)
१९. इम्तहान, गुण-दोष, योग्यता आदि जानने के लिए किया गया काम
२१. मिलाने वाला, जोड़ने वाला
२२. राहगीरों को लूटने का काम (उर्दू)
२४. अदालत

ऊपर से नीचे:-

१. शिव, धृतराष्ट्र का एक पुत्र, दृढ़ताएपूर्वक अस्त्र चलाने वाला
२. श्रीकृष्ण
३. चंद्रमा
४. दोष या खराबी का दूर होना
५. सैनिक
९. जिसे नृत्य करना पसंद हो, मोर
११. हैरानी, अचरज
१२. विभक्त, भाग किया हुआ
१३. साहित्य, सम्मान (उर्दू)
१४. दस से बाहर वर्ष की कन्या, कुँआरी कन्या, दुर्गा
१५. प्रतिद्वंद्वी, शत्रु, विरोधी
१६. वह विषाक्त कन्या जिसके संसर्ग करने से मृत्यु हो जाती है
१८. उचित, ठीक (उर्दू)
१९. प्रारंभ, शुरूआत
२०. जड़ी-बूटियों या खनिजों का रसायनिक विधि से बनाया गया नमक
२३. जो ऊपर न हो, अधो

वर्ग पहेली-6380

१ ज	न	२ मा	न	३ स		४ प	द	५ चि	ज		
६ कु		त		म	र्या	दा		भा			
७ म	द्धि	म		य		र्न		८ ल	९ हू		
१० ति				१० पा	षा	ण			न		
११ च	ल	१२ ल	ल				१३ ई	का	र		
ला		लं		१४ हा	द	सा			मं		
१५ क	वा	१६ द		ज		१७ न	क	द			
र्ज	म		१९ व	त	२० न		छ				
२१ दा	न	व		णि		२२ व	नौ	ध	२३ ज		
र		२४ रा	म	ज	न	नी			ल्द		

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

दैनिक पंचांग

mypandit.com "24 hour astrology service"

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : सोमवार 20 नवम्बर, 2023 कार्तिक शुक्ल पक्ष 7

राशिफल

मेष - उगाही एवं प्रवास के लिए आज का दिन अच्छा है। व्यापार से सम्बंधित कामों के लिए लाभदायी शुरुआत रहेगी। घर में शुभ प्रसंग का आयोजन होगा। सेयर-सट्टे में आर्थिक लाभ होगा। पत्नी के स्वास्थ्य को लेकर चिंता रहेगी।

वृषभ - आज अनुकूलता और प्रतिकूलता से भरा दिन रहेगा। व्यापार में कुछ नया करने का प्रयास करेंगे। आलस्य और चिंता बनी रहेगी। स्वास्थ्य के प्रति ध्यान रखें। विरोधियों से साथ वाद-विवाद में न उतरें।

मिथुन - नेगेटिव विचारों को मन से दूर रखें। ज्ञान-धन में ध्यान रखें। वाहन चलाते समय आज बहुत सावधानी रखें। आकस्मिक धन खर्च हो सकता है। किसी कारण से बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है।

कर्क - स्वादिष्ट और उत्तम भोजन की प्राप्ति होने से आज मन खुश रहेगा। नए वस्त्र खरीदने की योजना बना सकते हैं। आर्थिक मामलों में आपका दिन अच्छा रहेगा। दोपहर बाद किसी बात को लेकर डिप्रेशन नहीं से पाएंगे।

सिंह - आज आप व्यवसाय बढ़ाने के प्रयास करेंगे। व्यापार में धन की योजना पूरी कर पाएंगे। उचित कार्यों पर धन खर्च होगा। विदेश के कामों से लाभ होने की संभावना है। आय की वृद्धि होने से धन की कमी नहीं रहेगी।

कन्या - आज का आप का दिन सुख-शांति से गुजरेगा। आभूषणों की खरीदारी करेंगे। कला और संगीत में भी आज रुचि रहेगी। व्यापार के लिए आज का दिन बहुत अच्छा दिन है। धन के मामलों में सरलता रहेगी।

तुला - आज का दिन मध्यम फलदायी है। शारीरिक ताज़गी और मानसिक प्रसन्नता का अभाव रहेगा। परिवार में ज़्या वातावरण रह सकता है। सामाजिक जीवन में मानहानि का प्रसंग बन सकता है। वाणी पर कंट्रोल रखें।

वृश्चिक - आज संपत्ति के कामों में बहुत ध्यान रखना होगा। व्यापार कर रहे लोगों के लिए आज का दिन अनुकूल है। भाई-बंधुओं का व्यवहार सहयोगात्मक रहेगा। विरोधी परास्त होंगे।

धनु - आज स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा। आज का दिन आध्यात्मिक प्रवृत्ति के लिए बहुत अच्छा है। आर्थिक लाभ होगा। विद्यार्थियों को पढ़ाई में अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। दोपहर के बाद स्थिति अनुकूल रहेगी।

मकर - आज धार्मिक कामों में आपकी रुचि रहेगी। व्यापार के लिए वातावरण अनुकूल रहेगा। आप के हर काम सरलता से पूरे कर सकेंगे। जीवन में भी आनंद बढ़ जाएगा।

कुंभ - धार्मिक और सामाजिक कामों के पीछे धन खर्च होगा। सम्बंधियों और मित्रों के साथ विवाद हो सकता है। वाहन चलाने या नया कोई इलाज शुरू करने में आपको सावधानी रखना होगी।

मीन - व्यापार के लिए आज का दिन लाभप्रद रहेगा। नया कोई रिश्ता भी बन सकता है। विवाह के योग जातकों का रिश्ता पक्का हो सकता है। प्रवास-पर्यटन होगा। मित्रों से उपहार मिलेगा।

नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।

आज का इतिहास

1815-यूरोप में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए रूस, प्रशिया, आस्ट्रिया और इंग्लैंड ने गठबंधन किया।

1829-रूस के निकोलायेव और सेवेस्तोपोल क्षेत्र से यहूदियों को निकाला गया।

1866-अमेरिका के वांशिगटन में हावर्ड विश्वविद्यालय की स्थापना।

1917-कलकत्ता (अब कोलकाता) में बोस अनुसंधान संस्थान की स्थापना।

1929-मिल्खा सिंह का जन्म। भारत के ऐसे प्रसिद्ध धावक जिन्हें लोग %फ्लाइंग सिक्ख% के नाम से जानते हैं।

1942-ब्रिटिश सेना ने लीबिया की राजधानी बेनगाजी पर दोबारा क़ब्ज़ा किया।

1945-जापान का अमेरिका के समक्ष पूर्ण आत्मसमर्पण एवं द्वितीय विश्व युद्ध की समाप्ति।

1949-इज़रायल में यहूदियों की संख्या दस लाख हुई।

1955-पॉली उमरीगर ने न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट मैच में भारत की ओर से पहला दोहरा शतक लगाया।

1968-अमेरिका ने नेवादा में परमाणु परीक्षण किया।

1981-अफ्रीकी देश बुरुंडी में संविधान अंगीकार किया गया।

1985-माइक्रोसाफ्ट विंडोज 1.0 जारी हुआ।

1989-भारतीय महिला फ़ीस्टइल पहलवान बबीता फोगाट का जन्म।

1994-अंगोला सरकार और यूनिटा विद्रोहियों के मध्य 19 वर्ष से जारी संघर्ष की समाप्ति के लिए लुसाका में शांति सँधि सम्पन्न।

1997-अमेरिकी अंतरिक्ष शटल यान %कोलम्बिया% फ्लोरिडा के कैनेडी अंतरिक्ष केन्द्र से सफलतापूर्वक प्रक्षेपित।

1998-अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन जारया का पहला माड्यूल जारी।

पाकिस्तान में सैन्य कार्रवाई में चार आतंकवादी मारे गए

इस्लामाबाद, 19 नवम्बर (एजेंसियां)। पाकिस्तान की सेना ने शनिवार रात देश के उत्तर पश्चिम कबायली जिले उत्तरी वजीरिस्तान में एक सैन्य अभियान में चार आतंकवादियों को मार गिराने का दावा किया। इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने यह जानकारी दी है। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा आईएसपीआर ने एक बयान में कहा कि सुरक्षा बलों ने शनिवार को एक खुफिया-आधारित अभियान चलाया। अभियान के दौरान खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में उत्तरी वजीरिस्तान के खैसूर इलाके में आतंकवादियों और सुरक्षा कर्मियों के बीच गोलीबारी हुई।

सेना ने कहा कि मारे गए आतंकवादियों में इब्राहिम उर्फ मूसा नाम का एक हाई-वैल्यू टारगेट शामिल है। यह पाकिस्तानी कानून प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा अत्यधिक वांछित था।

आईएसपीआर ने कहा, मारे गए आतंकवादियों के पास से हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक भी बरामद किए गए, ये लोग कई आतंकवादी गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल रहे।

आपसी विश्वास रूस-चीन के बीच सफल सहयोग का आधार : पुतिन

बीजिंग, 19 नवम्बर (एजेंसियां)। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने 17 नवंबर को 9वें अंतरराष्ट्रीय सेंटपीटर्सबर्ग सांस्कृतिक मंच के पूर्ण सत्र में कहा कि रूस-चीन संबंध विश्वास के अभूतपूर्व स्तर पर पहुंच गए हैं, जो दोनों देशों के बीच सफल सहयोग का आधार है। पुतिन ने कहा कि रूस-चीन संबंध अभूतपूर्व ऊंचाई और गुणवत्ता पर पहुंच गए हैं, जिसमें दोनों देशों के बीच विश्वास का स्तर भी शामिल है। रूस और चीन के बीच बातचीत रचनात्मक है और वैश्विक स्थिति की स्थिरता में योगदान करती है। पुतिन ने यह भी कहा कि सांस्कृतिक आदान-प्रदान और लोगों के बीच पुलों के निर्माण के बिना, रूस-चीन सर्वांगीण रणनीतिक समन्वय साझेदारी साकार नहीं किया जा सकता।

चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग हमेशा द्विपक्षीय संबंधों में संस्कृति, शिक्षा, खेल और अन्य मुद्दों को बहुत महत्व देते हैं, जो दोनों देशों के बीच आदान-प्रदान के बेहद महत्वपूर्ण घटक हैं। रूसी और चीनी लोगों को एक-दूसरे की संस्कृति में गहरी रुचि है और उन्हें विश्वास है कि 2024-2025 रूस-चीन सांस्कृतिक वर्ष सफल होगा।

अरब-इस्लामी देशों के विदेश मंत्री करेंगे चीन का दौरा

बीजिंग। अरब और इस्लामी देशों के विदेश मंत्रियों का एक प्रतिनिधिमंडल 20 से 21 नवंबर तक चीन के दौरे पर रहेगा। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने रविवार को कहा कि प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों में सऊदी विदेश मंत्री प्रिंस फैसल बिन फरहान अल सऊद, जॉर्डन के उप प्रधान मंत्री और विदेश मंत्री अयमान सफादी, मिस्र के विदेश मंत्री समेह शौकरी, इंडोनेशियाई विदेश मंत्री रेटनो मार्सुडी, फिलिस्तीनी विदेश मंत्री रियाद अल-मलिकी और इस्लामिक सहयोग संगठन के महासचिव हिसेन ब्राहिम हाजा शामिल हैं। श्री माओ ने कहा कि यात्रा के दौरान, चीन मौजूदा फिलिस्तीनी-इजरायली संघर्ष को कम करने, नागरिकों की रक्षा करने और फ़िलिस्तीनी प्रश्न का उचित समाधान खोजने के तरीकों पर प्रतिनिधिमंडल के साथ गहन संचार तथा समन्वय करेगा।

अर्जेंटीना के राष्ट्रपति पद के लिए मतदान

ब्यूनस आयर्स, 19 नवम्बर (एजेंसियां)। अर्जेंटीना में रविवार को लगभग तीन करोड़ 80 लाख पात्र लोग सत्तारूढ़ पार्टी के उम्मीदवार, अर्थव्यवस्था मंत्री सर्जियो मस्सा और धुर दक्षिणपंथी लिबर्टी एडवांस गठबंधन के उम्मीदवार जेवियर माइली के बीच चयन करने के लिए राष्ट्रपति पद के लिए मतदान करेंगे।श्री मस्सा अक्टूबर के आम चुनावों में, 36.68 प्रतिशत वोटों के साथ आगे रहे, इसके बाद श्री माइली 29.98 प्रतिशत वोटों के साथ दूसरे स्थान पर रहे। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार अर्जेंटीना, ब्राज़ील और मैक्सिको के बाद लैटिन अमेरिका की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है।

प्रथम पृष्ठ का शेष

अनैतिक काम करने वालों से ...

से यहां जमा हैं और नियम कानून से काम नहीं कर रहे, बल्कि माफ़िया कार्यकर्ता के रूप में काम कर रहे हैं। लेकिन माननीय चुनाव आयोग ने इसका संज्ञान नहीं लिया। हालत ये है कि यहां के एक टीआई की गाड़ी में भाजपा का प्रचार होता रहा, शराब बंटती रही। 16-17 नवंबर को भी ऐसा ही हो रहा था, तभी हमारे कांग्रेस उम्मीदवार से उनका आमना-सामना हो गया। दोनों दलों के काफिले आमने-सामने हो गए। सड़क पर कुछ जानवर थे, नाती राजा ने कहा कि आप निकल जाइए, लेकिन निकलने की बजाए उन्होंने उनके ऊपर गाड़ी चढ़ाने का प्रयास किया। सलमान ने नाती राजा को तो धक्का देकरगाड़ी में बिठा दिया और खुद जब बैठने की कोशिश में था, तो इन लोगों ने उसके ऊपर गाड़ी चढ़ा दी और उसको रौंदते हुए कम से कम 15 -20 गाड़ियां निकल गईं। इसको हादसा नहीं कहा जा सकता, ये जानबूझकर की गई हत्या थी। क्योंकि उन गाड़ियों में शराब, हथियार और पैसा सभी थे। हमें

संतोष इस बात का है कि जिला प्रशासन ने हत्या की धारा लगाकर मामला दर्ज किया है, अरविंद पटेरिया को भी आरोपी बनाया है। लेकिन 24 घंटे से अधिक वक्त बीतने के बाद भी गाड़ियां जब्त नहीं हुई। इसलिए हमें वक्त पर बैठना पड़ा। पीड़ित परिवार का कहना साफ है कि हमारे पार्षद सलमान को नहीं टफनाएंगे, जब तक कार्रवाई न हो। इसलिए मैंने तय किया कि पीड़ित परिवार की संतुष्टि तक थाने के सामने धरने पर बैठे रहें।

प्र.-आप लोगों की मुख्य मांग क्या है, आप किस तरह इस मामले पर कार्रवाई चाहते हैं।

उ.- हम चाहते हैं कि सख्त कार्रवाई हो। पुलिस प्रशासन का कहना है कि विशेष जांच टीम लगाई गई है। वो कार्रवाई का आश्वासन दे रहे हैं। लेकिन पीड़ित परिवार का एक ही बेटा बचा है, जिस पर अब पूरा परिवार आश्रित है, तो परिवार की मांग है कि उसे सरकार शासकीय नौकरी दे और इनके साथ जल्द से जल्द इंसाफ हो।

प्र.-चुनाव से पहले अक्सर विरोधी दल एक-दूसरे पर धांधली के आरोप लगाते हैं, ऐसे में चुनाव आयोग का रवैया क्या रहा है

उ.-चुनाव आयोग में अधिकारियों-कर्मचारियों के खिलाफ हमारी लगभग एक हजार शिकायतें थी, अगर माननीय आयोग ने इन शिकायतों का संज्ञान लिया होता और कार्रवाई की होती तो आज ये नौबत ही नहीं आती। खुलेआम भाजपा नेताओं के प्रतिनिधियों ने चुनाव को प्रभावित करने की कोशिश की। लेकिन उन पर कोई कार्रवाई नहीं हुई।

प्र.- हाल ही में प्रधानमंत्री मोदी ने राजस्थान की चुनावी रैली में लोगों से कहा कि कमल का बटन दबाना तो ऐसा समझना मानो भ्रष्टाचारियों को फांसी दे रहे हो, इस तरह उकसाने वाला बयान पर आपकी क्या प्रतिक्रिया है

उ.- प्रधानमंत्री का तो ऐसा लगता है कि उनके ऊपर न कोई संविधान है न नियम न कानून। निर्वाचन आयोग ने मान लिया है कि मोदी खुदा हैं, उन्हें नोटिस नहीं दिया जा सकता। हमारे गृह मंत्री अमित शाह ने भी मध्यप्रदेश में कमल का साथ न देने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों को सबक सिखाने की बात कही थी। जब प्रधानमंत्री और गृहमंत्री ऐसी बात करें तो ये सरासर हिंसा को निमंत्रण देना है। दुखद ये है कि चुनाव आयोग उन्हें नोटिस तक नहीं दे रहा। फिर क्या उम्मीद करें।

प्र. - मतदान समाप्त होने के बाद 3 तारीख का इंतजार है, जब नतीजे आएंगे। लेकिन एक लंबा वक्त इस दौरान बिताना है, इसमें ईवीएम की सुरक्षा कैसी होगी

उ.- ईवीएम की निगरानी को लेकर हम पूरी तरह से सजग हैं। पूरी एहतियात बरती जा रही है। हालांकि खबर मिली है कि शिवपुरी के एक इलाके में क्रविस्तान में बुलेरो मिली, जिसमें ईवीएम मिली। अब आप बताइए कब्रिस्तान में बुलेरो का क्या काम। इसी तरह एक ओवरलोडेड आटो रिक्शा में ईवीएम ले जाई जा रही थी। चुनाव आयोग का काम है इसको देखे, लेकिन इनसे कोई उम्मीद नहीं है। लेकिन कांग्रेस सजग है।

प्र. - कांग्रेस को जीत तो पिछले बार भी मिली थी, इस बार भी आपने काफी मेहनत की है। लेकिन 15 महीनों में ही पिछली सरकार चोरी कर ली गई थी इस बार आप लोग कैसे सजग हैं, रणनीति क्या है

उ.- कांग्रेस की जीत के लिए हम सबने मेहनत की है। कमलनाथ जी ने और बाकी सभी कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने काफी मेहनत की है। मैंने तो अपना फर्ज ही निभाया है। लेकिन इस बार खरीद-फरोख्त की संभावनाएं कम हैं।

प्र. -तीन तारीख को कितनी सीटें आ रही हैं

उ.- मैंने पहले भी कहा है और मैं फिर से आपसे कह रहा हूं कि इस बार हम 130 से अधिक सीटें ला रहे हैं।

प्र.- आपने पहले मध्यप्रदेश में नर्मदा यात्रा की, जिसका लाभ पिछले चुनाव में मिला। फिर भारत जोड़ो यात्रा में आपकी महत्वपूर्ण भूमिका रही, और फिर से भारत जोड़ो यात्रा की तैयारी है। इन यात्राओं से कितना फायदा मिला

उ. - नर्मदा यात्रा पूरी तरह से आध्यात्मिक यात्रा थी। इसे राजनीति से जोड़ना ठीक नहीं है। भारत जोड़ो यात्रा में हम राहुल जी के साथ थे। मध्यप्रदेश में उनका बड़े पैमाने पर स्वागत हुआ, आम जनता ने राहुल जी को निकट से देखा, उन्हें समझा। और मैं समझता हूं कि उसी की वजह से धर्म के नाम पर नफरत फैलाने का असर नहीं हो रहा।

प्र.- 2018 के चुनावों में विधानसभा चुनाव जीतने के बावजूद लोकसभा में हार का सामना करना पड़ा था। लेकिन इस बार मध्यप्रदेश में लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस कितनी मजबूती से तैयार है -

उ.- जैसी मेहनत और तैयारी से विधानसभा चुनाव हमने लड़ा, वैसी ही तैयारी लोकसभा की रहेगी। और केवल मध्यप्रदेश ही नहीं, पूरे देश में हम मजबूती से लड़ेंगे।

प्र. चुनाव में होने वाली हिंसा को कैसे रोकेंगे-

उ.- हिंसा केवल खजुराहो में नहीं हुई, रहेली, अटेर, शिवपुरी, कई इलाकों में ऐसी घटनाएं हुई हैं। भाजपा ने जिन गुंडों को पाला है, जो अवैध काम करेगा, उसके खिलाफ सख्ती से कार्रवाई की जाएगी। मध्यप्रदेश के लोग हमें पांच साल काम करने का मौका देंगे तो कमलनाथ की ने नेतृत्व में अनैतिक काम करने वालों पर सख्ती की जाएगी। सफाई की जाएगी।

50 विधानसभा क्षेत्रों में ...

चित्रकोट,दंतेवाड़ा, बीजापुर और कोंटा विधानसभा क्षेत्रों में मतदान केंद्रों में आकर वोट डालने वाले महिला मतदाताओं की संख्या वोट डालने वाले पुरुष मतदाताओं की तुलना में अधिक है। छत्तीसगढ़ में दो चरणों में हुए मतदान में कुल 1 करोड़ 55 लाख 61 हजार 460 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया जिसमे 77 लाख 48 हजार 612 पुरुष मतदाता और 78 लाख 12 हजार 631 महिला मतदाता शामिल हैं। इस प्रकार विधानसभा निर्वाचन 2023 में अपने मताधिकार का प्रयोग करने वाली महिला मतदाताओं की कुल संख्या भी वोट डालने वाले पुरुष मतदाताओं की कुल संख्या से अधिक है।

दुनिया को जानें

शिफा अस्पताल से मरीजों को दक्षिणी गाजा ले जाया जाएगा-डब्ल्यूएचओ

गजा, 19 नवम्बर (एजेंसियां)। उत्तरी गाजा के शिफा अस्पताल से मरीजों को अगले 24-72 घंटों के भीतर एन्क्लेव के दक्षिणी हिस्से में स्थित अस्पतालों में पहुंचाया जाएगा। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने रविवार को यह जानकारी दी। इज़रायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने शनिवार को कहा कि उसने कई लोगों को सुरक्षित मार्ग के माध्यम से शिफा अस्पताल से बाहर निकलने की अनुमति दी है, साथ ही चिकित्सा कर्मी उन मरीजों की सहायता के लिए उपलब्ध रहेंगे जो अस्पताल से बाहर निकलने में असमर्थ हैं।

डब्ल्यूएचओ एक्स पर कहा अगले 24-72 घंटों में, संघर्ष के पक्षों द्वारा सुरक्षित मार्ग की लंबित गारंटी के लिए, मरीजों को अल-शिफा से गाजा के दक्षिण में नासिर मेडिकल कॉम्प्लेक्स और यूरोपीय गाजा अस्पताल तक तत्काल पहुंचाने के लिए अतिरिक्त मिशन की व्यवस्था की जा रही है। संगठन ने कहा कि इन अस्पतालों में पहले से ही मरीजों की संख्या ज्यादा है और अब नए मरीज पहुंचने पर यह संख्या और अधिक हो जाएगी।

खेल जगत

भारतीय पावरलिफ्टर ने मास्टर्स इवेंट में नया विश्व रिकॉर्ड बनाया

नई दिल्ली, 19 नवंबर (एजेंसियां)। भारत को एक प्रेरक उपलब्धि हासिल हुई है। एक 45 वर्षीय भारतीय पावरलिफ्टर ने हाल ही में आयोजित डब्ल्यूपीसी विश्व चैंपियनशिप और विश्व कप में एक नया विश्व रिकॉर्ड बनाया है। दिल्ली के रहने वाले दलजीत सिंह ने किर्गिस्तान में हुए डब्ल्यूपीसी विश्व कप में 270 किलोग्राम डेडलिफ्ट खींचने से पहले मैनचेस्टर (यूके) में आयोजित डब्ल्यूपीसी विश्व चैंपियनशिप में 300 किलोग्राम स्क्वाट प्रदर्शन करके मास्टर्स वर्ग में अपना नाम रिकॉर्ड में दर्ज कराया है। वर्ल्ड पावरलिफ्टिंग कांग्रेस (डब्ल्यूपीसी) विश्व चैंपियनशिप 31 अक्टूबर से 5 नवंबर तक आयोजित की गई थी, जबकि डब्ल्यूपीसी विश्व कप 18-19 नवंबर को आयोजित किया गया था।

विराट व केएल राहुल के अर्धशतकों के बावजूद भारत 240 पर ढेर

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

- ऑस्ट्रेलिया के लिए स्टार्क ने चटकाए तीन, कमिंस व हेजलवुड ने दो-दो विकेट
- ऑस्ट्रेलिया के विकेटकीपर जोश इंग्लिश ने लपके पांच कैच

नई दिल्ली, 19 नवंबर (देशबन्धु)। विराट कोहली और केएल राहुल के बेहद धीमे अर्द्धशतकों और कप्तान सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा की 47 रन की तूफानी पारी के बावजूद कप्तान पैट कमिंस (2/34) की अगुआई में ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क(3/55) और जोश हेजलवुड (2/60) ने रफ्तार के साथ धार दिखाकर भारत को पहले बल्लेबाजी की दावत देकर उसकी पारी अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में आईसीसी वन डे क्रिकेट विश्व कप 2023 के फाइनल में एक लाख 30 हजार दर्शकों के नीले सागर की मौजूदगी में मात्र 240 रन समेट दी। अपने सभी मैच जीत कर फाइनल में पहुंचने वाली भारतीय टीम का यह मौजूदा संस्करण में दूसरा सबसे कम स्कोर है। भारत की टीम इससे पहले मौजूदा संस्करण में लखनत में इंग्लैंड के खिलाफ 229 पर सिमट गई थी। लखनत में तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की अगुआई में भारतीय गेंदबाजों ने कहर बरपा इंग्लैंड को मात्र 129 रन पर ढेर कर मैच सौ रन से जिताया था। मिचेल स्टार्क का यह तीसरा और संभवतः आखिरी वन डे विश्व कप है और इसमें उन्होंने अपने इसका समापन कुल 65 विकेट लेकर इसके इतिहास के तीसरे सबसे कामयाब गेंदबाज के रूप में किया।

कप्तान कमिंस की अगुआई में ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाजों ने बेहतरीन नियंत्रण के साथ गेंदबाजी की उसके विकेटकीपर जोश इंग्लिश ने विकेट के पीछे मुस्तैद प्रदर्शन कर पांच कैच लपके ही साथ ही ट्रेविज हेड ने ऑफ स्पिनर ग्लेन मैक्सवेल की गेंद पर भारत के भारत के कप्तान रोहित शर्मा का कवर से पीछे दौड़ते हुए कैच लपक आउट करना बेहद अहम साबित हुआ। रोहित के आउट होने के बाद विराट और केएल राहुल सहित भारतीय बल्लेबाज रनों के लिए तरस गए। सूर्य कुमार यादव (18 रन, 28 गेंद, एक चौका) पारी के 48 वें और जोश हेजलवुड के नौवें ओवर की तीसरे धीमे बाउंसर को पुल करने के विकेटकीपर जोश इंग्लिश को कैच थमा बैठे और भारत ने नौवां विकेट 226 रन पर खोया और 50 वें अंतिम ओवर की आखिरी गेंद पर मोहम्मद सिराज के रन आउट होने से पारी 240 रन पर समाप्त हुई।

विराट कोहली ((54 रन, 63गेंद , चार चौके) की दूसरे विकेट के लिए कप्तान रोहित शर्मा (47 रन, 31 गेंद, तीन छक्के, चार चौके) के साथ 46 तथा केएल राहुल (66 रन, 107 गेंद, एक चौका) के साथ चौथे विकेट के लिए 67 रन की भागीदारी के बावजूद भारत बड़ा स्कोर नहीं बना पाया। केएल राहुल पारी के 42 वें और मिचेल स्टार्क के दूसरे स्पैल के पहले आठवें ओवर में उनकी ऑफ स्टंप पर गिर कर सीधी रहती गेंद को खेलने की कोशिश में विकेटकीपर जोश इंग्लिश को कैच थमाकर छठे बल्लेबाज के रूप में आउट होकर लौटे तब भारत ने अपना छठा विकेट 203 रन पर गंवा दिया। स्टार्क ने अपने अगले ओवर में मोहम्मद शमी (6) को भी विकेटकीपर जोश इंग्लिश के हाथों कराया भारत ने सातवां विकेट 44 वें ओवर में 211 रन गंवा दिया और इससे उसकी सम्मानजनक स्कोर खड़ा करने की उम्मीदों पर पानी फिर गया और जसप्रीत बुमराह(1) लेग एडम जम्पा के आखिरी ओवर में उनकी आफ स्टंप पर गिर कर भीतर आती गेंद को चूके और गेंद उनके पैड पर पड़ी और अंपायर ने उन्हें एलबीडब्ल्यू आउट किया

भारत की ओर से लगभग 16.2 ओवर में कोई भी बाउंड्री नहीं लगाई और इसके बाद केएल राहुल ने भारत की पारी के 27 वें ओवर मैक्सवेल के पांचवें ओवर की दूसरी गेंद को पैडल स्क्यूर कर विकेटकीपर और फाइन लेग के उपर से उड़ा अपना और टीम का पहला चौका जड़ा। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस के गेंदबाजी बदलावों और उसके क्षेत्ररक्षकों के चुस्त क्षेत्ररक्षण ने विराट कोहली को संभल कर खेलने को मजबूर किया। विराट कोहली ने बेहतरीन गेंदबाजी करने वाले ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस की शार्ट कोण बनाकर भीतर आती गेंद को रक्षात्मक ढंग से खेलने की कोशिश की और गेंद उनके बल्ले का भीतर किनारा लेकर उनका ऑफ स्टंप उड़ा ले गई और नरेन्द्र मोदी स्टेडियम मोटेरा में मौजूदा सवा लाख से ज्यादा भारतीयों के नीले जनसमूह में सन्नाटा जा गया। कमिंस ने अपने छठे और पारी के 29 वें ओवर की तीसरी गेंद पर विराट को बोल्ड कर अपना दूसरा विकेट चटका उनकी और केएल राहुल की चौथे विकेट की 67 रन की भागीदारी को तोड़ा। कमिंस ने इससे पहले अपने दूसरे ओवर में श्रेयस अय्यर(4) को आउट कर पहली कामयाबी हासिल कर भारतीय बल्लेबाजों को पूरा तरह बांध कर रखा दिया था। विराट ने पारी के 26 वें एडम जम्पा के चौथे ओवर की पहली गेंद को लॉन्ग ऑफ खेल कर एक रन दौड़ कर 56 गेंदों में चार चौकों की मदद से अपना अर्द्धशतक पूरा किया। केएल राहुल ने पारी के 35 वें और मिचेल स्टार्क के सातवें ओवर की पांचवीं गेंद शॉर्ट गेंद को हल्के से खेल कर एक रन दौड़ कर अपना 86 गेंद खेल कर एक चौके की मदद से अपना अर्द्धशतक पूरा किया। तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ने राउंड द' विकेट आकर कोण ऑफ स्टंप से बाहर निकलती गेंद पर रवींद्र जडेजा (9) को विकेटकीपर जोश इंग्लिश के हाथों लपकवा कर भारत का स्कोर 36वें ओवर में पांच विकेट पर 179 कर दिया। जडेजा ने आउट होने से पहले केएल राहुल के साथ पांचवें विकेट के लिए30 रन की उपयोगी भागीदारी की। केएल राहुल ने लेग एडम जम्पा की गेंद को लॉन्ग ऑन पर खेल एक रन दौड़ कर 40.5 ओवर में भारत के स्कोर को पांच विकेट पर 200 रन पर पहुंचाया।

कप्तान रोहित शर्मा और शुभमन गिल की सलामी जोड़ी ने ऑस्ट्रेलिया से पहले बल्लेबाजी की दावत पाकर भारत की पारी का आगाज किया। रोहित ने अपने चिर परिचित दे दनादन अंदाज में भारत की पारी का आगाज किया। शुभमन गिल (4) ने बाएं हाथ के ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क की शॉर्ट ऑफ लेंग्थ गेंद को पुल करने की कोशिश और मिड ऑन पर जम्पा को कैच थमा दिया। भारत ने गिल के रूप में जब पांचवें ओवर की दूसरी गेंद पर 30 रन पर पहला विकेट गंवाया तो स्टेडियम में सन्नाटा छा गया। विराट कोहली ने स्टार्क के चौथे और पारी की सातवें ओवर की शुरू की तीन गेंदों पर लगातार तीन चौके जड़े और भारत ने अपने 6.3 ओवर में अपने 50 रन पूरे किए। यह वन डे विश्व कप फाइनल में सबसे तेज किसी भी टीम द्वारा बनाए 50 रन थे। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने 6.6 ओवर में भारत के खिलाफ 2003 के विश्व कप फाइनल में 50 रन पूरे किए थे। विराट ने वाइड मिड ऑन के उपर से, अगली गेंद को बैकवर्ड पॉइंट के बीच से और फिर बेहतरीन कवर ड्राइव कर ये तीन चौके जड़े। रोहित शर्मा (47 रन, 31 गेंद, तीन छक्के, चार चौके) अपना आक्रामक अंदाज जारी रखते हुए ऑफ स्पिनर ग्लेन मैक्सवेल के दूसरे ओवर की दूसरी गेंद पर ऑफ स्टंप से बाहर जाती गेंद पर श्रेयस अय्यर (4 रन,3 गेंद, एक चौका) ने बल्ला चलाया और गेंद उनके बल्ले का हल्का बाहरी किनारा लेकर विकेटकीपर जोश इंग्लिश के दस्तानों में चली गई और भारत अपना तीसरा तीसरा विकेट मात्र 81 रन पर गंवा कर बड़े संकट में फंस गया। भारत ने पांच गेंदों में पांच रन के भीतर ये दो विकेट गंवाए।

ट्रेंट बोल्ट के अंतर्राष्ट्रीय भविष्य पर गैरी स्टीड ने दिए अच्छे संकेत

दुबई, 19 नवंबर (एजेंसियां)। न्यूजीलैंड पुरुष टीम के मुख्य कोच गैरी स्टीड ने स्वीकार किया कि उन्होंने बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट के अंतर्राष्ट्रीय भविष्य के बारे में अभी तक बातचीत नहीं की है और भविष्य में उनके टीम में रहने की संभावना से इनकार नहीं किया है।

दुनिया भर में फ्रेंचाइजी क्रिकेट खेलने के लिए अपना केंद्रीय अनुबंध छोड़ने के बाद बोल्ट सितंबर में इंग्लैंड के खिलाफ द्विपक्षीय श्रृंखला के माध्यम से विश्व कप से पहले न्यूजीलैंड के लिए लौट आए।2023 वनडे विश्व कप में न्यूजीलैंड का अभियान सेमीफाइनल चरण में समाप्त होने के बाद बोल्ट बांग्लादेश में न्यूजीलैंड की आगामी दो मैचों में शामिल नहीं है जबकि, वह अबू धाबी टी10 लीग में डेक्कन ग्लेडियेटर्स के लिए खेलेंगे।

ईएसपीएन क्रिकइन्फो ने स्टीड के हवाले से कहा, ऐसा नहीं लगता कि ट्रेंट हमारे घरेलू समर में बहुत अधिक खेलेंगे। वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 के लिए उपलब्ध हो सकते हैं। मुझे अभी भी उनके साथ बातचीत करने की जरूरत है।

बोल्ट इसके बाद 2024 में 19 जनवरी से 18 फरवरी तक संयुक्त अरब अमीरात में होने वाले आईएलटी 20 में एमआई अमीरात के लिए खेलेंगे। आईएलटी 20 महीने के दूसरे भाग में, न्यूजीलैंड को तैयारी के लिए फरवरी 2024 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन टी20 मैच भी खेलने हैं। पुरुष टी20 विश्व कप उस वर्ष 4-30 जून तक वेस्ट इंडीज और यूएसए में हो रहा है।

स्टीड ने कहा, मुझे लगता है कि इसकी पूरी संभावना है हम उसे दोबारा देखेंगे बशर्ते उसकी खेलने की इच्छा बनी रहे। मुझे लगता है कि वह अभी भी एक विश्व स्तरीय गेंदबाज है।

कोहली ने पोंटिंग को पीछे छोड़ा, रोहित ने एक संस्करण में कप्तान के रूप में सर्वाधिक रन बनाए

अहमदाबाद, 19 नवंबर (एजेंसियां)। भारत के बल्लेबाज विराट कोहली रविवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 फाइनल के दौरान एकदिवसीय विश्व कप में सर्वाधिक रन बनाने के मामले में ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग को पीछे छोड़कर दूसरे स्थान पर पहुंच गए।

इसके अलावा, भारत के कप्तान रोहित शर्मा श्रीलंका के महान कुमार संगकारा को पछाड़कर चौथे स्थान पर पहुंच गए। जहां कोहली ने 37 पारियों में 1744 रन बनाकर पोंटिंग को पीछे छोड़ दिया, वहीं रोहित ने 28 पारियों में 1560 रन बनाकर संगकारा को पीछे छोड़ दिया।

भारत के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर 44 पारियों में 2278 रन के साथ शीर्ष पर हैं, जबकि ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान पोंटिंग 42 पारियों में 1743 रन के साथ तीसरे स्थान पर हैं।

इसके अलावा, रोहित ने नरेंद्र मोदी स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पुरुष एकदिवसीय विश्व 2023 फाइनल के दौरान कप्तान के रूप में एक संस्करण में सबसे अधिक विश्व कप रन बनाने के मामले में न्यूजीलैंड के केन विलियमसन को भी पीछे छोड़ दिया। रोहित ने अपने 29वें रन के साथ विलियमसन को पीछे छोड़ते हुए उनकी 578 रन की संख्या को पार कर लिया, जो 2019 संस्करण में आया था। वह 10वें ओवर में 47 रन के स्कोर पर ग्लेन मैक्सवेल की गेंद पर आउट हो गए और अपना अभियान 597 रन के साथ समाप्त किया।

इस रिपोर्ट को लिखे जाने तक, कोहली (32*) और केएल राहुल (8*) की बल्लेबाजी के साथ भारत 15 ओवर में 97-3 रन बना चुका था।

फ्री फिलिस्तीन लिखी टी-शर्ट पहनकर पिच पर आए युवक ने कोहली को गले लगाया

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच रविवार को यहां नरेंद्र मोदी स्टेडियम में एकदिवसीय विश्व कप फाइनल के दौरान सुरक्षा में चूक देखी गई, जब फ्री फिलिस्तीन लिखी टी-शर्ट पहने एक व्यक्ति मैदान में घुस गया। भारत की पारी के चौदह ओवरों के दौरान कई युवा अप्रत्याशित रूप से पिच पर आ गए और विराट कोहली को गले लगा लिया। अहमदाबाद की अपराध शाखा सहित सुरक्षा बलों ने तुरंत हस्तक्षेप किया, घुसपैठिए को पकड़ लिया और स्टेडियम से हटा दिया। घटना के बाद खुद को ऑस्ट्रेलिया का जॉन बताने वाले व्यक्ति को चांदखेड़ा पुलिस स्टेशन ले जाया गया। हिरासत में रहते हुए उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि उनका प्राथमिक मकसद कोहली से मिलना और फिलिस्तीन के प्रति अपना समर्थन व्यक्त करना था। इस बीच, भारत में अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी ने मेन इन ब्लू का समर्थन किया और उन्हें विश्व कप जीतने के लिए शीर्ष दावेदार बताया। उन्हें स्टेडियम में गो, इंडिया! के नारे के साथ घरेलू टीम का हौसला बढ़ाते देखा गया। गार्सेटी ने सौहार्द का प्रदर्शन करते हुए 1983 की विश्व कप विजेता टीम के सदस्यों के साथ क्रिकेट खेला और केक काटकर जश्न मनाया।

सार संक्षेप

भारतीय रग्बी टीमें पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए नहीं कर सकी क्वालीफाई

ओसाका। एशिया रग्बी क्षेत्रीय क्वालीफायर 2023 में भारतीय रग्बी पुरुष और महिला टीमें अपने-अपने मुकाबलों में मिली हार के कारण पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने में विफल रहीं। जापान के ओसाका में योद्धेको सकुरा स्टेडियम में आज खेले गये मुकाबले में भारतीय पुरुष रग्बी टीम क्लासिफिकेशन मैच में सिंगापुर पर 12-7 से जीत के साथ सातवें स्थान पर रही। भारतीय महिला रग्बी टीम प्लेट फाइनल में कजाकिस्तान से 39-0 से हार गई। ओसाका से केवल शीर्ष टीम ने पेरिस 2024 ओलंपिक में रग्बी के लिए क्वालीफाई किया, जबकि दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाली टीमें 2024 में अंतिम ओलंपिक क्वालिफिकेशन टूर्नामेंट में खेलेंगी। जापानी महिला रग्बी टीम ने फाइनल में चीन को 21-14 से हराकर पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया। हांगकांग ने थाईलैंड को 12-0 से हराकर तीसरा स्थान पर रहा। भारतीय महिला रग्बी टीम चार-टीम पूल ई में तीसरे स्थान पर रही। टीम ने गुआम को 28-21 से हराया, लेकिन चीन ने 62-0 और हांगकांग ने 29-5 से हारकर भारत को प्रतियोगिता से बाहर कर दिया। ग्रुप की शीर्ष दो टीमों ने सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया। तीसरे स्थान पर रहे भारत ने प्लेट फाइनल में जगह बनाई जबकि गुआम ने कजाकिस्तान के खिलाफ प्लेट सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया। कजाकिस्तान ने गुआम को बाहर कर दिया और फिर प्लेट फाइनल में भारत को 39-0 से हराया। इस बीच, एशियाई खेलों में भाग नहीं लेने वाली भारत की पुरुष रग्बी टीम को कठिन पूल ए में जापान से 50-0 से, चीन से 41-7 से और दक्षिण कोरिया से 43-0 से हार गया। हालाँकि, भारत ने सातवें स्थान के लिए सिंगापुर को 12-7 से हराया। भारतीय पुरुष और महिला रग्बी टीमों ने कभी भी ओलंपिक खेलों के लिए क्वालीफाई नहीं कर सकी है।

जर्मनी ने वेनेजुएला को हरा,फीफा अंडर-17 के 16 राउंड में बनाई जगह

बर्लिन। जर्मनी ने ग्रुप एफ में अपने तीसरे मुकाबले में वेनेजुएला को 3-0 से हराकर फीफा अंडर-17 विश्वकप के राउंड 16 में जगह बना ली।

जोकोविच ने सेमीफाइनल में अल्काराज को हराया, फाइनल में सिनर से भिड़ंत

ट्यूरिन, 19 नवंबर (एजेंसियां)। नोवाक जोकोविच ने शनिवार देर रात एटीपी फाइनल्स में कार्लोस अल्काराज़ के साथ एक साल की तनावपूर्ण लड़ाई का बेहतरीन प्रदर्शन किया, जहां विश्व नंबर 1 ने सेमीफाइनल में 6-3, 6-2 से जीत हासिल की। सर्बियाई खिलाड़ी ने लगातार गहरे प्रहार करके अपने शक्तिशाली प्रतिद्वंद्वी को कुछ आक्रमण के अवसर दिए और प्रत्येक सेट में अल्काराज़ की सर्विस को ब्रेक करके घरेलू पसंदीदा जानिक सिनर के साथ चैंपियनशिप-मैच की भिड़ंत तय की।

अपनी जीत के साथ, सर्बियाई खिलाड़ी रिकॉर्ड सातवीं बार प्रतिष्ठित सीज़न के फाइनल में चैंपियन बनने के एक मैच के भीतर आगे बढ़ गए। 36 वर्षीय खिलाड़ी ट्यूरिन में ग्रुप प्ले में 2-1 से पिछड़ गए, जहां उसकी एकमात्र हार उनके अगले प्रतिद्वंद्वी सिनर के खिलाफ हुई। एटीपी टूर की रिपोर्ट के अनुसार, 88 मिनट की भिड़ंत के दौरान जोकोविच ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए अल्काराज के साथ चार एटीपी हेड्ड-हेड भिड़ंत में अपनी तीसरी जीत दर्ज की।

इस साल जोकोविच और अल्काराज की पिछली मुलाकातों में विंबलडन के फाइनल में स्पैनियार्ड की शानदार पांच सेट की जीत और सिनसिनाटी चैंपियनशिप मैच में जीत के लिए जोकोविच का मैच प्वाइंट बचाना शामिल है। 36 वर्षीय सर्ब चैंपियनशिप मैच में ग्रुप हार का बदला लेने वाला छह साल में तीसरा खिलाड़ी बनने का प्रयास करेगा। अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने खिताबी मुकाबला जीतने के लिए दानिल मेदेवेदेव (2021) और जोकोविच (2018) से ग्रुप हार को पलट दिया। जोकोविच ने पहले भी एक बार यह उपलब्धि हासिल की है, उन्होंने रोजर फेडरर से ग्रुप हार के बाद वापसी करते हुए 2015 का खिताब जीता था।

कांग्रेस ने इंदिरा गांधी, मनमोहन सिंह द्वारा 1983, 2011 विश्व कप विजेता टीमों के स्वागत को साझा किया

नई दिल्ली, 19 नवंबर (एजेंसियां)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने पूर्व प्रधानमंत्रियों इंदिरा गांधी और मनमोहन सिंह द्वारा 1983 और 2011 विश्व कप विजेता टीमों की रिसेप्शन पार्टियों की झलकियां साझा की हैं और टीम इंडिया को रविवार को इसी तरह की जीत की कामना की।

कांग्रेस महासचिव (संचार) रमेश ने 1983 विश्व कप टीम के स्वागत समारोह में इंदिरा गांधी का लगभग दो मिनट लंबा वीडियो साझा किया और कहा, चालीस (40) साल पहले भारत ने पहली बार क्रिकेट विश्व कप जीता था। प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने बाद में नई दिल्ली में विजेता टीम के लिए एक स्वागत समारोह की मेजबानी की। टीम इंडिया आज एक बार फिर 1983 और 2011 को दोहराए!

एक अन्य पोस्ट में उन्होंने 2011 की भारतीय क्रिकेट टीम के राष्ट्रपति प्रतिभा सिंह पाटिल और प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के स्वागत की तस्वीरें साझा कीं।

उन्होंने पोस्ट के साथ तस्वीरें संलग्न करते हुए कहा, प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह द्वारा आयोजित 2011 टीम इंडिया के स्वागत समारोह की कुछ तस्वीरें साझा कर रहा हूं। भारत ने 2023 विश्व कप क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने के लिए लगातार सभी 10 मैच जीते हैं और फ़ाइनल में पहुंची है।

सुडोकू 6381 का हल

1	5	9	6	7	3	8	2	4
2	8	7	1	4	5	3	6	9
6	4	3	2	9	8	1	5	7
7	3	6	8	2	9	4	1	5
8	2	1	5	6	4	9	7	3
5	9	4	7	3	1	6	8	2
9	1	8	4	5	7	2	3	6
3	6	5	9	8	2	7	4	1
4	7	2	3	1	6	5	9	8

अर्थ जगत

सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

महिंद्रा एंड महिंद्रा	4.09 प्रतिशत
पावरग्रिड	1.50 प्रतिशत
इंडसइंड बैंक	1.31 प्रतिशत
टाटा मोटर्स	1.06 प्रतिशत
एलटी	1.00 प्रतिशत

सर्वाधिक घटने वाले शेयर

हिंदुस्तान यूनिलीवर	1.56 प्रतिशत
टेक महिंद्रा	1.33 प्रतिशत
इंफोसिस	1.22 प्रतिशत
रिलायंस	1.11 प्रतिशत
बजाज फाइनेंस	1.00 प्रतिशत

सर्राफा

दिल्ली	
सोना (प्रति दस ग्राम/स्टैंडर्ड	47,310
बिटुर	47,320
गिन्नी (प्रति आठ ग्राम)	31,400
चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर	70,096
वायदा	70,183
चांदी सिक्का लिवाली	870
बिकवाली	880

मुद्रा विनिमय

मुद्रा	क्रय	विक्रय
अमेरिकी डॉलर	67.77	78.57
पौंड स्टर्लिंग	90.94	105.45
यूरो	76.54	88.78
चीन युआन	08.24	13.38

अनाज

देसी गेहूँ स्पर्धी	2400-3000
गेहूँ दड़ा	2500-2600
आटा	2800-2900
मैदा	2900-2950
चोकर	2000-2100

मोटा अनाज

बाजरा	1300-1305
मक्का	1350-1500
ज्वार	3100-3200
जौ	1430-1440
कबुली चना	3500-4000

चावल

बीनी एस	3640-3740
बीनी एम	3800-3900
मिल डिलीवरी	3520-3620
मुड़	4300-4400

दाल-दलहन

चना	6450-6550
दाल चना	7450-7550
मसूर काली	7800-7900
उड़द दाल	10600-10700
मूंग दाल	9900-10000
अरहर दाल	10400-10500

पेट्रोल और डीजल की कीमतें यथावत

नई दिल्ली, 19 नवंबर (एजेंसियां)। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में जबरदस्त उबाल के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज यथावत रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा।

भारतीय अर्थव्यवस्था चार ट्रिलियन डॉलर के पार

नई दिल्ली, 19 नवंबर (एजेंसियां)। देश की अर्थव्यवस्था के लिहाज से आज का दिन यादगार बन गया जब भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) पहली बार 4 ट्रिलियन डॉलर के पार निकल गई।

भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेजी से अग्रसर है। भारत की जीडीपी में पिछले कुछ वर्षों में लगातार वृद्धि हुई है। 2021 में, भारत की जीडीपी 3.2 ट्रिलियन डॉलर थी, 2022 में, यह बढ़कर 3.6 ट्रिलियन डॉलर हो गई और 2023 में, यह बढ़कर 4 ट्रिलियन डॉलर हो गई। जर्मनी अभी दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और जर्मनी की अर्थव्यवस्था अभी 4.28 ट्रिलियन डॉलर है।

चालू वर्ष में अब तक भारत का विदेशी मुद्रा भंडार में 28.1 अरब डॉलर की वृद्धि हो चुकी है।

इस बीच देश की आर्थिक तरक्की को लेकर सोशल मीडिया पर जमकर तारीफ हो रही है। देश की इस तरक्की के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई दी जा रही है। सोशली मीडिया प्लेटफॉर्म पर अधिकांश यूजर कह रहे हैं कि मोदी हो तो सबकुछ मुमकिन हैं। इसके अलावा देश के दिग्गज उद्यमी, नेता और दिग्गज हस्तियां भी प्रधानमंत्री की प्रशंसा कर रही है।केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने एक्स पर पोस्ट किया, भारत के लिए यह वैश्विक गौरव का क्षण है क्योंकि हमारी जीडीपी 4 ट्रिलियन डॉलर को पार कर गई है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में नए भारत का उदय। नरेंद्र मोदी जी का नेतृत्व वास्तव में अद्वितीय है।

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस आर्थिक तरक्की के लिए पीएम मोदी की जमकर तारफी की है। उन्होंने एक्स पर लिखा, गतिशील, दूरदर्शी नेतृत्व ऐसा दिखता है। खूबसूरती से प्रगति कर रहा हमारा नयाभारत ऐसा ही दिखता है। मेरे साथी भारतीयों को बधाई क्योंकि हमारा राष्ट्र 4 ट्रिलियन अरब डॉलर जीडीपी के आंकड़े को पार कर गया है। आपको अधिक शक्ति, आपका अधिक सम्मान, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

क्या है जीडीपी

जीडीपी अर्थव्यवस्था की हेल्थ को ट्रैक करने के लिए उपयोग किए जाने वाले सबसे कॉमन इंडिकेटर्स में से एक है।

जीडीपि देश के भीतर एक स्पेसिफिक टाइम पीरियड में प्रोड्यूस सभी गुड्स और सर्विस की वैल्यू को प्रिज़ेंट करती है।

इसमें देश की सीमा के अंदर रहकर जो विदेशी कंपनियां प्रोडक्शन करती हैं, उन्हें भी शामिल किया जाता है।

जब इकोनॉमी हेल्दी होती है, तो आमतौर पर बेरोजगारी का लेवल कम होता है।

एक पीढ़ी में एक बार आते हैं सैम ऑल्टमैन जैसे सीईओ : विनोद खोसला

नई दिल्ली, 19 नवंबर (एजेंसियां)। भारतीय अमेरिकी व्यवसायी और उद्यम पूंजीपति विनोद खोसला ने ओपनएआई के अपदस्थ सीईओ सैम ऑल्टमैन की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे सीईओ एक पीढ़ी में एक बार आते हैं। उन्होंने आगे कहा कि वह आगे जो भी करेंगे, उनकी वीसी फर्म उनका समर्थन करेगी।

ऑल्टमैन ने कथित तौर पर निवेशकों को बताया है कि वह एक नया आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) उद्यम शुरू करने की योजना बना रहे हैं।

खोसला ने एक्स पर पोस्ट किया, स्पष्ट रूप से खोसला वेंचर्स ऑल्टमैन को ओपनएआई में वापस लाना चाहती है लेकिन वह आगे जो भी करेंगे उसमें उसका समर्थन किया जाएगा। खोसला ने कहा, वह एक पीढ़ी में एक बार आने वाले सीईओ हैं। वह एक ऐसे प्रेरक हैं जिनकी दुनिया पर सकारात्मक छाप ऑमट और गहरी होगी। वह जहां भी हों, उनके साथ काम करना सम्मान की बात है।

रिपोर्टों के अनुसार, ओपनएआई के कुछ प्रमुख उद्यम पूंजी समर्थक बोर्ड के खिलाफ मुकदमा दायर करने पर विचार कर रहे हैं।

माइक्रोसॉफ्ट के चेयरमैन और सीईओ सत्या नडेला भी कथित तौर पर ऐसा होने के कुछ ही मिनटों बाद ऑल्टमैन के जाने के बारे में जानकर क्रोधित हैं, और ऑल्टमैन के संपर्क में हैं और उन्होंने उनका समर्थन करने का वादा किया है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, ओपनएआई के पूर्व सह-संस्थापक और अध्यक्ष ग्रेग ब्रॉकमैन (जिन्होंने ऑल्टमैन की बर्खास्तगी के बाद कंपनी से इस्तीफा दे दिया था) के भी ऑल्टमैन के एआई उद्यम में शामिल होने की संभावना है,क्योंकि अब भारी प्रतिक्रिया के बाद कंपनी के बोर्ड के भीतर इस पर चर्चा हो रही है। सितंबर में रिपोर्ट सामने आई कि एप्पल के पूर्व मुख्य डिजाइनर जॉनी इवे और ऑल्टमैन मिलकर एक एआई हार्डवेयर डिवाइस लॉन्च करने पर विचार कर रहे हैं, जो अमल में आने पर अपनी तरह का पहला डिवाइस होगा।

विदेशी मुद्रा भंडार 46.2 करोड़ डॉलर घटकर 590.3 अरब डॉलर पर

मुंबई 19 नवंबर (वार्ता) स्वर्ण भंडार में कमी आने से 10 नवंबर को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 46.2 करोड़ डॉलर घटकर 590.3 अरब डॉलर रह गया।

वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार लगातार दूसरे सप्ताह बढ़ता हुआ 4.7 अरब डॉलर बढ़कर 590.8 अरब डॉलर पर रहा था।

रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 10 नवंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 10.8 करोड़ डॉलर की बढ़त लेकर 522 अरब डॉलर हो गयी। वहीं, इस अवधि में स्वर्ण भंडार 60.8 करोड़ डॉलर की गिरावट के साथ 45.5 अरब डॉलर पर आ गया।

आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में 3.6 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी हुई और यह बढ़कर 18.01 अरब डॉलर हो गया। इसी तरह इस अवधि में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि 30 लाख डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 4.8 अरब डॉलर हो गई।

एक दशक का ताइवान एक्सीलेंस गेमिंग कप

नई दिल्ली, 19 नवंबर (एजेंसियां) ताइवान एक्सीलेंस गेमिंग कप (टीईजीसी) 2023 ने अपनी रोमांचक 10वीं वर्षगांठ का ग्रैंड फिनाले मनाया है। भारत की सबसे लंबे समय तक चलने वाली ई-स्पोर्ट्स चैंपियनशिप अब सामान्य समारोहों की सीमाओं को पार कर एक दशक की गेमिंग उत्कृष्टता का विशाल उत्सव बन गया है। समावेशिता पहल में अग्रणी रहते हुए टीईजीसी ने इस यात्रा के दौरान प्रसिद्ध गेमिंग इनफ्लुएंसर्स को एकजुट किया और आज ताइवान के बेहतरीन गेमिंग उत्पादों का प्रदर्शन मंच बन गया है। यात्रा के इस पड़ाव पर, टीईजीसी एक ऐसा मंच है जो व्यक्तियों और समुदायों दोनों पर गेमिंग के सकारात्मक प्रभाव को स्वीकार कर उसका स्वागत करता है। गेमिंग और तंदुरुस्ती के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण के बीच संबंध को प्राथमिकता देते हुए यह मंच केवल कौशल और प्रतिस्पर्धा से आगे बढ़ता है और सक्रिय रूप से दुनिया भर के उत्साही लोगों

के बीच एक स्वस्थ एवं समावेशी जीवनशैली को प्रोत्साहित करता है।

टीईजीसी 2023 क्वालिफायर जो 28 सितंबर से 22 अक्टूबर तक आयोजित हुआ, उसमें अंतिम चैंपियंस के नियमित खिलाड़ियों को आराम दिया गया था। ग्रैंड फिनाले में, विजेता टीमों के बीच पुरस्कार वितरित किए गए, जिनमें लीगेसी ई-स्पोर्ट्स, कार्डटर स्ट्राइक 2 के लिए गॉड्स रेन, कॉल ऑफ ड्यूटी मोबाइल के लिए टीडब्ल्यूओबी और गॉडलाइक ई-स्पोर्ट्स शामिल थे। इस साल की चैंपियनशिप को अग्रणी ताइवानी ब्रांडों से भी पर्याप्त समर्थन मिला, जो गेमिंग और लाइफस्टाइल उत्पादों में अपनी उत्कृष्टता के लिए जाने जाते हैं। इनमें एआईएफएप, एनीज वे, एओआरयूएस, एरोमेज, साइबरपावर, डी-लिंक, डीसी मास्क, डर्मा एंजेल, जी. स्किल, इन विन, आईपीईवीओ, एमएसआई, प्रीडेटर, रिफ्लेक्स ऑफ गेमर्स, थर्मलटेक, टोकुयो, ट्रांसेंड, विक्टर, एक्सपीजी, ज़ोवी, ज़िक्सेल आदि शामिल हैं। ग्रैंड फिनाले कार्यक्रम में स्नैक्स और कफीता जैसे गेमिंग उद्योग के लोग मौजूद थे। इस वर्ष एक उल्लेखनीय पहल के तौर पर टीईजीसी ने भारत की शीर्ष महिला गेमर्स के लिए डिजाइन की गई एक प्रतियोगिता शुरू की। इस आयोजन में दो महिला गेमर टीमों के बीच सीएस 2 का एक विशेष मैच दिखाया गया। यह प्रतियोगिता ई-स्पोर्ट्स की दुनिया में महिलाओं की उल्लेखनीय प्रतिभाओं को प्रदर्शित करने के लिए समर्पित थी, जो गेमिंग समुदाय के भीतर समावेशिता और विविधता के बारे में एक मिसाल बन गई।

सार संक्षेप

उम्र बढ़ने पर और कर्ज लेते समय फाइनेंशियल प्लानिंग की समीक्षा जरूरी

नई दिल्ली। आमतौर पर साल में एक बार खासतौर पर वित्त वर्ष के अंत में या शुरुआत में अपनी फाइनेंशियल प्लानिंग की समीक्षा जरूर करनी चाहिए। लेकिन इसके अलावा भी कई मौकों जैसे आमदनी में बदलाव और कर्ज लेते समय भी फाइनेंशियल प्लानिंग की समीक्षा करनी जरूरी है। यहां पांच ऐसी स्थिति बता रहे हैं जब आपको अपनी फाइनेंशियल प्लानिंग की समीक्षा करनी चाहिए। आमदनी बढ़ने पर अतिरिक्त आय को ऐसे साधनों में निवेश करें जो आपके वित्तीय लक्ष्यों को पूरा करने में मददगार हों। अपने लाइफ और हेल्थ इंश्योरेंस का कवर भी बढ़ाएं। आमदनी घटने या बंद होने पर गैर-जरूरी खर्च घटाने के अलावा पहले की गई बचत के इस्तेमाल की प्राथमिकता तय करें। शादी, बच्चे का जन्म जैसे कई आयोजन सामाजिक जीवन के महत्वपूर्ण पड़ाव हैं। इन आयोजनों के लिए धन कहां से आएगा, अगर कर्ज लेंगे तो उसको चुकाने के लिए क्या व्यवस्था है, इसको अपनी प्लानिंग में जोड़ना चाहिए। आपको अपने जीवनसाथी, अपने बच्चों, अपने परिवार की जरूरतों को भी प्लानिंग में जगह देने की जरूरत है। बच्चों की उच्च शिक्षा आदि के लिए कर्ज लेते समय भी फाइनेंशियल प्लानिंग की समीक्षा करें। यदि बच्चे को शिक्षा के बाद समय पर नौकरी नहीं मिलती है तो कर्ज चुकाने के लिए क्या व्यवस्था है, ऐसी स्थितियों को समीक्षा के माध्यम से फाइनेंशियल प्लानिंग में शामिल करने की जरूरत है।

फेडबैंक का आईपीओ 22 नवंबर को खुलेगा

अहमदाबाद। फेडबैंक फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड का प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 22 नवंबर को खुलकर 24 नवंबर को बंद होगा। कंपनी की ओर से शनिवार को यहां जारी बयान के अनुसार कंपनी आईपीओ में कुल 600 करोड़ रुपये के इक्विटी शेयरों का नया इश्यू और विक्रेता शेयरधारकों के 35,161,723 इक्विटी शेयरों तक का ऑफर फॉर सेल शामिल है। एंकर निवेशक बोली की तारीख 21 नवंबर मंगलवार होगी। ऑफर सब्सक्रिप्शन के लिए 22 नवंबर बुधवार को खुलेगा और 24 नवंबर शुक्रवार को बंद होगा। ऑफर का प्राइस बैंड 133 से 140 रुपये प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। बोली न्यूनतम 107 इक्विटी शेयर और उसके बाद 107 इक्विटी शेयरों के गुणकों में लगाई जा सकती है। इस ऑफर में कर्मचारियों के लिए 10 करोड़ रुपये तक का आरक्षण 10 रुपये प्रति इक्विटी शेयर की छूट पर शामिल है। कंपनी अपने व्यापार और परिसंपत्तियों की वृद्धि से उत्पन्न होने वाली कंपनी की भविष्य की पूंजी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए कंपनी के टियर - ङ्ग पूंजी आधार को बढ़ाने के लिए नए निर्गम से शुद्ध आय का उपयोग करने का प्रस्ताव करती है। इसके अलावा फेश इश्यू से प्राप्त आय का एक हिस्सा ऑफर व्यय को पूरा करने के लिए उपयोग किया जाएगा।

कच्चे तेल में गिरावट व अमेरिकी ट्रेजरी यील्ड में नरमी से बाजार में रहेगी तेजी

मुंबई 19 नवंबर (एजेंसियां)। महंगाई में कमी आने से निकट भविष्य में ब्याज की ऊंची दरों में कटौती की उम्मीद में हुई जबरदस्त लिवाली कि बदौलत बीते सप्ताह करीब डेढ़ प्रतिशत की बढ़त में रहे घरेलू शेयर बाजार में अगले सप्ताह कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट और अमेरिकी ट्रेजरी यीलड में नरमी से तेजी रह सकती है।

बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 890.05 अंक अर्थात् 1.4 प्रतिशत की छलांग लगाकर सप्ताहांत पर 65794.73 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 306.45 अंक यानी 1.6 प्रतिशत उछलकर 19731.80 अंक पर रहा।

समीक्षाधीन सप्ताह दिग्गज कंपनियों की तरह बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों के शेयर भी लाभ में रहे। इससे मिडकैप 814.45 अंक अर्थात् 2.5 प्रतिशत की तेजी के साथ सप्ताहांत पर 33380.58 अंक और स्मॉलकैप 1219.87 अंक यानी 3.2 प्रतिशत मजबूत होकर 39598.63 अंक पर पहुंच गया।

विश्लेषकों के अनुसार, विश्व बाजार के सकारात्मक रूख और महंगाई के कमी आने के आंकड़ों के बीच भारतीय व्यापक आर्थिक संकेतकों से उत्साहित घरेलू बाजार ने बीते सप्ताह का अंत मजबूत रुख के साथ किया। अमेरिका, ब्रिटेन और घरेलू सरर पर उम्मीद से कम महंगाई के आंकड़ों ने ब्याज की ऊँची दरों के दौर के समाप्त होने की उम्मीद

जगाई है। इस भावना ने बाजार में विशेषकर छोटे और मिडकैप शेयरों में तेजी आई है।

साथ ही आईटी और फार्मा जैसे निर्यात-उन्मुख क्षेत्रों के प्रति भरोसा बढ़ने से खर्च बढ़ने की उम्मीद है वहीं त्योहारी सीजन के दौरान ऑटो और रियल एस्टेट क्षेत्रों को फायदा हुआ। हालांकि सप्ताह के अंत में, असुरक्षित ऋणों के लिए जोखिम भार बढ़ाने के रिजर्व बैंक (आरबीआई) के फैसले से बैंकिंग समूह के शेयरों में बिकवाली का दबाव बढ़ा है। इसके बावजूद कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट और अमेरिकी ट्रेजरी यील्ड में नरमी से अगले सप्ताह बाजार में तेजी रहने की उम्मीद है।

बीते सप्ताह मंगलवार को दिवाली बलिप्रतिपदा के अवसर पर अवकाश के कारण बाजार में चार दिन ही कारोबार हुआ, जिनमें से दो दिन गिरावट और दो दिन तेजी रही। विश्व बाजार की तेजी के बावजूद स्थानीय स्तर पर हेल्थकेयर, आईटी, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और टेक समेत चौदह समूहों में हुई बिकवाली के दबाव में सोमवार को सेंसेक्स 325.58 अंक का गोता लगाकर 64933.87 अंक और निफ्टी 82 अंक टूटकर 19443.55 अंक रह गया।

महंगाई घटने से दुनिया में ब्याज की ऊंची दरों में निकट भविष्य में कटौती की उम्मीद से विश्व बाजार में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत बुधवार को सेंसेक्स 742.06 अंक की उड़ान भरकर 65675.93 अंक और निफ्टी 231.90 अंक की छलांग लगाकर 19675.45 अंक पर रहा।

विश्व बाजार की गिरावट के बावजूद स्थानीय स्तर पर आईटी, टेक, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और रियल्टी समेत सत्रह समूहों में हुई लिवाली की बदौलत गुरुवार को सेंसेक्स 306.55 अंक की तेजी के साथ 65982.48 अंक और निफ्टी 89.75 अंक चढ़कर 19765.20 अंक पर पहुंच गया।

महंगाई आंकड़ों को ध्यान में रख अगले वर्ष तक ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद से विश्व बाजार में तेजी आने के बावजूद स्थानीय स्तर पर ऊर्जा, बैंकिंग और तेल एवं गैस समेत सात समूहों में हुई बिकवाली के दबाव में शुक्रवार को सेंसेक्स 187.75 अंक की गिरावट लेकर 65794.73 अंक और निफ्टी 33.49 अंक उतरकर 19731.80 अंक पर आ गया।

दक्षिण कोरियाई ईवी बैटरी निर्माताओं का विकास निवेश इस वर्ष 12.5 प्रतिशत बढ़ा



सियोल, 19 नवंबर (एजेंसियां)। रविवार को जारी किए गए उद्योग के आंकड़ों से पता चला है कि इलेक्ट्रिक वाहनों की वैश्विक मांग में मंदी के बावजूद दक्षिण कोरियाई बैटरी निर्माताओं का संयुक्त अनुसंधान और विकास निवेश इस वर्ष 12 प्रतिशत के पार चला गया।

एलजी एनर्जी सॉल्यूशन लिमिटेड सैमसंग एसडीआई कंपनी और एसके ऑन कंपनी की नवीनतम त्रैमासिक रिपोर्ट के अनुसार जनवरी सितंबर की अवधि के दौरान उनका संयुक्त आरएंडडी निवेश 1.78 ट्रिलियन वॉन था, जो पिछले वर्ष की समान अवधि के 1.58 ट्रिलियन वॉन से 12.5 प्रतिशत अधिक था।

तीन कंपनियों में से, सैमसंग एसडीआई सबसे बड़ा आरएंडडी निवेशक था। 2023 के पहले नौ महीनों के दौरान संचयी व्यय 6.7 प्रतिशत बढ़कर 836.4 बिलियन वॉन हो गया।

एलजी एनर्जी सॉल्यूशन ने इस वर्ष अनुसंधान एवं विकास पर 730 बिलियन वॉन खर्च किए, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 15.2 प्रतिशत की वृद्धि है। उसके ऑन का खर्च सालाना आधार पर 29.6 प्रतिशत बढ़कर 220.7 बिलियन वॉन हो गया।

स्थानीय बैटरी कंपनियां अनुसंधान एवं विकास प्रयासों को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं, जिसमें उच्च क्षमता, उच्च सुरक्षा और लंबे समय तक चलने वाली बैटरी विकसित करने के साथ-साथ मूल्य-प्रतिस्पर्धी लिथियम आयरन फॉस्फेट और कोबाल्ट-मुक्त बैटरी के विकास को बढ़ाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

आरबीआई ने रिलायंस कैपिटल के हिंदुजा समूह इकाई के अधिग्रहण को दी मंजूरी

नई दिल्ली, 19 नवंबर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों की तेजी के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से बीते सप्ताह खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का दिसंबर वायदा सप्ताहांत पर 128 रिंगिट उबलकर 3805 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह दिसंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.36 सेंट की तेजी के साथ 51.98 सेंट प्रति पौंड बोला गया। सप्ताहांत पर खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान सरसों तेल 293 रुपये, मूंगफली तेल 146 रुपये और सूरजमुखी तेल 146 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हो गया जबकि पाम ऑयल 66 रुपये और वनस्पति तेल 66 रुपये प्रति क्विंटल गिर गया। वहीं, सोया रिफाइंड के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

दाल-दलहन : बीते सप्ताह दाल-दलहन के बाजार में उड़द दाल में 200 रुपये और अरहर दाल में 500 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी को छोड़कर शेष दालों के भाव में टिकाव रहा।

सप्ताहांत पर चना 6050-6150, दाल चना 7050-7150, मसूर काली 7650-7550, मूंग दाल 9500-9600, उड़द दाल 10600-10700, अरहर दाल 9000-9100 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

नाइट लाइफ व रोजगार बढ़ाने के लिए 83 व्यवसायिक प्रतिष्ठान 24 घंटे खोलने की अनुमति

नई दिल्ली, 19 नवंबर (एजेंसियां)। दिल्ली में नाइट लाइफ, आर्थिक गतिविधि और रोजगार को बढ़ावा देने के इरादे से केजरीवाल सरकार ने 83 दुकानों और व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को 24 घंटे संचालित करने की अनुमति दी है। सीएम ने दिल्ली के श्रम विभाग से मिले प्रस्ताव को अपनी मंजूरी दी है। ये व्यवसायिक प्रतिष्ठान शॉप, कमर्शियल, रेस्टोरेंट, एस्टीब्लिशमेंट, रिटेल ट्रेड कैटेगरी की हैं। दुकान स्थामियों को दिल्ली शॉप एस्टीब्लिशमेंट एक्ट 1954 में दिए गए प्रावधानों और नियमों का कड़ाई से पालन करना होगा। सरकार इन दुकानों की निगरानी भी करती रहेगी, ताकि कोई नियमों का उल्लंघन करने तो कार्रवाई की जा सके। दिल्ली सरकार के मुताबिक 24 घंटे दुकानों का संचालन करने के इच्छुक 122 लोगों ने ऑनलाइन आवेदन किया था। 29 आवेदन पत्रों में कमियां थी। जबकि, 83 आवेदन सही पाए गए।

दिल्ली सरकार के मुताबिक गर्मियों के मौसम में रात 9 से सुबह 7 बजे तक और ठंड के मौसम में रात 8 से सुबह 8 बजे के दौरान किसी भी प्रतिष्ठान में महिला कर्मचारियों को काम करने की अनुमति नहीं होगी। दुकानों को नव समय के अंदर ही खोलना और बंद करना होगा। इसका उल्लंघन करने पर दुकान बंद कराई जा सकती है। अगर ग्राहक इंतजार कर रहे हैं तो दुकान खोलने के लिए 15 मिनट अतिरिक्त समय मिलेंगे। पिछले कुछ सालों में कुल 635 दुकानों-व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को 24 घंटे संचालित करने की अनुमति दी जा चुकी है। सीएम ने बीते अगस्त में 29 दुकानों व व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को अनुमति दी थी, जिसके बाद इनकी संख्या बढ़कर 552 हो गई थी। अब 83 और दुकानों की अनुमति मिलने के बाद इनकी संख्या बढ़कर 635 हो गई है। दिल्ली सरकार ने जिन दुकानों को 24 घंटे संचालित करने की अनुमति दी है, उनमें कई कैटेगरी की दुकानें हैं। मसलन, द्वारका, माता सुंदरी, नेताजी सुभाष प्लेस, करोल बाग, सरिता विहार, कमला नगर, द्वारका, सिलेक्ट सिटी, ग्रेटर कैलाश वन में शॉप कैटेगरी की एक-एक दुकानें खुलेंगी। इसी तरह, डिफेंस कॉलोनी और आईजीआई एयरपोर्ट पर रेस्टोरेंट की एक-एक दुकान 24 घंटें खुलेंगी। राजौरी गार्डन, करोलो, लक्ष्मी नगर मेट्रो स्टेशन, रोशनआरा सब्जी मंडी, पीतमपुरा, चंद्रावली, ओखला इंडस्ट्रीयल एरिया व फेस दो, सेक्टर तीन रोहिणी, उद्योग नगर, धीरपुर, यमुना बैंक, पालम डाबरी, मंगोलपुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, नरायणा, बपरौला, गाजीपुर, कृष्णा नगर, नंगली, बमनोली, हौज खास, दशरतपुरी मेट्रो स्टेशन, पुत्ता करतार नगर, द्वारका, सुभाष नगर, मयूर विहार फेस एक, घिटोरनी मेट्रो स्टेशन, रोहिणी सेक्टर 19, वेलकम मेट्रो स्टेशन पर कमर्शियल की दुकानें खोलने की अनुमति दी गई है।

जिले में इस बार भी बम्पर में मतदान, मतदाताओं ने उत्साह से किया अपने मताधिकारी का प्रयोग

पिछले चुनाव में तुलना में एक प्रतिशत वृध्दि, महिला फिर आगे रही मतदान में

गरियाबंद, 19 नवंबर (देशबन्धु)। जिले लगातार तीसरे चुनाव में मतदाताओ ने अपने मताधिकार को लेकर जागरूकता दिखाई। विधानसभा चुनाव में जिले के दोनो विधानसभाओ में मतदाताओ ने बम्पर वोटिंग की। वोटिंग के मामले में इस बार भी महिला मतदाताओ ने अधिक रूची दिखाई। महिलाओ ने खुलकर मतदान किया। मतदान के दूसरे दिन जिला प्रशासन ने अधिकृत आकड़े जारी किये। जिले के दोनो विधानसभाओं में कुल 85.04 प्रतिशत मतदान हुआ। जिसमें राजिम विधानसभा क्षेत्र में 84.03 प्रतिशत तथा बिन्द्रानवागढ़ क्षेत्र में 86.02 प्रतिशत मतदान रहा। पिछले चुनाव की तुलना में इस बार भी मतदान में एक फीसदी बढ़ोत्तरी हुई है। गत चुनाव में जिले में मतदान का प्रतिशत 84.30 था। जिसमें राजिम विधानसभा में 82.86 प्रतिशत व बिन्द्रानवागढ़ में 85.74 प्रतिशत मतदान हुआ था। 2013 के बाद 2018 में (82.64 प्रतिशत) में भी महत 1.66 प्रतिशत की वृध्दि हुई थी। यह लगातार दूसरा चुनाव है जब मतदान में वृध्दि हुई है। हालाकि 14 हजार से अधिक मतदाता बढ़ने के बाद महत एक फीसदी की वृध्दि की कम है।

जिले में 2023 में 85.04 प्रतिशत मतदान, पिछले चुनाव में 84.3 प्रतिशत

जानकारी के मुताबिक इस बार भी जिले में मतदान के मामले में राजिम के तुलना में बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा के मतदाताओ ने अधिक उत्साह दिखाया। बिन्द्रानवागढ़ की तुलना में राजिम में तीन फीसदी कम मतदान हुआ। राजिम विधानसभा में कुल 1 लाख 91 हजार 877 मतदाताओ ने जबकि बिन्द्रानवागढ़ में 1 लाख 94 हजार 847 मतदाताओ ने वोट डाला। राजिम के तुलना में 2970 मतदाता का अंतर रहा। गत चुनाव में राजिम विधानसभा में कुल एक लाख 74 हजार 576 मतदाताओं ने तथा बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा में एक लाख 80 हजार 45 मतदाताओं ने मतदान किया था। तब अंतर 5469 का था। इस बार इसमें कमी आई है।

महिला फिर आगे रही मतदान में: जिले में लगातार तीसरे चुनाव में पुरूष के अपेक्षा महिला मतदाताओ ने मतदान में अधिक भागीदारी दिखाई है। जारी आकड़ो के मुताबिक जिले के राजिम विधानसभा में 94 हजार 647 पुरूष मतदाताओं तथा 97 हजार 230 महिला मतदाताओं ने मतदान किया। अंतर 417 रहा। पिछले चुनाव में यहां एक लाख 74 हजार 576 मतदाताओं द्वारा वोट डाला था जिसमें 86 हजार 570 पुरूष मतदाता एवं 88 हजार 6 महिला मतदाता थे। तब अंतर 1436 का था। इस बार अंतर में कमी आई है। इसी बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा में 95 हजार 768 पुरूष मतदाताओं तथा 99 हजार 79 महिला मतदाताओं ने मतदान किया। अंतर 3311 का रहा। गत चुनाव में बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा में एक लाख 80 हजार 45 मतदाताओं ने मतदान किया था। जिसमें इनमें 89 हजार 615 पुरूष मतदाता तथा 90 हजार 430 महिला मतदाता थे। तब अंतर 815 कम था, इस बार यह अंतर बढ़ गया है।

राजिम में पुरूष मतदाताओं ने 84.38 प्रतिशत एवं महिला मतदाताओं ने 83.07 प्रतिशत मतदान किया। इसी प्रकार बिन्द्रानवागढ़ में पुरूष मतदाताओं ने 86.06 प्रतिशत एवं महिला मतदाताओं ने 85.97 प्रतिशत मतदान किया। पिछले चुनाव में राजिम विधानसभा में पुरूषों का मतदान प्रतिशत 83.38 और महिलाओं का 82.35 प्रतिशत था वही बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा में मतदाताओं का प्रतिशत 86.87 और महिला मतदाताओं का प्रतिशत 84.65 था।

कलेक्टर जताया मतदाओ का आभार: जिले में मतदान के प्रतिशत मे बढ़ोत्तरी होने के बाद कलेक्टर आकाश छिकारा ने जिले के मतदाताओ का आभार जताया है। उन्होने कहा कि जिले के नागरिको ने उत्साह के साथ मतदान में हिस्सा लेकर मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र में अपनी आस्था व्यक्त की। नए मतदाताओं ने भी पहले बार मताधिकार का प्रयोग करने में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, वहीं महिलाओं की सक्रिय सहभागिता रही। वरिष्ठ नागरिकों, युवा मतदाताओं एवं दिव्यांगजनों ने भी मतदान किया।

कलेक्टर छिकारा ने बताया कि जिले में मतदाताओं को जागरूक करने वृहद रूप से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन विभिन्न स्तर पर किया गया। जिसके माध्यम से जिले के मतदाताओं एवं आम नागरिकों को लोकतंत्र में मताधिकार के महत्व की जानकारी देते हुए, उन्हें सभी प्रकार के निर्वाचनों में अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार के प्रयोग के लिए प्रेरित किया गया। फलस्वरूप में मतदान मतदाताओ में उत्साह बढ़ा और मतदान में वृध्दि हुई। इसके अलावा जिले में आदर्श, संगवारी, युवा मतदान केन्द्र, पीवीजीटीएस, दिव्यांग मतदान केन्द्रो में भी उत्साह दिखा।

जिला एवं पुलिस प्रशासन ने शहीद जोगिंदर सिंह को दी श्रद्धांजिल, जब्जे को किया सलाम

गरियाबंद, 19 नवंबर (देशबन्धु)। शुक्रवार को आईडी बम ब्लास्ट में शहीद जवान जोगिंदर सिंह का पार्थिव शरीर आज उनके गृह राज्य जम्मू कश्मीर रवाना किया गया।

इसके पहले पुलिस परेड ग्राउंड में कलेक्टर आकाश छिकारा, पुलिस अधिक्षक अमित तुकाराम कांबले, आब्जर्वर अरूण श्रीवास्तव सहित जिला एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी कर्मचारी तथा आईबीपी के जवानो ने उन्हें आश्रुपुरित श्रध्दांजलि अर्पित की। प्रशासन ने घटना को लेकर गहरा दुख भी व्यक्त किया। पुलिस प्रशासन ने एक लाख रूपए की सहायता राशि देने की घोषणा की।

ज्ञात हो कि शुक्रवार को जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्र बड़े गोबरा से मतदान उपरांत वापसी के दौरान आईटीबी के जवान जोगिंदर सिंह आईडी ब्लास्ट के चपेट में आने से शहीद हो गए। उनके शहादत को सलाम करते हुए आप प्रशासन ने उन्हे ज्ञात हो कि शहीद जवान सरदार जोगिंदर सिंह पैरामीलेट्री फ़ोर्स में हेंड कांस्टेबल के पद में थे। मूलतः जम्मू कश्मीर के निवासी थे।

शहीद जवान को तिरंगा चौक में शहरवासियों ने दी श्रद्धांजलि

गरियाबंद, 19 नवंबर (देशबन्धु)। लोकतंत्र के महापर्व में जिले के बड़े गोबरा से मतदान के बाद वापसी के दौरान आईडी ब्लास्ट में शहीद जोगिंदर सिंह को शनिवार शाम शहरवासियों ने भावभीनी श्रध्दांजलि अर्पित की। इस दौरान नगर के पत्रकारो, जनप्रतिनिधियो और गणमान्य नागरिको ने शहीद जवान जोंगिदर के छायाचित्र में माल्यार्पण किया और मोमबत्ती जलाकर श्रध्दा सुमन अर्पित किया। उपस्थित लोगो ने जोगिंदर सिंह अमर रहे के गगनचुम्बी नारे भी लगाए। इस अवसर पर नपा अध्यक्ष गफूरू मेमन, प्रेस क्लब अध्यक्ष ज्ञानेश तिवारी, कोषाध्यक्ष नंदकिशोर फूलड़ो ले, विजय सिन्हा, वरिष्ठ पत्रकार जीवन एस साहू, महेंद्र सहिस, रमेश देवदास, राधेश्याम सोनवानी, शिव भिलेपारिया, रितेश यादव, किशन नागेश, वरिष्ठ नागरिक साबिर भाई, नरेंद्र देवांगन, नंदास्वामी, हरीश भाई ठक्कर, ऋतिक सिन्हा, छगन यादव, दीप सिन्हा, दर्शना शर्मा, विर्द्दस शर्मा, कादर हिंगोरा सहित सैकड़ों लोगो ने श्रद्धासुमन अर्पित किया।

योग निद्रा से 23 को उठेंगे भगवान विष्णु, मांगलिक कार्य होंगे शुरू

महासमुंद, 19 नवंबर (देशबन्धु)। आम तौर पर चार माह तक भगवान के योगनिद्रा में जाने के बाद मांगलिक कार्य नही होते लेकिन इस बार 5 माह के लिए भगवान विष्णु योगनिद्रा में रहे। डबल सावन माह के कारण यह संयोग बना। आषाढ़ माह के रथयात्रा के बाद देव सुतनी एकादशी से भगवान विष्णु योगनिद्रा में चले जाते है और देव उठनी एकादशी को पुनः योगनिद्रा से बाहर आते है इसके बाद विवाह कार्य पुनः शुरू हो जाता है। 23 नवंबर को देव उठनी एकादशी तुलसी विवाह के रूप में मनाई जाएगी। पौराणिक प्रसंग के अनुसार सती तुलसी के श्राप से भगवान विष्णु पाषाण रूप में सालिग राम के रूप में तुलसी से विवाह करते है इसलिए तुलसी विवाह का काफी महत्व है। छग में इसे छोटी दिपावली के रूप में मनाया जाता है। संध्या बेला में घरों में तुलसी पूजन व विवाह कार्य संपन्न किया जाता है। गन्ने का मंडप सजाकर लोग पूजन करते है। एकादशी द्वार में अन्न त्याग कहा गया है इसलिए इस दिन केवल फलाहार का विधान है। तथा फल इत्यादि से ही पूजन व भोग प्रसाद अर्पण किया जाता है। नगर पुरोहित पंकज तिवारी ने बताया कि देव उठनी के साथ ही विवाह मुहुर्त शुरू हो जाएगा। 23,24 व 28 नवंबर को विवाह मुहुर्त है। आम तौर पर पूर्व में तय शादियां ही इन तिथियों में संपन्न होती है।

लघुशंका के लिए ड्रायवर के जाते ही ट्रक पार, बरामद भी

महासमुंद, 19 नवंबर (देशबन्धु)। ड्रायवर लघुशंका के लिए उतरा और उतने में ही किसी ने ट्रक पार कर दी। यह वाक्य महासमुंद थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम घोड़ारी राष्ट्रीय राज मार्ग क्रमांक 53 पर घटित हुई। मिली जानकारी के अनुसार ट्रक क्रमांक सीजी 04 एचएफ 5132 का चालक कल्याण सिंह 18 नवंबर की दोपहर एक बजे घोड़ारी नदी मोड़ में ट्रक खड़ी कर लघुशंका के लिए गया। इतने में ही किसी ने ट्रक पार कर दी। पुलिस में शिकायत दर्ज करने पर धारा 379 का अपराध दर्ज किया गया है। टीआई राजेंद्र राठौर ने बताया कि उक्त ट्रक लावारिश हालत में खाबरी रोड में खड़ी हुई बरामद कर ली गई है।

ब्राम्हण समाज का दिवाली मिलन आज

महासमुंद, 19 नवंबर (देशबन्धु)। छग ब्राम्हण समाज का दीवाली मिलन 20 नवंबर को शाम 5 बजे ब्रम्ह निवास विप्र भवन महासमुंद में आयोजित किया गया है। 21 नवंबर को सुबह 9 बजे समाज के भवन में आंवला नवमी पूजा कार्यक्रम होगा। समाज के अध्यक्ष होरीलाल पांडेय ने समाज के सभी विप्रजनों को सपरिवार कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है।

छठ पूजा में शामिल हुए भोजपुरी समाज, डूबते सूर्य को दी अर्ध्य

महासमुंद, 19 नवंबर (देशबन्धु)। स्थानीय महामाई तालाब में छठ पूजा के लिए भोजपुरी समाज ने विशेष तैयारी की थी। सुबह से छठ घाट बनाने के लिए विशेष तौर साफ-सफाई किया गया और लोगों को गंदगी फैलाने से मना करते रहे। संध्या बेला में व्रतियों ने डूबते सूर्य को अर्ध्य दिया। सोमवार को उगते सूर्य को अर्ध्य के साथ छठ पूजा का समापन होगा। डेढ दो दशक से छठ पूजा भोजपुरी समाज ने शुरू की है। यहां करीब साढ़े 3 परिवार भोजपुरी समाज के है। जिसमें से अनेक समाज अपने गृह ग्राम पूजन कार्य में शामिल होने चले जाते है फिर भी डेढ-दो सौ परिवार इस कार्य में शामिल होते है। इसके लिए पहले से ही तैयारियां की जाती है। चार दिन तक चलने वाला सूर्य उपासना का यह पर्व परिवार व अपने संतानों की कुशलता व मंगलकामना के लिए किया जाता है। नहाय खाय से शुरू हुआ यह पर्व सोमवार को उगते सूर्य को अर्ध्य देने के साथ ही पारणा के साथ पूर्ण होगा। नहाय खाय के दिन व्रती सुबह स्नान ध्यान से निवृत्त होकर दैनिक पूजा-पाठ करते है। दूसरे दिन 36 घंटे का निर्जला व्रत रखते है फिर डूबते सूर्य और उगते सूर्य को अर्ध्य देकर यह पर्व पूरे चार दिनों तक चलता है। खरना में दिन भर व्रत रखकर गुड़ से बनी खीर व रोटी केले के पत्ते पर रखकर प्रसाद स्वरूप ग्रहण किया जाता है। संध्या बेला में स्थानीय महामाई तालाब में बनाए गए छठ घाट में पुरोहित ने मंत्रोचार के साथ पूजन संपन्न कराया। व्रती अर्ध्य देने के साथ ही विधि-विधान पूजन कार्य करते रहे। लोगों ने एक दूसरे को छठ पर्व की बधाईयां दी। इसके लिए पहले से ही पूजन सामग्रियों का बाजार सजकर तैयार था। जगह-जगह कतारी, सूप इत्यादि की दुकानों में खरीदारी करने भोजपुरी समाज के लोग पहुंचते रहे।

यात्रियों को मिली राहत सामान्य हुई बस सेवा

महासमुंद, 19 नवंबर (देशबन्धु)। निर्वाचन कार्य में अधिकांश बसों को अधिग्रहित कर लिए जाने के कारण यात्रियों को काफी असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा था। बसे नही चलने से आवाजाही के लिए यात्रियों को दूसरों पर निर्भर होना पड़ रहा था। निर्वाचन कार्य के कारण प्राइवेट गाड़िया नही मिल रही थी। अब अधिग्रहण से मुक्त होने के बाद बस सेवा पुनः सामान्य हो गई है। इससे यात्रियों ने राहत की सांस ली है।

महासमुंद से रायपुर के लिए सीमित मात्रा बस सेवा उपलब्ध थी। राजिम, पिथौरा, बागबाहरा, सिरपुर, भोरिंग, खम्हरिया जैसे अनेक ग्रामीण रूटों पर 14 नवंबर से बसे नही चल रही थी। बस यूनियन के पदाधिकारियों के अनुसार अक्टूबर माह के आखरी समाप्त में ही 50 प्रतिशत बसों का अधिग्रहण कर लिया गया था। शेष बसों का अधिग्रहण 12 नवंबर से शुरू हुई और 14 नवंबर तक बसे अधिग्रहित कर ली गई। इसके कारण त्यौहारी सीजन में भी यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। 17 नवंबर को मतदान के बाद बस सेवा 19 नवंबर से बहाल हुई अधिकांश रूटों पर बसों में काफी भीड़ देखी गई।

नवीन जिला में शांतिपूर्ण और सामान्य मतदान के लिए कलेक्टर ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित

बिलाईगढ़, 19 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत 17 नवंबर 2023 को स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और सामान्य मतदान संपन्न होने पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी ने जिले के सभी प्रेक्षकों, मतदाताओं, मतदान दलों, सभी विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों, सुरक्षा बलों, नागरिकों, पत्रकारों, बीएलओ, मतदाता जागरूकता स्वीप से जुड़े सभी स्कूली बच्चों, स्व सहायता समूह की महिलाओं, कोटवारों, सशस्त्र बल, होमगार्ड, पीडब्ल्यूडी, मजदूर, चपरासी, सफाई कर्मी से लेकर जिले के सभी विभाग प्रमुख, नोडल अधिकारी आदि को बधाई और धन्यवाद ज्ञापित की हैं।

डॉ सिद्दीकी ने कहा है कि लोकतंत्र महापर्व विधानसभा निर्वाचन को नवीन जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ में सीमित संसाधन उपलब्धता के बावजूद निर्विघ्न,निर्विवाद, शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव संपन्न कराया गया। इस कार्य में सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारियों का भरपूर सहयोग रहा, सभी का अथक मेहनत से ही यह कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हुआ है। इसके लिए सभी को बधाई एवं धन्यवाद। आगे की मतगणना को तैयारी हेतु सभी से सक्रिय सहयोग की अपेक्षा है। प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से जिला प्रशासन तथा पुलिस प्रशासन का सहयोग करने पर सभी के प्रति पुनः आभार है। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ सिद्दीकी ने नवगठित जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के सभी मतदाताओं से लोकतंत्र के इस चुनाई तिहार में उत्साह के साथ मतदान करने एवं लोकतंत्र की मजबूती में अपना गौरवशाली योगदान देने हेतु मतदाताओं को भी धन्यवाद दिया है।

नवीन जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ का नेतृत्व कर रहें हैं जिला प्रशासन के युवा पीढ़ी: सारंगढ़ बिलाईगढ़ नवीन जिला है। कलेक्टर डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी, एसपी श्री आशुतोष सिंह, अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश भारद्वाज, एसडीएम और रिटर्निंग अधिकारी द्वय मोनिका वर्मा, डॉ स्निग्धा तिवारी, एएसपी निवेदिता पाल, डीएसपी मनीष कुंवर, सहायक रिटर्निंग अधिकारी व तहसीलदार आयुष तिवारी, नेत्रप्रभा, कमलेश व देवराज सिदार, अरपन कुर्रे, कोमल साहू, रुपाली मेश्राम आदि युवा पीढ़ी जिला प्रशासन का नेतृत्व कर रहे हैं।

ईव्हीएम मशीनों से भरे स्ट्रांग रूम की सुरक्षा कर रहे हैं सीआईएसएफ जवान



बिलाईगढ़, 19 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्टोरेट सारंगढ़ के बाजू मंडी परिसर के स्ट्रांग रूमों में जमा विधानसभा 17-सारंगढ़ और बिलाईगढ़ विधानसभा 43 के डाकमत पत्र, ईव्हीएम और व्हीव्हीपैट मशीन की सुरक्षा गृह मंत्रालय भारत सरकार के अधीन केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के बटालियन द्वारा किया जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश अनुसार सीआईएसएफ के इस बटालियन के सुरक्षा जवानों का खाना-पीना, निवास, शौचालय आदि का कैम्प व्यवस्था मंडी परिसर में ही किया गया है। मंडी परिसर के स्ट्रांग रूम से लेकर मंडी के सभी कोनों में सुरक्षा बैरक बनाया गया है। मंडी परिसर के सभी दिशाओं का सुरक्षा बैरक से जवानों द्वारा पाली-पाली कर 24 घंटे जवान ड्यूटी कर रहे हैं। इसके साथ-साथ मंडी परिसर में सीसीटीवी कैमरा से भी सुरक्षा निगरानी की जा रही है।

सारंगढ़ विधानसभा में 79.50 प्रतिशत और बिलाईगढ़ विधानसभा में 70.92 प्रतिशत हुआ मतदान

बिलाईगढ़, 19 नवंबर (देशबन्धु)। जिले के विधानसभा का मतदान प्रतिशत का अंतिम रिपोर्ट रिटर्निंग अधिकारियों ने जारी किया है। रिटर्निंग अधिकारी मोनिका वर्मा ने सारंगढ़ का और रिटर्निंग अधिकारी डॉ स्निग्धा तिवारी ने बिलाईगढ़ का अंतिम रिपार्ट 18 नवम्बर को दोपहर 12 बजे प्रस्तुत की हैं। सारंगढ़ विधानसभा-17 में 79.50 प्रतिशत और बिलाईगढ़ विधानसभा-43 में 70.92 प्रतिशत मतदान हुआ है।

NAME CHANGE NOTICE

I, Mrs. Kiran Parekh, wife of Mr. Jayesh Parekh, age-46, resident of LIG 18 Rishabh Nagar, New Rajendranagar Raipur District Raipur (Chhattisgarh), make the following statement on oath.(1) That my marriage has been solemnized on 28/11/2005 as per social customs with Shri Jayesh Parekh resident of LIG 18 Rishabh Nagar New Rajendranagar Raipur District Raipur, Chhattisgarh.(2) That before marriage, I used to write my name as Kiran Kri Doshi father Shri Laxmichand Doshi and the same name is recorded in my educational certificate.3.That I am married, hence now I write my name as Mrs. Kiran Parekh, wife of Mr. Jayesh Parekh, now I should be known, recognized, addressed and written by this name, for which I execute this affidavit.

oath taker
Kiran Parekh

NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, GULAB JAIN S/O JAYANTI LAL JAIN resident of 52-521G, HOLY MOTHER SCHOOL STREET, OPPOSITE DAGANIYA SQUARE, SUNDER NAGAR, DUNGANIYA, PO: SUNDER NAGAR., DIST: RAIPUR, (C.G.) - 492013 have changed my old name GULAB JAIN S/O JAYANTI LAL JAIN so in future I should be recognized by my new name that is GULAB CHAND JAIN S/O JAYANTI LAL JAIN in all Government and other documents.

GULAB CHAND JAIN
52-521G, HOLY MOTHER SCHOOL STREET, OPPOSITE DAGANIYA SQUARE, SUNDER NAGAR, DUNGANIYA, PO:SUNDER NAGAR., DIST: RAIPUR,(C.G.) - 492013

NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, TABASSUM BEGAM W/O MOHAMMAD JAVED resident of H NO 1667 WARD NO 62 BAKRA MARKET NEAR SAHU KIRANA STORS SANJAY NAGAR RAIPUR (C.G.) have changed my old name TABASSUM BEGAM W/O MOHAMMAD JAVED so in future I should be recognized by my new name that is TABASSUM BANO W/O MOHAMMAD JAVED in all Government and other documents.

TABASSUM BANO
H NO 1667 WARD NO 62 BAKRA MARKET NEAR SAHU KIRANA STORS SANJAY NAGAR RAIPUR (C.G.)

NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, ABDUL JAVED S/O ABDUL SATTAR resident of H NO 1667 WARD NO 62 BAKRA MARKET NEAR SAHU KIRANA STORS SANJAY NAGAR RAIPUR (C.G.) have changed my old name ABDUL JAVED S/O ABDUL SATTAR so in future I should be recognized by my new name that is MOHAMMAD JAVED S/O ABDUL SATTAR in all Government and other documents.

MOHAMMAD JAVED
H NO 1667 WARD NO 62 BAKRA MARKET NEAR SAHU KIRANA STORS SANJAY NAGAR RAIPUR (C.G.)

NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, DHANSUKH LAL S/O JIVRAJ BHAI PATEL resident of TARKESHWAR TIMBER COMPNAY NEW TIMBER WARD 22 RAIPUR GANJ BINDRAWANGARH RAIPUR (C.G.) 492009 have changed my old name DHANSUKH LAL S/O JIVRAJ BHAI PATEL so in future I should be recognized by my new name that is DHANSUKH LAL PATEL S/O JIVRAJ BHAI PATEL in all Government and other documents.

DHANSUKH LAL PATEL
TARKESHWAR TIMBER COMPNAY NEW TIMBER WARD 22 RAIPUR GANJ BINDRAWANGARH RAIPUR (C.G.) 492009

समक्ष न्यायालय श्रीमान व्यवहार न्यायाधीश वर्ग- 1 बालोद जिला बालोद छ.ग.

सक्षमोत्तर सर्टिफिकेट विमारके के लिए की गई दरखास का

समंस

(अंतर्गत धारा 373 (1) हिंदुस्तान उत्तमोत्तर एक्ट 1925 उत्तमोत्तर प्र.क्र. 24/2023
निकाय रोजी दिनांक 14.12.2023
फी.क्र. 2023/23
श्रीमती पुष्पा पिता पुत्रे पुष्पा विवाह भगै. आवेदक
विरूद्ध
अश्व भगत (जिसकी संबंध दो) अनावेदक
कारण - आप जमाना जिसका संबंध इस प्रकारा से हो।
सुनुवा का अंतिम निवास स्थल- नंजेसारा बालोद, बोरद, गा. व जिला बालोद छग

उक्त आवेदनकाना दा श्रीमती पुष्पा पिता पुत्रे पुष्पा विवाह रोजे मा. पुत्रा बिरोदे सिंगा, उम्र 35 वर्ष, दा बिरमा विहारा पिता मा. पुत्रा बिरोदे सिंगा उम्र 22 वर्ष, दा कार्तिक नाम पिता पिता सुकुराम सिंगा उम्र 21 वर्ष सबे निवासी नंजेसारा बालोद थाना-ज. व जिला बालोद छग में पुत्रा दोनो पुत्रा पुत्रा उपरोक्त सुकुरा मा. पुत्रा बिरोदे सिंगा के द्वारा निर्वाचन पत्र ध्वारा दाखि प्रारम्भनुसूचना प्रकार करने हेतु उपरोक्तिकाना प्रकार पत्र प्रदान करने बाबत धारा 272 सहपठित उपरोक्तिकाना अधिनियम के अंतर्गत इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

आपको इस समंस के जारी हुआ होने है कि यदि आपको सुनना की कार्यदिनाकिनाकि के समंस में कोई हक या हक या किसी प्रकार से अधिकार हो तो वो आप स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस अदालत में सुनवाई दिनांक 14.12.2023 को दिन 12.30 बजे उपस्थित होकर अपना बचाव पत्र अगर सुनाना उपस्थित नहीं होते न्यायालय में सुनुवा कर। यदि आप उक्त दिन दिनांक को समय पर उपस्थित नहीं होंगे तो उक्त आवेदन की सुनवाई आपकी अनुपस्थिति में होगी यदि उक्त दिनांक दिनांक को कोई अनिवार्य चेंगिंग हो जाए अथवा में स्वयं अध्यक्षता पर रहूं तो आवेदन को पुनरावा आगामी कार्य दिवस को होगी।

आज दिनांक 20.11.2023 को न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

(श्रीमती स्वप्नामयी पाणके)
सील उपाध्य व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1 बालोद जिला बालोद (छ.ग.)

पंडो जनजाति की महिला की संदिग्ध मौत

■ पति ने हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस से की निष्पक्ष जांच की मांग

बलरामपुर, 19 नवम्बर (देशबन्धु)। बलरामपुर जिले के बसंतपुर थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत फुलीडूमर के केरवापारा में पंडो जनजाति की महिला की बीते दिनों संदिग्ध अवस्था में मौत हुई थी. मामले में पति ने आवेदन देकर पुलिस से निष्पक्ष जांच की मांग की है.

दरअसल, जिस महिला राजपति पंडो की मौत संदिग्ध परीस्थिति में हुई थी, उसका पति रामपति पंडो चेन्नई में रहकर मजदूरी का काम करता है. महिला की बेटी का भी विवाह हो चुका है, जो अपने पति के साथ रहती है. मृत महिला अपने घर में अकेले रहती थी, जिसकी 12 नवंबर को फांसी पर लटकी हुई लाश घर में ही मिली थी.

घटना की जानकारी पड़ोसियों को तब लगी जब उसके घर में ताला लगा पाया. शाम को ताला खोलने के बाद लोग अंदर महिला को फंदे पर लटकती लाश को देखकर आश्चर्यचकित रह गए, क्योंकि एक दिन पूर्व ही मृतक महिला ने पड़ोस की एक महिला को अपने घर में बुलाकर साथ में ही खाना-पीना खाया था. खाने पीने में बगल का ही एक पड़ोसी लड़का भी शामिल था.

मृत राजपति का शव फांसी के फंदे पर लटका देख पड़ोसियों ने घटना की जानकारी बसंतपुर पुलिस और मृत महिला के पति को दी. महिला का पति 16 नवंबर को चेन्नई से घर वापस आया, तब तक बसंतपुर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा कर दफना दिया था. पति के वापस लौटने पर ग्रामीणों ने पूरी बात जानकारी दी.

पड़ोस के लड़के ने साथ खाया था खाना

मृत महिला के पति ने बताया कि शाम को पड़ोस की एक महिला के साथ मेरी पत्नी ने खाना-पीना किया था. पड़ोस का एक लड़का भी उस दौरान साथ में था. रात ज्यादा होने पर पड़ोस की महिला को लड़के ने वहां से भगा दिया था, और सुबह उस महिला को लड़के ने यह भी कहा कि हम लोग साथ में खाए-पिए हैं. यह बात किसी न बताना. मृतिका के पति ने वाड्रफनगर एसडीओपी को आवेदन देकर पत्नी की मौत की उचित जांच कर कार्रवाई की मांग की है.

मामले की बारीकी से करेंगे जांच

वाड्रफनगर एसडीओपी राम अवतार ध्रुव बताया कि शिकायत मुझे आज ही प्राप्त हुई है. पूरे मामले की बारीकी से जांच की जाएगी. परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है, तो निष्पक्ष जांच के बाद जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके बाद आरोपियों पर उचित कार्रवाई की जाएगी.

डीआरडीओ कैंपस में तेंदुए ने शावकों को जन्म दिया, दहशत का माहौल

जगदलपुर, 19 नवम्बर (देशबन्धु)। बस्तर जिले के गिरोला में स्थित डीआरडीओ (डिफेंस रिसर्च एंड डवलपमेंट ऑर्गनाइजेशन) के डिफेंस एरिया में एक मादा तेंदुआ दिखने से दहशत का माहौल बना हुआ है। बताया जा रहा है कि रक्षा मंत्रालय के इस गिरोला कैंप के भीतर तेंदुए ने चार शावकों भी जन्म दिया है। इसके चलते दिन-रात ड्यूटी करने वाले रक्षाकर्मियों को वन विभाग ने पूरी तरह से सावधानी बरतने के निर्देश दिए हैं। इधर डिफेंस के अधिकारियों ने तेंदुआ द्वारा चार शावकों को जन्म देने की जानकारी वन विभाग के अधिकारियों को देते हुए सुरक्षा के हिसाब से इन्हें अन्यत्र ले जाने की मांग की है।

डिफेंस के अधिकारियों ने बताया कि कुछ दिनों से एक मादा तेंदुआ गिरौल कैंप के घने वन क्षेत्र में नजर आ रही थी। इसकी सूचना कैंप अधिकारियों ने बस्तर वन विभाग के एसडीओ देवलाल दुग्गा को दी, जिसके चलते कैंप के भीतर संभावित क्षेत्र में पिंजरा भी लगाया गया था। लेकिन चार दिन पहले ही पता चला कि तेंदुए ने गिरौला कैंप के भीतर ही चार शावकों को जन्म दिया है, जिसके चलते फिलहाल पिंजरा हटा लिया गया है।

इधर रक्षा कर्मियों का कहना है कि शावकों को बचाने के लिए मादा तेंदुआ नाइट शिफ्ट में काम करने वाले कर्मचारियों पर कभी भी हमला कर सकती है। ऐसे में सुरक्षाकर्मियों ने तेंदुआ को शावकों सहित पकड़ कर सघन वन क्षेत्र में छोड़ने की मांग वन विभाग के अधिकारियों से की है।

वन विभाग के अधिकारी देवलाल दुग्गा ने बताया कि गिरोला डिफेंस एरिया के सुरक्षाकर्मियों ने कैम्प के अंदर मौजूद जंगलों में मादा तेंदुआ को देखा है और तेंदुआ के द्वारा चार शावको को भी जन्म दिए जाने की भी जानकारी मिली है। हालांकि शावक काफी छोटे हैं ऐसे में यहां वन विभाग ने जो पिंजरा लगाया था उसे हटा लिया है। जल्द ही ऑपरेशन चलाकर तेंदुआ को पकड़ने और शावकों को सुरक्षित जगह पर छोड़ा जाएगा।

खेत में धान का ढेर लगाने गई युवती को सांप ने डसा, हालत गंभीर

रायगढ़, 19 नवम्बर (देशबन्धु)। चक्रधर नगर थाना क्षेत्र स्थित ग्राम पतरापाली पूर्व निवासी 26 वर्षीय युवती अपने ही खेत में धान का ढेर लगाने गई थी। इस दौरान अज्ञात जहरीले सर्प ने उसे काट लिया। जिसे परिजनों ने मोटरसाइकिल से जिला अस्पताल लाकर भर्ती कराया। इलाज के दौरान पीड़िता की हालत चिंताजनक बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार बीते शनिवार को दोपहर 1 बजे रिंकी निषाद पिता जय जयराम निषाद उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम पतरापाली पूर्व अपने पिता के खेत में ही धान के बोझ को ढेर लगाने के लिए पहुंची थी। इस दौरान उसका बड़ा भाई गौरांग निषाद अपनी पत्नी और अन्य ग्रामीणों के साथ वहां उपस्थित था। जब उसकी बहन रिंकी ने उसे बताया कि सांप ने उसे काट लिया है तब वह सभी सांप को खोजने के लिए उसके पीछे दौड़े लेकिन उसके बताए अनुसार वह केवल सांप का पूछ देख पाए। उक्त सर्प धान के ढ़ेर में छुप गया था घटना के तत्काल बाद पीड़िता के परिजनों ने उसे निजी वाहन मोटरसाइकिल में बैठाकर जिला अस्पताल में पहुंचाया। जहां बिगड़ी स्थिति को देखते हुए डॉक्टर ने पीड़िता को भर्ती कर इलाज प्रारंभ कर दिया है।

भाजपा प्रत्याशी विजय शर्मा के भाई सहित 5 पर बलवा का अपराध दर्ज

कवर्धा, 19 नवम्बर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव के दौरान तरेगांव जंगल के समीप कांग्रेस कार्यकर्ता के साथ गाली गलौच कर जान से मारने के धमकी देने तथा बलवा करने के मामले में कवर्धा के भाजपा प्रत्याशी विजय शर्मा के भाई सहित 5 भाजपा कार्यकर्ताओं के विरूध अपराध दर्ज किया गया है। इस घटना में पीड़ित अजीत बाजपेयी ने घटना में लगभग 70-80 भाजपा कार्यकर्ताओं के शामिल होने की एफ.आई.आर लिखाई है।

जानकारी के अनुसार घटना 4 नवबंर की रात लगभग 11.30 बजे की है। घटना की शिकायत अगले दिन कर दी गई थी। चेक पोस्ट मे लगे सीसीटीवी कैमरे में चेक करने के पश्चात इस मामले में थाना तरेगांव जगल में धारा 147, 294, 506 (बी) का अपराध दर्ज किया गया है। एफआईआर के अनुसार भाजपा प्रत्याशी विजय शर्मा के रिश्तेदार अजय शर्मा सहित काशी उइके, बरसाती वर्मा, तेजू जैन, दिलीप नायक अपने 70-80 भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ अजीत बाजपेयी को अर्टिगा वाहन से उतार कर वाहन की जांच करने लगे। इसके पश्चात कांग्रेस पार्टी के विरूद्ध आपत्तिजनक नारे लगाकर उसे धमकी दी, मारपीट करते हुये घटनास्थल से अपहरण कर दूर ले जाकर एक रजिस्टर देकर उसमें चुनाव की एंट्री लिखवाने मजबूर कर दिया। इसके पश्चात थाना तरेगांव जंगल मुख्य मार्ग पर मार-पीट की। जेब में रखे 20-22 हजार रूपयें तथा मोबाईल फोन लूट लिये। 2-3 घंटो तक घटनो को अंजाम देने के बाद थाना के अंदर ले जाकर दुर्व्यवहार किए। लगभग 1 घंटे बाद मोबाईल फोन ला कर दिए। थाना के अंदर में ही भाजपा कार्यकर्ताओ ने अजीत बाजपेयी का मोबाइल फोन से वीडियो बनाया। पूरी घटना थाना के सामने व थाने के अंदर में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकार्ड हुई है।

चेक पोस्ट का सी.सी.टी.वी. चेक करने के बाद किया अपराध दर्ज

इस मामले में उल्लेखनीय है कि पुलिस ने कवर्धा में मतदान की तारीख 7 नंवबर के पूर्व अपराध दर्ज नहीं किया।घटना तरेगांव जंगल चेक पोस्ट में लगे सी.सी.टी.वी.कैमरा तथा थाना के सामने व अंदर लगे सी.सी.टी.वी. मे रिकार्ड हुई है। मामले की विवेचना कर रहे थाना तरेगांव जंगल के उप निरीक्षक सुरेश कश्यप ने एफ.आई.आर के तथ्य में इस बात का उल्लेख भी किया है कि उन्होंने चेक पोस्ट मे लगे सी.सी.टी.वी. कैमरे को चेक किया है। इसके पश्चात अजय शर्मा निवासी कवर्धा,काशी उइके निवासी कामाडबरी तरेगांव जंगल, बरसाती वर्मा निवासी मड़मड़ा पांडातराई, तेजू जैन निवासी तरेगांव जंगल, दिलीप नायक निवासी तरेगांव जंगल के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है।

थाना में भाजपा कार्यकर्ताओं ने पीड़ित को किया टार्चर

अजीत बाजपेयी ने रूपयें लूटने की भी रिपोट दर्ज कराई है लेकिन इसकी धारा नहीं लगाई गई है। अपहरण के संबंध में भी अपराध दर्ज नहीं किया गया है।सी.सी.टी.वी.कैमरे से साबित होता है कि घटना में दर्जनो लोग शमिल थे जिसका नाम पीड़ित अजीत बाजपेयी को मालूम नहीं है, इसकी विवेचना नहीं की गई है। घटना के समय पुलिस इतनी मजबूर थी कि थाना के अंदर भाजपा कार्यकर्ता अजीत बाजपेयी से दुर्व्यवहार कर रहे थे और पुलिस कुछ भी नहीं कर रही थी। थाना में लाने के पूर्व अजीत बाजपेयी कवर्धा के भाजपा प्रत्याशी विजय शर्मा के रिश्तेदार अजय शर्मा और उसके साथ शमिल भाजपा कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ के कब्जे में था। आप सोच कर सहम जाएंगे कि बेकाबू भीड़ अगर आपको घंटो अपने कब्जे में रखे रहे तो आपकी क्या दशा होगी।

दंतैल हाथी ने जमकर मचाया उत्पात

ग्रामीणों में दहशत

बालोद, 19 नवम्बर (देशबन्धु)। जिले के गुरुर वन परिक्षेत्र में दंतैल हाथी जमकर उत्पात मचा रहा है. बीती रात कई गांवों के अंदर दंतैल हाथी घुस गया और फसलों को नुकसान पहुंचाया. जिससे ग्रामीणों को दहशत में रात गुजारनी पड़ी. इस बीच वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों से घरों में रहने की अपील की है. दंतैल हाथी को लेकर वन विभाग ने ग्राम जगतरा, सोहतरा, बिच्छीबाहरा, खैरडीगी, धनापुरी, ओड़ेनाडीह, डोकला आदि गांवों को अलर्ट किया है और जंगल नहीं जाने की अपील की है. वर्तमान में हाथी जंगली भेजा गांव के जंगल में उपस्थित है.

स्ट्रॉन्ग रूम में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

मुंगेली, 19 नवम्बर (देशबन्धु)। शासकीय कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय चातरखार में बनाए गए स्ट्रॉन्ग रूम में मतदान के बाद रखे गए ईवीएम मशीनों और मतदान से संबंधित सामग्रियों की सुरक्षा की जिला प्रशासन द्वारा पुख्ता व्यवस्था की गई है। सीमा सुरक्षा बलों और सीसीटीवी कैमरा के माध्यम से 24 घंटे निगरानी की जा रही है। इसके साथ ही आरओ,एआरओ के साथ अन्य अधिकारियों की भी ड्यूटी लगाई गई है। उक्त जानकारी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल देव ने आज चातरखार महाविद्यालय परिसर में विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं अधिकर्ता की बैठक लेकर दी। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन स्ट्रॉन्ग रूम में रखे गए मतदान सामग्रियों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रतिबद्ध है।कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने सुरक्षा व्यवस्था के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि आब्जर्वर के निर्देशानुसार इस बार स्ट्रॉन्ग रूम में रखे गए इव्हीएम मशीनों एवं सामाग्रियों की सुरक्षा के लिए चैनल गेट लगाया गया है।परिसर में निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति हेतु व्यवस्था की गयी है एवं पूरे परिसर निगरानी के लिये पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है।पुलिस द्वारा हर गतिविधि पर कड़ी नजर रखी जाएगी।स्ट्रॉन्ग रूम एवं भवन में लगाए गए सीसीटीवी के फुटेज को लाईव देखने के लिए बाहर में टेंट लगाकर छाया, पानी आदि की व्यवस्था की गई है,जिससे अभ्यर्थी या उनके प्रतिनिधि 24 घंटे निगरानी कर सकते हैं।सभी अभ्यर्थी तीन शिफ्ट में एक-एक व्यक्ति को निगरानी हेतु प्राधिकृत कर सकते हैं।इसके लिए आरओ द्वारा जारी प्राधिकार पत्र को मान्य किया जाएगा।उन्होंने राजनैतिक दल के प्रतिनिधियों से कहा कि आपलोग सुरक्षा व्यवस्था को लेकर निश्चिंत रहें। निर्वाचन आयोग के नियमों का पालन करते हुए स्ट्रॉन्ग रूम में पुख्ता सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं।कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि प्रांरगण में किसी भी प्रकार के नशीली पदार्थों का सेवन करना और नशीली पदार्थ लेकर आना प्रतिबंधित है।गाड़ी पार्किंग एरिया में रहेंगे।इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय,डिप्टी डीईओ प्रवीण तिवारी, रिटर्निंग अधिकारी लोरमी एवं मुंगेली सहित संबंधित अधिकारी और विभिन्न राजनैतिक दल के प्रतिनिधिगण नंदकुमार साहू,समारू भास्कर, भीखमचंद गर्ग,लखन बांधेले, कन्हैया,सुनील शर्मा,अमित कुमार बंजारे,राज साहू,जागृत, हरीश कुमार सेवा,भावसिंह मौजूद रहे।

■ बीएसएफ एवं सीसीटीवी से 24 घंटे की जा रही है निगरानी

ट्रेन से टकराई नाबालिग, गंभीर रूप से घायल

अस्पताल में इलाज जारी

महासमुंद, 19 नवम्बर (देशबन्धु)। जिले में एक नाबालिग कोमाखान रेलवे क्रॉसिंग के पास ट्रेन से टकरा गई. हादसे में नाबालिग को गंभीर चोटें आई हैं. घायल नाबालिग लड़की को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है. जहां उसका इलाज जारी है.

जानकारी के अनुसार, कोमाखान रेलवे क्रॉसिंग के पास एक अज्ञात नाबालिग लड़की चूनागढ़-रायपुर ट्रेन से टकरा गई. जिससे नाबालिग के सिर और पैर में गंभीर चोट आई है. घटना की सूचना पर रेलवे प्रशासन ने घायल नाबालिग को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागबाहरा पहुंचाया. जहां उसका इलाज जारी है. वहीं रेलवे प्रशासन कारणों का पता लगाने में जुटी हुई है.

पंखे से लटकी मिली बिल्डकॉन कर्मी की लाश

जांच के बाद उठेगा मौत के राज से पर्दा

कोरबा, 19 नवम्बर (देशबन्धु)। दिलीप बिल्डकान के एचआर विभाग में कार्यरत कर्मी की फांसी के फंदे पर लटकी मिली. घटना के बाद हड़कंप मच गया है. वहीं मृतक के भाई ने हत्या की आशंका जताई है. पुलिस मामले की जांच कर रही है. जांच के बाद ही मौत की असल वजह सामने आएगी.

बता दें कि, ठेका कर्मी की लाश केंपि में फांसी के फंदे पर लटकी मिली. घटना के दौरान वह कैंप में अकेला था. पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया है. मामले को लेकर परिजनों का कहना है कि, ये आत्महत्या नहीं बल्कि हत्या है. पुलिस मामले की जांच में जुट गई है. पूरी घटना करतला थाना अंतर्गत नोनबिर्रा की है.

बताया जा रहा है कि, भारत माला योजना के तहत उरगा हाटी मार्ग का निर्माण किया जा रहा है. सड़क निर्माण कार्य की जवाबदारी दिल्ली बिल्डकॉन नामक कंपनी को दी गई है.

महिला डॉक्टर ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

छुरा, 19 नवम्बर (देशबन्धु)। छुरा से बड़ी खबर सामने आ रही है, यहां सरकारी अस्पताल में पदस्थ एक महिला डॉक्टर ने अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पहुंची पुलिस की टीम इस मामले की जांच में जुट गई है। डॉक्टर सीमा अलोने का उम्र 38 वर्ष है। डॉक्टर अलोने ने अपने सरकारी आवास के आगे ही एक किराए का मकान लिया हुआ था, जहां उनके माता-पिता रहते थे। वे सरकारी आवास में पति डॉ. भारत भूषण आर्या के साथ रहती थीं।

महिला डॉक्टर ने किराए के मकान में दुपट्टा को फंदा बना कर फांसी लगाई है। इवनिंग वॉक से वापस लौटने पर मां ने बेटी को फंदे पर लटके देखा। उन्होंने इसकी सूचना दामाद को दी, जिन्होंने तुरंत बॉडी को उतारकर उपचार का प्रयास किया। इसके बाद सरकारी अस्पताल में भी भर्ती कराया गया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। छुरा थाना प्रभारी प्रवीन भारती ने बताया कि पंचनामा कर शव को पीएम करवाने गरियाबंद भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद स्थिति स्पष्ट होगी. फिलहाल मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया है। छुरा पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए गरियाबंद जिला अस्पताल भेज दिया है। महिला की आत्महत्या का कारन अज्ञात बताया जा रहा है। पीएम रिपोर्ट के बाद ही मामले में खुलासा हो पायेगा।

किराएदार ने मकान मालिक पर धारदार हथियार से किया हमला, घायल

रायगढ़, 19 नवम्बर (देशबन्धु)। जिले में किरोड़ीमल नगर निवासी युवक पर किराएदार ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिसे लहूलुहान हालत में जिला अस्पताल लाकर इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। इस मामले में पुलिस ने आरोपी किराएदार के विरुद्ध अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है। कोतरा रोड थाना क्षेत्र का मामला।

मिली जानकारी के अनुसार, किरोड़ीमल नगर निवासी रामकुमार चंद्रमा ने बताया कि वह अपने पुस्तैनी मकान का कुछ हिस्सा किराए पर दिया है। किराएदार राम वर्मा अब घर पर कब्जा करने के नियत से लगातार उनके साथ वाद विवाद करता रहता है। घटना दिनांक उसकी पत्नी और पिता दोनों घर आए थे। घर में 8=30 लाख रुपए नगद रखा हुआ था। जिस छत के ऊपर करों का निर्माण करना था शाम के समय जब वह घर पर नहीं था तब किराएदार राम वर्मा ने उसके पिता और उसकी पत्नी को धमकाकर उन्हीं के मकान से उन्हें गांव वापस भेज दिया।

दूसरे दिन सुबह जब इस बात की जानकारी उसे लगी तब वह किराएदार राम वर्मा से चर्चा करने पहुंचा, लेकिन आक्रोश में आकर राम वर्मा ने उसके ऊपर धारदार हथियार से हमला कर दिया घटना में पीड़ित युवक के नाक और आंख के मध्य गंभीर चोट आई जिसे जिला अस्पताल में रखकर इलाज कराया जा रहा।

एनएच 30 में मिली युवक की क्षत विक्षत लाश

कांकेर, 19 नवम्बर (देशबन्धु)। जिले के एनएच 30 में नंदनबारा के पास एक युवक की क्षत विक्षत हालत में लाश मिली है। लाश मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है। वहीँ सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है।

NECC

20.11.2023 अंडा	मुर्गी	काकरेल
फार्म 5.50	83	170
थिल्स 6.50	98	195

डिलीवरी 565 रु.क्रेट
दर्जन अंडा 75 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभार/19/2021-23
फोन- (0771) 4077750, 4077760, 2292011/22 फैक्स-2534955 email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

संपादकीय

नतीजों के पहले सिंहदेव का बयान

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के लिये दो चरणों में समाप्त हुए मतदान को 24 घंटे भी नहीं बीते थे कि प्रदेश के कद्दावर कांग्रेसी नेता टीएस सिंहदेव का यह बयान कि 'अगर वे इस समय मुख्यमंत्री नहीं बनाये गये तो यह उनका अंतिम चुनाव होगा', इस बात के संकेत दे रहा है कि पार्टी में जीत की स्थिति में शीर्ष पद के लिये खींच-तान हो सकती है। कांग्रेस आलाकमान के लिए यह चिंता का कारण हो सकता है कि उसके और मुख्य विरोधी दल भारतीय जनता पार्टी की सीटें बराबर या लगभग बराबर आती हैं तो सरकार बनने-बनाने में सिंहदेव कोई भूमिका निभा सकते हैं। उनकी भूमिका की गुंजाईश तभी समाप्त होगी अगर कांग्रेस को 2018 की तरह बहुत बड़ा बहुमत मिलता है। शुक्रवार को ही राज्य की 70 सीटों पर मतदान हुआ था। 20 सीटों पर पहले चरण के अंतर्गत मतदान 7 नवम्बर को हुआ था।

अनुमानों, ग्राउंड जीरो पर दिख रही परिस्थितियां, कांग्रेस के पक्ष में छग के भीतर ही नहीं वरन देश भर में दिखाई दे रहा माहौल और संगठन के भीतर का उत्साह भी बतला रहा है कि कांग्रेस के जीतने की पूरी-पूरी सम्भावना है। वैसे तो कई लोगों का मानना है कि भाजपा की सीटें बढ़ सकती हैं, लेकिन पलड़ा अंततः कांग्रेस का ही भारी बतलाया जा रहा है। विभिन्न दलों के अंदरूनी सर्वे भी यही सम्भावित परिणाम बतला रहे हैं। जीतने और फिर से सरकार बनाने की आश्वस्ति के बीच सिंहदेव का यह बयान कम से कम इस अवसर पर अनपेक्षित तो है लेकिन किसी भी तरह से चौंकाने वाला नहीं है। इसका कारण यह है कि पिछले पांच वर्षों के दौरान अनेक ऐसे मौके आये थे जब सिंहदेव ने न केवल अपनी इच्छा का इज़हार किया था वरन यह पद पाने के लिये हाथ-पैर भी मारे थे। यह अलग बात है कि मौजूदा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने उनके इन प्रयासों पर पानी फेर दिया था।

याद हो कि बघेल सरकार के जब एक साल पूरे होने जा रहे थे सिंहदेव ने कहा कि जब बघेल को सीएम बनाया गया था, तभी प्रदेश में ढाई-ढाई साल के लिये दो मुख्यमंत्री बनाने का फार्मूला तय हुआ था। सिंहदेव के अनुसार बघेल के ढाई साल पूरा होने के बाद उन्हें यह पद सम्भालना है। यह सभी को हैरान कर देने वाला दावा था क्योंकि उसके पहले इसके बारे में कभी सुना नहीं गया था। बघेल तत्काल दिल्ली गये और शीर्ष नेताओं का यह बयान लेते आये कि ऐसे किसी भी फॉर्मूले का कोई अस्तित्व नहीं है। जब इस सरकार के सचमुच में ढाई साल पूरे हुए तो यह बात फिर उठी लेकिन फिर दबा दी गई। देखना होगा कि सिंहदेव का बयान क्या गुल खिलाता है।

उल्टा पुल्टा

पत्नी (पति से)- तुम तो कहते थे कि शादी के बाद भी मुझे खूब प्यार करोगे?
पति- सॉरी यार! मुझे क्या पता था कि तुम्हारी शादी मेरे साथ हो जाएगी!

अस्ताचलगामी सूर्य को व्रती महिलाओं ने दिया अर्घ्य

छठ महापर्व पर रविवार की शाम अर्घ्य के समय छठ गीतों से गूंजते रहे

जगदलपुर, 19 नवंबर (देशबन्धु)। सूर्य उपासना का महापर्व छठ का चार दिवसीय अनुष्ठान के तीसरे दिन चैत्र शुक्ल षष्ठी यानी रविवार की संध्या

- तालाब व नदियों के घाट, घरों में रात भर चला कोशी भरने व पूजा का क्रम
- आज उगते सूर्य को अर्घ्य देकर व्रतधारी अपने व्रत का परायण करेंगे

अस्ताचलगामी भगवान भास्कर की पूजा हुई। व्रती महिलाओं ने तालाब और नदियों में भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया। व्रती महिला-पुरुष ने स्नान-ध्यान कर पीला व लाल वस्त्र धारण कर पूरी पवित्रता के साथ हाथों में बांस की सूपली में ऋतु फल, पकवान, ईख, नारियल, कलश दीप रखकर डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य दान किया। अर्घ्यदान को लेकर व्रतियों ने तालाब और नदियों पर बेदी बनाकर पूजन किया। व्रती व उनके स्वजन अस्ताचलगामी सूर्य की पूजा अर्चना करने के बाद आंगन एवं छत पर मिट्टी के कोशी को छठी के रूप में पूजा किए। सोमवार की सुबह व्रती महिलाएं उदित सूर्य को अर्घ्य अर्पित करेंगी। इसके साथ व्रतियों का 36 घंटे का निर्जला उपवास खत्म हो जाएगा और वे परायण करेंगी।

छठ महापर्व पर रविवार को श्रद्धालुओं ने महिलाओं ने अपने घर से गीत गाती हुई नदी तट और तालाब घाट के लिए निकली। इस दौरान महिलाओं ने गीत गाया। इस तरह के पारंपरिक गीत गाती हुई व्रती महिलाएं रविवार की शाम जब घाट पर पहुंचीं तो तालाब व नदियों पर आध्यात्मिक घटा बिखर गई। इस दौरान नदियों व तालाब किनारे बने छठ घाट भी छठ गीतों से गूंज उठे। छठ वेदियों की पूजा के बाद व्रती महिलाओं ने कमरभर पानी में खड़ा होकर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देकर घर की तरफ रुख किया। रात भर घरों में कोशी भरने और पूजन का क्रम चलता रहा। इस दौरान गंगा-डा तालाब, दलपत सागर, इंद्रावती नदी के महादेव घाट, पुराना पुल, आदि जगहों में पोखरा और नदी किनारे बने छठ घाट पर मेले जैसा माहौल रहा। इस दौरान आस्थावान लोगों ने व्रतियों को जगह-जगह स्वागत किया। सांझ ढलते ही जब महिलाएं घाट की ओर चलीं तो आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। सोलह श्रृंगार से सजी व्रती महिलाओं ने डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर सौभाग्य की कामना की। सोमवार की सुबह उदयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ इस महापर्व का समापन होगा। इस दौरान व्रतियों ने विभिन्न घाटों पर सूर्य षष्ठी देवी की अराधना की। इस अवसर पर वर्तमान विधायक रेखचंद जैन के साथ कांग्रेस के विधायक प्रत्याशी जतिन जायसवाल और भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी किरण सिंह देव अपने-अपने समर्थकों के साथ घाट पहुंचकर व्रती महिलाओं एव आमजनों को बधाई दी।

जलाराम बप्पा की निकली भव्य शोभायात्रा

जगदलपुर, 19 नवंबर (देशबन्धु)। जलाराम सेवा ट्रस्ट एवं गुजराती समाज के संयुक्त तत्वाधान में बप्पा जलाराम की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर रविवार को सुबह पांच बजे प्रभात फेरी निकाली गई। उक्त प्रभार फेरी काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। प्रभात फेरी सुबह पांच बजे गुजराती समाज जगदलपुर से प्रारंभ हुई, जो मुख्य मार्ग से होते हुए मेन रोड

जीवंत झांकी बना आकर्षण का केंद्र, आरती के बाद हुआ भंडारा

कोतवाली, मिताली चौक, चांदनी चौक होते हुए वापस जलाराम मंदिर पहुंची। इस दौरान जहां पर जलाराम बप्पा की भव्य आरती की गई उसके बाद प्रसाद वितरण किया गया।

जलाराम जयंती के दिन आश्रम एवं शिवानंद आश्रम में कुछ जरूरतमंद लोगों को कपड़े वितरण किए गए, आनेवाले दिनों में यह अभियान जारी रहेगा। ट्रस्टी ने बताया कि पिछले साल भी लगभग इस अभियान के तहत करीब 1000 लोगों को कपड़ा प्रदान किया गया था। रविवार की दोपहर तीन बजे जलाराम मंदिर से प्रारंभ हुई। इस दौरान बाजा गाजा के साथ श्रद्धालु नाचते गाते हुए और जयकारा लगाते हुए मुख्य मार्ग से होते हुए कोतवाली, एसबीआई चौक, गुरूद्वारा चौक, संजय मार्के, चांदनी चौक, शहीद पार्क होते हुए पुन-जलाराम मंदिर पहुंची। मंदिर में जलाराम जी की भव्य आरती की गई। इसके बाद भक्तों के लिए >> शेष पृष्ठ 9 पर>

ओंकारेश्वर ज्योर्तिलिंग में पूजा कर सुख-शांति की कामना

जगदलपुर, 19 नवंबर (देशबन्धु)। मध्यप्रदेश के धार्मिक स्थल के प्रवास पर निकले प्रदेश के पूर्व आबकारी एवं उद्योग मंत्री कवासी लखमा ने रविवार को ओंकारेश्वर ज्योर्तिलिंग दर्शन कर पूजा अर्चना की। उन्होंने बस्तर तथा छत्तीसगढ़ में सुख, शांति की कामना की। इस दौरान पत्नी साथ रही। उन्होंने शिवालय में दर्शन करने कतार में खड़े लोगों का अभिवादन कर सबकी मनोकामना पूरी होने की भगवान शंकर से प्रार्थना की।

जंगली हाथियों ने बस्तर को अपना ठिकाना बनाना शुरू कर दिया

जगदलपुर, 19 नवंबर (देशबन्धु)। बस्तर का घना जंगल, भरपुर पानी और मानव दखल कम होने के कारण जंगली हाथियों ने अपना ठिकाना बनाना शुरू कर दिया है। उत्तर बस्तर के कांकेर और भानुप्रतापपुर क्षेत्र में हाथियों का एक दल पहुंच चुका है। दो दिन पहले भी इन हाथियों ने कांकेर क्षेत्र में आतंक मचाया था। दरअसल जंगली हाथियों का दल बस्तर की ओर आने का कारण हाथियों का सुरक्षित ठिकाना रहा सरगुजा, अंबिकापुर, रायगढ़ व कोरबा क्षेत्र में एक के बाद कोयला खदानों की संख्या बढ़ते जा रही है, इसके कारण हाथियों का दल सुरक्षित ठिकाना तलाशते हुए बस्तर की ओर आगे बढ़ रहा है। वन्यप्राणी विशेषज्ञों के मुताबिक हाथियों का दल कांकेर के बाद केशकाल, कोंडागांव, नारायणपुर, बीजापुर के घने जंगल को सुरक्षित रहवास बना सकते हैं, क्योंकि इन इलाके में हाथियों के लिए

आहार की बेहतर सुविधा, जल संसाधन व मानव से कम संघर्ष की वजह आकर्षित करेगी। शाकाहारी व शांत प्रवृति होने की वजह से हाथी जल्द ही पर्यावरण से अपना सामंजस्य बैठा लेते हैं।

बताया गया है कि सरगुजा व जशपुर इलाके में हाथी शांत थे, लेकिन क्षेत्र में खनिज का उत्खनन तेजी से हुआ तो आक्रामक होने लगे और खेतों में फसल को नुकसान पहुंचाने लगे। अब हाथी सुरक्षित ठिकाना तलाशते हुए बस्तर के कांकेर तक अपनी दस्तक दे दिए हैं। मिली जानकारी के मुताबिक 1988 में 18 हाथियों का दल बिहार के रास्ते सरगुजा में प्रवेश किए थे। इसके बाद से हाथी इधर-उधर भटकते रहे और इसी इलाके में सुरक्षित ठिकाना बना लिए। इसके बाद धीरे-धीरे हाथियों की संख्या बढ़ती गयी। वर्तमान में छत्तीसगढ़ में हाथियों की संख्या 550 तक पहुंच गयी है। वहीं अब 18 हाथियों का एक दल बस्तर में दस्तक दे दिया है, लेकिन अभी सुरक्षित ठिकाना नहीं जमाएं हैं। सीसीएफ, वाइल्ड लाइफ राजेश पांडे ने बताया कि धमतरी व बालोद के रास्ते हाथियों का दल कांकेर व भानुप्रतापपुर तक पहुंचा है और इसके आगे बढ़ने व बीजापुर जिले में स्थित इन्द्रावती टायगर रिजर्व तक आने की संभावना है। उन्होंने बताया कि बस्तर में घना जंगल, भरपुर पानी व मान दखल कम होने के कारण हाथियों के लिए बस्तर सुरक्षित पनाहगाह साबित हो सकता है।

सालों से प्रभारी के भरोसे संचालित हो रहा पुरातत्व संग्रहालय

जगदलपुर, 19 नवंबर (देशबन्धु)। संभाग मुख्यालय स्थित पुरातत्व संग्रहालय महत्वपूर्ण विभाग में से एक है, बावजूद यह विभाग सालों से प्रभारी के भरोसे संचालित हो रहा है। पूर्णकालिक संग्रहालय अध्यक्ष की पदस्थापना नहीं होने के कारण विभागीय कामकाज प्रभावित हो रहा है। ज्ञात हो कि संग्रहालय अध्यक्ष की पदोन्नति के बाद उनकी पदस्थापना राजधानी में हुई है, लेकिन प्रभार अब भी उनके पास ही है, जिसके कारण कर्मचारियों को किसी भी काम के लिए राजधानी तक दौड़ लगाना पड़ता है। उल्लेखनीय है कि पुरातत्व विभाग का काम बस्तर में बिखरी पड़ी पुरातात्विक महत्व की प्रतिमाओं व शिलालेखों को संरक्षित करना है, लेकिन यह काम सालों से बस्तर में नहीं हो पा रहा है। पिछले करीब एक दशक से यहां एक भी नयी शिलालेख व प्रतिमा को नहीं लाया गया है। विभाग अब सिर्फ संग्रहालय तक ही सीमटकर रह गया है।

संग्रहालय के कर्मचारियों को किसी भी काम के लिए राजधानी जाना पड़ रहा या अधिकारी के आने का रहता है इंतजार

सालों से नहीं हुआ सर्वे: पुरातत्व विभाग में सर्वे करने अधिकारी व >> शेष पृष्ठ 9 पर>

सत्य साईं जन्मोत्सव सप्ताह निकाली गई भव्य शोभायात्रा

जगदलपुर, 19 नवंबर (देशबन्धु)। सत्य साईं बाबा के 98 वें जन्मोत्सव की शुरुआत मोती तालाब पारा स्थित साईं मंदिर में शुक्रवार से हुई है। इन सात दिनों तक मनाए जाने वाले इस जन्मोत्सव के दूसरे दिन शाम सात बजे वेद पाठ के बाद सामूहिक भजन की प्रस्तुति हुई। इसी तरह तीसरे दिन साईं बाबा जन्मोत्सव सप्ताह कार्यक्रम में रविवार को शोभा यात्रा निकाली गई। उक्त शोभायात्रा सत्यसाईं मंदिर से शुरू हुई। शोभा यात्रा सिरहासार

स्थित मां दंतेश्वरी मंदिर, गोल बाजार चौक, स्टेट बैंक चौक, चांदनी चौक और संजय बाजार मार्केट से होते हुए मंदिर पहुंची। इस दौरान रास्ते में काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल रहे। शोभायात्रा के दौरान सत्य साईं के भजन के साथ जयकारे लगाते हुए श्रद्धालु चल रहे थे, वहीं रास्ते में सभी को साईं का प्रसाद वितरण किया गया। इसके बाद सत्य साईं की पालकी यात्रा पुनः मोती तालाब पारा पहुंची। इस अवसर पर सत्य साईं >> शेष पृष्ठ 9 पर>

बंजर जमीन पर निलगिरी रोपण कर किसान कर रहे आर्थिक स्थिति सुधारने का प्रयास

जगदलपुर, 19 नवंबर (देशबन्धु)। बस्तर के किसानों ने बंजर जमीन में पिछले कुछ सालों में बड़ी संख्या में क्लोन नीलगिरी के पौधे का रोपण किया था, अब नीलगिरी के पौधे काटने के लायक हो गए हैं। वहीं

क्रेता के अभाव में हो रही परेशानी

ओड़िशा के व्यापारी सीधे किसानों से सम्पर्क कर खरीदी कर रहे हैं। बताया गया है कि व्यापारी नीलगिरी को कटवाकर सीधे जयपुर के पेपर मिल ले जा रहे हैं। वहीं कुछ स्थानीय व्यापारी भी नीलगिरी की खरीदी कर रहे हैं, लेकिन वे कम मात्रा में खरीद रहे हैं। उल्लेखनीय है कि सामाजिक वानिकी विभाग द्वारा किसानों को हर साल मुफ्त में क्लो नीलगिरी का पौधा वितरण किया जाता है।

क्लोन नीलगिरी का पौधा आंध्र प्रदेश से मंगवाया जाता है, इसके बाद किसानों को वितरित किया जाता है। इसके बाद किसान नीलगिरी के पौधे बड़े होने के बाद विक्रय कर सकता है। पूर्व में वितरित पौधे बड़े हो गए हैं और किसान विक्रय करने लगे हैं। हालांकि किसानों को प्रतिकिलो ढाई से तीन रूपए ही मिल रहे हैं। वहीं क्लोन नीलगिरी के पौधे भी अलग-अलग किस्म के हैं, कई पौधे तो जल्द ही बढ़ रहे हैं तो कई सालों बाद भी नहीं बढ़ पा रहे हैं, ऐसे किसान अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहे हैं।

मुंहमांगी कीमत पर देना मजबूरी

सामाजिक वानिकी विभाग द्वारा किसानों को मुफ्त में पौधे तो वितरण किया जाता है, लेकिन इसके विक्रय की कोई व्यवस्था नहीं है। इसके कारण ही किसान मुंहमांगी कीमत पर व्यापारियों के पास विक्रय करने मजबूर होते हैं। तीरथाण के किसान सुकुलधर ने बताया कि नीलगिरी लगाने के बाद जब पौधे बड़े होते हैं, तब विक्रय करने ग्राहक ढुढ़ना पड़ता है। इस साल एक व्यापारी ने सम्पर्क किया, लेकिन आधा लकड़ी ले जाने के बाद अब नहीं आ रहा है।

राष्ट्रीय नवजात शिशु देखभाल सप्ताह मोहलई में मनाया गया

जगदलपुर, 19 नवंबर (देशबन्धु)। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बकावंड अंतर्गत मोहलई में 15 नवम्बर से 21 नवम्बर तक राष्ट्रीय नवजात शिशु देखभाल सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में 18 नवम्बर को सेक्टर जैबेल के उप स्वास्थ्य केन्द्र सह हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में राष्ट्रीय नवजात शिशु देखभाल सप्ताह मनाया गया।

जिला टीकाकरण अधिकारी डा. सीआर मैत्री एवं डॉ हरीश मरकाम की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया। डां. मैत्री ने उपस्थित गर्भवती माता एव शिशु वती माता को नवजात शिशु की देखभाल करने के फायदे बताये एव छः माह तक केवल स्तनपान कराने एव छ माह के बाद उपरी आहार देने हेतु प्रेरित किया। डा. मरकाम ने हल्बी-भतरी मे नवजात शिशु की देखभाल के बारे में विस्तारपूर्वक स्वास्थ्य शिक्षा देते हुए कहा कि नवजात को जन्म के बाद एक घंटे के अंदर मां का दूध अवश्य पिलाना चाहिए। माँ का दूध अमृत है, जिसमें कई गंभीर बिमारियों से लड़ने की शक्ति प्रदान करता है।

शिशु को गर्म कपड़े में ढंक कर रखे: जन्म के बाद शिशु को गर्म कपड़े पहनाकर ढंक कर रखने हेतु बताया। एक दिन में कम से कम चार से छः बार माँ का दूध पिलाना चाहिए। नवजात शिशु को साफ सफाई का विशेष ध्यान रखना। जब भी बच्चा मल मूत्र करे तो तत्काल कपड़ा बदलकर साफ करना हेतु समझाया। अधिक समय तक नवजात शिशु को नमी में न रखने की बात कही।

बच्चे को दस्त-निमोनिया से बचाता है: बीईटीओ पदमनी लाल ने कहा कि नवजात को हमेशा माँ अपने सिने से लगाकर बच्चे को रखना चाहिए जिससे माँ एव बच्चे के अंदर अपनत्व की भावना के साथ साथ निमोनिया होने का खतरा कम होता है। नवजात को लगातार स्तनपान कराने से जल्दी गर्भ ठहरने का खतरा कम रहता है। बकावंड के पर्यवेक्षक दिनेश परते ने बताया कि जब की ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवस मे आते है तो टीकाकरण कार्ड अवश्य लावे एवं पहले छः माह में मां का दूध में शिशु को पूर्ण आहार मिलता है, यह बच्चे को दस्त निमोनिया जैसी गंभीर बीमारियों से बचाता है।बच्चे के मानसिक विकास में सहायक है मां का दूध शिशु को आसानी से पच सकता है।

डिप्रेशन में आए बच्चे ने उठाया गलत कदम, डॉक्टर ने बचाई जान

जगदलपुर, 19 नवंबर (देशबन्धु)। डिप्रेशन में आने से आत्महत्या की प्रवृत्ति युवाओं में बढ़ गई है। कभी पढ़ाई में कमजोरी होने से तनाव तो कभी माता-पिता के सपने पूरे न कर पाने से मानसिक उलझन छात्र-छात्राओं को जीने नहीं दे रही है। सुकमा की एक 12 वर्षीय बालिका फांसी लगाकर आत्म हत्या की प्रयास की। परिजनों ने देख कर फंदे से उतार कर अस्पताल ले गए। डॉक्टरों ने मेडिकल कॉलेज भेज दिया। मेकाज के डॉक्टरों ने कोमा में गई बालिका की जान बचाई।

मेकाज के अधीक्षक एवं वरिष्ठ डॉक्टर अनुरूप साहू ने बताया कि सुकमा से एक 12 वर्षीय बच्ची को 15 नवंबर को मेडिकल कॉलेज में लाकर भर्ती कराया गया। बच्ची अपने घर में फांसी लगा ली थी, उसे फंदे से उतार कर सुकमा जिला अस्पताल से डिमरापाल अस्पताल के शिशु रोग विभाग में रात्रि डेढ़ बजे भर्ती कराया गया बच्ची कोमा में चली गई थी, बच्ची की हालत बहुत गंभीर थी। हाईपाक्सिक एन्केलोपैथी की वजह से बेहोश थी। मेकाज के डॉक्टर और स्टॉफ ने इन्टेसिव ईलाज दिया। चिकित्सक और स्टाफ के अथक प्रयास से बच्ची ठीक हुई। बच्ची को कोमा से बाहर लाने वाले डॉ अनुरूप साहू, डॉ मंडावी और डॉ हरेश ने समझाईश दिया और भविष्य में पुनराव्रिति नहीं करने कहा गया।

सबसे ज्यादा पाटन, सबसे कम मतदान वैशालीनगर

भिलाईनगर, 19 नवम्बर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 मतदान सम्पन्न के बाद आज जिले में खामोशी देखी गई। चुनाव के बाद अब आंकलन का तौर शुरु हो गया। सभी अपने अपने प्रत्याशियों के विजयी होने का दावा करते देखा गया। इस वर्ष मतदाताओं ने उत्साह पूर्वक चुनाव में भाग लिया। जिले में सबसे ज्यादा मतदान मुख्यमंत्री के विधानसभा पाटन में हुआ। पाटन में 84.27 प्रतिशत रहा। सबसे कम मतदान वैशालीनगर विधान सभा क्षेत्र में रहा। वैशाली नगर में 65.71 प्रतिशत रहा। भिलाई नगर विधानसभा चुनाव में 66.34 प्रतिशत रहा। पाटन के बाद सबसे ज्यादा मतदान अहिवारा विधानसभा क्षेत्र का रहा। अहिवारा विधानसभा में 74.74 प्रतिशत मतदान हुआ। इस तहत मतदान का प्रतिशत काफी संतुष्ट रहा। मतदान के प्रति लोगों में भारी उत्साह देखा गया। महिलाओं सहित सभी वर्गों में दिखा भारी उत्साह रहा। सबसे ज्यादा उत्साह फर्स्ट टाइम वोटर ने किया दूसरे और आखिरी चरण का मतदान शाम 5 बजे खत्म हो गया है। किन्तु ऐसे कई बथ्थे। जिसमे शाम 7 बजे तक लोग मतदान करते देखे गये। निर्वाचन अधिकारी के अनुसार मतदान केन्द्र में शाम 5 बजे तक जितने लोग आ चुके रहते है, उन्हे मतदान देने का अधिकार होता है। मतदान के प्रति शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों का भारी उत्साह देखा गया। वे स्वस्फूर्त मतदान हेतु मतदान केन्द्रों में पहुंचे एक ओर जहां नये युवा मतदाताओं में मतदान के प्रति ललक थी, वहीं वृद्धजन एवं महिलाएं भी पीछे नहीं थीं। शहरी क्षेत्रों के मतदान केन्द्रों में सुरक्षा का व्यापक प्रबंध किया गया था। पुलिस अधिकारी, फोर्स लगातार गश्त कर रहे थे। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में भी मतदान दलों को पुलिस प्रशासन द्वारा बेहतर सुरक्षा मुहैय्या कराई गई थी। कई स्थान पर वृद्धजनों को पुलिस जवानों ने मतदान स्थल तक ले जाने मे अपना सहयोग दिया। मतदाताओं ने अपनी जागरूकता का परिचय देते हुऐ अपना निर्णय ईण्व्हीण्एम्ण् एवं व्हीण्व्हीण् पैट में दर्ज किया। पहली बार अपनी मताधिकार का प्रयोग करन वाले लोगो ने सेल्फी पाईट में जाकर अपनी माता के साथ सेल्फी ली।

ऑनलाइन प्रश्नावली का लिंक कोड होम पेज पर उपलब्ध

विजन के प्रारूप के निर्माण लिए प्रश्नावली का विमोचन

भिलाईनगर, 19 नवम्बर (देशबन्धु)। सेल के विज़न के पुन: प्रारूप के निर्माण के लिए निदेशक प्रभारी सभागार भिलाई इस्पात संयंत्र में आज शनिवार को एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अनिर्बान दासगुप्ता ने कहा कि एक नया विज़न स्टेटमेंट हमारी आकांक्षा है। मैं सभी कर्मचारियों और हितधारकों से इस पहल में सक्रिय रूप से भाग लेने का आग्रह करता हूं। उन्होंने कहा, हमारे लिए प्रत्येक की राय महत्वपूर्ण है। जिससे हम अपने विज़न स्टेटमेंट को सामूहिक रूप से अपना सकें। हमें अपना दृष्टिकोण इस प्रकार स्पष्ट करना चाहिए कि हम स्थिरता की दिशा में काम करें। अनिर्बान दासगुप्ता द्वारा विधिवत इस प्रश्नावली का विमोचन किया गया। उन्होंने अपने उद्बोधन में इस पहल की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए इसकी सफ्लता के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने सभी वरिष्ठ अधिकारियों का आह्वान किया कि वो इस प्रश्नावली को भरने के लिए सभी कार्मिकों को प्रेरित करें। इसके अलावा कार्यक्रम में कार्यपालक निदेशक वर्क्स अंजनी कुमार, कार्यपालक निदेशक परियोजनाएं, सुब्रत मुखोपाध्याय, कार्यपालक निदेशक सामग्री प्रबंधन, ए के चक्रवर्तीए कार्यपालक निदेशक वित्त एवं लेखा, डॉ ए के पंडा, कार्यपालक निदेशक राबघाट, समीर स्वरुप कार्यपालक निदेशक कार्मिक एवं प्रशासन, पवन कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी रविन्द्रनाथ एम एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे। जिसमें बताया जाता है कि वह संगठन क्या बनना चाहता है। यह किसी कंपनी के प्रयास करने के लिए एक लक्ष्य के रूप में कार्य करता है। सेल अपने दृष्टिपथ को तैयार करने की प्रक्रिया में हैं और इसमें सभी कार्मिकों को इस यात्रा में एक महत्वपूर्ण हितधारक माना गया है। कार्मिकों के विचार और सुझाव प्राप्त करने के लिए एक द्विभाषी सर्वेक्षण प्रश्नावली एएसीआई हैदराबाद द्वारा डिजाइन किया गया है। जिसे ऑनलाइन भरा जा सकता है। कार्यक्रम में सर्वप्रथम, महाप्रबंधक मानव संसाधन विकास और नोडल अधिकारी, अमूल्य प्रियदर्शी द्वारा इस अभिनव पहल के बारे में एक प्रस्तुतीकरण दिया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम में उपस्थित कार्यपालक निदेशकों ने इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त किये और इस पहल की सफ्लता में अपने सक्रिय योगदान का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के आरम्भ में मुख्य महाप्रबंधक मानव संसाधन विकास सुश्री निशा सोनी ने स्वागत उद्बोधन दिया तथा सहायक महाप्रबंधक जनसंपर्क सुश्री अपर्णा चंद्रा ने कार्यक्रम का संचालन किया।

आज चित्रकार डॉ. तिवारी की पेटिंग प्रर्दशनी

भिलाईनगर, 19 नवम्बर (देशबन्धु)। मे ललित कला अकादमी के रीजनल सेन्टर खोले जाने को लेकर होने वाले टाक शो में इस रविवार 19 नवंबर को चित्रकार डॉ ध्रुव तिवारी की सिविक सेंटर कृष्ण अर्जुन रथ परिसर मे इस दौरान संध्या 6 से 7 बजे तक उनके पेन्टिंग की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा की जाएगी। संयंत्र और ललित कला अकादमी दिल्ली को धन्यवाद देने के लिए शुरू किये गये इस टाक शो को जनता का बेहतर प्रतिसाद मिल रहा है। जिसमें भिलाई मे ललित कला अकादमी के रीजनल सेन्टर खोले जाने हेतु समस्त कलाकारो के साथ ही देश विदेश मे फैले कलाकार भी उत्साहित हैं। यहां प्रति रविवार किसी एक प्रख्यात कलाकार की कला पर चर्चा की जाती हैं। इसी कड़ी में डॉ ध्रुव तिवारी की कला पर चर्चा है जो केन्द्रीय विद्यालय रायपुर में ड्राइंग टीचर हैं। उनके चित्रों में गांव के पगडंडी, पेड़, पालतू जानवर सहज ही मिल जाते हैं। उन्होंने बस्तर के आदिवासियों के बीच जाकर वर्षों तक काम किया हैं, और उनकी लोक कला का रूपप्रद के संदर्भ में शोध किया है। उन्होंने आदिवासियों के मृतक स्तंभों पर भी व्यापक अनुसंधान किया है। केंद्रीय विद्यालय संगठन तथा एनसीईआरटी ने उनकी राष्ट्रीय स्तर का प्रशिक्षक बनाया है। जिसमें वे देश भर के कला शिक्षकों को प्रशिक्षण देते हैं। वे मुंबई, मैसूर, ग्वालियर, खैरागढ़, रायपुर के साथ ही राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अनेक सोलो शोज़, कई गैलरी तथा एयरपोर्ट व मॉल पर शो कर चुके हैं। अनुराग्यम् कला, कला फिल्म तथा मॉडलिंग के क्षेत्र मे भी उनका काम उल्लेखनीय रहा है।

जलाराम जयंती पर निकली शोभा यात्रा

भिलाईनगर, 19 नवम्बर (देशबन्धु)। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी बापू नगर खुर्सीपार स्थित श्री जलाराम मंदिर में संत शिरोमणि जलाराम बापा की 224 वीं जयन्ती हर्षोल्लास के साथ मनाई जावेगी। 22 वर्ष पूर्व बापू नगर में निर्मित भव्य मंदिर में संत जलाराम के भक्तों ने आपसी सहयोग से श्री जलाराम बापा तथा श्री राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा की तथा दो वर्ष पूर्व शिवलिंग एवं दुर्गा माँ की भी प्राण प्रतिष्ठा की जा चुकी है। इस मंदिर में प्रति वर्ष श्री जलाराम जयन्ती के अवसर पर पूजा अर्चन, महायज्ञ एवं भंडारे का आयोजन किया जाता है। जिसमें दर्शनार्थी बड़ी संख्या में खुर्सीपार आते हैं और प्रसाद ग्रहण करते हैं। 18 नवम्बर को संध्या 3 बजे शोभा यात्रा जलाराम मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए पुन: मंदिर प्रांगण में पहुंची। 19 नवम्बर प्रात: 10 बजे से पूजा अर्चना, हवन दोपहर 12 बजे से भंडारा प्रारंभ एवं कीर्तन संध्या तक रात्रि 8.30 बजे से रास गरबा।

चुनाव के बाद मारपीट पुलिस ने किया दर्ज

भिलाईनगर, 19 नवंबर (देशबन्धु)। मतदान समाप्ति के उपरांत कांग्रेस व भाजपा के लोग सेक्टर 7 में मारपीट का मामला कोतवाली थाने सेक्टर-6 में दर्ज किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कांग्रेस पार्षद के साथ भाजपा के नेताओं ने मारपीट की है इस मामले को लेकर भिलाई नगर थाने का भी घेराव किया गया और अंतत: मारपीट के आरोप में मनीष सहित चार लोगों के खिलाफअपराध दर्ज कर लिया गया है फिलहाल इस मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है चर्चा यह भी है कि इस मारपीट के दौरान कांग्रेसियों ने भिलाई नगर थाने के एक आरक्षक के साथ अभद्र व्यवहार किया गया। टाउनशिप के भिलाई विद्यालय मतदान केंद्र में सुरक्षा बल और कांग्रेस नेताओं के बीच झड़प में सेक्टर 2 के कांग्रेसी नेता की पिटाई किए जाने का मामला भी चर्चाओं में है। भिलाई विधानसभा का मतदान समाप्त होने के उपरांत भारी हंगामा हुआ कांग्रेस और भाजपा समर्थकों के बीच कहां सनी इतनी बढ़ गई की कांग्रेसी पार्षद उमेश साहू की सेक्टर-7 में पिटाई किए जाने का मामले को लेकर विधायक देवेंद्र यादव के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने भिलाई नगर थाने का घेराव करके आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किए जाने की मांग को लेकर धरना दिया गया।

लिखित शिकायत के बाद पुलिस ने मनीष, चिन्ना सहित चार लोगों के खिलाफ भिलाई नगर थाने में अपराध दर्ज किया गया है। कांग्रेसियों ने कोतवाली को घेर लिया है। हंगामा बढ़ता जा रहा है। कांग्रेस का आरोप है कि उमेश साहू पर जानलेवा हमला किया। जानकारी के अनुसार वार्ड 67 सेक्टर 7 के पार्षद उमेश साहू ने पुलिस को बताया कि रात साढ़े 8 बजे वह अपने दोस्त अमन, आशीष के साथ बीएसपी हायर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर-7 में चर्चा कर रहा था तभी भाजपा नेता मनीष, चन्ना, अमरा और हरीश अपने साथियों सहित पहुंचे और उनसे मारपीट करने लगे। पुलिस ने देर रात उमेश साहू की रिपोर्ट पर मनीष, चन्ना, अमरा और हरीश के खिलाफ धारा 294, 323, 34, 506 के तहत अपराध दर्ज किया है। पीड़ित पार्षद उमेश साहू का डाक्टरी मुलाहिजा करवाया गया है। एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना की जा रही है। वही इस मामले में पूर्व मंत्री प्रेम प्रकाश पाण्डेय ने कहा कि यदि मारपीट की घटना हुई है तो इसकी जांच की जानी चाहिए उन्होनें स्पष्ट रुप से कहा कि कहने से कुछ नही होता, यदि आरोप लगाने वाले यह प्रूफ कर दे कि मारपीट में मनीष का हाथ है। उन्होनें कहा कि कांग्रेस का एक ही काम है केवल झूठ बोलना। उन्होनें कहा कि अब तो चुनाव सम्पन्न हो चुके है। सभी प्रत्याशियों की किस्मत ईव्हएम में कैद हो चुकी है। इस स्थिति में अब झूठ बोलने का कोई फायदा नही है। इस मामले में विधायक देवेन्द्र यादव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के पार्षद पर हमला निंदनीय है। उन्होनें कहा कि सेक्टर-7 में भी एक भाजपा कार्यकर्ता द्वारा मतदान करने वाले लोगों को लालच देने का कार्य किया जाने का आरोपी लगाया। विधायक देवेन्द्र यादव ने कहा कि सेक्टर-2 में भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं को साथ मारपीट की घटना की बात उन्होनें कही। इस मामले में पुलिस हर पहलूओं के जांच कर रही है। चुनाव के दौरान तनाव की स्थिति से पुलिस को काफी परेशान हुई। पुलिस सर्तकता से चुनाव पुरी तरह से शांति पूर्वक सम्पन्न हुआ।

काव्य संग्रह अम्मर बाई कथे का विमोचन

भिलाईनगर, 19 नवम्बर (देशबन्धु)। प्रसिद्ध कवि केदार दुबे के काव्य संग्रह अम्मर बाई कथे का विमोचन हुआ। चार पंक्तियों के छत्तीसगढ़ी चारगोड़िया इस संग्रह की विशेषता है। बिल्हा के रचनाकार केदार दुबे का यह नया संग्रह ज्ञान मुद्रा प्रकाशन से आया है । इससे पूर्व केदार दुबे के हिन्दी एवं छत्तीसगढ़ी में तीन संग्रह आ चुके हैं। विमोचन के अवसर पर केदार दुबे का सम्मान अतिथियों ने शाल श्रीफल से किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रवि श्रीवास्तव ने कहा कि केदार दुबे लंबे समय से लिख रहे हैं। उनकी कविताएँ आकाशवाणी से लगातार प्रसारित हुई है। अगासदिया परिसर में बिल्हा के कवि की किताब का विमोचन बहुत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम के अध्यक्ष विजय गुप्ता ने कहा कि लंबे समय तक रचनाशील रहना बड़ी साधना है। विशेष अतिथि डॉ.सुधीर शर्मा ने कहा कि केदार दुबे भाषा शास्त्री एवं शिक्षा शास्त्री भी है। डा. सोनाली चक्रवर्ती विशेष अतिथि ने कहा कि छोटी छोटी रचनाएँ बड़े प्रभाव के साथ सामने आई हैं। तमाम विसंगति से जुझकर समाज साहित्य, कला एवं सेवा में ही सार्थकता तलाशता है। छत्तीसगढ़ जनवादी लेखक संघ के अध्यक्ष डॉ.परदेशीराम वर्मा ने कहा कि केदार दुबे की रचनाएँ लोकमंच के माध्यम से जन जन तक पहुँची है। वे आज भी रचनाशील हैं यह बड़ी खुशी की बात है। अगासदिया परिसर को उन्होंने विमोचन के लिए चुना यह उनका बिल्हा और भिलाई के बीच पुल बनाने का रचनात्मक प्रयास है। कार्यक्रम में रजनी नेल्सन, प्यारेलाल देशमुख, डॉ. चंद्रशेखर, दिलीप बंजारे, अजय शर्मा, मनोहर दास, त्रयंकक सादकर, सचिन निषाद, प्रो. अभिषेक सुराना, डॉ. रजनीश उमरे, योगेश पाण्डे, हेमलाल कौशल, बी.एल. मालवीय, प्रदीप वर्मा, नीतीश, करन वर्मा, निक्कू पटेल, रामलाल शर्मा उपस्थित थे। कार्यक्रम संचालन नारायण चंद्राकर ने किया। अजय शर्मा ने आभार व्यक्त किया।

घूमंतु मवेशियों को निगम टीम ने पकड़ा

भिलाईनगर, 19 नवम्बर (देशबन्धु)। निगम क्षेत्र अंतर्गत सड़कों से घूमंतु मवेशियों को निगम की टीम अभियान चलाकर पकड़ रही है। निगम आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर चलाए जा रहे शासन की योजना रोका छेका संकल्प अभियान अंतर्गत निगम भिलाई का दस्ता साहरा चौराहा, जवाहर मार्केट सब्जी मंडी, रामनगर, वैशालीनगर में पशुओं के सड़क पर बैठे होने की शिकायत सूचना पर दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और घूमंतु मवेशियों को पकड़ा गया। इसी प्रकार निगम की टीम बीते दो दिन में कोहका, सूर्या मॉल रोड, कोसा नगर, जीई रोड, सेक्टर एरिया, केम्प क्षेत्र सहित संपूर्ण निगम क्षेत्र में रोका छेका दल के कर्मचारी काउ कैचर के साथ घूम घूम कर 46 घूमंतु मवेशियों को पकड़कर शहरी गौठान में रखा गया है। जहां पशुओं के लिए पर्याप्त मात्रा में चारा पानी एवं रहने के लिए शेड की व्यवस्था है। मिली जानकारी के अनुसार सड़को पर अवारा मवेशियों को खुले में छोड़ने वाले पशु मालिकों को निगम प्रशासन पहले समझाईश दे रहे है। नही मानने पर पशु मालिकों के खिलाफ निगम द्वारा अर्थ दंड की कार्यवाही भी की जाती है। निगम के अनुसार सड़कों पर मवेशियों के कारण होने वाली घटनाओं पर रोक लगाने अथवा नियंत्रण के लिये निगम प्रशासन द्वारा इस तरह की कार्यवाही की जाती है।

पुलिस ने दो को किया गिरफ्तार, 2 लाख की जप्त

भिलाईनगर, 19 नवंबर (देशबन्धु)। दुकान से चोरी की घटना को अंजाम देने के बाद आरोपित ने चोरी की रकम से दिल्ली में जमकर मौज मस्ती की। मौज मस्ती में ही चोरों ने दो लाख 84 हजार रुपये उड़ा दिए। वहीं शेष रकम को पुलिस ने बरामद कर ली है। आरोपी भिलाई कोहका निवासी 18 वर्षीय मो. जुनैद और भिलाई कैंप वन रोड नंबर 18 संग्राम चौक निवासी 19 वर्षीय नीरज ने छह नवंबर को गंजलाइन स्थित दुकान के गल्ले में रखे चार लाख 90 हजार रुपये को चोरी कर ले गए थे। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने विशेष टीम गठित कर जांच कर रही थी। शहर के अलग.अलग क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी फुटेज में दोनों आरोपित दिखे। पुलिस ने दोनों आरोपितों को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की। पूछताछ में आरोपित ने दुकान के गल्ले से रकम को चोरी कर दिल्ली में खर्च करना स्वीकार किया है। आरोपितों के कब्जे से पुलिस ने नकद दो लाख चार हजार रुपये, मोटर साइकिल और चोरी में प्रयुक्त पेचकस को बरामद कर लिया। दोनों आरोपितों के खिलाफ करीब चार से अधिक थानों में अपराध दर्ज है। दोनों आदतन अपराधी हैं। इसके पहले भी अलग.अलग मामलों में जेल जा चुके हैं। पुलिस ने शहर में लगे 110 से अधिक सीसीटीवी कैमरों के फुटेज का खंगाला। जिसके बाद आरोपित की पहचान हो पाई। पुलिस ने बताया कि आरोपित मो. जुनैद के कब्जे से नगदी रकम एक लाख 64 हजार एवं घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल. पेचकस और दूसरे आरोपित नीरज के पास से नकदी 40 हजार रुपये जब्त किया गया है। दोनों आरोपितों को कोतवाली पुलिस ने जेल भेज दिया है।

पॉली क्लोरो बाइ फिनाइल और पीसीबी दूषित कचरे का निपटारा

भिलाईनगर, 19 नवम्बर (देशबन्धु)। पीसीबी कचरे के पर्यावरण.अनुकूल निपटारे हेतु बीएसपी फेसेलिटी के प्रोटोटाइप मॉडल का उद्घाटन पॉली क्लोरो बाइ फिनाइल और पीसीबी दूषित कचरे के पर्यावरण.अनुकूल निपटान के लिए स्थापित बीएसपी की सुविधा के एक प्रोटोटाइप मॉडल का उद्घाटन किया।

प्रादेशिकी का शेष...

जलाराम बप्पा की निकली...

भंडारे का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप से गुजराती समाज के अध्यक्ष नवीन भानुशाली, मनोज चावड़ा, नरेंद्र मोतीवाला, प्रताप भानुशाली, प्रकाश चावड़ा, विपिन, रमेश चावड़ा, मेहुल ठक्कर, भीमजी चावड़ा, हार्दिक चावड़ा, अशोक, विकास चौहान समेत सैकड़ों की संख्या में महिलाएं शामिल रहीं।

सालों से प्रभारी के भरोसे...

वाहन की व्यवस्था नहीं होने के कारण सालों से सर्वे का कार्यनहीं हो पा रहा है। हालांकि पूर्व में दक्षिण बस्तर सहित मध्य बस्तर में सर्वे करने योजना बनाई गयी थी, लेकिन बाद में कोरोना संकट शुरू होने के कारण प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पायी। अब जब तक पूर्णकालिक अध्यक्ष की पदस्थापना नहीं होगी, तब तक सर्वे शुरू करना मुश्किल है।

सत्य साईं जन्मोत्सव सप्ताह...

की आरती उतारी गई और भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया। इसी तरह 20 नवंबर को महारानी हास्पिटल में रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। समिति के सदस्य संजय कुमार, मुकेश रायकवार ने बताया कि 23 नवंबर को पूजा की शुरुआत ओंकारम, सुप्रभातम और नगर संकीर्तन से होगी।

तीसरे दिन शुरुवात प्रात: शिप्रा गणपति हवन

पीटी उल्लास के द्वारा भजन संध्या का आयोजन

भिलाईनगर, 19 नवम्बर (देशबन्धु)। स्कंदाश्रम मे चल रहे स्कंदषष्ठी समारोह के तीसरे दिन आज शुरुवात प्रात: श्री शिप्रा गणपती हवन से हुई जो कार्यसिद्धि दीर्घायु वृद्धि एवं मन की शांति तथा वृद्धि हेतु संपन्न हुआ तत्पश्चात समाज मे प्रसिद्धि के लिए तनाव रक्चाघ, हृदय एवं त्वचा संबंधी रोगो से मुक्ति, शत्रुओ से मुक्ति, सरकारी नौकरी मे सफलता, अपना घर भूमि प्राप्त करने दीर्घायु शांति और सुरक्षा प्राप्त करने के लिए बुरी नजर दोष और पाप को दूर करने के लिए संपन हुआ। दोपहर1 बजे वद्पुराजा, कन्या सुहासनी दंपति पूजा वसुधारा हवन एवं महापुर्णाहुति दीप आरावना के पश्चात सभी भक्तजनो ने प्रसाद ग्रहण किया। संध्याकाल में 7 बजे पी टी उल्लास के द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया गया। यह आयोजन ब्रम्हश्री राघवन शास्त्रीगल के साथ पधारे तमिलनाडू के सुप्रसिद्ध वेदाचार्य आर अरविंद, तिरुमलाई वेंकटेश, जी संकर नारायनन, के मानिकंदन, हरिहरन श्रीधरण, ए सी राघवन, श्री वेंकटा सुबरमानी श्री डी अखिल, एस हरीकृशन,श्री आर मुरलीथरन,श्री ए रघुनंदन, श्री एन गोकुलकृषणन एवं श्री गुरुनाथ स्वामी के द्वारा सम्पूर्ण हवनों को सम्पन्न किया गया ज्ञात हो कि एक दिन पूर्व स्कंद षष्ठी 2023 के दुसरे दिन प्रात: श्री लक्ष्मी गणपती पूजा से हुई जो धन प्राप्ति, उन्नत वितीय स्थिती, सदभाव और पारिवारिक मामलो मे सफलता, सभी बधाओ को दूर करने, केतु दशा समस्याओ के लिए शक्तिशाली उपाय हेतु सम्पन हुआ। तत्पश्चात धनधन्य वृद्धि परिवार मे संकट को दूर करने तथा शांति बहाल करने हेतु हवन आयोजित किया गया। इसके बाद श्री सुदर्शन हवन हुआ जो उत्कृष्ट औधोगिक विकास, अत्यधिक सफ्ल लाभ, शक्तिशाली शत्रुओ, श्रम मुद्दो और प्रतिस्परार्धो के कारण तीव्र समस्या से राहत हेतु आयोजित हुआ। इसके बाद शीघ्र-विवाह के लिए विवाह बाधा से मुक्ति हेतु स्वयंबर पार्वती हवन किया गया था।

हुड़को कालीबाड़ी मंदिर में चोरी का प्रयास, सीसी कैमरे में कैद

भिलाईनगर, 19 नवम्बर (देशबन्धु)। हुडको कालीबाड़ी में चौथी बार चोरी का प्रयास किया गया है। बीती रात्रि अज्ञात चोर ने सब्बल से चैनल गेट को तोड़ते हुए मंदिर के अंदर प्रवेश किया। मंदिर के अंदर लगे सीसीटीवी को तोड़ दिया गया लेकिन उसके पहले ही आरोपी का चेहरा उसमें कैद हो गया था। सब्बल से दानपेटी को तोड़ने का प्रयास किया गया लेकिन चोर सफ्ल नहीं हो सका। हुडको कालीबाड़ी के बबलू विश्वास ने बताया कि उन्हें शनिवार की सुबह सूचना मिली की मंदिर में चोरी का फिर प्रयास किया गया है। काली मंदिर चोरी की यह चौथी वारदात है। कोतवाली पुलिस अब तक आरोपी को पकड़ने में सफ्लता नहीं पाई है। पुलिस के अनुसार मंदिर में लगे सीसी कैमरे के अनुसार आरोपी की पहचान कर ली गई है। पुलिस ने बताया कि चोरी के प्रयास की रिपोर्ट दर्ज कर इसमें विवेचना शुरु कर दी गई है। आमदी नगर हुड़कों स्थित कालीबाड़ी मंदिर में चोरी करने की यह चौथी घटना पर कालीबाड़ी समिति में पुलिस से कड़ी कार्यवाही की मांग की है।

हत्या के फरार आरोपी को माकड़ी पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

कोण्डागांव, 19 नवम्बर (देशबन्धु)। 6 नवम्बर 2023 को ग्राम झाकरपारा में बड़े भाई ने छोटे भाई की भरमार बन्दूक से हत्या कर दी थी और घटना कारित करने के बाद से आरोपी फरार था, उसी हत्या के आरोपी को माकड़ी पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिए जाने के साथ ही घटना में प्रयुक्त भरमार बन्दूक, बारूद, लोहे के टुकड़े एवं पटाखे को जप्त किया गया है।

पुलिस ने जानकारी दी कि घटना 6 नवम्बर 2023 की रात्रि तकरीबन 8:30 बजे आरोपी नंदकुमार नाग अपने पिता मंगलूराम नाग से समाज में मिलवाने की बात को लेकर गाली-गलौज झगड़ा विवाद कर रहा था। आरोपी नंदकुमार नाग की पत्नी पुनीता नाग अपने पति को समझा रही थी। उसी समय नंदकुमार नाग के छोटे भाई राजेन्द्र नाग की पत्नी रोहिणी नाग अपने पति राजेन्द्र नाग को फोन करके बुलाई, राजेन्द्र नाग घर पर पहुंचकर अपने बड़े भाई नंदकुमार नाग को झगड़ा नहीं करने और जो भी बात है, अगले दिन सुबह करने के संबंध में समझा रहा था। तब आरोपी नंदकुमार नाग अत्याधिक गुस्से में आकर घर के अन्दर जाकर वहां रखे अपने अवैध भरमार बन्दूक को घर से निकाला और आंगन में खड़े अपने छोटे भाई राजेन्द्र नाग के ऊपर चला दिया। भरमार बन्दूक का छर्रा राजेन्द्र नाग के छाती में लगा, जिससे घटना स्थल पर ही राजेन्द्र नाग की मृत्यु हो गई। आरोपी नंदकुमार नाग घटना कारित करके घर के बाड़ी तरफ से खेत जंगल की ओर फरार हो गया। प्रार्थिया रोहिणी नाग की सूचना पर थाना माकड़ी में अपराध क्रमांक 63/2023 धारा

भरमार बंदूक की गोली से बड़े भाई ने मारा था छोटे भाई को

302 भादंवि 25, 27 आर्म्स एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए वाय. अक्षय कुमार (भा.पु.से.) पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव के निर्देशानुसार एवं दौलतराम पोर्ते अति. पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव व निमितेष सिंह पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कोण्डागांव के मार्गदर्षन में आरोपी को पकड़ने हेतु निरीक्षक विनोद साहू के नेतृत्व में थाना माकड़ी एवं साईबर सेल कोण्डागांव की संयुक्त टीम गठित की गई थी। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्षन एवं संयुक्त टीम के प्रयास से तथा मुखबीर के सूचना के आधार पर आरोपी नंदकुमार पिता मंगलूराम नाग 37 वर्ष जाति हल्बा निवासी झाकरपारा माकड़ी थाना माकड़ी जिला कोण्डागांव को ग्राम जलंगपार जिला नबरंगपुर (ओड़िषा) के जंगल से घेराबंदी कर हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार किया। आरोपी नंदकुमार नाग के मेमोरेण्डम कथन के आधार पर घटना में प्रयुक्त एक भरमार बन्दूक तथा भरमार बन्दूक में उपयोग होने वाले बारूद, लोहे के टुकड़े एवं पटाखा को जप्त किया गया। आरोपी नंदकुमार नाग को पर्याप्त साक्ष्य सबूत के आधार पर 19 नवम्बर 2023 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेष पर न्यायिक रिमाण्ड पर केन्द्रीय जेल जगदलपुर भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक विनोद साहू, सउनि राकेष कुमार भोयर, प्र.आर.मोनाराम मण्डावी, सहदेव कुंजाम, आरक्षक प्रकाष मण्डावी, गंगाराम मरकाम, केमेन्द्र उइके, योगेन्द्र ध्रुव, केदूराम नेताम, मनेष मण्डावी तथा साईबर सेल कोण्डागांव से प्रधान आरक्षक नरेन्द्र देहारी, आरक्षक बीजू यादव, मनोज मरकाम शामिल रहे।

भगवान सहस्त्रबाहु जयंती पर निकाली आकर्षक कलश शोभायात्रा

कलार समाज ने जिले भर में मनाया उत्साह के साथ पर्व

कोण्डागांव, 19 नवम्बर (देशबन्धु)। स्थानीय डीएनके वार्ड स्थित डडसेना कलार समाज भवन व चैपाटी परिसर से सटे कलार समाज भवन में भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन की जयंती समाज से जुड़े लोगों ने बड़े ही धूमधाम के साथ मनाई। इस दौरान समाज पदाधिकारियों ने अपनी बात रखते हुए कहा कि, भगवान सहस्त्रबाहु का मूल नाम कार्तवीर्य अर्जुन था वह बहुत पराकर्मी और बहादुर थे। उन्होंने अपने गुरु दत्तात्रेय को प्रसन्न किया था और वरदान के रूप में उनसे 1000 भुजाएं प्राप्त की थी हजार भुजा के कारण कार्तवीर्य अर्जन को सहस्त्रबाहु के नाम से भी जाना जाता है। सहस्त्रबाहु चंद्रवंशी क्षत्रियों में सर्वश्रेष्ठ कुल के हैहयवंश क्षत्रिय हैं महाराज कार्तवीर्य अर्जुन का जन्म कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष की सप्तमी को श्रवण नक्षत्र में प्रात: काल में हुआ था। सहित भगवान शस्त्रबाहु के प्रेरक कथाओं व वीरता के बारे में सामने रखा। वही समाज को एकता के सूत्र में बंद कर रहने की बात पर वक्ताओं ने जोड़ दिया इस मौके पर नीलकंठ शार्दूल, रेमल दीवान, दिलीप दीवान, तिलक पांडे, निर्मल कुमार, सहित अन्य मौजूद रहे।

निकली विशाल शोभायात्रा

कलार समाज संभागीय मुख्यालय जुगनीकलार की दक्षिण ब्लॉक इकाई कोंडागांव ने भगवान सहस्त्रबाहु की विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर आकर्षक व विशाल कलश शोभा यात्रा निकाली। जिसमें समाज से जुड़े युवा डीजे की धुन पर थिरकते रहे तो वही रास्ते भर आतिशबाजी वह भगवान सहस्त्रबाहु के जयकारे लगाते रहे। इस मौके पर दिनेश पोया, बालकुवर प्रधान, अक्कु पांडे, शंकर सेठिया, त्रिनाथ दीवान, दुरुपत सेठिया, झुमुकलाल दीवान सहित अन्य मौजूद रहे।

कांग्रेसियों ने मनाया प्रथम महिला प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा जयंती

कोण्डागांव, 19 नवंबर (देशबन्धु)। भारत देश की प्रथम महिला प्रधान मंत्री आयरन लेडी स्व. इंदिरा गाँधी जी जयंती कांग्रेसजनों ने कोंडागांव कांग्रेस भवन में मनाया। मौजूद जनों में शामिल वक्ताओं ने इंदिरा जी के कार्यों को साझा किया। इस दौरान जिला अध्यक्ष झुमुकलाल दिवान, प्रदेश कांग्रेस कार्यसमिति सदस्य कैलाष पोयाम, जिला महामंत्री रितेश पटेल, शहर कांग्रेस अध्यक्ष तरुण गोलछा, शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती हेमा देवांगन, कोंडागांव नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती वर्षा यादव, पार्षद योगेंद्र पोयाम, जितेंद्र गुप्ता, युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष अमन सागर, अतुषा दिवान, हीरा दिवान, शंकर विश्वकर्मा मौजूद रहे।

दंतेश्वरी कारीडोर के लिए अब 30 दिसंबर की समय सीमा

दंतेवाड़ा, 19 नवंबर (देशबन्धु)। मांई दंतेश्वरी कारीडोर, दंतेवाड़ा प्रशासन का ड्रीम प्रोजेक्ट रहा है। शारदीय नवरात्र पर इसे पूर्ण होना था, लेकिन यह हो न सका। अब इसके लिए 30 दिसंबर की अंतिम समय सीमा तय की गई है। निर्माण की रफ्तार को देखकर यह कहा जा सकता है मंदिर का कारीडोर शीघ्र ही नये कलेवर में होगा।

दंतेवाड़ा में काफी विवादों के बीच इस कारीडोर का निर्माण शुरू हुआ था। यह जुलाई की बात थी। निर्माण शुरू हुआ और काफी गति से काम भी चलने लगा। अक्टूबर के शारदीय नवरात्र में यह पूर्ण हो जाएगा, ऐसी उम्मीद की जा रही थी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। अब नये सिरे से नये ठेकेदारों ने इसकी रफ्तार बढ़ायी है। जय स्तंभ चौक से लेकर मंदिर के मुख्य सिंह द्वार तक कारीडोर अंतिम चरण में है। इसी तरह डंकनी नदी के किनारे रिवर फ्रंट पर भी काम चल रहा है। प्रसाद दुकानों के लिए नया निर्माण प्रारंभ हुआ है और उम्मीद की जा रही है कि महीने भर के भीतर यह पूरा हो जाएगा। ज्योति कलश भवन शारदीय नवरात्र में पूर्ण हो गया था और ज्योति कलश इसी नये भवन में प्रज्वलित हुए थे।

इस कारीडोर पर राजधानी से लेकर दंतेवाड़ा तक हर किसी की निगाह है, इसलिए प्रशासन इसकी गुणवत्ता

- शारदीय नवरात्र पर नहीं हुआ पूर्ण, श्रद्धालु हुए थे परेशान
- निर्माण में आई है तेजी, गुणवत्ता का भी ध्यान

पर कोई समझौता नहीं करना चाहता। निर्धारित समय में कार्य पूर्ण नहीं होने के कारण नये लोगों को यह काम सौंपा गया है। उन्हें स्पष्ट कहा गया है कि 15 से 30 दिसंबर के बीच यह पूर्ण कर दिया जाए। कलेक्टर विनीत नंदनवार समय-समय पर इसकी मॉनिटरिंग करते रहे हैं। कारीडोर में अभी विशेष टाइल्स लगाए जा रहे हैं। बाजू से सड़क का निर्माण भी होगा। वहीं प्रवेश द्वार को भी नया रूप दिया जा रहा है। भरी बरसात में रिवर फ्रंट और कारीडोर निर्माण पर काफी सवाल उठे थे।

प्रशासन की मंशा नवरात्र तक इसे पूर्ण करने की थी। दिसंबर में अगर यह पूर्ण होता है तो भी राहत की बात होगी, क्योंकि पहली दिसंबर से लेकर नव वर्ष के पूरे जनवरी महीने तक बड़ी संख्या में पर्यटक दंतेवाड़ा पहुंचते हैं। दंतेश्वरी दर्शन के बाद जिले के अन्य पर्यटन स्थलों की ओर रूख करते हैं। ऐसे में अगर कारीडोर पूर्ण नहीं होगा तो पर्यटकों को काफी असुविधा होगी। मंदिर परिसर में लगी संकटमोचन हनुमान जी की प्रतिमा भी व्यवस्थित की गई है और इसकी दिशा अब सहीं की गई है, और भी निर्माण जारी है और पूर्ण होने के बाद दंतेश्वरी धाम और भी भव्य लगेगा। गुणवत्ता और समय-सीमा दोनों का संतुलन कारीडोर निर्माण के संकल्प पूर्ण करेगा। शहरवासी बेसब्री से भव्य दंतेश्वरी कारीडोर की प्रतिक्षा कर रहे हैं।

कलार समाज ने मनाई सहस्त्र बाहु जयंती

दंतेवाड़ा, 19 नवंबर (देशबन्धु)। कलार समाज जिला दंतेवाड़ा की ओर से राज राजेश्वर सहस्त्र बाहु जयंती हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी। आंवराभाटा स्थित दुर्गा मंडप में सभा का आयोजन किया गया। इसके बाद भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में समाज के पदाधिकारी व सदस्य शामिल हुए। जिला मुख्यालय में पहली बार कलार समाज की ओर से सहस्त्र बाहु जयंती का आयोजन किया गया।

भोजपुरी समाज ने विधि विधानपूर्वक किया छठ पूजा, सूर्य को दिया अर्घ्य

कोण्डागांव, 19 नवम्बर (देशबन्धु)। भोजपुरी समाज द्वारा विधिविधानपूर्वक छठ पूजा करके डुबते सूर्य को अर्घ्य दिया। जिला मुख्यालय कोण्डागांव में भोजपुरी संगम समाज के द्वारा चार दिवसीय छठ पर्व का समापन सोमवार की सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही समाप्त हो जाएगा। भोजपुरी संगम समाज की महिलाएं रविवार को बंधा तालाब में पहुंची और डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया और छठ माता की विधिविधानपुर्वक पूजा अर्चना किया। इस दौरान बंधा तालाब पर गीतकारों के द्वारा भोजपुरी गीत गाए गए। इस दौरान घाट में बड़ी संख्या में भोजपुरी समाज के लोग मौजूद रहे। ज्ञात हो कि चार दिवसीय महापर्व अवसर पर रविवार की शाम महिलाओं ने डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया था। छठ पर्व पर महिलाओं द्वारा 36 घंटे का व्रत रखा जाता है। इस व्रत का समापन सोमवार को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही समाप्त हो जाएगा। जिला मुख्यालय कोंडागांव में दो से तीन स्थानों में छठ पूजा का आयोजन किया गया था। मुख्य रूप से बंधा तालाब में बड़ी संख्या में छठ पर्व कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस मौके पर महिलाओं ने निर्जला व्रत रखा था। गन्ना, नारियल, सिंघाड़ा, मोसंबी फल अर्पित कर महिलाओं ने छठ माता की पूजा अर्चना की। भोजपुरी समाज की श्रद्धालु महिलाओं ने गुरुवार से घर-घर में नहाय-खाय की रस्म के साथ छठ पर्व की शुरुआत की, और रविवार को बंधा तालाब में पूजा अर्चना के बाद डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया और सोमवार को उगते सूर्य को अर्घ्य देकर छठ पर्व का समापन किया जाएगा।

वनभैंसा की बढ़ रही संख्या , ट्रैप केमरा में मिले तस्वीर से मिल रही जानकारी

जगदलपुर, 19 नवंबर (देशबन्धु)। बीजापुर जिले में स्थित इन्द्रावती नेशनल पार्क के कुटरू में विभाग ने वनभैंसा प्रजनन केन्द्र का निर्माण 2015 में शुरू किया था, लेकिन काम शुरू होते ही नक्सलियों ने इसका विरोध किया। इसके बाद से प्रजनन केन्द्र का काम ठंडे बस्ते में है। हालांकि विभाग को क्षेत्र में ट्रैप केमरा में जो तस्वीर मिला है, उससे स्पष्ट है कि क्षेत्र में वनभैसा की संख्या बढ़ रही है। हालांकि दशकों से गणना नहीं होने के कारण स्थिति स्पष्ट नहीं हो पा रही है। ठंड के मौसम में इन्द्रावती नदी किनारे बड़ी संख्या में वनभैंसा दिखने की जानकारी मिलती है।

उल्लेखनीय है कि राजकीय पशु वन भैसा छत्तीसगढ़ में उदंती अभ्यारण्य व इन्द्रावती राष्ट्रीय उद्यान के भैरमगढ़ अभ्यारण्य में पाए जाते हैं। इन्द्रावती नेशनल पार्क में वनभैसा की झुंड दिखाने देने की खबर मिलती रहती है और पिछले साल से ट्रैप केमरा के माध्यम से वनभैसा की अधिकता देखी जा रही है। साथ ही वनभैसा के सावक भी झुंड में देखे गए हैं। राजकीय पशु होने के कारण सरकार वनभैसा को संरक्षण करने लाखों रूपए खर्च कर रहा है। साथ ही इनकी वंशवृद्धि के लिए कुटरू में प्रजनन केन्द्र का निर्माण शुरू किया गया था, लेकिन विरोध के कारण निर्माण अधर में रह गया।

गर्मी में महाराष्ट्र की ओर करते हैं रूख

सूत्रों के मुताबिक इन्द्रावती नेशनल पार्क इन्द्रावती नदी किनारे स्थित है और पार्क महाराष्ट्र की सीमा से लगा है। गर्मी के सीजन में जब इन्द्रावती में पानी सूखता है, तब कुछ वनभैसा पानी की तलाश में महाराष्ट्र की ओर भी चले जाते हैं। हालांकि ठंड के सीजन में वनभैसा इन्द्रावती नदी किनारे दिखाई देते हैं।

ट्रैप केमरा से संख्या बढ़ने का दावा

इन्द्रावती नेशनल पार्क के अधिकारियों के मुताबिक कुटरू में वनभैसा प्रजनन केन्द्र का निर्माण शुरू किया गया था, लेकिन विरोध के कारण निर्माण कार्य बंद किया गया। उनका कहना था कि नेशनल पार्क में ट्रैप केमरा में कैद तस्वीर से स्पष्ट हो रहा है कि वनभैसा की वंशवृद्धि हो रही है।

डाक सहायक को बिदाई

पिथौरा, 19 नवंबर (देशबन्धु)। उपडाक घर पिथौरा में पिछले डेढ़ वर्षो से पदस्थ डाक सहायक कोमल सिंह को उनके गृह ग्राम प्रयागराज इलाहाबाद स्थानांतरण होने पर पिथौरा डाकघर में द्वारा सादगी पूर्ण माहौल में विदाई दी गई कोमल इसके पूर्व महासमंद उप डाकघर में अपनी सेवाएं दे चुके हैंविदाई कार्यक्रम के दौरान उप डाकपाल भूपेंद्र साहू पोस्टमैन दिगेंद्र सोनी, दीपकगौतम, एमटीएस पवन गुप्ता, मुकेश यादव, पंकज कंदोई मनीषा, अजीत पटेल, आदित्य, परीक्षित हु मै श,सहित अनेक कर्मचारी उपस्थित थे डाक कर्मियों द्वारा डाक सहायक को श्रीफल एवं गिफ्ट भी प्रदान किया गया तथा उसके उज्वल भविष्य की कामना की गई।

सूर्य उपासना के पर्व में डूबते सूर्य को छठ व्रतियों ने दिया अर्घ्य

दंतेवाड़ा, 19 नवंबर (देशबन्धु)। सूर्य उपासना का पर्व सूर्य षष्ठी आज दंतेवाड़ा पूरे भक्तिभाव व श्रद्धा के साथ मनाया गया। डंकनी नदी घाट पर शाम होते ही छठव्रतियों की भीड़ एकत्र होने लगी थी। डूबते सूर्य को अर्घ्य देने बड़ी संख्या में छठव्रती नदी घाट पर पहुंचे थे। पूरे विधि विधान के साथ घंटो नदी के अंदर घुटने भर पानी में खड़े होकर भक्तों ने भगवान भास्कर को अर्घ्य देकर छठी मईया से परिवार की सुख शांति एवं समृद्धि की कामना की। सोमवार सुबह उदयीमान सूर्य को पुन: अर्घ्य दिया जाएगा, जिसके बाद छठव्रती प्रसाद ग्रहण कर व्रत का परायण करेंगे।

कार्तिक शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि, सूर्य षष्ठी के नाम से जानी जाती है। यह पर्व बिहार व उत्तरप्रदेश में मुख्य रूप से मनाया जाता है। वहां के लोगों के लिए छठ किसी महापर्व से कम नहीं होता। बदलते समय के साथ अन्य प्रदेशों में भी लोगों ने भगवान सूर्य के उपासना के इस पर्व की महत्ता को समझा और छठ पर्व पूरे विधि विधान से मनाना शुरू कर दिया। दंतेवाड़ा में सूर्य षष्ठी पर रविवार को अस्त होते सूर्य को अर्घ्य देने डंकनी नदी घाट पर लोगों की भारी भीड़ उमड़ी थी। उल्लेखनीय है कि दीपावली के ठीक छठवें दिन मनाये जाने वाले छठ पर्व पर व्रतधारी 36 घंटे का व्रत रखते हैं और वे पानी भी ग्रहण नहीं करते। यह पर्व सूर्य देवता की उपासना का पर्व है।

छठ पर्व की कई मान्यताएं हैं महिलाएं ज्यादातर छठ पर्व पर व्रत रखती है और ऐसी मान्यता है कि व्रत रखने से महिलाओं को पुत्र रत्न की प्राप्ति होती है और साथ ही घर परिवार में हमेशा सुख शांति एवं समृद्धि होती है । इस दौरान पूरे घर की स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाता है। खरना के बाद व्रतधारी अगले दिन शाम को डूबते सूर्य को अर्घ्य और उसके अगले दिन सुबह उगते सूर्य

- दंतेवाड़ा में पूरे भक्तिभाव के साथ मनाया गया छठ पर्व
- डंकनी नदी घाट पर उमड़ी भारी भीड़
- आज सुबह उदयीमान सूर्य को दिया जाएगा अर्घ्य

को अर्घ्य देने के साथ ही पवित्र छठ पूजा संपन्न हो जाती है। सूर्य षष्ठी के दिन महिलाएं निराहार व्रत रखकर सरोवर में भगवान सूर्य को अर्घ्य देकर पुत्र प्राप्ति की कामना करती है। चार दिवसीय छठ पर्व पर व्रत के पहले दिन षंकष्ठी गणेश चतुर्थी के साथ प्रारंभ होता है जिसे नहाय खाय कहते हैं। महिलाएं नदी में स्नान करने के उपरांत सात्विक भोजन ग्रहण करती है जिसमें चना दाल एवं लौकी का भोजन मुख्य है।

पर्व का दूसरा दिन पंचमी को खरना के नाम से जाना जाता है इस दिन महिलाएं प्रात: काल से निर्जला व्रत रहती है, शाम के समय घर पर बनाई गई देवी पर सूर्य भगवान की पूजा अर्चना की जाती है। गुड के सम्मिश्रण से खीर तैयार की जाती है, जिसे सूर्य भगवान को अर्पित कर प्रसाद स्वरूप वितरित किया जाता है। व्रत का तीसरा दिन अत्यंत महत्वपूर्ण होता है, यह सूर्य षष्ठी तिथि होती है। सूर्य षष्ठी पर व्रतधारी महिलाएं प्रात: काल से ही निर्जला व्रत रखकर संध्या में नदी अथवा तालाब के तट पर भगवान सूर्य देव को अर्घ्य दिया जाता है।

षष्ठी तिथि पर रविवार शाम नगर में छठ पर्व के अवसर पर डंकनी नदी घाट पर व्रतधारियों द्वारा गन्ने का मंडप बनाया गया, जहां बड़ी संख्या में यूपी-बिहार के लोग सूर्य देव को अर्घ्य देने घाट पर पहुंचे थे। शाम होते ही नदी घाट पर भारी भीड़ एकत्र हो गई थी। घाट पर लाईट जहां लाईटिंग की व्यवस्था नगर पालिका की ओर से कराई गई थी तो वहीं सीआरपीएफ 111 कंपनी की ओर से हमेशा की तरह इस साल भी टेंट की व्यवस्था की गई थी। छठ के मधुर गीत के साथ ही छठव्रती पूरे उत्साह के साथ नदी में उतरकर अस्त होते सूर्यदेव को अर्घ्य देते रहे। घंटों जल में खड़ा रहकर लोगों ने सूर्यदेव की पूजा की। सूर्यदेव को अर्घ्य देकर छठी मईया की पूजा की। अर्घ्य देने उपरांत छठव्रती शाम 6 बजे लौट गए। आज सुबह उदयीमान सूर्य को अर्घ्य अर्पण किया जाएगा, जिसके बाद चार दिनों से चला आ रहा छठ पूजा का समापन हो जाएगा।

कैपिटल ज़ोन

उल्टा पुल्टा

चिटू से एक आदमी ने पूछा- बेटा, आपके पापा का क्या नाम है?

चिटू- अंकल, अभी उनका नाम नहीं रखा मैंने, बस प्यार से पापा ही कहता हूं!!!

संपादकीय

नतीजों के पहले सिंहदेव का बयान

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के लिये दो चरणों में समाप्त हुए मतदान को 24 घंटे भी नहीं बीते थे कि प्रदेश के कद्दावर कांग्रेसी नेता टीएस सिंहदेव का यह बयान कि 'अगर वे इस समय मुख्यमंत्री नहीं बनाये गये तो यह उनका अंतिम चुनाव होगा', इस बात के संकेत दे रहा है कि पार्टी में जीत की स्थिति में शीर्ष पद के लिये खींच-तान हो सकती है। कांग्रेस आलाकमान के लिए यह चिंता का कारण हो सकता है कि उसके और मुख्य विरोधी दल भारतीय जनता पार्टी की सीटें बराबर या लगभग बराबर आती हैं तो सरकार बनने-बनाने में सिंहदेव कोई भूमिका निभा सकते हैं। उनकी भूमिका की गुंजाईश तभी समाप्त होगी अगर कांग्रेस को 2018 की तरह बहुत बड़ा बहुमत मिलता है। शुक्रवार को ही राज्य की 70 सीटों पर मतदान हुआ था। 20 सीटों पर पहले चरण के अंतर्गत मतदान 7 नवम्बर को हुआ था।

अनुमानों, ग्राउंड जीरो पर दिख रही परिस्थितियां, कांग्रेस के पक्ष में छग के भीतर ही नहीं वरन देश भर में दिखाई दे रहा माहौल और संगठन के भीतर का उत्साह भी बतला रहा है कि कांग्रेस के जीतने की पूरी-पूरी सम्भावना है। वैसे तो कई लोगों का मानना है कि भाजपा की सीटें बढ़ सकती हैं, लेकिन पलड़ा अंततः कांग्रेस का ही भारी बतलाया जा रहा है। विभिन्न दलों के अंदरूनी सर्वे भी यही सम्भावित परिणाम बतला रहे हैं। जीतने और फिर से सरकार बनाने की आश्वस्ति के बीच सिंहदेव का यह बयान कम से कम इस अवसर पर अनपेक्षित तो है लेकिन किसी भी तरह से चौंकाने वाला नहीं है। इसका कारण यह है कि पिछले पांच वर्षों के दौरान अनेक ऐसे मौके आये थे जब सिंहदेव ने न केवल अपनी इच्छा का इज़हार किया था वरन यह पद पाने के लिये हाथ-पैर भी मारे थे। यह अलग बात है कि मौजूदा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने उनके इन प्रयासों पर पानी फेर दिया था।

याद हो कि बघेल सरकार के जब एक साल पूरे होने जा रहे थे सिंहदेव ने कहा कि जब बघेल को सीएम बनाया गया था, तभी प्रदेश में ढाई-ढाई साल के लिये दो मुख्यमंत्री बनाने का फार्मूला तय हुआ था। सिंहदेव के अनुसार बघेल के ढाई साल पूरा होने के बाद उन्हें यह पद सम्भालना है। यह सभी को हैरान कर देने वाला दावा था क्योंकि उसके पहले इसके बारे में कभी सुना नहीं गया था। बघेल तत्काल दिल्ली गये और शीर्ष नेताओं का यह बयान लेते आये कि ऐसे किसी भी फॉर्मूले का कोई अस्तित्व नहीं है। जब इस सरकार के सचमुच में ढाई साल पूरे हुए तो यह बात फिर उठी लेकिन फिर दबा दी गई। देखना होगा कि सिंहदेव का बयान क्या गुल खिलाता है।

रविवि पूरक परीक्षाओं की कापियों का मूल्यांकन शुरू

35 हजार छात्र-छात्राएं दे रहे परीक्षा, 15 दिसंबर तक सभी कक्षाओं के परिणाम आने की संभावना

रायपुर, 19 नवंबर (देशबन्धु)। पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की पूरक परीक्षाएं चल रही हैं। इसके परिणाम समय से जारी करने के लिए उत्तर-पुस्तिकाओं का मूल्यांकन भी शुरू कर दिया गया है। पूरक परीक्षा 27 अक्टूबर से शुरू हुई है। बीए, बीकाम, बीएससी, बीसीए समेत अन्य पाठ्यक्रम के लगभग 35 हजार छात्र-छात्राएं पूरक परीक्षा में शामिल हो रहे हैं।

पीआरएसयू की पूरक परीक्षा आमतौर पर अगस्त-सितंबर में होती थी। नतीजे अक्टूबर में जारी हो जाते थे। लेकिन इस बार पूरक परीक्षा में पात्रता संबंधी नए नियम की वजह से परीक्षा दो माह की देरी से शुरू हुई है। यह परीक्षा 27 नवंबर तक चलेगी। नतीजे को लेकर अफसरों का कहना है कि पूरक परीक्षा में देरी हुई है, परिणाम में देरी न हो इसलिए मूल्यांकन शुरू हो गया है। संभावना है कि नवंबर के आखिरी सप्ताह से ही नतीजे जारी होने लगेंगे।

पीआरएसयू समेत प्रदेश के राजकीय विश्वविद्यालयों की पूरक परीक्षा इस बार नए नियमों के अंतर्गत आयोजित की जा रही है। आमतौर पर वार्षिक परीक्षा में एक विषय में फेल होने वाले

छात्रों को सप्लीमेंट्री मिलता है। लेकिन इस बार दो विषय में फेल होने वाले छात्र भी सप्लीमेंट्री एग्जाम में शामिल हो रहे हैं। यह व्यवस्था सिर्फ इसी साल के लिए की गई है।

पहली बार पूरक परीक्षाओं की कापियों का विश्वविद्यालय केंद्रीय मूल्यांकन करवा रहा

मूल्यांकन में लगातार गड़बड़ी की शिकायत के बार विश्वविद्यालय प्रबंधन ने यह व्यवस्था की है। शिक्षक विश्वविद्यालय परिसर में ही आकर उत्तर-पुस्तिका चेक कर रहे हैं। शिक्षकों की जांची हुई कापियों के बंडल से 20 से 25 कापियों को निकालकर रेंडमली चेक किया जाएगा। ताकि मूल्यांकन में होने वाली गड़बड़ी को भी पकड़ा जा सके।

वार्षिक परीक्षा की तैयारी के लिए मिलेंगे सिर्फ ढाई महीने

पूरक परीक्षाओं का परिणाम नवंबर के अंतिम सप्ताह से आना शुरू हो जाएगा। 15 दिसंबर तक सभी कक्षाओं के परिणाम आ जाएंगे। इसके बाद उत्तीर्ण छात्र-छात्राएं अगली कक्षा की पढ़ाई शुरू करेंगे। विश्वविद्यालय की वार्षिक परीक्षाएं मार्च में प्रस्तावित हैं। इस लिहाज से छात्रों को वार्षिक परीक्षाओं की तैयारी के लिए महज ढाई महीने ही मिलेंगे। इसी बीच शीतकालीन अवकाश, शासकीय छुट्टियां भी होंगी। कालेजों में सिर्फ 50 से 60 दिन ही पढ़ाई होगी। शिक्षकों को भी दो महीने में ही कोर्स को पूरा करना होगा।

चुनाव के कारण पूरक परीक्षाओं की तिथियों में हुआ बदलाव

चुनाव की वजह से पूरक परीक्षाओं की तिथियों में बदलाव किया गया है। 17 को होने वाली पूरक परीक्षा अब 25 नवंबर को होगी। इसी तरह सात की परीक्षा 23 नवंबर को होगी। 16 की परीक्षा 24 नवंबर और 18 नवंबर की परीक्षा 28 नवंबर को होगी।

मुख्यमंत्री संग महापौर ने देखा वर्ल्डकप का फाइनल मैच

रायपुर, 19 नवंबर (देशबन्धु)। क्रिकेट विश्वकप 2023 के फाइनल मैच का खुमार देश के साथ रायपुरवासियों में जमकर दिखा।

मुख्यमंत्री बघेल के आव्हान पर रायपुर में स्थित बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में भारत ऑस्ट्रेलिया के बीच हो रहे क्रिकेट विश्व कप के फाइनल मैच देखने के लिए खास व्यवस्था की गई थी। जिसमे शामिल होने के लिए प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज,उपमुख्यमंत्री टी एस सिंहदेव, गृह मंत्री ताम्र ध्वज साहू, समेत मंत्रीप्रदेश प्रभारी कु सैलजा,प्रभारी सचिव चंदन यादव, विधायक विकास उपाध्याय, महापौर देबर, सभापति प्रमोद दुबे, विनोद

मुख्यमंत्री के आव्हान पर बड़ी संख्या में मैच देखने पहुंचे लोग

वर्मा,दीपक साहू भी पहुंचे। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ट्वीट के माध्यम से सभी क्रिकेट दर्शकों साथ बैठकर वर्ल्ड कप फाइनल देखने के लिए आमंत्रित किया था। क्रिकेट प्रेमियों के लिए विश्व कप फाइनल के मेगा शो देखने के लिए इंडोर स्टेडियम में 12 बाय 50 फीट यानी 600 स्क्वायर फीट का स्क्रीन लगाया गया था ताकि दर्शकों को मैच का भरपूर आनंद मिल सके। स्टेडियम में लगभग 1500 दर्शकों के बैठने की व्यवस्था है। जहां स्टेडियम में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ बैठकर मैच देखने के लिए कैबिनेट के सभी मंत्रियों, प्रदेश भर के कांग्रेस पदाधिकारी समेत रायपुर के आम नागरिकों ने भी खास दिलचस्पी दिखाई।

बादलों के साथ चल रही तेज हवाएं प्रदेश में गिरा तापमान, ठंड बरकरार

रायपुर, 19 नवंबर (देशबन्धु)। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से राज्य में बादल छाने लगे हैं. मगर साथ ही चल रही तेज हवा की वजह से रात में ठंड महसूस हो रही है।

अगले दो दिन रायपुर का न्यूनतम तापमान 20 डिग्री तक पहुंचेगा।मौसम विभाग के अनुसार, ठंड के असर में किसी तरह का बड़ा बदलाव होने की उम्मीद नहीं है. पश्चिमी विक्षोभ का असर अभी समाप्त होने के आसार नहीं दिख रहे हैं।

अभी सक्रिय विक्षोभ के निष्क्रय होने के दो दिन बाद पुनः नया सिस्टम बनने की संभावना है और रात का तापमान फिर बढ़ने की संभावना है ।शनिवार को रायपुर का न्यूनतम तापमान 18.7 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया, जो सामान्य से दो डिग्री सेल्सियस अधिक है ।अगले दो दिनों इसके 20 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का अनुमान है ।विक्षोभ के प्रभाव बादल छा गए हैं, मगर आने वाली नमीयुक्त हवा की गति अधिक है, जिसकी वजह से ठंड का अहसास हो रहा है।

न्यूनतम तापमान में हो सकती है वृद्धि

मौसम विशेषज्ञ एच पी चंद्रा ने बताया कि नमी बढ़ने कारण प्रदेश में हल्के बादल रहेंगे तथा न्यूनतम तापमान में 20 नवंबर तक वृद्धि संभावित है। दूसरी ओर उत्तरी हिस्से में रात को अच्छी ठंड पड़ने लगी है और सुबह के वक्त कुहासा असर दिखा रहा है ।छाए बादलों की वजह तेज धूप का प्रभाव नहीं रहा।

मतदान होने से एरियर के साथ डीए व डीआर मिलने का भरोसा टूटा

रायपुर, 19 नवंबर (देशबन्धु)। विधान सभा चुनाव का मतदान निपट गया। लेकिन डीए ,डीआर के आदेश नही हुए ।इसके लिए राज्य शासन द्वारा निर्वाचन आयोग से जानबूझकर विलम्ब से अनुमति मांगने के कारण मतदान पूर्व अनुमति नहीं मिली और अब एरियर मिलने का भरोसा टूट गया है ।जो सरकार 5 साल तक एरियर नहीं दिया, अब उसी सरकार के पुन-सत्ता में आ जाने पर एरियर सहित डीए डीआर का आदेश होगा,इसमें अब मतदान हो जाने के बाद संदेह है। मतदान के पहले डीए डीआर का एरियर सहित आदेश का जारी नहीं होना, कांग्रेस पार्टी के लिए नुकसानदायक हो सकता है।

जारी विज्ञप्ति में छत्तीसगढ़ राज्य संयुक्त पेंशनर्स फेडरेशन के प्रदेश संयोजक तथा भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ प्रदेश के प्रांताध्यक्ष वीरेन्द्र नामदेव ने आगे बताया है कि राज्य शासन में जिम्मेदार विभाग के अधिकारियों ने समय से अनुमति लेने में लापरवाही की है ।कर्मचारी एवम पेंशनर संगठनों द्वारा मुख्य सचिव से भेंट

> ■ जो सरकार 5 साल तक एरियर नहीं दिया, अब उसी सरकार के पुन-सत्ता में आ जाने पर एरियर सहित डीए डीआर का आदेश होग

कर निर्वाचन आयोग से अनुमति लेकर राजस्थान की भांति आदेश जारी करने मांग पर सही समय से कार्यवाही नहीं करने से सत्ताधारी कांग्रेस पार्टी के सरकार को इस चुनाव में नुकसान होने की संभावना बढ़ गई है ।प्रथम चरण के मतदान होने के बाद मुख्यमंत्री को यह बात दे से समझ में आने पर उन्होंने चुनाव आयोग से अनुमति लेने की बात ट्वीट कर कर्मचारियों और पेंशनरों के बीच संदेश देकर स्थिति सम्हालने का असफल प्रयास किया। परन्तु अनुमति के अभाव में आदेश जारी नहीं होने से कर्मचारी जगत की नाराजगी मतदान में स्पष्ट दिखाई दिया है। इसके असर से कई सीटों पर केवल इसी एक चुक के कारण सत्ताधारी कांग्रेस पार्टी की हार होने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता।

उन्होंने आगे बताया हैं कि भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में केन्द्र के समान डीए डीआर देने का वायदा किया है जबकि कांग्रेस पार्टी के घोषणा पत्र में कर्मचारी जगत के लिए कोई बिंदु का उल्लेख नहीं होना भी वाटरलू साबित हो सकता है।।

यह भी देखना होगा यदि भाजपा पार्टी सत्ता पर काबिज होता है तो क्या वह घोषणा पत्र में किए वादे के अनुरूप डीए डीआर का आदेश एरियर सहित देने का निर्णय लेगा।

बीएड-डीएलएड की तीन हजार से ज्यादा सीटें खाली

रायपुर, 19 नवंबर (देशबन्धु)। बैचलर आफ एजुकेशन(बीएड) और डिप्लोमा इन एलीमेंट्री एजुकेशन(डीएलएड) पाठ्यक्रम की प्रवेश प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। इसके बावजूद अभी भी बीएड में 2400 और डीएलएड में 850 सीटें खाली हैं। इन खाली सीटों में प्रवेश के लिए जल्द ही समय-सारिणी जारी की जाएगी। प्रदेश में विधानसभा चुनाव होने के कारण आचार संहिता लागू है, आचार संहिता हटते ही प्रवेश प्रक्रिया शुरू होने की संभावना है।

एससीईआरटी की तरफ से प्रवेश प्रक्रिया अलग-अलग दो चरण में पूरी की गई। हर चरण में छात्रों को दो-दो राउंड में प्रवेश लेने का समय दिया गया। इसके बावजूद भी बीएड और डीएलएड की सीटें खाली रह गई हैं। राज्य में बीएड की पढ़ाई लगभग 146 कालेज में हो रही है। यहां 14,400 सीटें हैं, जबकि 91 कालेजों में डीएलएड की 6,725 सीटें हैं।

निजी बीएड कालेजों में दूसरे

राज्य के छात्रों के लिए 20 प्रतिशत सीटें आरक्षित हैं। वहीं शासकीय और अनुदान प्राप्त कालेजों में दूसरे राज्यों के छात्रों के लिए एक भी सीट नहीं है। शासकीय कालेजों की बीएड और डीएलएड की सीटें प्रथम चरण की काउंसिलिंग में ही भर गई हैं। निजी कालेजों में ही सीटें खाली हैं।

मतगणना के बाद बढ़ सकती है प्रवेश तिथि

तीन दिसंबर को मतगणना के बाद बीएड और डीएलएड की खाली सीटों में प्रवेश की तिथि बढ़ाने की संभावना है। अधिकारियों ने बताया कि आचार संहिता हटने के बाद खाली सीटों में प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। हर वर्ष प्रवेश तिथि बढ़ाई जाती रही है। प्रदेश में संचालित निजी डीएलएड कालेजों में पहली बार आरक्षण नियम के मुताबिक प्रवेश हुए हैं। राज्य के 72 निजी कालेजों में डीएलएड की लगभग पांच हजार सीटें हैं।

डीएलएड के अलावा अन्य पाठ्यक्रमों में पहले से प्रवेश आरक्षण के हिसाब से ही होता था। प्रदेश में सरकारी और निजी कालेजों को मिलाकर 91 कालेजों में डीएलएड की पढ़ाई होती है। पिछले वर्ष भी डीएलएड की लगभग एक हजार सीटें खाली रह गई थीं।

देशभर के स्त्री रोग व आईवीएफ विशेषज्ञों ने साझा की नई तकनीकें

रायपुर, 19 नवंबर (देशबन्धु)। इंडियन मेनोपॉज़ सोसाइटी (आईएमएस) ग आईएमएस यूरोगायनेकोन 2023 का दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का सफलता पूर्वक समापन हो गया।

जिसमें देश भर से प्रतिष्ठित स्त्रीरोग विशेषज्ञों, आईवीएफ विशेषज्ञों और प्रतिनिधियों को एक साथ लाया गया है ।सम्मेलन 18 और 19 नवंबर को हुआ, जो मूत्र रोग विज्ञान के क्षेत्र में ज्ञान के आदान-प्रदान, सहयोग और प्रगति के लिए एक मंच प्रदान करता है।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों में इंडियन मेनोपॉज़ सोसाइटी की अध्यक्ष डॉ. पुष्पा सेठी; हारा पटनायक, आईएमएस के पूर्व अध्यक्ष; पंडित डीडीयू हेल्थ यूनिवर्सिटी रायपुर की पूर्व कुलपति डॉ. आभा सिंह; पंडित जेएनएम मेडिकल कॉलेज की डीन डॉ. त्रिपुति नागरिया; डॉ. मनोज चेलानी आयोजन अध्यक्ष; डॉ. ज्योति जयसवाल, आयोजन सचिव; डॉ. तनवीर सिंह, आयोजन सचिव और डॉ. बिपाशा सेन, कोषाध्यक्ष उपस्थित रहे।

सम्मेलन ने ज्ञान प्रसार के लिए एक केंद्र के रूप में कार्य किया, जिसमें विशेषज्ञ के नेतृत्व वाले सत्रों में यूरोगायनेकोलॉजी और

प्रजनन क्षमता से संबंधित विषयों की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल थी। उपस्थित लोगों को सार्थक चर्चाओं में शामिल होने, नवीनतम शोध में अंतर्दृष्टि प्राप्त करने और अपने क्षेत्र में अग्रणी पेशेवरों के साथ नेटवर्क बनाने का अवसर मिला ।आईएमएस की अध्यक्ष डॉ. पुष्पा सेठी ने इस आयोजन पर अपनी संतुष्टि व्यक्त करते हुए कहा, आईएमएस यूरोजीनेकॉन 2023 महिलाओं के स्वास्थ्य को आगे बढ़ाने के लिए समर्पित लोगों का जमावड़ा रहा है ।इन दो दिनों के दौरान साझा किया गया सहयोग और ज्ञान निस्संदेह पूरे देश में मूत्र रोग संबंधी प्रथाओं को बेहतरी में योगदान देगा। डॉ. मनोज चेलानी ने आभार व्यक्त करते हुए कहा, आईएमएस यूरोजीनेकॉन 2023 महिलाओं के स्वास्थ्य को आगे बढ़ाने के लिए समर्पित लोगों का जमावड़ा रहा है ।इन दो दिनों के दौरान साझा किया गया सहयोग और ज्ञान निस्संदेह पूरे देश में मूत्र रोग संबंधी प्रथाओं को बेहतरी में योगदान देगा। डॉ. मनोज चेलानी ने आभार व्यक्त करते हुए कहा, च्च्हेत्र में हमारे सम्मानित सहयोगियों के उत्साह और जुड़ाव को देखना वास्तव में खुशी की बात है ।उन्होंने कहा कि सम्मेलन ने न केवल विशेषज्ञों के बीच सहयोग को बढ़ावा दिया, बल्कि यूरोगायनेकोलॉजी और प्रजनन क्षमता में जागरूकता और नवाचार को बढ़ावा देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

सांस्कृतिक विविधता हमें समृद्ध व शक्तिशाली बनाती है : राज्यपाल

राजभवन में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मनाया गया 17 राज्यों का स्थापना दिवस

रायपुर, 19 नवंबर। राजभवन में ''एक भारत श्रेष्ठ भारत'' कार्यक्रम के तहत आज छत्तीसगढ़ सहित 17 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों का स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने कहा कि सांस्कृतिक विविधता हमें समृद्ध और शक्तिशाली बनाती हैं।

राजभवन में राज्यपाल हरिचंदन के मुख्य आतिथ्य में भारत के राज्यों क्रमशः छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, कर्नाटक, आंध्रप्रदेश, तमिलनाडु, केरल, जम्मू-कश्मीर, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तराखण्ड तथा झारखण्ड और केंद्रशासित प्रदेशों लद्दाख, चंडीगढ़, अण्डमान और निकोबार द्वीप, पुदुचेरी तथा लक्षद्वीप का स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर शुरू की गई केन्द्र सरकार के च्च्एक भारत-श्रेष्ठ भारतज्ज कार्यक्रम के तहत विविधता में एकता की भावना को बढ़ावा देने के लिए सभी राज्य एक-दूसरे राज्यों का स्थापना दिवस मना रहे हैं। इसी कड़ी में राजभवन में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जिसमें छत्तीसगढ़ में निवास करने वाले इन राज्यों के लोगों ने उत्साह के साथ भाग लिया।

कार्यक्रम में राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने कहा कि भारत अनेक रंगो के फूलों की माला है। हर राज्य की अपनी एक अलग पहचान है। विविधता होते हुए भी हम सब एक है। जिसके कारण विश्व में हमारी साख है। दुनिया की सभी शक्तियां हमारे भारत वर्ष की प्रशंसा करती हैं।

श्री हरिचंदन ने सभी राज्यों की विशिष्टताओं का उल्लेख किया। प्राकृतिक संसाधनों, वनोपज एवं खनिज से भरपूर छत्तीसगढ़, अपनी समृद्ध संस्कृति और इतिहास की कहानी कहता हुआ मध्यप्रदेश राज्य भले ही ही दो अलग-अलग राज्य हैं। लेकिन दोनों राज्यों के निवासियों का खान-पान, भाषा, संस्कृति, आचार-विचार, घुले-मिले है और वे परस्पर स्नेह के अटूट बंधन में बंधे हुए हैं। तमिलनाडु देश का दूसरा सबसे बड़ा सूचना प्रौद्योगिक का क्षेत्र है। साक्षरता के साथ-साथ सामाजिक न्याय, स्वास्थ्य स्तर, स्त्री-पुरूष समानता के क्षेत्र में केरल अग्रणी है। आंध्रप्रदेश कृषि के साथ-साथ प्रसिद्ध धार्मिक स्थल तिरूपती बालाजी के लिए प्रसिद्ध है। सार्वधिक लोकप्रिय प्राकृतिक सौंदर्य, ऊंचे-ऊंचे हिमालय पर्वतों की श्रृंखला, हिन्दुओं के पवित्र तीर्थ स्थल वैष्णव देवी तथा अमरनाथ के लिए जम्मू और कश्मीर जाना जाता है। पंजाब का इतिहास कुर्बानियों से भरा हुआ है। जिस पर हर देशवासी को गर्व है। अमृतसर का स्वर्ण मंदिर प्रमुख सिक्ख धर्म स्थल है। छोटा राज्य होने के बावजूद हरियाणा राज्य ने विभिन्न क्षेत्रों में शानदार उपलब्धियां हासिल की है। दिल्ली हमारी राजधानी ही नही देश का दिल भी है। देव भूमि उत्तराखंड में दुनिया भर के पर्यटक आते है। कोयला खनिज संपदा से भरपूर झारखंड अपनी आदिवासी संस्कृति के लिए जाना जाता है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए लद्दाख को केंद्र शासित प्रदेश का दर्जा दिया। यह भारतीय, तिब्बती और बौद्ध धर्म की संस्कृतियों का संगम क्षेत्र है। अंडमान-निकोबार द्वीप, चंडीगढ़, लक्षद्वीप, पुदुचेरी भी अलग-अलग क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान रखते हैं। इनमे से अधिकांश राज्यों से आए हुए लोग छत्तीसगढ़ में व्यवसाय अथवा नौकरी कर रहे है।

राज्यपाल के सचिव अमृत कुमार खलखो ने ''एक भारत-श्रेष्ठ भारत' कार्यक्रम के संबंध में प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि राजभवन में अबतक 6 राज्यों का स्थापना दिवस राजभवन में मनाया गया। इन राज्यों की संस्कृति, खान-पान, लोक परंपराओं से एक-दूसरे राज्य के लोग परस्पर रूबरू हुए।

कार्यक्रम में इन सभी राज्यों की संस्कृति एवं लोक परंपरा आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रंगारंग प्रस्तुति दी गई। छत्तीसगढ़ का लोक-नृत्य सुवा, कर्मा, राउत नाचा, पंथी नृत्य पंजाब का भांगडा, कर्नाटक का लोक-नृत्य, कश्मीर, हरियाणा, उत्तराखंड, अंडमान-निकोबार द्वीप, मध्यप्रदेश का लोक नृत्य, केरल का लोक नृत्य, आंध्रप्रदेश के भारत नाट्यम नृत्य ने अतिथियों का मन मोह लिया।

विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधियों को राज्यपाल ने राजकीय गमछा और स्मृति चिन्ह भेंट किया। उन्होंने भी राज्यपाल को अपने राज्य की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

छत्तीसगढ़ से पद्मश्री से सम्मानित भारती बंधु, डॉ. सुरेन्द्र दुबे, श्रीमती शमशाद बेगम, मदन चौहान, अजय मंडावी, श्री अनुप रंजन, डा रमेंद्रनाथ मिश्रा, श्री श्रीधर, श्रीमती सुचिता शरण सहित अन्य समुदाय के विशिष्ट जनों को भी सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में राज्यपाल के विधिक सलाहकार राजेश श्रीवास्तव, उपसचिव दीपक अग्रवाल , इन सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के छत्तीसगढ़ में निवासरत, युवा, महिलाए एवं नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

भगवान सहस्त्रबाहु जन्मोत्सव में सम्मिलित हुए रामसुंदर दास

रायपुर, 19 नवम्बर (देशबन्धु)। महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास जी महाराज कामासी पारा सत्ती बाजार रायपुर के श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में आयोजित भगवान सहस्त्रबाहु जन्मोत्सव के कार्यक्रम में सम्मिलित हुए यहां के पुजारियों ने राजेश्री महन्त जी महाराज का शाल श्रीफल से स्वागत किया। अपने आशीर्वचन संदेश में राजेश्री महन्त जी महाराज ने कहा कि -यह हमारे लिए परम सौभाग्य की बात है कि आज रायपुर नगर के इस प्राचीन लक्ष्मी नारायण मंदिर में भगवान सहस्त्रबाहु के जन्मोत्सव के कार्यक्रम में उपस्थित होने का सौभाग्य मिला है, इस मंदिर में विगत अनेक वर्षों से आने का अवसर प्राप्त होता रहा है, आप सभी से मेरा आग्रह है कि इस मंदिर का विकास इसकी प्रतिष्ठा के अनुरूप में होता ही रहे, यही भगवान से प्रार्थना है। इस अवसर पर श्री दूधाधारी मठ के ट्रष्टि सदस्य राहुल उपाध्याय, विवेक गाडरो,जनपद सदस्य कमलेश सिंह, श्री शिवरीनारायण मठ मंदिर के मुखियाय सुखराम दास जी ,निर्मल दास वैष्णव सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित थे।

इस बार प्रदेश में फिर से बनेगी कांग्रेस की सरकार : रतन सिंगी

खैरागढ़, 19 नवंबर (देशबन्धु)। खैरागढ़ नगर पालिका परिषद के एल्डरमेन रतन सिंगी ने दूसरे चरण के मतदान के बाद कहा कि भाजपा इस चुनाव को प्रभावित करने के लिए छत्तीसगढ़ की शांत फिजा को खराब करने का षडयंत्र रचा था. लेकिन वो असफल रही प्रदेश के जागरूक मतदाता नागरिक भाजपा के बहकावे में नहीं आए रतन सिंगी ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस 75 से अधिक सीट जीतकर पुन: सरकार बनाने जा रही है. प्रथम व दूसरे चरण के मतदान के बाद में किसान, माता, बहनें, युवा, श्रमिक व्यापारियों का रूझान कांग्रेस के प्रति मिल रहा है. विधानसभा का यह चुनाव मोदी के झूठ, जुमले व कांग्रेस पर भरोसे का चुनाव रहा कांग्रेस की सरकार बनते ही जनता से किये सभी वादों पर काम शुरू होगा मोदी की गारंटी व भाजपा के झूठे एवं मनगढ़त आरोप को जनता ने खारिज कर दिया है. रतन सिंगी ने आगे कहा कि कांग्रेस ने चुनाव प्रचार में अपनी सरकार की योजनाओं व कांग्रेस सरकार के पिछले कामों को आधार मानकर काम किया वही भाजपा ने नकारात्मकता के आधार पर चुनाव प्रचार किया केन्द्र की मोदी सरकार व भारतीय जनता पार्टी ने संवैधानिक संस्थानों व जांच एजेंसियों का दुरूपयोग किया षड्यंत्र रचे, दुर्भावना पूर्वक छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार को बदनाम करने कुत्सीत प्रयास किया, जिसे छत्तीसगढ़ की जनता ने पूरी तरह से खारिज कर दिया कांग्रेस के घोषणा पत्र पर मतदाताओं ने भरोसा जताया है. इसके विपरीत भाजपा के लोग ही भाजपा के घोषणा पत्र पर भरोसा करने को तैयार नहीं हुये जिस तरह से प्रथम चरण के चुनाव में जनता ने भाजपा को नकारा था, उसी तरह दूसरे चरण के मतदान में भी छत्तीसगढ़ की जनता ने कांग्रेस के पक्ष में मतदान किया है. पिछली बार 2018 में दो तिहाई से बड़ी बहुमत मिली थी, अबकी बार तीन चौथाई से बड़ी बहुमत के साथ छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनेगी।

किसानों को भूपेश पर पूरा है भरोसा

एचडीएफसी ने उपभोक्ताओं के साथ इंटरनेशनल फ्रॉड अवेयरनेस सप्ताह मनाया

रायपुर, 19 नवंबर। एचडीएफसी बैंक, भारत में प्राइवेट सेक्टर के प्रमुख बैंक ने अंतरराष्ट्रीय धोखाधड़ी जागरूकता सप्ताह (आईएफएडब्ल्यू) के उपलक्ष्य में इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक एडिमिनिस्ट्रेशन (आईआईपीए) के सहयोग से 'बैंकिंग/ फाइनेंशियल साइबर क्राइम प्रिवेंशन एंड डिटेक्शन' पर एक दिवसीय कॉन्फ्रेंस की मेजबानी की। यह लगातार चौथा वर्ष है जब एचडीएफसी बैंक आईएफएडब्ल्यू के दौरान साइबर धोखाधड़ी जागरूकता में सक्रिय रूप से योगदान दे रहा है। इस सम्मेलन के माध्यम से, एचडीएफसी बैंक का लक्ष्य विशेषज्ञों, प्रेक्टिशनर्स, नीति निर्माताओं और हितधारकों को साइबर अपराध की रोकथाम पर अपनी गहन जानकारी, अनुभव और बेस्ट प्रेक्टिसिज को शेयर करने और साइबर सुरक्षा और लचीलापन व ?ाने के लिए ठोस और कार्रवाई योग्य सिफारिशें तैयार करने के लिए एक प्लेटफॉर्म प्रदान करना है। एस एन त्रिपाठी महानिदेशक, आईआईपीए, (सेवानिवृत्त आईएएस) ने कहा कि ''डिजिटल युग में, साइबर क्राइम के खिलाफ ल ?ाई के लिए एक संयुक्त मोर्चे की आवश्यकता है। सहयोग और जागरूकता हमारी सबसे मजबूत ढाल होनी चाहिए। इस प्रकार के सहयोग और मान्यता को प्रोत्साहित करके, हम अपनी सुरक्षा

इंदिरा गांधी की जयंती राजीव भवन में मनाई गई

रायपुर, 19 नवंबर। प्रदेश कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन शंकर नगर रायपुर में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री प्रियदर्शनी स्व. इंदिरा गांधी की जयंती पर उनके छायाचित्र में मार्ल्यापण पुष्पांजलि अर्पित किया गया। इस अवसर पर प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा, संयुक्त सचिव एवं सह प्रभारी विजय जांगिड़, प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदू, शैलेश पांडेय, दिलीप लहरिया, विजय केशरवानी, सियाराम कौशिक, आशिष छाबड़ा, शैलेश नितिन त्रिवेदी, वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर, महामंत्री रवि घोष, संयुक्त महामंत्री अजय साहू, सलाम रिजवी, मेहमूद अली उपस्थित थे।

चौबे समता कॉलोनी में पूर्व अधिकारी-कर्मचारी संगठन का दिवाली मिलन कार्यक्रम आयोजित

रायपुर, 19 नवम्बर (देशबन्धु)। चौबे समता कॉलोनी पूर्व अधिकारी कर्मचारी संघ का दिवाली मिलन कार्यक्रम चिंताहरण हनुमान मंदिर से लगे हुए उद्यान में संपन्न हुआइ कार्यक्रम में चौबे तथा समता कॉलोनी के उद्यान को बनाने तथा सुसज्जित करने और कॉलोनी में घूमते आवारा मवेशियों को हटाने हेतु प्रयास की प्रस्तावना पास की गई। राजेंद्र सिंह ठाकुर को संगठन का कोषाध्यक्ष सर्वसम्मति से चुना गया, राजेश शर्मा तथा अशोक चंद्राकर को प्रचार प्रसार की जिम्मेदारी सौंप गई है।

आगामी बैठक 7 जनवरी 24 को तय की गईइ इस कार्यक्रम में संरक्षक दुर्गेश मिश्रा पूर्व आईएएस अधिकारी, प्रदीप नारायण तिवारी पूर्व आईपीएस अधिकारी, डॉ अंजनी शुक्ला पूर्व अध्यक्ष विनियमन आयोग शिक्षा, संयोजक अशोक तिवारी पूर्व संयुक्त कलेक्टर, डॉ दिनेश चंद्र तिवारी पूर्व चिकित्सा संयुक्त सचालक, अशोक चंद्राकर पूर्व संयुक्त संचालक नगरिय निकाय, संजय शर्मा पूर्व माइनिंग अधिकारी, संजीव ठाकुर साहित्यकार कवि पूर्व खाद्य विभाग के अधिकारी, राजेंद्र सिंह ठाकुर पूर्व मत्स्य विभाग के अधिकारी, अखिलेश शुक्ला पूर्व अभियोजन विभाग के अधिकारी, विवेक बर्वे पूर्व मुख्य प्रबंधक पंजाब नेशनल बैंक, योगेंद्र श्रीवास्तव पूर्व भारतीय खाद्य निगम के अधिकारी, अमर बंसल पार्षद चौबे समता कॉलोनी, अश्वनी तिवारी,प्रकाश अवस्थी , कमलेश अग्रवाल आदि की उपस्थिति में कार्यक्रम हर्षोल्लाह से संपन्न हुआ, कार्यक्रम में संरक्षक प्रदीप नारायण तिवारी द्वारा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा सदस्यों के समक्ष रखी गई, कवि तथा साहित्यकार संजीव ठाकुर द्वारा दिवाली पर बधाई तथा शुभकामनाओं की कविता भी सुनाई गई। संगठन के अध्यक्ष संजय शर्मा द्वारा बधाई तथा शुभकामनाओं का उद्बोधन भी दिया गया। कार्यक्रम शुभकामनाओं के साथ संपन्न हुआ।

यह जानकारी संगठन के संयोजक अशोक तिवारी द्वारा दी गई।

छठ महापर्व के तीसरे दिन सुख सौभाग्य की प्राप्ति के लिए डूबते सूर्य को चढ़ाया संध्या अर्घ्य

रायपुर, 19 नवम्बर (देशबन्धु)। 'छठ' हिंदू धर्म का महत्वपूर्ण पर्व है इस व्रत को संतान की लंबी आयु पति के स्वस्थ जीवन और घर-परिवार के सुख-सौभाग्य की कामना के लिए रखा जाता है. चार दिवसीय छठ महापर्व का आज तीसरा दिन है. बढ़ईपारा निवासी विश्वकर्मा महिला समाज की अध्यक्ष श्रीमती शकुंतला विश्वकर्मा ने बताया कि आज रविवार, 19 नवंबर 2023 छठ व्रतधारीयो ने आमा तालाब में डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया इसलिए इसे संध्या अर्घ्य कहा जाता है. आज बड़ी संख्या में समाज की महिलाए युवतियां पुरुष उपस्थित थी छठ महापर्व कार्तिक शुक्ल की चतुर्थी तिथि से सप्तमी तिथि तक मनाया जाता है. इस साल छठ पर्व 17 से 20 नवंबर 2023 तक है. आज षष्ठी तिथि 19 नवंबर को डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया गया और 20 नवंबर को सुबह उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर छठ व्रत संपन्न होगा.छठ पर्व पर व्रती पूरे 36 घंटे का निर्जला व्रत रखती है और कठोर नियमों का पालन भी करती है. इसलिए छठ को सबसे कठिन व्रतों में एक माना गया है छठ पर्व देशभर में मनाया जाता है आज छठ व्रत का तीसरा दिन है और संध्या अर्घ्य दिया गया छठ पूजा में सही समय पर ही सूर्य देव को अर्घ्य देने से व्रत का फल मिलता है.आज इस अवसर पर अशोक देवी जैन,नेहा विश्वकर्मा ,गुंजा विश्वकर्मा,माया विश्वकर्मा ,कलावती विश्वकर्मा ,दुर्गा विश्वकर्मा,मंदाकिनी विश्वकर्मा ,पिंकी विश्वकर्मा जैन ,पीहू, रुकमणी सिंह, सोनिया आंचल, अलीशा, ओमप्रकाश, आयुष आदि उपस्थित थे।

खोखो तालाब छठ पूजा में आप प्रतिनिधियों ने उपस्थित होकर छठी माता से आशीर्वाद मांगा

रायपुर, 19 नवम्बर (देशबन्धु)। पुरानी बस्ती खो-खो पारा स्थित खो-खो तालाब पार में आयोजित छठ पूजा एवं भजन कीर्तन में आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता व दक्षिण विधानसभा के प्रत्याशी पं विजय कुमार झा सहित पार्टी प्रतिनिधि सागर क्षीरसागर, वीरेंद्र पवार, मनीष सारथी ने पूजा स्थल पर उपस्थित होकर छत्तीसगढ़ की जनता व दक्षिण विधानसभा के नागरिकों के कल्याण के लिए छठी माता से प्रार्थना की तथा छठ व्रतियों से प्रत्यक्ष मुलाकात की। यह क्रम दो दिन उगते सूर्य एवं अस्त होते हुए सूर्य को अर्घ देकर पूजा प्रसाद वितरण कर व्रत का समापन होगा।

कांग्रेसजनों ने पूर्व प्रधानमंत्री को किया नमन

डोंगरगढ़, 19 नवंबर। ब्लॉक शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री आयरन लेडी श्रीमती इंदिरा गांधी के जयंती के अवसर पर हाईस्कूल परिसर में स्थित उनके प्रतिमा में माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। कांग्रेस जनों ने देश के विकास में उनके योगदानों को याद करते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के प्रयासों से देश विकास के पथ में अग्रसर हो कर दुनिया के शक्तिशाली राष्ट्र में शामिल हुआ। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य कांग्रेस प्रत्याशी हर्षिता स्वामी बघेल संध्या देशपांडे संजय श्रीवास्तव धीरज मेश्राम अनिल मेश्राम रिम्पी भाटिया हरिश भंडारी शिशुपाल भारती रामजी तराने प्रमोद ठाकुर जितेन्द्र भाटिया रूपचंद खोखरागड़े नरेश करसे विजय अग्रवाल बबलू खोखरागड़े ललिता साखरे किरण मेश्राम सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

धान खरही में आगजनी करने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार

गंडई पंडरिया, 19 नवंबर। नगर के वार्ड नं 1 पंडरिया में 17 नवंबर की शाम को धान की खरही में आग लगने से धान जलकर राख हो गया। जिससे किसान टीकम साहू को लगभग एक लाख का नुकसान पहुंचा है। गंडई पुलिस ने किसान टीकम साहू के लिखित रिपोर्ट अनुसार तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर विभिन्न धाराओं के तहत न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

जानकारी अनुसार 17 नवंबर दिन शुक्रवार को प्रार्थी टीकम साहू पिता स्व. मानसिंह साहू उम्र 54 साल साकिन वार्ड क्र. 01 पंडरिया गंडई ने थाना गंडई में लिखित आवेदन पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 15 नवंबर 2023 को अपने ट्यूबवेल वाले घर में था। शाम करीबन 07.00 बजे घर के पास में रखे दो एकड़ की धान के खरही में आग की रोशनी दिखाई दिया। साथ ही किसी के चलने का आवाज सुनाई दिया। घर से निकलकर देखा तो उसके गांव के ही रहने वाले भगवानी साहू, कुश साहू, शिवकुमार का बेटा छोटू उसके धान खरही में आग लगाकर भाग रहे था। जिसे आग की रोशनी से पहचान किया हूं धान की खरही जलने से मेरा 1,00000 रू. का नुकसान हुआ है। टीकम साहू के रिपोर्ट पर आरोपीयों के विरूद्ध धारा 436, 34 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उच्चाधिकारियों के मार्ग दर्शन में थाना प्रभारी गंडई निरीक्षक शिव शंकर गेंदले के नेतृत्व में थाना से टीम तैयार कर प्रार्थी के बताये अनुसार संदेही भगवानी साहू पिता नंदू साहू उम्र 45 साल साकिन वार्ड क्र. 01 बहेराभाटा पंडरिया गंडई, कुश साहू पिता डेरहा राम साहू उम्र 23 साल साकिन वार्ड नं. 01 पंडरिया गंडई। शंकर साहू उर्फ छोटू साहू पिता शिवकुमार साहू उम्र 18 साल 10 माह निवासी वार्ड क्र. 02 दैहान चौक पंडरिया थाना गंडई को उनके निवास स्थान में घेराबंदी कर पकडकर थाना लाकर आगजनी की घटना घटित करने के संबंध में पूछताछ किया गया जिन्होने प्रार्थी टीकम साहू के धान खरही में आगजनी की घटना घटित करना स्वीकार करने पर आरोपियों को गिरफ्तारी के कारणों से अवगत कराकर गिरफ्तार कर ज्युडिशियल रिमाण्ड पर भेजा गया है।

गंडई पुलिस की कार्रवाई

गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स ने अनूठे रोडसाइड असिस्टेन्स प्रोग्राम की घोषणा की

रायपुर, 19 नवंबर। इलेक्ट्रिक 2-व्हीलर्स और 3-व्हीलर्स की इबलु रेंज बनाने वाली, गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स ने आज अपने ईवी थ्री-व्हीलर इबलुरोज़ी के लिये अपनी तरह के अनूठे रोडसाइड असिस्टेन्स प्रोग्राम की घोषणा की है। कंपनी नवंबर महीने में खरीदे गये (1 नवंबर से 30 नवंबर 2023 तक) सारे इबलुरोज़ी के लिये 3 साल के कॉम्प्लीमेंटरी रोडसाइड असिस्टेन्स की पेशकश कर रही है। यह आरएसए देशभर में कंपनी के सभी टचपॉइंट्स पर उपलब्ध होगा। इस पहल पर अपनी बात रखते हुए, गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स के सीईओ हैदर खान ने कहा, ''हमारे पास ग्राहकों पर फोकस करने वाला एक स्पष्ट नजरिय है, क्योंकि देश में ईवी को सबसे ज्यादा तेजी से अपनाया जा रहा है और पिछले दो वर्षों में ईवी को लेकर लोगों की धारणा में बड़ा बदलाव हुआ है। देशभर में अभी गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स की 50 डीलरशिप्स हैं और कंपनी इस वित्त-वर्ष के अंत तक अपनी डीलरशिप्स की संख्या 100 तक पहुंचाना चाहती है। कंपनी अभी इलेक्ट्रिक वाहन उत्पादों की एक ?व्यापक श्रृंखला रिटेल करती है, जिसमें इबलु फियो स्कूटर, इबलु स्पिन और थ्रिल ई-बाइसिकल रेंज तथा इबलु रेनो लोडर शामिल हैं।

निधन

कोदईया बाई साहू

भाटापारा, 19 नवंबर। ग्राम ढाबाडीह भाटापारा निवासी श्रीमती कोदईया बाई साहू 90 वर्ष का निधन हो गया है जो फागुराम साहू की मां, पत्रकार शत्रुहन प्रसाद साहू की बड़ी मां व चितांराम की दादी तथा टकेश्वर, संतोष, खिलेश्वर की परदादी तथा भरा पूरा परिवार छोड़ गई है। ढाबाडीह स्थित शमशान घाट मे अंतिम संस्कार किया गया।



नर्मदा प्रसाद दुबे

राजनांदगांव, 19 नवंबर। घुमका दुबे परिवार के जेष्ठ सेवानिवृत्त प्रधान पाठक उदयपुर निवासी नर्मदा प्रसाद दुबे का 90 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। गृह ग्राम उदयपुर (छुईखदान) में अंतिम संस्कार में सामाजिक, आसपास क्षेत्र के गणमान्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

महादेव घाट पर छठ व्रतियों ने डूबते सूर्य को दिया अर्घ्य

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, रमनसिंह, सुनील सोनी, मूणत व अन्य पूजा कार्यक्रम में शामिल हुए

रायपुर, 19 नवंबर (देशबन्धु)। चार दिवसीय छठ पूजा के तीसरे दिन छठ व्रती महादेव घाट पर रविवार 19 नवम्बर को डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया।इस यहां मौजूद हजारों लोगों ने भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया।कल सोमवार सुबह को उषा अर्घ्य दिया जायेगा।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह, पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, राजेश मूणत, रायपुर लोक सभा सदस्य सुनील सोनी, विधायक विकास उपाध्याय, मगापोर ऐजाज ढेबर, कांग्रेस नेता पंकज शर्मा, कांग्रेस नेता आर पी सिंह एवं अन्य महादेव घाट पर आयोजित छठ पूजा कार्यक्रम में रविवार संध्या को शामिल हुए। छठ महापर्व आयोजन समिति महादेव घाट रायपुर के द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया गया।

जिला प्रशासन और रायपुर नगर निगम के सहयोग से महादेव घाट को सफाई की गयी है और महादेव घाट को सजाया गया। रायपुर शहर में 50 से अधिक तालाबों के किनारे छठ मनाया जा रहा है ।

समिति के द्वारा महादेव घाट की सफाई का काम पूरा कर लिया गया है । महादेव घाट को पूरी तरह से सजाया गया है। पार्किंग, लाइटिंग, व्रती के लिए कपड़ा चेंजिंग रूम एवं अन्य प्रकार कि व्यवस्था किया गया है । समिति के द्वारा सुरक्षा के लिए सिक्योरिटी गार्ड की तैनाती की गयी है । इस वर्ष 1 लाख से अधिक श्रद्धालु महादेव घाट पर जुटे ।

छठ महापर्व आयोजन समिति महादेव घाट रायपुर के प्रमुख राजेश कुमार सिंह ने बताया कि समिति के द्वारा महादेव घाट पर सांस्कृतिक भजन संध्या का आयोजन रविवार को किया गया। भजन संध्या में रायपुर के महादेव युवा संगीतकार और गीतकार वेंकटेश अग्रवाल बैंड, प्रसिद्ध भोजपुरी लोक गायिका हेमा पांडेय और उनकी दोनो बहनें करीना पाण्डेय व सविता पाण्डेय , भोजपुरी लोक गायक एवं सुर संग्राम विजेता अलोक कुमार, छत्तीसगढ़ के लोक कलाकार दिलीप षड़ंगी और अंतर्राष्ट्रीय नृत्य नाटिका प्रसिद्ध सोनाली और तरुण चोपड़ा ग्रुप के कलाकारों के द्वारा भी सांस्कृतिक प्रस्तुति की गयी ।अंतर्राष्ट्रीय डांस ग्रुप धरोहर कला संगम संस्था प्रागराज के कलाकार सोनाली और तरुण चोपड़ा नृत्य नाटिका की प्रस्तुति की । समिति के द्वारा खारुन नदी के महादेव घाट पर हजारों दीपों से भव्य संध्या आरती आयोजित की गयी । समिति के द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन 20 नवम्बर की सुबह महादेव घाट पर किया जायेगा।

कोयला कारोबारी के घर लाखों की चोरी

हीरा, सोना और चांदी के जेवर व नकदी ले गए चोर

रायपुर, 19 नवंबर (देशबन्धु)। राजधानी में चोरों के हौसले बुलंद हैं। सूने मकान को आसानी से निशाना बना रहे हैं। समता कालोनी में कोयला कारोबारी के घर महज चार घंटे में 15 लाख की चोरी हो गई। हीरा,सोना और चांदी के जेवर व नकदी चोर ले गए। साके त सिंघानिया की रिपोर्ट पर आजाद चौक थाना पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। साकेत सिंघानिया का कोयले का व्यवसाय है। वह शनिवार को शाम लगभग 06ण्30 बजे परिवार के साथ अवंति विहार स्थित सत्संग भवन गए।

जेवर और नकदी चोर ले गए रात 09.15 बजे वापस आए। मेन गेट का ताला खोला और अंदर जाकर देखा तो दरवाजा भीतर से बंद था। दरवाजे को तोड़कर घर के अंदर गया तो कमरे का गेट टूटा और सामान बिखरा पड़ा था। घर के दो रूम के दर वाजे और आलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखे दो सोने.हीरे के हारए कान का सेट कीमत पांच लाख रुपऐए एक जोड़ा कान का टाप्स, सोने की अंगूठी, दो सोने का ब्रेसलेटए एक 50 ग्राम का सोने का सिक्का, चार 10.10 ग्राम वाला सोने का सिक्का दो सोने की चूडी सहित अन्य जेवर और नकदी चोर ले गए।

देव उठनी एकादशी 23 को

खरोरा, 19 नवंबर (देशबन्धु)। दीपावली के बाद देवउठनी एकादशी का इंतजार सभी को रहता है क्योंकि देवी देवताओं के जागरण के साथ ही सभी शुभ कार्य शुरू हो जाते हैं। हिंदू पंचांग के मुताबिक, इस साल देवउठनी एकादशी 23 नवंबर को मनाई जाएगी। ग्राम केशला के पं. चेतन प्रसाद द्विवेदी के मुताबिक, देवउठनी एकादशी दीपावली के 11 दिन के बाद मनाई जाती है।

जमीन ठेकेदार के घर से 14 लाख के जेवर और सात लाख रुपए नकदी पार

माना क्षेत्र का मामला

रायपुर, 19 नवंबर (देशबन्धु)। माना थाना क्षेत्र में जमीन ठेकेदार के सूने मकान में पीछे की खिड़की की ग्रील काटकर घुसे चोर 14 लाख के जेवर और सात लाख रुपये नकद उड़ा ले गए। माना कैंप .11 निवासी संदीप मंडल की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफअपराध दर्ज कर तलाश में लगी है। पुलिस के मुताबिक संदीप मंडल दीवाली मनाने के लिए परिवार सहित पश्चांजूर गया था। 16 नवंबर को वापस लौटा तो चोरी का पता चला। घर का दरवाजा बाहर से बंद था। चोर पीछे की खिड़की से अंदर घुसे थे।

सीसीटीवी में नजर आया युवक: घर में रखी अलमारी से सोने.चांदी के जेवर और नकदी निकालकर वापस उसी रास्ते से भाग निकले थे। पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है। इसमें संदिग्ध युवक नजर आया है। पुलिस फुटेज के आधार पर आरोपित की तलाश में जुटी है।

आलमारी में ट्राली बैग में रखे थे रुपये: पीड़ित ने बताया कि आलमारी में ट्राली बैग में पांच.पांच सौ के नोट करीब सात लाख रुपये थे। चोरी गए आभूषणों में गले का सेट चार नगए दो कंगन सोने काए दो सोने का मंगल सूत्रए तीन चूडी सोने कीए आठ कान का बाली सोने कीए दो सोने का कंगन दो सोने का अंगूठी, एक नग पेंडेंट गणपति सोने काए चांदी का सिक्का, पायल, चेन, चूड़ी और बिछिया लगभग कीमत 14 लाख रुपये के जेवर चुरा ले गए।

भोजपुरी गायिका हेमा पांडेय व उनकी बहनों के गीतों पर पर झूमे रायपुरवासी

छग के लोक कलाकार दिलीप षड़ंगी और नृत्य नाटिका सोनाली, तरुण चोपड़ा ग्रुप के कलाकारों के द्वारा दी गयी सांस्कृतिक प्रस्तुति

रायपुर, 19 नवंबर (देशबन्धु)। बिहार की मशहूर भोजपुरी गायिका हेमा पाण्डेय और उनकी दोनो बहनें करीना पाण्डेय व सविता पाण्डेय ने छठ गीतों और लोक गीतों पर महादेव घाट पर लोगो को खूब झुमाया।

भोजपुरी गायिका हेमा पाण्डेय और उनकी दोनो बहनें ने च्सासु सजावे ला, दौरवा हम केवरिया धैल खारज, ज्गरजी तड़पी बरोगेले ओरीयानीज, च्करेजा में बिहार जागे लाज एवं अन्य गीतों की प्रस्तुति दी एवं श्रोताओं का अपनी प्रस्तुति से मन मोह लिया। सुर संग्राम विजेता अलोक कुमार ने भी अपनी भोजपुरी गीतों से लोगों को खूब झुमाया और मन मोह लिया। भोजपुरी गायक अलोक कुमार ने छठ गीतों एवं भोजपुरी गीतों की प्रस्तुति दी ।

मीडिया से चर्चा करते हुवे रायपुर में गायिका हेमा पाण्डेय का कहना है कि भोजपुरी संगीत और लोक गीतों को विश्व पटल पहुंचना चाहती है । हेमा पांडेय ने बताया कि बी कॉम की पढाई के दौरान आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ा जिसके कारन वो संगीत के क्षेत्र में अपना करियर बनाया। बिहार के आरा जिला के रहनेवाली हेमा पांडेय ने बताया कि टिक-टोक ने संगीत के क्षेत्र में उनको एक नयी पहचान दिलाई। उनके परिवार को लोगों ने ख़ासकर माता और पिता ने यहाँ तक पहुंचने में बहुत सपोर्ट किया है। हेमा पांडेय ने गीतकार राणा दीपू सिंह रचित गीत च्करेजा में बिहार जागे लाज्को कल यूट्यूब पर रिलीज़ किया गया । इस गाने को श्रोताओं के द्वारा खूब पसंद किया जा रहा है ।

मीडिया से चर्चा में भोजपुरी गायक अलोक कुमार ने बताया कि 6,000 से अधिक गाने गा चुके है। गायक अलोक कुमार ने भोजपुरी, ओड़िया, नेपाली एवं अन्य भाषाओं में गाना गया है। अलोक कुमार 2009 में सुर संग्राम विजेता बने। अलोक कुमार ने 500 से अधिक भोजपुरी फिल्मों के लिए गाना गा चुके है। उन्होंने ने नौ भोजपुरी और एक हिंदी फिल्मों में अभिनय कर चुके है। अलोक कुमार बिहार के लखीसराय जिले के कजराहा गांव के निवासी है।

मीडिया से चर्चा में धरोहर कला संगम प्रयागराज की नृत्यांगना सोनाली चक्रवर्ती ने बताया कि छठ नृत्य नाटिका, महिषासुर मर्दिनी, महासरा एवं अन्य नृत्य नाटिका की अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तुति करती है । धरोहर कला संगम प्रयागराज की नृत्यांगना सोनाली चक्रवर्ती ने बताया कि रायपुर में लोगों का भरपूर प्यार मिलता है। धरोहर कला संगम प्रयागराज के कलाकार के द्वारा लगातार तीसरे साल महादेव घाट पर छठ पूजा में प्रस्तुति दी।

छत्तीसगढ़ के लोक कलाकार दिलीप षड़ंगी ने भी महादेव घाट पर सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी और अपनी लोक गीतों से श्रोताओं को खूब झुमाया। रायपुर के युवा संगीतकार और गीतकार वेंकटेश अग्रवाल बैंड के द्वारा भी सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गयी। दर्शोंकों ने वेंकटेश अग्रवाल की सांस्कृतिक प्रस्तुति को खूब सराहा ।

हत्या एवं लूट के आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

पलारी/बलौदाबाजार, 19 नवंबर (देशबन्धु)। पलारी थाना अंतर्गत रास्ता रोककर पैसा लुटकर मारपीट कर हत्या करने वाले दो आरोपी बिरेन्द्र उर्फ बिरू डहरिया पिता हेलूराम डहरिया उम्र 23 साल निवासी वटगन, मुकेश राजे पिता पोखन राजे उम्र 24 साल निवासी वटगन को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा दिया गया।

जानकारी के अनुसार जिले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा द्वारा अपराधों पर अंकुश लगाये जाने के कड़े निर्देश के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस के दिशा निर्देश पर थाना पलारी क्षेत्रान्तर्गत दिनांक 14 नवम्बर को बिसाहू राम ध्रुव, परशुराम ध्रुव व संतुराम साहू एक मोटर सायकल में जा रहे थे कि वटगन में मोटर सायकल में दो व्यक्ति बिरेन्द्र उर्फ बिरू डहरिया एवं मुकेश राजे दोनो के द्वारा जबरदस्ती रास्ते में रोक कर गाली गुप्तार करने लगे एवं संतुराम साहू के उपरी जेब में रखे 700 को लुट लिए। विरोध करने पर दोनो के द्वारा हाथ मुक्का एवं लात से जान से मारने कि नियत से बिसाहू राम ध्रुव को पेट में जोर जोर से मारने लगे, जो अधमरा जैसे हो गया। मारपीट से बिसाहू राम ध्रुव के नाक मुंह से खून निकलने लगा एवं बेहोश हो गया तथा संतुराम को भी आज जान से खत्म कर दुंगा कह कर दोनो मिल कर मारने लगे, जिससे संतुराम के कमर एवं आंख के पास गंभीर चोट आयी है। परशुराम ध्रुव को भी मारने लगे तब किसी तरह से जांन बचा कर वहां से भाग गया। बिसाहू राम साहू को जादा चोट लगने से उसकी इलाज दौरान मृत्यु हो गई। इस रिपोर्ट पर थाना पलारी में अपराध क्र. 5274/2023 धारा 341, 394, 307,302, 34 भादवि पंजीबद्ध कर आरोपी का पता तलाश किया गया एवं आरोपी बिरेन्द्र उर्फ बिरू डहरिया एवं मुकेश राजे को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया।

चुनाव खत्म होते ही सर्वे के नाम पर आने लगे फोन

रायपुर, 19 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव समाप्त होने के बाद अब सर्वे के नाम पर लोगों के पास फोन आना शुरू हो गया है। यह फोन काल लोगों को अब परेशान करने लगा है। सुबह आठ बजे से फोन बजना शुरू हो जा रहा है। देर रात तक लोगों को परेशान किया जा रहा है। फोन करने वाले द्वारा पूछा जा रहा है कि आपने किसे मतदान किया हैघ् अगर बीजेपी को वोट किए है तो एक दबाएं या फिर कांग्रेस को दिया है तो दे दबाएं। लोगों को इसका भी डर है कि कहीं किसी प्रकार से ठगी तो नहीं की जा रही है।

एक्सपर्ट कहना- ठगी नहीं, प्राइवेट कंपनियां करती हैं सर्वे: एक्सपर्ट के अनुसार चुनाव के बाद कई प्राइवेट कंपनी सर्वे करते हैं। इसके बाद डेटा को बेंचा जाता है। इसके बदले में वह रकम जुटाते हैं। हालांकि मोबाइल नंबर का डेटा उनके द्वारा अलग.अलग कंपनी से खरीदा जाता है।

ठगी के चांस कम : साइबर प्रभारी गौरव तिवारी ने बताया कि चुनाव के बाद इस तरह के फोन काल आते हैं। इन नंबरों में रिटर्न फोन काल नहीं लगता है। यह कंपनी द्वारा एक प्रकार का सर्वे होता है। ठगी के चांस कम होते हैं। अगर उनके द्वारा किसी तरह के लिंक भेजकर कुछ करने के लिए कहा जाता है तो उस समय ठगी हो सकती है।

दीवाली सीजन के बाद शुरू हुई धान खरीदी

रायपुर, 19 नवंबर (देशबन्धु)। त्योहार व मतदान को लेकर छुट्टी के चलते धान खरीदी बंद थी पांच दिनों बाद आज उपार्जन केन्द्रों में फिर धान खरीदी होगी त्योहार एवं चुनाव के बाद अब धान कटाई जोर पकड़े की संभावना है शुरू के दो सप्ताह में जिले में 2 लाख 30 हजार 58 क्विंटल धान की हो चुकी है।

गौरतलब है कि 1 नवम्बर समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू हो चुकी है जिले के 102 खरीदी केंद्रों में 5 हजार 804 किसानों ने उक्त धान बेचा है। धान खरीदी शुरू होने के एक सप्ताह बाद से ही जिले के केंद्रों से मिलर्स द्वारा कस्टम मिलिंग के लिए भी धान चालू हो गया है। मिलर्स ने उपार्जन केन्द्रो से अब तक 3 हजार 640 क्विंटल धान का उठाव किया है।

जानकारी मुताबिक त्योहार तथा चुनावी माहौल में व्यस्त रहने के कारण पहले पखवाड़े में खरीदी धीमी रही ह, मगर अब चुनाव का कार्य पूर्ण हो चुका है, वहीं कटाई भी तेजी से चल रहा है। ऐसे में जल्द ही खरीदी केंद्रों में धान की आवक बढने की संभावना है। समितियों द्वारा हर दिन जारी टोकन के हिसाब से धान खरीदी की जा रही है। अब सभी केंद्रों में बायोमैट्रिक्स मशीन के माध्यम से खरीदी की जा रही है।

त्योहार और उसके बाद चुनाव की वजह से अब धान कटाई की गति धीमी रही है।अब मतदान पश्चात चुनाव भी खत्म हो गया है। ऐसे में अब धान कटाई तेजी आने की संभावना है। जिले में ज्यादातर किसान हार्वेस्टर मशीन से धान कटाई करा रहें हैं।

धान खरीदी के सॉफ्टवेयर में कई किसानों का रकबा शून्य दिखाए जाने की भी शिकायतें आ रही है। इसका कारण अभी स्पष्ट नहीं हुआ हैए मगर ऐसे किसानों को सुधार के लिए पटवारियों के पास भेजा जा रहा है। ऐसे मामलों में कुछ किसानों द्वारा धान की बुआई नहीं करने अथवा जमीन की बिक्री कर लिए जाने को भी कारण बताया जा रहा है।

शहर में फिर हुई चाकूबाजी की घटनाओं में चार लोग घायल

धमतरी, 19 नवंबर (देशबन्धु)। शहर में एक बार फिर चाकूबाजी की घटना में दो लोग घायल हो गये हैं। बठेना वार्ड में चाकू बाजी की घटना हुई है जिसमें लगभग 15 लोगों ने मिलकर चार लोगों पर वार किया, जिसमें तीन अस्पतालों में घायल भर्ती हैं।

पुलिस कार्रवाई के बावजूद चाकूबाज अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। नशे की गिरफ्तार में युवा पुराने रंजीश और छोटी सी बातों को लेकर चाकू लहराने से बाज नहीं आते हैं। कुछ दिन पहले कोलियारी में नाबालिक दोस्तों ने अपने ही दोस्त की चाकू मार कर हत्या कर दी था। उसके बाद शनिवार की रात कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत बठेना वार्ड में चाकूबाजी की घटना हुई है, जिसमें चार युवक घायल हैं। एक जिला अस्पताल में, एक मसीही अस्पताल में और रायपुर के एक अस्पताल में भर्ती है।

जिला अस्पताल में भर्ती सुनील ध्रुव उम्र 36 वर्ष पिता स्व इतवारी राम ने बताया कि शनिवार रात लगभग 11.30 बजे फिर सभी गोविंद के घर के पास बैठे हुए थे तभी लगभग 15 लोग हथियार से लैश पहुंचे और अचानक यही है बोलकर चाकू से ताबड़ तोड़ हमला कर दिए उसके कमर के दोनों तरफ वार किए। खून से लथपथ किसी तरह वह गोविंद के घर के अंदर घुसा। थोड़ी देर बाद जब लड़के भाग गए तो उन्हें जिला अस्पताल लाकर भर्ती कराया गया। इसी तरह कौशल ध्रुव उम्र 30 वर्ष पिता शेष कुमार और उसके छोटे भाई पुष्पेंद्र ध्रुव 31 वर्ष को मसीही अस्पताल ले गए। जहां पर पुष्पेंद्र की स्थिति गंभीर होने पर उसे एम्स रायपुर में भर्ती कराया गया है। गोविंद ध्रुव 25 वर्ष को भी चोट आई है।

वह कौन थे क्यों उन्होंने वार किया यह स्पष्ट नहीं है। इस संबंध में थाना सिटी कोतवाली प्रभारी बृजेश तिवारी ने बताया कि घटना की रिपोर्ट अब तक दर्ज नहीं हुई है। ऐसे चाकूबाज पर सख्त कार्यवाही की जाएगी।

मॉर्निंग वॉक पर निकला व्यक्ति मोटर सायकल की ठोकर से घायल

धमतरी, 19 नवंबर (देशबन्धु)। समीपस्थ ग्राम डोमा के पास मॉर्निंग वॉक पर निकले अधेड़ को मोटर सायकल चालक ने ठोकर मार दी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बाइक सवार को भी चोट आई है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम डोमा निवासी भुनु राम धीर 50 वर्ष पिता त्रिलोक रविवार को सुबह 6.30 बजे मॉर्निंग वॉक पर निकला हुआ था। मोटरसाइकिल सवार दंपति ने पीछे से जबरदस्त ठोकर मार दी, जिससे भुनु रामसर के बल सड़क पर गिर गया। जिससे उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। सूचना पर भखारा पुलिस मौके पर पहुंची। शव पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। मोटरसाइकिल क्रमांक छत्त 19 क्क4024 चालक गणेश कुंजाम ग्राम दुर्ग कॉलल उम्र 40 वर्ष को भी चोट लगी जिसे धमतरी रिफर किया गया। भखारा पुलिस इस मामले में चालक के खिलाफ 304 ए के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आगे की कार्यवाही में जुट गई है।

नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

पलारी/बलौदाबाजार, 19 नवंबर (देशबन्धु)। पलारी थाना अंतर्गत नाबालिक से दुष्कर्म करने वाले आरोपी डगेश्वर वर्मा पिता बिरेन्द्र वर्मा उम्र 24 वर्ष निवासी जारा थाना पलारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार जिले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा द्वारा महिला संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाये जाने के कड़े निर्देश के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस के दिशा निर्देशन में थाना पलारी के अपराध क्रमांक 525/2023 धारा 363, 366ए, 354, 506, 376 भादवि 4,6,8 पाक्सो एक्ट के आरोपी डगेश्वर वर्मा पिता बिरेन्द्र वर्मा उम्र 24 वर्ष निवासी जारा थाना पलारी को आज दिनांक को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया। संपूर्ण कार्यवाही में निरीक्षक शशांक सिंह, सउनि कमल किशोर देवांगन एवं समस्त थाना पलारी स्टाफका योगदान रहा।

संपादकीय

नतीजों के पहले सिंहदेव का बयान

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के लिये दो चरणों में समाप्त हुए मतदान को 24 घंटे भी नहीं बीते थे कि प्रदेश के कद्दावर कांग्रेसी नेता टीएस सिंहदेव का यह बयान कि 'अगर वे इस समय मुख्यमंत्री नहीं बनाये गये तो यह उनका अंतिम चुनाव होगा', इस बात के संकेत दे रहा है कि पार्टी में जीत की स्थिति में शीर्ष पद के लिये खींच-तान हो सकती है। कांग्रेस आलाकमान के लिए यह चिंता का कारण हो सकता है कि उसके और मुख्य विरोधी दल भारतीय जनता पार्टी की सीटें बराबर या लगभग बराबर आती हैं तो सरकार बनने-बनाने में सिंहदेव कोई भूमिका निभा सकते हैं। उनकी भूमिका की गुंजाइश तभी समाप्त होगी अगर कांग्रेस को 2018 की तरह बहुत बड़ा बहुमत मिलता है। शुक्रवार को ही राज्य की 70 सीटों पर मतदान हुआ था। 20 सीटों पर पहले चरण के अंतर्गत मतदान 7 नवम्बर को हुआ था।

अनुमानों, ग्राउंड जीरो पर दिख रही परिस्थितियां, कांग्रेस के पक्ष में छग के भीतर ही नहीं वरन देश भर में दिखाई दे रहा माहौल और संगठन के भीतर का उत्साह भी बतला रहा है कि कांग्रेस के जीतने की पूरी-पूरी सम्भावना है। वैसे तो कई लोगों का मानना है कि भाजपा की सीटें बढ़ सकती हैं, लेकिन पलड़ा अंततः कांग्रेस का ही भारी बतलाया जा रहा है। विभिन्न दलों के अंदरूनी सर्वे भी यही सम्भावित परिणाम बतला रहे हैं। जीतने और फिर से सरकार बनाने की आश्वस्ति के बीच सिंहदेव का यह बयान कम से कम इस अवसर पर अनपेक्षित तो है लेकिन किसी भी तरह से चौंकाने वाला नहीं है। इसका कारण यह है कि पिछले पांच वर्षों के दौरान अनेक ऐसे मौके आये थे जब सिंहदेव ने न केवल अपनी इच्छा का इज़हार किया था वरन यह पद पाने के लिये हाथ-पैर भी मारे थे। यह अलग बात है कि मौजूदा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने उनके इन प्रयासों पर पानी फेर दिया था।

याद हो कि बघेल सरकार के जब एक साल पूरे होने जा रहे थे सिंहदेव ने कहा कि जब बघेल को सीएम बनाया गया था, तभी प्रदेश में ढाई-ढाई साल के लिये दो मुख्यमंत्री बनाने का फार्मूला तय हुआ था। सिंहदेव के अनुसार बघेल के ढाई साल पूरा होने के बाद उन्हें यह पद सम्भालना है। यह सभी को हैरान कर देने वाला दावा था क्योंकि उसके पहले इसके बारे में कभी सुना नहीं गया था। बघेल तत्काल दिल्ली गये और शीर्ष नेताओं का यह बयान लेते आये कि ऐसे किसी भी फॉर्मूले का कोई अस्तित्व नहीं है। जब इस सरकार के सचमुच में ढाई साल पूरे हुए तो यह बात फिर उठी लेकिन फिर दबा दी गई। देखना होगा कि सिंहदेव का बयान क्या गुल खिलाता है।

उल्टा पुल्टा

चिंटू से एक आदमी ने पूछा- बेटा, आपके पापा का क्या नाम है?

चिंटू- अंकल, अभी उनका नाम नहीं रखा मैंने, बस पापा से पापा ही कहता हूं!!!

दुर्ग शहर में कांग्रेस, भाजपा प्रत्याशियों ने किया जीत का दावा

दुर्ग, 19 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव में मतदान के दूसरे दिन सब तरह शांति के मध्य प्रत्याशीगण अपने अपने साथियों के साथ चुनावी समीक्षा करने में लगे रहे। इस बीच प्रतिनिधि ने दुर्ग शहर के कांग्रेस प्रत्याशी अरूण वोरा एवं भाजपा प्रत्याशी गजेन्द्र यादव से चर्चा की। अरूणवोरा अपने कार्यकर्ताओं के साथ भेंट मुलाकात कर मुख्यमंत्री द्वारा आहूत की गई कांग्रेस प्रत्याशियों की बैठक में शामिल होने रायपुर जाने की तैयारी में थे। दूसरी तरफ श्री यादव 15 दिनों की लगातार दौड़ धूप जनसंपर्क के कारण किंचित अस्वस्थ्य महसूस कर रहे थे। दोनों प्रत्याशियों ने इस प्रतिनिधि द्वारा पूछे गये सवालों के सटीक व संक्षिप्त उत्तर दिये। इनसे हुई चर्चा इस प्रकार है:

बाबूजी की कमी पूरे चुनाव में खली मगर जनता के प्रेम ने उसे पूरा कर दिया : अरूण वोरा

कांग्रेस विधायक दुर्ग शहर एवं प्रत्याशी अरूण वोरा ने कहा कि दुर्ग में कांग्रेस की शानदार परम्परा रही है और उसी परम्परा को निभाते हुए दुर्ग शहर की जनता कांग्रेस को आर्शीवाद देकर विजयी बनायेगा। पूरा माहौल कांग्रेस के पक्ष में है। आज मतदान के दूसरे दिन श्री वोरा इस प्रतिनिधि से चर्चा कर रहे थे। उन्होंने बताया कि इस चुनाव में बाबूजी मोती लाल वोरा की कमी हर पल खलती रही मगर उनका आर्शीवाद बना रहा, जनता के प्यार ने उसे पूरा कर दिया। उन्होंने यह पूछने पर कि बहुमत आने पर आपका पसंदीदा नेता कौन होगा जिसे आप मुख्यमंत्री के रूप में देखना पसंद करेगें। उन्होंने यह सवाल ही गलत है। भूपेश बघेल के नेतृत्व में पूरा चुनाव लड़ा गया है तो स्वाभाविक रूप से वे ही सभी की पसंद है। फिर हाईकमान जो आदेश करेगा उसका पालन करेगें।

चुनाव के शुरू शुरू में पूरा चुनावी समीकरण कांग्रेस के पक्ष में नजर आ रहा था किंतु मतदान होते होते तक पूरा का पूरा माहौल भाजपामय हो गया। इसे आप किस रूप में लेते है ? यह सही नहीं है, अरूण वोरा ने कहा कि भाजपा शोर शराबा, माहौल बनाने में माहिर है। उसने स्केण्डर करने की असफल कोशिश की है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का भरोसा व वोरा परिवार का विगत 60 वर्षो का दुर्ग की जनता का आत्मीय संबंध किसी स्केण्डर का मोहताज नही है। हमेशा होता रहा है कि भाजपाई हो हल्ला करते रहे है और कांग्रेस के वोटर चुपचाप वोट डालकर आते रहे है।

कांग्रेस के कतिपय नेता और विशेषकर वोरा जी के रहते जो लोग आगे पीछे घूमा करते थे वे उनके आंख मूंदते ही आपके खिलाफ खड़े हो गये, इसका कितना असर चुनाव परिणाम पर पड़ेगा । कांग्रेस प्रत्याशी अरूण वोरा ने कहा कि जनता ऐसे लोगों के पहचानती है । दुर्ग की जनता ऐसे लोगों को सबक सिखायेगी और कांग्रेस को भारी मतों से विजयी जितायेगी। इस पूरे अभियान में आपके सामने क्या नई समस्याएं आई इस पर उन्होंने कहा कि जो चुनौतियां हर चुनाव में रहती है, वह इस बार भी रहीं। उनकी समाधान भी होता रहा। कोई उल्लेखनीय समस्या नहीं आई।

चुनाव में प्रबंधन कुछ ढीला रहा। अधिकांश वार्डो में पर्चियां नहीं बंटी। लोग स्वयं मतदान केन्द्रों जाकर मतदाता सूची में अपना नाम खोजते व वोट देते रहे है। श्री वोरा ने कहा कि आपके इस कथन से ही स्पष्ट हो जाता है कि लोगों की दिलचस्पी कांग्रेस को वोट देने में रही । उन्होंने इतनी मेहनत की फिर वोट दिया। श्री वोरा ने कहा कि ज्यादातर मतदाता पर्चियां बंट गई थी। तीज त्यौहारों के कारण कहीं ऐसा नहीं हो सका तो जनता ने स्वयं संज्ञान में लेकर सहयोग किया।

अगली बार आप विधायक बनते है तो आपकी प्राथमिकता क्या रहेगी । इस पर अरूण वोरा ने कहा जनसेवा ही उनका कर्तव्य व लक्ष्य है। यहीं करेगें। जो कार्य प्राथमिकता में सामने आयेगा करेगें। दुर्ग का विकास ही एकमात्र लक्ष्य है।

विधायक एवं कांग्रेस प्रत्याशी अरूण वोरा ने बताया कि हमेशा की तरह ने आज (मतदान के दूसरे दिन) भी नियमित जीवनचर्या की तरह सोकर उठे। व्यायाम इत्यादि कर स्नान ध्यान पूजन किया। फिर लोगों से मिलते रहें। शाम को रायपुर में सभी कांग्रेस प्रत्याशियों की बैठक मुख्यमंत्री व वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ है तो वहीं जायेगें।

15 हजार से अधिक की लीड से जीत का दावा : गजेन्द्र यादव

भाजपा प्रत्याशी गजेन्द्र यादव ने बताया कि उन्होंने चुनाव मैदान में उतरते हुए जो कल्पना किया उसमें उन्होंने कहा कि नहीं की थी उससे ज्यादा समर्थन लोगों ने उन्होंने स्वयं आगे आकर दिया है। सभी समाज, सभी वर्गो ने साथ दिया। उन्होने कहा कि मै तो तन्हा ही चला था जानिने मंजिल मगर लोग जुड़ते गये, काफिला जुड़ता गया। उन्होंने दावा किया जिस तरह का जन सैलाब उनके लिया उमड़ा है उससे उन्होंने कम से कम 15 हजार से ज्यादा की लीड से जीतने का भरोसा है।

जीतने पर क्या इरादा है ? इस पर गजेन्द्र यादव ने बताया कि पूरे शहर का रोड मैप उन्होंने तैयार कर लिया है। शहर के युवाओं को नौकरी के लिये बाहर न जाना पड़े इसकी पूरी व्यवस्था यहीं करेगें। शहर में आईटी पार्क का निर्माण करेगें। शहर की लगभग सभी सड़कें विशेषकर इंटीरियरियर क्षेत्र की जनता जीर्णोद्धार करेगें। लोगों को एक औसत से अच्छी जीवन शैली मिले इसके लिये पूरा कार्य करेगें। प्रदेश के भ्रष्टाचार का नामोनिशान मिटाने की दिशा में भरपूर कार्य करेगें। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में जिस तरह भ्रष्टाचार फैला है, दुर्ग भी उससे अछूता नहीं है। हमारी कोशिश रहेगी कि इस कलंक को धोया जायें।

पूरे चुनाव अभियान में देखा गया कि पार्टी के अनेक विगतन कहलाने वाले लोग क्षेत्र छोड़कर अन्य क्षेत्रों में चले गये, यहां अपनी भूमिकाएं समेट ली। ऐसे में कोई अड़चन तो नहीं आई। इस पर भाजपा प्रत्याशी गजेन्द्र यादव ने कहा कि उन्हें इसकी जानकारी नहीं है मगर आप वरिष्ठ पत्रकार होकर जब ऐसा कह रहे है तो संभव ही इसमें सच्चाई होगी। आपकी नजर में जो कथित विगगन है वे भले ही घर में बैठ गये है या और कहीं चले गये हो मगर विगत 10 वर्षो से हेमचंद जी के बाद जो कार्यकर्ता अपने घरों में बैठ गये थे । इन वर्षो में कभी पार्टी के साथ किसी कार्यक्रम में नहीं दिखे है खुलकर सामने आये और तन मन धन से कार्य किया। वसीम कुरैशी, दिनेश नालोडे, तामेश्वर साहू जैसे बहुत से पुराने साथी खुलकर सामने आये और कार्य किया।

पूरे चुनाव अभियान में जाहिर तौर पर आपका मुकाबला कांग्रेस प्रत्याशी अरूण वोरा से था। कभी आमना सामना हुआ, आप दोनों का और कहीं कोई अप्रिय स्थिति निर्मित हुई। इस पर श्री यादव ने कहा कि दुर्ग की यह संस्कृति ही नहीं है। बेवजह उलझना न मेरा स्वभाव है और न ही वोरा जी बेवजह उलझते है। इसलिए जब भी मिले, हंसी मजाक करते रहे उन्होंने बताया कि ऐसी ही एक मुलाकात में मैने पूछा कि आपकी उम्र 60 वर्ष से ऊपर है । आप रिटायर की ऐज में है और मैं कार्यभार सम्हालने की स्थिति में है तो मुझे कार्यभार सम्हालने दीजिये आप रिटायर हो जाइये ? इस पर उन्होंने जोर का ठहाका लगाया और आगे बढ़ गये। मेरे और वोरा जी के बीच पूरे अभियान में कहीं कोई कटुता की स्थिति किसी भी स्तर पर नहीं बनी।

चुनाव जीतने, भाजपा को बहुमत आने पर मुख्यमंत्री के रूप में किसे देखना पसंद करेगें । इस पर गजेन्द्र यादव का कहना था कि यह निर्णय पार्टी और भाजपा के विधायक मिलकर लेगें। पार्टी जो तय करेगी वह मान्य होगा।

श्री यादव चुनाव की 15 दिनों के अभियान से काफी थके हुए थे। सर्दी खांसी और हरारत से परेशान थे। इस प्रतिनिधि के पहुंचने पर थे कुछ देर के लिये मुलाकात किये और फिर आराम करने चले गये।

प्रेक्षक व प्रत्याशी के मौजूदगी में निर्वाचन के कागजातों- प्रपत्रों की संवीक्षा

बेमेतरा, 19 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा सामान्य निर्वाचन .2023 का दूसरे और अंतिम चरण का ज़िले की तीनों में विधानसभा निर्वाचन संपन्न होने के बाद सभी ईवीएम को ज़िला मुख्यालय स्थित कृषि उपज मंडी परिसर में बने स्ट्रांग रूम में लाया गया है। जहां सामान्य प्रेक्षक, कलेक्टर और प्रत्याशियों राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में कड़ी सुरक्षा के बीच ईवीएम को सील किया जा रहा है। वहीं शनिवार को कृषि उपज मंडी परिसर में सामान्य प्रक्षेक अभिशेक कृष्णा ने ज़िले की तीनों विधानसभा की रिटर्निंग ऑफिसर व अभ्यर्थियों की उपस्थिति में ज़िले के सभी मतदान केन्द्र पर हुई मतदान सम्बन्धित कागजातों की संवीक्षा ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

जिले में 7 हजार से ज्यादा मतदाताओं ने किया डाक मत पत्र का उपयोग

दुर्ग, 19 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव के लिए जिले में 7 हजार 3 सौ 70 मतदाताओं ने डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान किया इनमें निर्वाचन ड्यूटी में तैनात एवं सेवा मतदाताओं से अब तक 6 हजार 8 सौ 46 डाक मतपत्र प्राप्त हुए है वहीं जिले में पहली बार 460 दिव्यांग व 80 वर्ष या इससे अधिक आयु के मतदाताओं ने डाक मतपत्र के माध्यम से वोट डाले।

गौरतलब है कि निर्वाचन ड्यूटी में तैनात शासकीय कर्मचारियों के लिए जिला उद्योग केन्द्र कार्यलय में सुविधा केन्द्र स्थापित किया गया था जहां से डाकमत पत्र प्राप्त करने के साथ जमा भी कर सकते थे उक्त सुविधा केन्द्र से विशेष संवाहक द्वारा 6 हजार 8 सौ 46 डाक मतपत्र प्राप्त हुए हैं वहीं सेवा मतदाताओं से अब तक कुल 64 डाक मतपत्र प्राप्त किए गए इसी प्रकार पहली बार निर्वाचन आयोग ने पहली बार दिव्यांग एवं 80 वर्ष या इससे अधिक आयु के मतदाताओं को उनके घर में दल भेजकर मतदान कराने की सुविधा शुरू की है इसके लिए विशेष मतदान दल गठित किए गए थे जिनके द्वारा ऐसे मतदाताओं के आवेदन पर उनके घर पहुंचकर डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराया गया इस सुविधा के माध्यम से सर्वाधिक दुर्ग शहर के ऐसे 201 मतदाताओं ने डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान किया वहीं वैशाली नगर 107, पाटन 58, अहिवारा 147, भिलाईनगर 29 एवं दुर्ग के 18 मतदाताओं का डाक मतपत्र प्राप्त हुआ।

दुर्ग शहर से सर्वाधिक व भिलाईनगर से सबसे कम डाक मतपत्र

डाक मतपत्र सर्वाधिक दुर्ग शहर के कुल 2 हजार 2 सौ 34 मतदाताओं ने मतदान किया वहीं सबसे कम भिलाई नगर विधान सभा में 862 डाक मतपत्र प्राप्त हुए हैं इसी प्रकार दुर्ग ग्रामीण 1309, वैशाली नगर 1063, पाटन 1013 एवं अहिवारा विधानसभा से 889 डाक मतपत्र प्राप्त हुए हैं।

दीवाली के बाद शुरू हो गई धान खरीदी

दुर्ग, 19 नवंबर (देशबन्धु)। त्योहार व मतदान को लेकर छुट्टी के चलते धान खरीदी बंद थी पांच दिनों बाद आज उपार्जन केन्द्रों में फिर धान खरीदी होगी त्योहार एवं चुनाव के बाद अब धान कटाई जोर पकड़े की संभावना है शुरू के दो सप्ताह में जिले में 2 लाख 30 हजार 58 क्विंटल धान की हो चुकी है।

गौरतलब है कि 1 नवम्बर समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू हो चुकी है जिले के 102 खरीदी केंद्रों में 5 हजार 804 किसानों ने उक्त धान बेचा है। धान खरीदी शुरू होने के एक सप्ताह बाद से ही जिले के केंद्रों से मिलर्स द्वारा कस्टम मिलिंग के लिए भी धान चालू हो गया है। मिलर्स ने उपार्जन केन्द्रो से अब तक 3 हजार 640 क्विंटल धान का उठाव किया है।

जानकारी मुताबिक त्योहार तथा चुनावी माहौल में व्यस्त रहने के कारण पहले पखवाड़े में खरीदी धीमी रही ह, मगर अब चुनाव का कार्य पूर्ण हो चुका है, वहीं कटाई भी तेजी से चल रहा है। ऐसे में जल्द ही खरीदी केंद्रों में धान की आवक बढ़ने की संभावना है। समितियों द्वारा हर दिन उपार्जन के तौर हिसाब से धान खरीदी की जा रही है। अब सभी केंद्रों में बायोमैट्रिक्स मशीन के माध्यम से खरीदी की जा रही है।

त्योहार और उसके बाद चुनाव की वजह से अब धान कटाई की गति धीमी रही है। अब मतदान पश्चात चुनाव भी खत्म हो गया है। ऐसे में अब धान कटाई तेजी आने की संभावना है। जिले में ज्यादातर किसान हार्वेस्टर मशीन से धान कटाई करा रहें हैं। धान खरीदी के सॉफ्टवेयर में कई किसानों का रकबा शून्य दिखाए जाने की भी शिकायतें आ रही है। इसका कारण अभी स्पष्ट नहीं हुआ हैं। मगर ऐसे किसानों को सुधार के लिए पटवारियों के पास भेजा जा रहा है। ऐसे मामलों में कुछ किसानों द्वारा धान की बुआई नहीं करने अथवा जमीन की बिक्री कर लिए जाने को भी कारण बताया जा रहा है।

जनता ने दे दिया परिवर्तन का संकेत

दुर्ग, 19 नवंबर (देशबन्धु)। दुर्ग जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने विधानसभा चुनाव 2023 में ऐतिहासिक मतदान के लिए दुर्ग जिले की जनता को साधुवाद देते हुए कहा कि दुर्ग जिले की जनता ने लोकतंत्र के महापर्व में बढ़ चढ़कर भागीदारी देते हुए ऐतिहासिक मतदान करके परिवर्तन का संकेत दे दिया है। जनता ने भरपूर उत्साह दिखाते हुए खुलकर मतदान किया हैए जिससे स्पष्ट रूप से यह प्रतीत हो रहा है कि भारतीय जनता पार्टी को ही जनादेश मिलने जा रहा है।

दुर्ग जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने भाजपा के बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं से लेकर जिला स्तर के तक सभी का कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका पर कहा कि उन्हें जिला अध्यक्ष बनाए जाने के बाद पार्टी के कार्यकर्ताओं

■ सभी सीटों पर जीतेगी भाजपा : जितेन्द्र वर्मा

ने जनता और पार्टी के बीच में सेतु के रूप में काम करते हुए तत्परता से पार्टी के प्रत्येक कार्यक्रमए अभियानए और संदेश को सफलता के साथ जनता तक पहुंचाया, जिसका ही यह सुपरिणाम दिखाई दे रहा है कि न केवल दुर्ग जिले की सभी सीटों पर भाजपा जीत दर्ज करने जा रही है बल्कि प्रदेश में भाजपा की पूर्ण बहुमत से सरकार भी बन रही है। उन्होंने कहा कि विगत डेढ़ वर्षो से दुर्ग संगठन जिले में भाजपा कार्यकर्ताओं ने विपक्ष की भूमिका को पूरी ताकत और गंभीरता के साथ निभाते हुए कांग्रेस सरकार की जनविरोधी नीतियों और भ्रष्टाचार के खिलाफ जमकर आक्रोश दिखाया, यहां तक कि कांग्रेस सरकार की लाठियों और झूठी एफआईआर से भी कार्यकर्ता भयभीत नहीं हुए और जमकर प्रतिकार किया। आज दुर्ग जिले में भाजपा के सभी प्रत्याशी अपनी विजय की ओर अग्रसर है, जिसमें पार्टी के कार्यकर्ताओं का अहम योगदान है।

संत जलाराम बापा के दर्शन के लिए उमड़े श्रद्धालु, लोगों ने नाच-गाकर प्रकट की आस्था

दुर्ग, 19 नवंबर (देशबन्धु)। मानवता के पुजारी संत जलाराम बापा की 224 वीं जयंती रविवार को पूरे श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर स्टेशन रोड स्थित जलाराम मिष्ठान भंडार के बैनरतले जयंती महोत्सव का आयोजन किया गया।

सुबह से ही यहां भक्तिभाव का माहौल रहा। सायंकाल को जलाराम बापा की आरतीकर जमकर माहौल बनाया। उनके भजनों में महिलाएं व अन्य लोग झूमकर नाच उठे। इसके पूर्व सुबह पंडित सतीश महाराज द्वारा विधि विधान से संत जलाराम बापा की पूजा अर्चना संपन्न करवाई गई। इस अवसर पर जलाराम मिष्ठान भंडार के संचालक प्रवीण भाई आड़तिया द्वारा गरीबो को भोजन व कपड़े का वितरण कर मानव सेवा किया गया। महोत्सव में कांग्रेस प्रत्याशी अरूण वोरा, भाजपा प्रत्याशी गजेंद्र यादव, महापौर धीरज बाकलीवाल, पार्षदगण, चेम्बर ऑफकॉमर्स पदाधिकारियो के अलावा अन्य जनप्रतिनिधियो ने जलाराम बापा के दर्शन कर प्रदेश व शहर की सुख-समृद्धि के लिए कामना की। दर्शन के लिए लोगों का दिनभर तांता लगा रहा। लोगों ने प्रसादी ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। श्री जलाराम बापा की जयंती पर जलाराम मिष्ठान भंडार के पास नवदुष्टि फाउंडेशन ने रक्तदान शिविर का आयोजन कर महादान के कहावत को चरितार्थ किया। शिविर में जलाराम बापा के अनुयायियों ने उत्साह के साथ रक्तदान किया। शिविर में जिला अस्पताल के स्टॉफने अपनी सेवाएं दी। ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

सज गया है ऊनी कपड़ों का तिब्बती बाजार

दुर्ग, 19 नवंबर (देशबन्धु)। दुर्ग में साईंस कालेज के सामने ऊनी कपड़ों का तिब्बती बाजार शुरू हो गया है। तिब्बती बाजार लगने का यह तीसवां वर्ष है। इससे पूर्व भी दुर्ग भिलाई में तिब्बत से आकर लोग उलन बाजार लगाते रहे है। नवंबर के प्रथम दिन से शुरू हुआ बाजार फरवरी के अंतिम सप्ताह तक चलता है।

तिब्बती रिफ्यूजी मार्केट ने में 31 व्यापारियों ने अपनी दुकानें लगा रखी है। संस्था के प्रधान तेंगजना ने बताया कि उनके मार्केट में ऊनी कपड़ों की हर रेंज,हर डिजाईन व हर वर्ग के लिये माल उपलब्ध है। इनमें लेडिज व जेंट्स के लिये जेकेट, ब्लाकेंट, लेडीज के लिये स्वेटर, शाल, बच्चों के लिये स्वेटर, टोपी, मोजा उपलब्ध है। यहां पर स्वेटर उपलब्ध है। बच्चों व बड़ों सभी के लिये मोजा 75 से 150 रूपये तक, बच्चों के स्वेटर इत्यादि 7 सौ की रेंज पर है। इसके अलावा लेडीज के लिये मोंचू, चरक उपलब्ध है। ये आयटम 6 सौ से 12 सौ तक में उपलब्ध है।

संस्था के प्रधान ने बताया कि उन लोग मूल रूप से तिब्बत के रहने वाले है मगर वर्षो से हिमांचल प्रदेश में रहते आ रहे है। इससे पहले उनके पिता व परिवार के लोग आकर व्यवसाय करते थे। वे अब यहा आकर व्यवसाय करते है। ऊन व अन्य वस्तुओं के रेट बढ़ जाने से इस वर्ष भी 15 से 20 प्रतिशत की वृद्दिद हुई है। पूरे सीजन में कितना माल बिक जाता है इसका कोई सीधा उत्तर देने की बजाय उन्होंने बताया कि यह कहना कठिन है क्योंकि हर व्यवसाई का अपना सेल है। क्या कुल मिलाकर एक करोड़ का धंधा कर लेते है। इस पर हंसते हुए उन्होंने कहा कि इतना धंधा हो जाता तो वर्ल्ड टूर कर लेते। उन्होंने बताया कि वे लोग कुछ माल तो अपने घर में बनाते है मगर अधिकांश सामान दिल्ली, लुधियाना, व अन्य शहरों से माल कलेक्ट कर लाते है। उन्होंने बताया कि वे पूरा माल मैन्युफेक्चर कंपनी से उधारी में लाते है। जितना माल बिक जाता है बेच देते है और जो माल बच जाता है कंपनी को वापस कर देते है। यह व्यवसाय परम्परागत रूप से चला आ रहा है। देशभर तिब्बती उलन वाले अलग अलग स्थानों में केम्प कर सामान बेचते है।

डड़सेना कलार समाज ने मनाई सहस्त्रबाहु जयंती

कवर्धा, 19 नवंबर (देशबन्धु)। राजमहल कॉलोनी स्थित सामाजिक भवन में रविवार को डड़सेना कलार समाज ने अपने इष्ट देव भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन की जयंती पूरे विधि -विधान से पूजा अर्चना के साथ मनाई गई। जिसमें कार्यक्रम की शुरुआत सर्वप्रथम भगवान सहस्त्रबाहु के पूजा अर्चना के साथ हुआ ।भगवान सहस्त्रबाहु की महा आरती तत्पश्चात प्रसाद वितरण किया गया पूजन कार्यक्रम के मुख्य यजमान श्रीमती मनबिसरी संतु जायसवाल थे । मुख्य अजमान संतु जायसवाल द्वारा उपस्थित समाज प्रमुखों को तिलक लगाकर एवं गमछा भेंट कर स्वागत किया गया । उक्त कार्यक्रम में डड़सेना कलार समाज के जिला अध्यक्ष रूपेंद्र जायसवाल, कवर्धा परिक्षेत्र के अध्यक्ष डॉ बद्री प्रसाद जायसवाल, पूर्व जिला अध्यक्ष गुलाब जायसवाल, खेलू राम जयसवाल, पुनाराम जायसवाल , श्रवण कुमार सिन्हा, थुकेल जायसवाल , भरत जायसवाल, कोमलचंद जायसवाल, संतोष जायसवाल, नत्थू जायसवाल, टुकल जायसवाल, कार्तिक जायसवाल, विदेशी जायसवाल, मोहित जायसवाल, राजेश जायसवाल, महेंद्र जायसवाल, दिनेश ,जायसवाल, रामेश्वर जायसवाल, भागवत ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

सड़क दुर्घटना में संयंत्र कर्मी की मौत

भिलाईनगर, 19 नवम्बर (देशबन्धु)। वीति रात्रि खुर्सीपार चौक में एक हादसे में संयंत्र कर्मी की मौत हो गई। इस खबर की जानकारी मिलते यूनियन नेताओं में आक्रोश देखा गया। खुर्सीपार गेट के बाहर ट्रक की चपेट में आने से कर्मचारी की मौत हो गई है। घटना के बाद संयंत्र कर्मी को तत्काल सुपेला शासकीय अस्पताल पहुचाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हे मृत घोषित कर दिया है। मौत की खबर बीएसपी प्रबंधन को रविवार सुबह लगी। खुर्सीपार गेट के बाहर हादसा होने की वजह से पुलिस 108 एम्बुलेंस के जरिए बीएसपी कर्मचारी को सुपेला लाल बहादुर शास्त्री शासकीय अस्पताल ले गई थी। सुपेला सरकारी हॉस्पिटल की मरच्युरी में ही शव रखा हुआ है। मौत की खबर लगते ही परिवार में कोहराम मच गया है। मिली जानकारी के अनुसार खुर्सीपार के आर कोटेश्वर राव नाइट शिफ्ट के लिए ड्यूटी जा रहे थे। रोलिंग मिल गेट से पहले ही अज्ञात ट्रक की चपेट में आ गए। रात 9.40 बजे घटना में मौके पर ही उनकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि कोटेश्वर राव डीजल स्टोर डिपार्टमेंट में कार्यरत थे। रेलवे फाटक खुर्सीपार गेट के पहले ही हादसा हो गया। घटना की सूचना भिलाई इस्पाता संयंत्र में रात्रि पालीन ड्यूटी पर जाने वाले अन्य कर्मियों ने पुलिस को दी। पुलिस 108 एम्बुलेंस से राव को लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल ले गई थी। जहां उसे डेथ घोषित कर दिया गया। हादसे के बाद संयंत्र कर्मियों में इस बात को लेकर रोष था कि खुर्सीपार गेट और बोरिया गेट पर यातायात व्यवस्था ठीक नही होने से आये दिन सड़क दुर्घटना होना सामान्य बात हो गई है। बोरिया गेट पर पुलिस सहायता केंद्र भी खोला गया है, जहां रात 10 बजे के बाद तालां लगा मिलता है। वहीं खुर्सीपार गेट पर भारी वाहन बेतरतीब खड़े कर दिए जाते हैं। बड़े,बड़े गड्ढे भी हादसे का कारण बनते हैं। बीएसपी गेट से बाहर निकलने वाली ट्रकें और बाहरी वाहनों का अधिक भार है। सेंट्रल एवेंन्यू तक कोई व्यवस्था नहीं है। समय-समय पर बीएसपी अधिकारी पुलिस का ध्यान आकृष्ट करते रहते है। पूर्व में बीएसपी अधिकारियों ने पुलिस को इस समस्या की ओर ध्यान आकृष्ट कराया था। यातायात मूवमेंट बड़ी समस्या है। भिलाई स्टील प्लांट के क्षेत्र में यातायात व्यवस्था पटरी से उतर चुकी है। प्रबंधन को भी ध्यान देना होगा, अन्यथा इसी तरह हादसे होते रहेंगे और जान जाती रहेगी। वही संयंत्र कर्मियों का कहना है कि मुर्गा चोक के पास बने ओवर ब्रिज को भी पिछले कुछ महिने पहले बंद कर दिया गया है। जिससे ट्रकों की आवाजाही लगातार होती रहती है। जिससे सड़क दुर्घटना होने का हमेशा खतरा बना रहता है।

लंबे वेल्डेड रेल पैनल 260 की बढ़ती मांग

यूनिवर्सल रेल मिल व रेल एंड स्ट्रक्चरल मिल से लंबे रेल पैनल की आपूर्ति को बढ़ाएगी

भिलाईनगर, 19 नवम्बर (देशबन्धु) भिलाई इस्पात संयंत्र, भारतीय रेलवे की बढ़ी हुई मांग को पूरा करने के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतुए सेल ने 13 और 26 मीटर लंबी रेल को 260 मीटर लंबे रेल पैनलों में वेल्डिंग करने के लिए साबरमती अहमदाबाद में भारतीय रेलवे की फ्लैश बट वेल्डिंग प्लांट सुविधा का उपयोग करने का प्रस्ताव रखा। 26 दिसंबर 2022 को भारतीय रेलवे के साथ एक एमओयू साइन किया गया और उसके बाद बीएसपी ने पश्चिमी रेलवे के साबरमती वेल्डिंग प्लांट का अधिग्रहण कर लिया। प्लांट कमीशनिंग स्टेज पर था और कई चुनौतियों पर काबू पाने के बाद 18 अक्टूबरए 2023 को एफबीडब्ल्यूपी साबरमती से वाणिज्यिक उत्पादन शुरू हुआ। वेल्डिंग के लिए इनपुट रेल की आपूर्ति बीएसपी के रेल और स्ट्रक्चरल मिल से की गई। 6 नवंबर 2023 को साबरमती स्थित फ्लैश बट वेल्डिंग प्लांट से पहला 260 मीटर रेल पैनल रेक भेजा गया।

प्लांट को कमीशन करने, वेल्डिंग मापदंडों के मानकीकरण और एफबीडब्ल्यूपी साबरमती प्लांट को शुरू करने के लिए बीएसपी और आरडीसीआईएस रांची की टीमों को तैयार किया गया था। मुख्य महाप्रबंधक हेमन्त पाटकए मुख्य महाप्रबंधक कॉर्पोरेट कार्यालय पंकज पुरी, महाप्रबंधक रजत मुखर्जी, महाप्रबंधक प्रशांत लाखे, महाप्रबंधक आरसीएल के वी शंकर, महाप्रबंधक साई नटेश, महाप्रबंधक संजीव कुमार और प्रबंधक कुमार सीरभ ने साबरमती स्थित फ्लैश बट वेल्डिंग प्लांट का स्थायीकरण करने, वाणिज्यिक उत्पादन शुरू करने और एफबीडब्ल्यूपी साबरमती से पहली रेक भेजने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सेल के सेंट्रल मार्केटिंग आर्गेनाइजेशन ने भी साबरमती स्थित इस प्लांट की स्थापना हेतु अहम सहयोग किया। इस ऐतिहासिक उपलब्धि में शामिल टीमों को बधाई देते हुए अनिर्बान दासगुप्ता और कार्यपालक निदेशक वक्स्स अंजनी कुमार ने इसकी सराहना की। उन्होंने साबरमती में शामिल बीएसपी टीम को बधाई दी और उन्हें संयंत्र की मापित क्षमता हासिल करने टीम भावना को बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। सेल की ओर से एफबीडब्ल्यूपी साबरमती परियोजना के नोडल अधिकारी और मुख्य महाप्रबंधक अनीश सेनगुप्ता ने बीएसपी और साबरमती रेलवे टीम को बधाई दी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह उपलब्धि सभी सम्बंधित विभागों के आपसी सहयोग और टीम वर्क से संभव हुई है।

उन्होंने सेल को 260 एम वेल्डेड पैनल के निर्माण हेतु साबरमती संयंत्र को संचालित करने का अवसर प्रदान करने के लिए भारतीय रेलवे का भी आभार व्यक्त किया। साबरमती सुविधा से सालाना 1 लाख टन 260 मीटर वेल्डेड पैनल का उत्पादन सम्भावित है। यह उपलब्धि न केवल बीएसपी की उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है, बल्कि देश की रेल विनिर्माण क्षमताओं में एक बड़ी छलांग का भी प्रतीक है। साथ ही सेल और भारतीय रेलवे के बीच घनिष्ठ सहयोग को भी दर्शाता है।

भारी वाहनों का एक सप्ताह तक प्रतिबंध

भिलाईनगर, 19 नवम्बर (देशबन्धु)। 20 नवंबर 2023 की रात से रायपुर से दुर्ग रोड होटल अमित इंटरनेशनल से चन्द्रामौर्या चौक तक सर्विस रोड भारी वाहन, बसो के लिए प्रतिबंधित रहेगा। ओवर ब्रिज के नीचे सर्विस रोड चौडीकरण एवं डामरीकरण का कार्य 1 सप्ताह मे पूर्ण किया जावेगा। यातायात पुलिस उप अधीक्षक सतीष ठाकुर ने बताया कि असुविधा से बचने के लिए ओवर ब्रिज एवं परिवर्तित मार्ग का प्रयोग करें। निर्माण कार्य 24 घंटे जारी रहेगा। दोपहिया एवं कार चालक होटल अमित के पीछे मार्ग का प्रयोग करेगें। 20 नवंबर की रात्रि से चन्द्रामौर्या ओवर ब्रिज के नीचे रायपुर से दुर्ग से होटल अमित इंटरनेशनल से चन्द्रामौर्या चौक तक सर्विस रोड में डामरीकरण एवं चौडीकरण का कार्य प्रारंभ किया जायेगा। इस दौरान इस मार्ग पर भारी वाहन एवं बसो का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। निर्माण एजेन्सी के द्वारा इस कार्य को पूर्ण करने में 1 सप्ताह का समय लगना बताया गया है। रायपुर से दुर्ग जाने वाले वाहन चालक ओवर ब्रिज का प्रयोग करे एवं सेक्टर की ओर जाने के लिये पावर हाउस अण्डर ब्रिज मार्ग का प्रयोग करे इसी प्रकार सेक्टर की ओर से हाईवे में आने के लिए पावर हाउस अण्डर ब्रिज एवं चन्द्रामौर्या अण्डर ब्रिज मार्ग का प्रयोग करें दो पहिया एवं चार पहिया वाहन चालक को होटल अमित के सामने मार्ग का प्रयोग कर चन्द्रामौर्या टाकिज के सामने की ओर डायवर्ट किया जावेगा। निर्माण कार्य के दौरान उप पुलिस अधीक्षक यातायात द्वारा निर्माण कंपनी को सेफ्टी उपकरणों का प्रयोग करने वाहन डायवर्ट करने के लिए सुरक्षा गार्ड तैनात करने रात्रि के समय उचित प्रकाश व्यवस्था रखने हेतु निर्देश दिये गये साथ ही आम नागरिको से अपील है कि सावधानीपूर्वक वाहन चालन करें

चुनाव व दीवाली के बाद आज मार्केट में रही रौनक

भिलाईनगर, 19 नवम्बर (देशबन्धु)। दीवाली के बाद चुनाव के कारण बाजारों में विरानी छाई हुई थी। किन्तु आज रविवार को बाजारों में विशेष चहल-पहल देखी गई। आज शहर के प्रमुख बाजारों में रौनक देखी गई। दीवाली के बाद चुनाव होने से नगर की अधिकांश दुकानें बंद थी। दुकानों के बंद होने लोगों को परेशानी भी हुई। किन्तु आज रविवार शासकीय अवकाश व छठ पर्व होने के कारण बाजारों में रौनक रही। छठ पूजा का सामान लेने के लिये तालाबों के तट पर भी रौनक रही। बाजारों में महिलाओं छठ पर्व के लिये सामान खरीदा। दुकानों में भीड़ ज्यादा होने के कारण यातायात भी प्रभावित हुआ। यातायात को नियंत्रण करने के लिये यातायात पुलिस द्वारा व्यवस्था का सामान्य बनाने के लिये काफी मेहनत करनी पड़ी। शहर के प्रमुख बाजार जवाहर मार्केट केम्प-2, वैशाली नगर की मार्केट, आकाशगंगा, दक्षिण गंगोत्री टाउनशिप के सेक्टर-6, ए मार्केट, भिलाई-3 चरोदा के बाजारों में लोगों की भीड़ रही। तालाबों में छठ पूजा के कारण सड़कों पर भी लोगों की आवाजाही रही। दुकानों में रौनक होने के कारण दुकानदारों के चेहरे खिले रहे। बाजारों में कोरोना काल के बाद से भड़ी लोगों को राहत देने वाली थी।

कुर्बानी दी देश को खंडित नहीं होने दिया

भिलाईनगर, 19 नवम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ राज्य के पूर्व मंत्री बदरूदीन कुरैशी ने शहीद श्रीमती इंदिरा गांधी की जयंती के अवसर पर अपने 32 बंगला में तैल्यचित्र पर माल्यअर्पण कर जयंती मनायी। श्री कुरैशी ने कांग्रेसजनों को संबोधित करते हुए कहा कि शहीद श्रीमति इंदिरा गांधी ने गरीब असहाय, कमजोर तपके के लोगों को आर्थिक रूप से स्वालंबी बनाने देश के बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया और बिना गांरटी के सामान्य गरीब परिवार को व्यवसाय करने राष्ट्रीयकृत बैंकों से ऋण उपलब्ध करवाया। राजा महाराजाओं को सरकार की तरफ से प्रिवीपर्स मिलता था उसको खत्म किया जिसका लाभ गरीबों को आज तक मिल रहा है ये इंदिरा जी की देन थी। इंदिरा गांधी सन् 1967 से 1977 तक एवं सन् 1984 तक देश की प्रधानमंत्री रही देश की आजादी में भी संघर्ष करी और जेल गयी। देश की एकता अखंडता को कायम रखने अपनी कुर्बानी दे दी लेकिन देश को खंडित नहीं होने दिया। कार्यक्रम में समयलाल साहू, श्रीमति सुभद्रा सिंह, सतपाल सिंह, रॉबिन सिंह, अकील, दीपक, जोगा राव, जमील अहमद, फारूख, बलदेव सिंह, नजमू निशा अन्य कांग्रेसजन उपस्थित थे। श्री कुरैशा ने कहा कि पूर्व प्रधान मंत्री स्व. श्रीमती इंदिरा गांधी ने अपने कार्यकाल में जो फैसले लिये वे देश हित में आज भी काफी उपयोगी साबित हो रहे है। उन्होने कहा कि श्रीमती इंदिरा गांधी ने गरीबों के लिये कई कल्याण कारी योजनाओं को शुरु की थी। जिसका लाभ आज भी लोगों को मिल रहा है।

शपथ फाउंडेशन का दिवाली मिलन समारोह

भिलाईनगर, 19 नवंबर (देशबन्धु)। शपथ फाउंडेशन भिलाई का दिवाली मिलन समारोह नेहरू नगर भिलाई में संस्था के प्रमुख संरक्षक वीरेंद्र सतपथी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। साथ ही शपथ फाउंडेशन के संरक्षक अनिल शुक्ला का जन्मदिन अपथ परिवार द्वारा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में शपथ फाउंडेशन के संरक्षक रमेश श्रीवास्तव, अध्यक्ष अशोक गुप्ता, महासचिव अमिताभ भट्टाचार्य, स्वयं सिद्धा संस्था की अध्यक्ष डॉ सोनाली चक्रवर्ती, शपथ फाउंडेशन के उर्मिला उपाध्याय, रश्मि सागर, कल्पना स्वामी, पुष्पा पटेल, रूखमणी वर्मा, संगीता शुक्ला, पुष्पा भट्टाचार्य, श्वेता ताम्रकार, प्रीति गुप्ता, विकाश जैसवाल, कन्हैया चुरहे, जितेंद्र हसवानी, अभिजीत पारख, मोहन राव, अरविंद तिवारी, सुनील यादव, मोहसिन अली, के एस जैसवाल, सूरज साहू, हनी आवडे आदि कार्यक्रम में उपस्थित थे। कार्यक्रम में आगामी 2 फरवरी 2024 को आयोजित होने वाले थैंक यू भिलाई कार्यक्रम को भिलाई टाउन शिप में भव्य रूप से आयोजित करने का निर्णय लिया गया। समारोह में उपस्थित वीरेंद्र सतपथी, अशोक गुप्ता, डॉ सोनाली चक्रवर्ती ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन अमिताभ भट्टाचार्य तथा आभार प्रदर्शन शपथ फाउंडेशन के संरक्षक अनिल शुक्ला ने किया। अध्यक्ष अशोक गुप्ता ने बताया कि फाउंडेशन समय-समय जरूरतमंदों को मदद करता रहा है। समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित करते है। ताकि अन्य लोगों को इससे प्रेरणा मिल सके।

नगर के तालाबों में विशेष रौशनी के साथ अन्य सुविधा उपलब्ध

भिलाईनगर 19 नवंबर देशबन्धु)। छठ महापर्व का आरंभ आज से हो गया। इस त्योहार में घर की महिलाएं संतान की दीर्घायु के लिए 36 घंटे का निर्जला व्रत करती हैं। यह त्योहार प्रमुख रूप से बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश में मनाया जाता है। दीपावली के बाद कार्तिक मास की शुक्ल षष्ठी को छठी मइया को अर्घ्य दिया जाता है। 17 नवंबर को नहाय खाय के साथ इसका आरंभ हुआ और फिर 4 दिवसीय इस पर्व का समापन 20 नवंबर को होगा। छठ पूजा को लेकर विशेष नियम होते हैं और इन नियमों का पालन करते हुए यह त्योहार पूरे हर्ष और उल्लास के साथ मनाया जाता है। चार दिवसीय महापर्व छठ की शुरुआत शुक्रवार से हो गया। इसके लिए बाजारों में चहल पहल बढ़ गई है। शुक्रवार को बाजार में बड़ी संख्या में लोग खरीदारी करते नजर आए।

इस दौरान घरों से लेकर बाजारों तक छठ मइया के गीतों के सुर भी बिखरते रहे। इस महापर्व के लिए कई स्थानों पर अस्थाई घाटों का निर्माण हो रहा है। नगर.निगम की तरफसे भी हर साल की तरह विशेष व्यवस्था में सहयोग दिया जा रहा है। शुक्रवार को लोगों ने बाजारों में पहुंचकर छठ के लिए पूजन सामग्री की खरीदारी की। पूजा में आवश्यक सामग्री में प्रसाद रखने के लिए बांस की दो बड़ी टोकरी, बांस या पीतल का सूप, दूध, जल के लिए लोटा गिलास और थाली, गन्ने, शकरकंदी और सुथनी, पान, सुपारी और हल्दी मूली और अदरक का हरा पौधा, बड़ा मीठा नींबू, शरीफ केला, नाशपाती, पानी वाला नारियल, गुड़, गेहूं, चावल और आटे से बना ठेकुआ, चाव सिंदूर, दीपक, शहद और दूध के अलावा नए वस्त्र शामिल होते हैं। ऐसे में लोगों ने पूजा सामग्री चीजों की जमकर खरीदारी की। इस्पात नगर भिलाई नगर के अलावा दुर्ग, दल्ली राजहरा, अहिवारा, पुरानी भिलाई, चरोदा, कुम्हारी में छठ पर्व के अवसर पर बाजारों में रौनक बढ़ी है। लोग छठ पूजा की सामग्री खरीदने के लिए उत्सुकता से बाजारों में पहुंच रहे हैं। नगर निगम ने भी विशेष व्यवस्था में सहयोग देने का ऐलान किया है। छठ पूजा का आयोजन विभिन्न स्थानों पर हो रहा है। छठ पूजा सामग्री अधिकतर भीड़ जवाहर मार्केट, केंम्प 02 सुभाष सब्जी मार्केट, आकाशगंगा सब्जी मार्केट, रुआबांधा सब्जी मार्केट, लक्ष्मी मार्केट सुपेला, रिसाली मार्केट, बोरिया रोट चाइना मार्केट, इन स्थानों पर दुकानों पर पूजन और व्रत सामग्री आसानी से उपलब्ध होने के कारण अब लोगों को परेशानी नहीं होती। छठ पूजा करने वाली श्रीमती अनीता सिंह का कहना है कि वे पिछले 33 वर्षों से इस्पात नगरी भिलाई में व्रत कर रही हैं। बाजार में खरीदारी करने पहुंची प्रगति नगर की श्रीमती माया सिंह ने बताया कि अब तो एक ही दुकान पर छठ पूजा का सारा सामान मिल जाता है। अब ऐसा लगता है कि छठ शहर का अपना पर्व है। सूर्यए उषाए प्रकृतिए जलए वायु और उनकी बहन छठी मइया के पूजन के इस महापर्व का रंग शहर पर साल दर साल गहराता जा रहा है। इस कठिन अनुष्ठान को करने वाली महिलाएं तीन दिन तक बिना जल ग्रहण किए व्रत रखती हैं।छठ पर्व की पूजा में सूर्य भगवान और छठी माता की पूजा की जाता है। इसे षष्ठी माता भी कहा जाता है। यह व्रत महिलाएं अपनी संतान की अच्छी सेहत और दीर्घायु के लिए करती हैं। मान्यता है कि छठ पूजा में व्रत रखने से आपको संतान सुख की भी प्राप्ति होती है। इस व्रत को करने से छठी माता निसंतान दंपती की खाली झोली भर देती हैं।

85 वर्षीय सेवानिवृत्त संयंत्र कर्मियों ने किया मतदान

भिलाईनगर, 19 नवम्बर (देशबन्धु)। 85 वर्षीय सेवानिवृत्त बी एस पी कर्मचारी व इस्लामिक स्कालर डा सैय्यद ईस्माइल ने 85 वर्ष की आयु में लोकतंत्र के पर्व विधानसभा चुनाव में विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 65 भिलाई नगर विधानसभा उच्चतर माध्यमिक शाला सेक्टर 11 में मतदान किया ओर बताया कि स्वतंत्र ओर स्वस्थ एंव मजबूत लोकतंत्र के लिए मेरा वोट मेरा अधिकार का प्रत्येक नागरिक को मतदान जरूर करना चाहिए। वे भिलाई नगर में लगभग 12 बार मतदान कर चुके हैं उनका कहना कि आजकल लोगो को इतना जागरुक किया जाता है उसके बावजूद वोट डालने नहीं जाते हैं जबकि सशक्त ओर मजबूत लोकतंत्र को के लिए मतदान जरूरी है जिसको चाहे पसंदीदा उम्मीदवार को वोट करें पार्टीयों को भी स्वच्छ साफ बेदाग ओर शिक्षित उम्मीदवार उतारने चाहिए जो क्षेत्रीय समस्याओं ओर लोगों के बीच संवाद के उपलब्ध रहे आज कल चुनाव का तरीका बदलते नजर आ रहा है। प्रत्याशियों के समर्थकों को भी आपसी भाईचारे स्नेह प्रेम और मिलते जुलते रहना चाहिए चुनाव अपनी जगह है लेकिन एक बात है जब परिणाम आ जाए तो जो विजय प्राप्त कर लें सभी को उसको अपना प्रतिनिधि स्वीकार करना चाहिए ओर विजय प्रत्याशी को भी समुचे विधानसभा के लोगों को अपने मतदाता समझ कर एक जैसा व्यवहार करना चाहिए।

डेंगू की रोकथाम हेतु सघन अभियान का दिखा असर

जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग निगम प्रशासन का संयुक्त अभियान

भिलाईनगर, 19 नवंबर (देशबन्धु)। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जिनमें से भिलाई नगर निगम क्षेत्र व दुर्ग नगर निगम क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग व नगर निगम के अमले द्वारा डेंगू से संबंधित नियंत्रण व रोकथाम का कार्य निरंतर किया जा रहा है। डेंगू एलिजा पॉजिटिव के नये प्रकरण मिले। वर्तमान में डेंगू एलिजा पॉजिटिव 1 मरीज भर्ती है। नये मरीजों के मिलने वाले निवास क्षेत्रों में घर-घर जाकर स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमले द्वारा मास्किटो सोर्स रिडक्शन का कार्य दैनिक रूप से किया गया है।



नगर निगम भिलाई, चरोदा रिसाली जनस्वास्थ्य विभाग, भिलाई इस्पात संयंत्र एवं नगर निगम दुर्ग की टीम के द्वारा लगातार डेंगू प्रभावित क्षेत्रों में लार्वा नष्टीकरण के लिए टेमीफॉस एवं एडिस मच्छर को नष्ट करने के लिए मेलाथियॉन से फागिंग का कार्य किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा.जे.पी. मेश्राम के अनुसार डेंगू नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु दुर्ग, भिलाई, चरोदा, रिसाली नगर निगम जनस्वास्थ्य विभाग, भिलाई इस्पात संयंत्र स्वास्थ्य विभाग ग्रामीण, शहरीय की टीम द्वारा कुल 182741 घरों का सर्वेक्षण किया जा चुका है। जांच किये कूलर पानी टंकी व अन्य कंटेनर की संख्या 208124 जिनमें से 85782 खाली कराये गये। सभी कंटेनरों में 119437 स्थानों में टेमीफास डालकर लार्वा का नष्टीकरण किया गया। 178733 पाम्पलेट के माध्यम से डेंगू व मलेरिया से बचाव के लिए स्वास्थ्य शिक्षा दी गयी। जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला मलेरिया अधिकारी, सभी नगर निगम एवं मीडिया के द्वारा लगातार लोगों से यह अपील की जा रही है कि सप्ताह में एक दिन शुष्क दिवस के रूप में मनाया जाना डेंगू की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए उचित होगा। उस दिन घर के सारे कन्टेनर जैसे कुलरए पानी टंकी व अन्य जिसमें बारिश का पानी एकत्रित हो उत्तको समतल जगह में उस पानी की निकासी की जाये। सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग डेंगू एवं मलेरिया की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए कारगर होगा। अपील नही मानने पर यदि किसी घर मे पहली बार लार्वा मिलता है तो नगर निगम के कर्मचारियों द्वारा समझाइश दी जाएगी और दुसरी बार लार्वा मिलने पर 500 से लेकर 5000 रुपये तक का अर्थदंड वसूला जाएगा जिसकी जवाबदारी स्वयं की होगी। जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.मेश्राम एवं जिला मलेरिया अधिकारी डॉ.सी.बी. एस. बंजारे के द्वारा लोगो से यह अपील की गई है, कि बुखार आने पर मलेरिया एवं डेंगू की जाँच की जाये। डेंगू एवं मलेरिया की जाँच जिला चिकित्सालय, सिविल अस्पताल, सभी सामु.स्वा. केन्द्र. प्राथ. स्वा.के. शहरी प्राथ. स्वा. केन्द, उपस्वास्थ्य केन्द्र, हेल्थ एवं बेलनेस सेंटर में जाँच नि:शुल्क किया जा रहा है। जाँच के उपरान्त ही डॉक्टर के परामर्श से दवा लेना उचित होगा।

आज उगते सूर्य को अर्घ्य देकर होगी पूजा

भिलाईनगर, 19 नवम्बर (देशबन्धु)। छठ पूजा पर 19 नवंबर को डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया गया। 20 नवंबर को उगते सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा और इसी के साथ छठ पूजा का समापन व व्रत पारण किया जाएगा। छठ पर्व की शुरूआत नहाय खाय के साथ होती है। इसके दूसरे दिन को खरना कहते हैं।इस दिन व्रती को पूरे दिन व्रत रखती है। शाम को व्रती महिलाएं खीर का प्रसाद बनाती हैं। छठ व्रत के तीसरे दिन सूर्य देव की पूजा की जाती है। इस दिन महिलाएं शाम के समय तालाब या नदी में जाकर सूर्य भगवान को अर्घ्य देती है। दिन सूर्य देव को जल देकर छठ पर्व का समापन किया जाता है। इस त्योहार को सबसे ज्यादा बिहार, झारखंड, पूर्वी उत्तर प्रदेश और पश्चिमी बंगाल में मनाया जाता है। इस त्योहार को सूर्य षष्ठी के नाम से भी जाना जाता है। छठ पूजा का पर्व संतान के लिए रखा जाता है। छठ में 36 घंटे का निर्जला व्रत रखा जाता है। लोक आस्था का महापर्व आकर्षण का केंद्र स्टील सिटी भिलाई विभिन्न तालाब छठ घाट बेदी तैयार तालाबों में सजने लगे बेदी रन. रोगन के बाद सजना चमकने लगी बेदी स्थल को भी तैयार किया गया सुंदर तालाब सजाया गया था।

प्रत्याशी अपने लेखा खर्च के हिसाब की तैयारी रखें : व्यय प्रेक्षक

बिलाईगढ़ 19 नवंबर। जिले के व्यय प्रेक्षक श्री रत्नेश कुमार सिंह ने दोनों विधानसभा सारंगढ़ और बिलाईगढ़ के 9-9 प्रत्याशी कुल 18 प्रत्याशियों को कहा है कि वे अपने लेखा खर्च का हिसाब तैयारी करें और निर्धारित अवधि तक व्यय लेखा की जानकारी प्रदान करें।

गुण्डरदेही विस में मतदान के बाद जीत हार का शुरू हो गया गुणा भाग

गुण्डरदेही, 19 नवंबर (देशबन्धु)। गुण्डरदेही विधानसभा मे शुक्रवार 17 नवंबर को मतदान समाप्त होने के बाद प्रत्याशी समर्थक और आम मतदाताओं की नजर अब मतगणना परिणाम तीन दिसंबर पर टिकी हुई है पर इससे पहले सभी हार-जीत का गुणा- भाग लगा रहे हैं। हर कोई अपने-अपने बूथ में मतदान प्रतिशत के आधार पर जीत-हार की दांव लगा रहे है कइयों की नजर पार्टी प्रत्याशियों के अलावा बागियों के वोटों पर भी है। उन्हें आभास है कि निर्दलीय के वोटों का ग्राफ बढ़ा तो उनकी राह में रोड़ा अटक सकता है इसे लेकर लोगों के बीच जमकर चर्चा भी हो रही है इनके अलावा बूथ की गतिविधियों के बारे में प्रत्याशी जानकारी ले रहे है 17 नवंबर शाम पांच बजे के बाद जब मतदान का शोरगुल थमा तो राजनीतिक पार्टी के कार्यकर्ता जीत- हार का आंकलन करते रहे इधर मतदान के बाद मतदाता चुप्पी साधे हुए है भाजपा कांग्रेस के दोनो कार्यकर्ता अपनी-अपनी पार्टी के जीत का दावा कर रहे है वही आम आदमी पार्टी के जसवंत सिन्हा व भाजपा से बागी होकर हमर राज पार्टी से चुनाव लड़ रहे दिग्गज नेता मुरलीधर साहू भी अपनी जीत को लेकर पुरी तरह आश्वस्त नजर आ रहे है इन दोनो नेताओ के चुनाव लड़ने से भाजपा कांग्रेस असमंजस मे है इस बार की चुनाव मे भाजपा कांग्रेस व आप पार्टी के घोषणा पत्र मतदाताओ को काफी प्रभावित किया है बता दे कि

गुण्डरदेही विधानसभा चुनाव मे कुल 13 उम्मीदवार मैदान मे थे भाजपा से विरेन्द्र साहू कांग्रेस से कुंवर सिंह निषाद आप पार्टी से जसवंत सिन्हा हमर राज पार्टी से मुरलीधर साहू जोगी जनता कांग्रेस से राजेंद्र राय लोजपा से तोमन लाल साहू आदि मैदान मे थे पिछला चुनाव देखा जाए तो कांग्रेस के कुंवर सिंह निषाद ने भाजपा प्रत्याशी दीपक तारावंच साहू को लगभग 50 हजार से अधिक मतो से हराया था गुण्डरदेही विधानसभा मे साहू समाज की मतदाता लगभग 65 से 70 हजार है जो सभी समाज से ज्यादा है भाजपा ने इस बार जाति समीकरण के हिसाब से पुर्व विधायक विरेन्द्र साहू को मैदान मे उतारा था अगर यहां मोदी फैक्टर चला और साहू समाज का वोट पड़ा तो विरेन्द्र साहू की जीत हो सकती है वही कांग्रेस ने कुंवर सिंह निषाद पर विश्वास जताते हुए दोबारा टिकट दिया है अगर कांग्रेस के घोषणा पत्र मे एक कर्ज माफी से किसान प्रभावित हुआ तो कुंवर सिंह निषाद को दोबारा विधायक की कुर्सी मिल सकती है वही आप पार्टी के जसवंत सिन्हा युवा और नया चेहरा होने के साथ मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की बदौलत उनको जीत मिल सकती है

बुथ पर थी भीतरघात करने वालो पर नजर

पार्टी के सिंबल पर चुनावी वैतरणी पार करने वाले प्रत्याशी परंपरागत वोटों पर भरोसा जता रहे है जबकि दूसरी तरफ निर्दलीय प्रत्याशियों के मैदान में आने के कारण वोट खिसकने का भी भय सता रहा है बूथों पर कौन जिम्मेदारी से काम किया और किसने भीतरघात किया इसे लेकर भी प्रत्याशी की नजर रही थी अब हार जीत का फैसला मतगणना के दिन तीन दिसंबर को पता चल जाएगा।

कांग्रेस दूसरी बार पूर्ण बहुमत से बनाएगी सरकार : हफीज खान

राजनांदगांव, 19 नवंबर (देशबन्धु)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हफीज खान ने जारी बयान में कहा है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव सभी 90 सीटों पर लड़ा गया, जिसका सकारात्मक परिणाम तीन दिसंबर को मिलेगा। श्री बघेल के नेतृत्व में प्रदेश में कांग्रेस दूसरी बार पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाने जा रही है।

श्री खान ने कहा कि विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा पहले ही घबराई हुई नजर आई। शायद यही वजह रही कि प्रदेश में भाजपा द्वारा पूरे चुनाव के दौरान सर्वाधिक स्टार प्रचारकों को बुलवाकर चुनावी सभाएं ली गई। यहां तक कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को छत्तीसगढ़ में करीब दर्जनभर चुनावी सभाएं लेनी पड़ी। इतना ही नहीं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित कई बड़े नेताओं को प्रदेश के मतदाताओं को लुभाने के लिए चुनावी सभाओं को संबोधित करना पड़ा। दूसरी ओर कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर ही पूरा भरोसा जताया। पूरे चुनाव के दौरान कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सांसद राहुल गांधी और कांग्रेस की राष्ट्रीय नेत्री प्रियंका गांधी को पूरे चुनाव के दौरान प्रचार के लिए छत्तीसगढ़ भेजा, लेकिन इन नेताओं के द्वारा भाजपा की तुलना में बहुत कम चुनावी सभाएं ली गईं। इन सबके बावजूद पूरे विधानसभा चुनाव के परिदृश्य में अकेले भूपेश बघेल ही छाए रहे, साथ ही छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी कुमारी शैलजा एवम छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने प्रदेश में कांग्रेस के प्रत्याशियों को जीतने के लिए प्रयास करते रहे। यूं कहें कि कांग्रेस का पुरा चुनावी कैंपेन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के ही इर्दगिर्द घूमता रहा। चूंकि प्रदेश के आम मतदाता इस बात को भलीभांति जान और समझ चुके हैं कि कांग्रेस जो कहती है, उसे करके भी दिखाती है, इसीलिए पांच सालों में प्रदेश में लोगों का विश्वास कांग्रेस के प्रति बढ़ा है, जिसका सकारात्मक परिणाम भी आने वाला है। इसके उलट करीब दस सालों से केन्द्र की सत्ता में बैठी भाजपा सरकार के वायदों और जुमलों को देश की जनता सहित प्रदेश की भी जनता देखती आ रही है कि भाजपा वाले किस तरीके से वोट बटोरने के लिए लोगों को झूठ बोलकर गुमराह करके सत्ता हथियाते हैं, लेकिन इस बार कांग्रेस की जनता ने भाजपा को नकारकर कांग्रेस को दोबारा सत्ता की कमान सौंपने का मन बना लिया है। तीन दिसंबर को मतगणना के बाद छत्तीसगढ़ में लगातार दूसरी बार कांग्रेस पार्टी भूपेश बघेल के नेतृत्व में पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाने जा रही है।

- पूरे विधानसभा चुनाव में अकेले छाए रहे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल
- भाजपा को हार का डर, इसलिए पीएम सहित कई बड़े नेताओं को बुलाया

कुम्हारी में छठ पर्व को लेकर दिखा भारी उत्साह

कुम्हारी, 19 नवंबर (देशबन्धु)। लोक आस्था का महापर्व छठ शुक्रवार को नहाय-खाय के साथ शुरू हुआ। 18 नवम्बर को खरना के बाद 19 नवम्बर दिन रविवार को सांध्य बेला में कुम्हारी स्थित बड़े तालाब घाट पर छठ को लेकर इस बार जबरदस्त उत्साह देखने को मिला बड़ी संख्या में लगभग 300 परिवारों के हजारों की संख्या में पहुँचे व्रती महिलाओं ने 38 घंटे निर्जला उपवास रख अस्ताचलगामी सूर्य को पहला अर्घ्य दिया खरना से शुरू हुआ यह महापर्व अस्त सूर्य देव को पहला अर्घ्य देने के बाद सोमवार सुबह दूसरा अर्घ्य दिया जाएगा। रविवार को बड़े तालाब घाट पर पहुंचे लोगों ने ढोल-नगाड़े पटाखे की शोर शराबे के साथ छठ पर्व उत्साह पूर्वक मनाया इनके पहले घाटों को दीपों व फूलों से सजाया गया। आये हुए व्रतियों ने बताया कि 20 नवंबर को उगते सूर्य को अर्घ्य के साथ चार दिनों के पर्व का समापन होगा। बताते चले कि दीपावली व गोवर्धन पूजा के बाद चार दिवसीय छठ पूजा की तैयारियां कुम्हारी क्षेत्र सहित आस पास के गांवों में शुरू हो गई हैं। कुम्हारी नगर के स्टेशन चौक, बाजार चौक, वार्ड क्रमांक 14-15, परसदा, कुगदा, जंजगिरी समेत आसपास के इलाकों के रहवासियों के द्वारा छठ पर्व बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। छठ पूजा के लिए व्रती महिलाओं व पुरुषों के द्वारा कोसी, पीतल, बांस का सूप, दउरा, साड़ी, गन्ना, नारियल, फल सहित पूजा-अर्चना के लिहाज से हर सामानों को टोकरी में भर कर घाटों में ले जाया गया।

इस बार प्रदेश में फिर से बनेगी कांग्रेस की सरकार : रतन सिंगी

खैरागढ़, 19 नवंबर (देशबन्धु)। खैरागढ़ नगर पालिका परिषद के एल्डरमेन रतन सिंगी ने दूसरे चरण के मतदान के बाद कहा कि भाजपा इस चुनाव को प्रभावित करने के लिए छत्तीसगढ़ की शांत फिजा को खराब करने का षडयंत्र रचा था. लेकिन वो असफल रही प्रदेश के जागरूक मतदाता नागरिक भाजपा के बहकावे में नहीं आए रतन सिंगी ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस 75 से अधिक सीट जीतकर पुनः सरकार बनाने जा रही है. प्रथम व दूसरे चरण के मतदान के बाद में किसान, माता, बहनें, युवा, श्रमिक व्यापारियों का रूझान कांग्रेस के प्रति मिल रहा है. विधानसभा का यह चुनाव मोदी के झूठ, जुमले व कांग्रेस पर भरोसे का चुनाव रहा कांग्रेस की सरकार बनते ही जनता से किये सभी वादों पर काम शुरू होगा मोदी की गारंटी व भाजपा के झूठे एवं मनगढ़ंत आरोप को जनता ने खारिज कर दिया है. रतन सिंगी ने आगे कहा कि कांग्रेस ने चुनाव प्रचार में अपनी सरकार की योजनाओं व कांग्रेस सरकार के पिछले कामों को आधार मानकर काम किया वही भाजपा ने नकारात्मकता के आधार पर चुनाव प्रचार किया केन्द्र की मोदी सरकार व भारतीय जनता पार्टी ने संवैधानिक संस्थानों व जांच एजेंसियों का दुरूपयोग किया षड्यंत्र रचे, दुर्भावना पूर्वक छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार को बदनाम करने कुत्सीत प्रयास किया, जिसे छत्तीसगढ़ की जनता ने पूरी तरह से खारिज कर दिया कांग्रेस के घोषणा पत्र पर मतदाताओं ने भरोसा जताया है. इसके विपरीत भाजपा के लोग ही भाजपा के घोषणा पत्र पर भरोसा करने को तैयार नहीं हुये जिस तरह से प्रथम चरण के चुनाव में जनता ने भाजपा को नकारा था, उसी तरह दूसरे चरण के मतदान में भी छत्तीसगढ़ की जनता ने कांग्रेस के पक्ष में मतदान किया है. पिछली बार 2018 में दो तिहाई से बड़ी बहुमत मिली थी, अबकी बार तीन चौथाई से बड़ी बहुमत के साथ छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनेगी।

किसानों को भूपेश पर पूरा है भरोसा

प्रदेश में शेष 13 दिन बाद विधानसभा चुनाव का होगा नतीजा

सभी प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में कैद

खैरागढ़, 19 नवंबर (देशबन्धु)। प्रदेश में हुए विधानसभा चुनाव का नतीजा ठीक 13 दिन बाद परिणाम जनता के सामने होगा प्रदेश में हुए प्रथम चरण का चुनाव 7 नवंबर को 20 विधानसभा का चुनाव सम्पन्न हुआ था. वहीं दूसरे चरण का विधानसभा चुनाव 17 नवम्बर को हुआ है. जिसका परिणाम 3 दिसंबर को जनता के सामने होगा कांग्रेस पार्टी भूपेश बघेल के चेहरे पर व प्रदेश में किए गए अपने कामों के प्रति कांग्रेस पार्टी चुनाव लड़ी थी. वही भारतीय जनता पार्टी प्रदेश में नरेंद्र मोदी के चेहरे पर व केंद्र सरकार की योजनाओ पर चुनाव लड़ी थी. दोनों पार्टी कांग्रेस भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में प्रदेश की जनता को अपने पक्ष में करने के लिए नए स्कीम लॉन्च कर घोषणा पत्र जारी किया था. अब प्रदेश की जनता किस पार्टी पर अपना मुहर लगाती है. बहुत ही जल्द परिणाम आम जनता के सामने होगा मतदाताओ ने अपना वोट डाल दिया है. सभी प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में कैद हो गया है. 3 दिसंबर को परिणाम आने के बाद कांग्रेस व भाजपा पार्टी के द्वारा किए गए सच और झूठ का फैसला हो जायेगा।

दिल्ली पब्लिक स्कूल एवं युगांतर पब्लिक स्कूल राजनांदगांव की बालक बास्केटबॉल टीम सेमीफायनल में पहुंचे

राजनांदगांव, 19 नवंबर (देशबन्धु)। दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव एवं युगांतर पब्लिक स्कूल राजनांदगांव की बालक बास्केटबॉल टीम ने सीबीएसई नेशनल बास्केटबॉल प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। युगांतर पब्लिक स्कूल राजनांदगांव की बालक बास्केटबॉल टीम ने चार्टर फाइनल में स्प्रिंगडेल स्कूल अमर्तसर को 71-42 अंको से परास्त किया जबकि दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव की बालक बास्केटबॉल टीम ने चार्टर फाइनल में डी ए वी लुधियाना 70-19 अंको से परास्त कर सेमीफाइनल में जगह बनाई।

इसके पूर्व युगांतर पब्लिक स्कूल राजनांदगांव की टीम ने प्रिय चार्टर फाइनल में आक्सफोर्ड स्कूल केरल को 61-26 अंको से जबकि दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव की टीम ने प्रिय चार्टर फाइनल में आर्मी पब्लिक स्कूल नारंगी आसाम को 81-51 अंको से परास्त किया।

इसके पूर्व युगांतर की टीम ने आर्मी पब्लिक स्कूल प्रयागराज को 69-33 अंको से, दूसरे मैच में गुजरात पब्लिक स्कूल बड़ोदरा को 71-21अंको से, तीसरे लीग मैच में नेशनल पब्लिक स्कूल बेंगलुरू को 82-62 अंको से परास्त किया ।जबकि दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव की बालक बास्केटबॉल टीम ने अपने पहले लीग मैच में डी पी एस हैदराबाद को 81- 39 अंको से, दुसरे मैच में वेल्मल इंटरनेशनल स्कूल चेन्नई को एकतरफा मैच में परास किया, तीसरे मैच में द मान स्कूल दिल्ली को 60-33 अंको से परास्त कर प्रि चार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

युगांतर पब्लिक स्कूल राजनांदगांव की ओर से साहिल, विश्वजीत सिंह, शुभम सिंह, प्रदीप कुमार, तुषार,कालवा सर्वज्ञ राव, प्रथमेश, अभिषेक पाठक, लक्ष्य जायसवाल, हिमांशु सिंह, लक्ष्य शर्मा एवं अथर्व प्रताप सिंह ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। टीम की कोच कालवा राधा राव है ।

दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव की ओर से शिवु कुमार, शुभम कश्यप, हिमांशु सिंह, दिपांशु यादव, अदम्य गर्ग, हर्ष, गणेश मालवीय, भव्य देवांगन, तनय भारत, श्लोक दुधमोगरे, गुलशन कुमार एवं शिवम बुरा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी टीम को विजयी बनाया। टीम की कोच कालवा राधा राव है ।

प्रदेश में भारी बहुमत से बनेगी भाजपा की सरकार : विजेन्द्र

डोंगरगढ़, 19 नवंबर (देशबन्धु)। भाजपा विधानसभा क्षेत्र के मीडिया प्रभारी विजेंद्र सिंह ठाकुर ने पहले एवं दूसरे चरण के मतदान के बाद दावा किया है कि छत्तीसगढ़ में भाजपा के पक्ष में लहर चल रही है। एक बार फिर से भारी बहुमत से भारतीय जनता पार्टी सरकार बनेगी। विजेन्द्र सिंह ठाकुर ने कहा कि पहले चरण में 13 से 14 सीटों में भाजपा आगे है। एवं दूसरे चरण में 42 से 45 सीट पर भाजपा आगे रहेंगी । श्री ठाकुर ने भाजपा के संकल्प पत्र को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी बताते हुए कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के हर वर्ग का ध्यान रखा जाएगा युवाओं को रोजगार किसानों को उनका हक महिलाओं को उनका अधिकार छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद तेंदूपत्ता संग्रहण 5,500 रुपये प्रति मानक बोरा करेंगे। संग्रहण के दिनों में बढ़ोत्तरी कर 15 दिन करेंगे और अतिरिक्त संग्रहण करने वालों को 4,500 रुपये का बोनस देंगे। आदिवासी साथियों के पैरों में काटे न चुभें, इसके लिए चरणपादुका योजना को फिर शुरू करेंगे। फड़मुंशियों को कमीशन के अतिरिक्त 25 हजार रुपये वार्षिक मानदेय प्रदान करेंगे। भाजपा की सरकार बनते ही पहली कैबिनेट बैठक में ही 18 लाख आवास के लिए सरकार राशि जारी करेंगी। महिलाओं को साल में ?12000 वा सीजीपीएससी घोटाले के दोषियों पर कड़ी करवाई करेंगी। दो वर्ष में रिक्त पदों पर भर्ती करके युवाओं को हमारी सरकार रोजगार देंगी और भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने पर छत्तीसगढ़ उद्यम क्रांति योजना के तहत प्रदेश में युवाओं को 50 प्रतिशत सब्सिडी के साथ ब्याज मुक्त ऋण प्रदान करेंगी।

कांग्रेसजनों ने पूर्व प्रधानमंत्री को किया नमन

डोंगरगढ़, 19 नवंबर। ब्लॉक शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री आयरन लेडी श्रीमती इंदिरा गांधी के जयंती के अवसर पर हाईस्कूल परिसर में स्थित उनके प्रतिमा में माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। कांग्रेस जनों ने देश के विकास में उनके योगदानों को याद करते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के प्रयासों से देश विकास के पथ में अग्रसर हो कर दुनिया के शक्तिशाली राष्ट्र में शामिल हुआ। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य कांग्रेस प्रत्याशी हर्षिता स्वामी बघेल संध्या देशपांडे संजय श्रीवास्तव धीरज मेश्राम अनिल मेश्राम रिम्मी भाटिया हरिश भंडारी शिशुपाल भारती रामजी तराने प्रमोद ठाकुर जितेन्द्र भाटिया रूपचंद खोबरागड़े नरेश करसे विजय अग्रवाल बबलू खोबरागड़े ललिता साखरे किरण मेश्राम सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

प्रादेशिकी का शेष...

प्रेक्षक व प्रत्याशी के ...

की गयी। इसके साथ ही जिस मतदान केंद्र पर मतदान अधिक व कम हुआ उसकी समीक्षा की गयी। वहींए मतदान केंद्रों पर हुई किसी प्रकार की समस्या के बारे में जानकारी भी ली गयी।

औसत प्रतिशत से अधिक मतदान वाले मतदान केन्द्रों के प्रपत्रों की संवीक्षा की। इसके बाद मतदान केन्द्रवार लिफाफे खोलकर प्रपत्रों की बारीकी से संवीक्षा की गई। संवीक्षा की निष्पक्षता के लिये संपूर्ण कार्रवाई की वीडियोग्राफी भी कराई गई। प्रपत्रों की संवीक्षा के दौरान प्रत्याशी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, तीनों विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफिसर सहित सीईओ ज़िला पंचायत,उप ज़िला निर्वाचन अधिकारी उपस्थित थे।

संत जलाराम बापा के ...

शिविर आयोजन में नवदृष्टि फाउंडेशन के राज अड़तिया, कुलवंत भाटिया, रितेश जैन, मुकेश राठी, दयानाथ टांक, सुरेश जैन एवं अन्य सदस्यों ने योगदान दिया।

बापा की जयंती महोत्सव पर प्रवीणभाई आड़तिया, मुकेश आड़तिया, शिवलाल शाह, मोन्टू आड़तिया, मुकुंदभाई, मोती वस्तानी, प्रेमलाल, जयपाल सिंह, भिखूभाई पटेल, दिनेश शाह, सुभाष महेता, गुरुचरण सिंह, धीरूभाई आड़तिया, इंदिराबेन आड़तिया, सीमा बेन, उषा बेनए रीता बेन, पूर्वी आड़तिया, शोभा आड़तिया, ज्योत्सना बेन, नयना बेन, ममता आड़तिया, ललित सक्सेरिया, प्रदीप कानावार, कीर्ति कानावार, राजेन्द्र कोठक, गिरधर कारिया, इलेश भीमजियानी, लक्ष्मण पटेल, हिरेश कारिया, दिलीप पाटीदार, शैलेष कारिया, अरविंद भाई समेत बड़ी संख्या में जलाराम बापा के अनुयायी शामिल हुए।

डड़सेना कलार समाज ...

जायसवाल,सुरेश जयसवाल, नारायण जायसवाल,बलराम जयसवाल, गजेंद्र जायसवाल, उत्तम जायसवाल, बंसी राम जयसवाल, मोहन जायसवाल, मदन जयसवाल,राहुल जायसवाल, नागेश्वर जायसवाल, कपिल जायसवाल, लाल जायसवाल, जलेश जायसवाल, शिव जायसवाल, रोहित जायसवाल , शिवनंदन सिन्हा, सुखदेव सिन्हा आदि उपस्थित रहे।

धान खरही में आगजनी करने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार

गंडई पंडरिया, 19 नवंबर। नगर के वार्ड नं 1 पंडरिया में 17 नवंबर की शाम को धान की खरही में आग लगने से धान जलकर राख हो गया। जिससे किसान टीकम साहू को लगभग एक लाख का नुकसान पहुँचा है। गंडई पुलिस ने किसान टीकम साहू के लिखित रिपोर्ट अनुसार तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर विभिन्न धाराओं के तहत न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

जानकारी अनुसार 17 नवंबर दिन शुक्रवार को प्रार्थी टीकम साहू पिता स्व. मानसिंह साहू उम्र 54 साल साकिन वार्ड क्र. 01 पंडरिया गंडई ने थाना गंडई में लिखित आवेदन पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 15 नवंबर 2023 को अपने ट्यूबवेल वाले घर में था। शाम करीबन 07.00 बजे घर के पास में रखे दो एकड़ की धान के खरही में आग की रोशनी दिखाई दिया। साथ ही किसी के चलने का आवाज सुनाई दिया। घर से निकलकर देखा तो उसके गांव के ही रहने वाले भगवानी साहू, कुश साहू, शिवकुमार का बेटा छोटू उसके धान खरही में आग लगाकर भाग रहे था। जिसे आग की रोशनी से पहचान किया हूँ धान की खरही जलने से मेरा 1,00000 रू. का नुकसान हुआ है। टीकम साहू के रिपोर्ट पर आरोपीयों के विरूद्ध धारा 436, 34 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उच्चाधिकारियों के मार्ग दर्शन में थाना प्रभारी गंडई निरीक्षक शिव शंकर गेंदले के नेतृत्व में थाना से टीम तैयार कर प्रार्थी के बताये अनुसार संदेही भगवानी साहू पिता नंदू साहू उम्र 45 साल साकिन वार्ड क्र. 01 बहेराभाटा पंडरिया गंडई, कुश साहू पिता डेरहा राम साहू उम्र 23 साल साकिन वार्ड नं. 01 पंडरिया गंडई। शंकर साहू उर्फ छोटू साहू पिता शिवकुमार साहू उम्र 18 साल 10 माह निवासी वार्ड क्र. 02 दैहान चौक पंडरिया थाना गंडई को उनके निवास स्थान में घेराबंदी कर पकडकर थाना लाकर आगजनी की घटना घटित करने के संबंध में पूछताछ किया गया जिन्होने प्रार्थी टीकम साहू के धान खरही में आगजनी की घटना घटित करना स्वीकार करते पर आरोपियों को गिरफ्तारी के कारणों से अवगत कराकर गिरफ्तार कर ज्युडिशियल रिमाण्ड पर भेजा गया है।

गंडई पुलिस की कार्रवाई

निधन

कोदईया बाई साहू

भाटापारा, 19 नवंबर। ग्राम ढाबाडीह भाटापारा निवासी श्रीमती कोदईया बाई साहू 90 वर्ष का निधन हो गया है जो फागुराम साहू की मां, पत्रकार शत्रुहन प्रसाद साहू की बड़ी मां व चिंतारामा की दादी तथा टकेश्वर, संतोष, खिलेश्वर की परदादी तथा भरा पूरा परिवार छोड़ गई है। ढाबाडीह स्थित शमशान घाट मे अंतिम संस्कार किया गया।

नर्मदा प्रसाद दुबे

राजनांदगांव, 19 नवंबर। घुमका दुबे परिवार के जेष्ठ सेवानिवृत्त प्रधान पाठक उदयपुर निवासी नर्मदा प्रसाद दुबे का 90 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। गृह ग्राम उदयपुर (हुईखदान) में अंतिम संस्कार में सामाजिक, आसपास क्षेत्र के गणमान्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

संपादकीय

नतीजों के पहले सिंहदेव का बयान

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के लिये दो चरणों में समाप्त हुए मतदान को 24 घंटे भी नहीं बीते थे कि प्रदेश के कद्दावर कांग्रेसी नेता टीएस सिंहदेव का यह बयान कि 'अगर वे इस समय मुख्यमंत्री नहीं बनाये गये तो यह उनका अंतिम चुनाव होगा', इस बात के संकेत दे रहा है कि पार्टी में जीत की स्थिति में शीर्ष पद के लिये खींच-तान हो सकती है। कांग्रेस आलाकमान के लिए यह चिंता का कारण हो सकता है कि उसके और मुख्य विरोधी दल भारतीय जनता पार्टी की सीटें बराबर या लगभग बराबर आती हैं तो सरकार बनने-बनाने में सिंहदेव कोई भूमिका निभा सकते हैं। उनकी भूमिका की गुंजाईश तभी समाप्त होगी अगर कांग्रेस को 2018 की तरह बहुत बड़ा बहुमत मिलता है। शुक्रवार को ही राज्य की 70 सीटों पर मतदान हुआ था। 20 सीटों पर पहले चरण के अंतर्गत मतदान 7 नवम्बर को हुआ था।

अनुमानों, ग्राउंड जीरो पर दिख रही परिस्थितियां, कांग्रेस के पक्ष में छग के भीतर ही नहीं वरन देश भर में दिखाई दे रहा माहौल और संगठन के भीतर का उत्साह भी बतला रहा है कि कांग्रेस के जीतने की पूरी-पूरी सम्भावना है। वैसे तो कई लोगों का मानना है कि भाजपा की सीटें बढ़ सकती हैं, लेकिन पलड़ा अंततः कांग्रेस का ही भारी बतलाया जा रहा है। विभिन्न दलों के अंदरूनी सर्वे भी यही सम्भावित परिणाम बतला रहे हैं। जीतने और फिर से सरकार बनाने की आश्वस्ति के बीच सिंहदेव का यह बयान कम से कम इस अवसर पर अनपेक्षित तो है लेकिन किसी भी तरह से चौंकाने वाला नहीं है। इसका कारण यह है कि पिछले पांच वर्षों के दौरान अनेक ऐसे मौके आये थे जब सिंहदेव ने न केवल अपनी इच्छा का इज़हार किया था वरन यह पद पाने के लिये हाथ-पैर भी मारे थे। यह अलग बात है कि मौजूदा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने उनके इन प्रयासों पर पानी फेर दिया था।

याद हो कि बघेल सरकार के जब एक साल पूरे होने जा रहे थे सिंहदेव ने कहा कि जब बघेल को सीएम बनाया गया था, तभी प्रदेश में ढाई-ढाई साल के लिये दो मुख्यमंत्री बनाने का फार्मूला तय हुआ था। सिंहदेव के अनुसार बघेल के ढाई साल पूरा होने के बाद उन्हें यह पद सम्भालना है। यह सभी को हैरान कर देने वाला दावा था क्योंकि उसके पहले इसके बारे में कभी सुना नहीं गया था। बघेल तत्काल दिल्ली गये और शीर्ष नेताओं का यह बयान लेते आये कि ऐसे किसी भी फॉर्मूले का कोई अस्तित्व नहीं है। जब इस सरकार के सचमुच में ढाई साल पूरे हुए तो यह बात फिर उठी लेकिन फिर दबा दी गई। देखना होगा कि सिंहदेव का बयान क्या गुल खिलाता है।

उल्टा पुल्टा

पत्नी (पति से)- तुम तो कहते थे कि शादी के बाद भी मुझे खूब प्यार करोगे?
पति- सॉरी यार! मुझे क्या पता था कि तुम्हारी शादी मेरे साथ हो जाएगी!

नगर के गुजराती समाज ने मनाया जलाराम बापा का 224 वां जन्मदिन

नयापारा राजिम, 19 नवंबर (देशबन्धु)। नगर मे जलाराम बप्पा की 224वॉं जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ रविवार 19 नवंबर को मनाई गई। इस अवसर पर गुजराती समाज द्वारा प्रात: प्रभात फेरी निकाली गई जिसमें अनेकों गुजराती महिलाओं एवं पुरुषों ने इसमें भाग लिया एवं बप्पा जी का चलचित्र साथ में वेतन चल रहे थे। जलाराम बापा के तैल चित्र में मंगलाचरण से कार्यक्रम की शुरुआत हुई।गुजराती समाज के साथ अन्य समाज के लोगों ने पूजा की। वहीं,अभिषेक, पूजन, दीप दान,महाभोग का अनुष्ठान किए गए। महाआरती के बाद महिलाओं ने भजन कीर्तन कर जलाराम बापा का गुणगान किया। जयंती पर पूजन के बाद लोगों के बीच प्रसाद बांटा गया, भजन और गरबा में समाज की महिलाओं पुरुष बच्चों बुजुर्गों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

समाज प्रमुखों ने जलाराम बप्पा जी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बतलाया महान संत जलाराम का जन्म संवत 1856 को कार्तिक शुक्ल सप्तमी को राजकोट के पास ग्राम वीरपुर में हुआ था उनके पिता प्रधान ठक्कर तथा माता राजबाई धार्मिक संस्कारों वाली महिला थी जिसका प्रभाव जलाराम पर भी हुआ, उन्होंने प्रभु भक्ति और मानव सेवा अद्भुत मिशाल कायम की,संत जलाराम ने अपने गुरु भोजलराम के आशीर्वाद से उन्होंने सदाव्रत नाम से भोजनशाला आरंभ की जिसमें साधु संतों व राहगीरों के लिए 24 घंटे निशुल्क भोजन की व्यवस्था की जाती हैं लोगों ने उनके धैर्य व प्रभु भक्ति की अनेक कठिन परिक्षाएं ली लेकिन जलाराम बापा सभी परिक्षाओं में खरे उतरे, लोगों को उनके आशीर्वाद से अनेक चमत्कार घटित होते देखें जिससे उनकी ख्याति तथा एक सिद्ध संत के रूप में जन आस्था का केंद्र बन गये तथा संत जलाराम बापा के रूप में पूजें जाने लगे।यह मान्यता है कि आज भी जो सच्चे मन से बापा की पूजा करता है उसकी मनोकामना >> शेष पृष्ठ 9 पर>

मृतक महिला के परिवार से मिलने पहुंचे भाजपा व कांग्रेस प्रत्याशी

कसडोल/बलौदाबाजार, 19 नवंबर (देशबन्धु)। कसडोल विधानसभा क्षेत्र मे दूसरे चरण का सुबह से मतदान जारी था। मतदान केंद्रों के बाहर वोटर्स की लंबी लाइन लगी हुई थी। इसी बीच जिला बलौदाबाजार के कसडोल विधानसभा क्षेत्र में वोट देने लाइन पर खड़ी महिला मतदाता की हार्ट अटैक से मौत हो गई।

दरअसल, कसडोल के मतदान क्रमांक 76 मल्दा में वोट देने लाइन में खड़ी महिला मतदाता की हार्ट अटैक आने से मौत हो गई। मृतका का नाम सहोदरावाई पति महादेव निषाद (उम्र 55 वर्ष) बताया जा रहा है। भूपेंद्र अग्रवाल निर्वाचन अधिकारी कसडोल ने मामले की पुष्टि की है। घटना की जानकारी मिलते ही भाजपा प्रत्याशी धनीराम धीवर ने साथियों के साथ ग्राम मल्दा पहुँच कर शोक संतप्त परिवार से मिलकर सांत्वना दी तथा मृतात्मा की शांति के लिए प्रार्थना कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित किए। वहीं अपने तरफसे आर्थिक मदद कर शासन से भी पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता करने की मांग की है। उसके पश्चात दूसरे दिन सुबह जब कांग्रेस के प्रत्याशी एवम तेलघानी बोर्ड के अध्यक्ष संदीप साहू को जानकारी मिली तो वे मृतका सहोदरा के परिजनों से मिलने एवम शोक संतप्त परिवार को सांत्वना देने उनके निवास पर गए एवम मृतका की आत्मा की शान्ति के लिए प्राथना भी की। संदीप साहू के साथ नगर पंचायत कसडोल की अध्यक्ष नीलू चंदन साहू, कमलेश साहू, विजय साहू, अशोक यादव पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष भी साथ रहे।

मतदान के दौरान महिला की हार्ट अटेक से मौत

हत्या एवं लूट के आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

पलारी/बलौदाबाजार, 19 नवंबर (देशबन्धु)। पलारी थाना अंतर्गत रास्ता रोककर पैसा लुटकर मारपीट कर हत्या करने वाले दो आरोपी बिरेन्द्र उर्फबिरू डहरिया पिता ढेलूराम डहरिया उम्र 23 साल निवासी वटगन, मुकेश रात्रे पिता पोखन रात्रे उम्र 24 साल निवासी वटगन को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा दिया गया।

जानकारी के अनुसार जिले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा द्वारा अपराधों पर अंकुश लगाये जाने के कड़े निर्देश के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस के दिशा निर्देश पर थाना पलारी क्षेत्रान्तर्गत दिनांक 14 नवम्बर को बिसाहू राम ध्रुव, परशुराम ध्रुव व संतुराम साहू एक मोटर सायकल में जा रहे थे कि वटगन में मोटर सायकल में दो व्यक्ति बिरेन्द्र उर्फबिरू डहरिया एवं मुकेश रात्रे दोनो के द्वारा जबरदस्ती रास्ते में रोक कर गाली गुप्तार करने लगे एवं संतुराम साहू के ऊपरी जेब में रखे 700 को लुट लिए। विरोध करने पर दोनो के द्वारा हाथ मुक्का एवं लात से जान से मारने कि नियत से बिसाहू राम ध्रुव को पेट में जोर जोर से मारने लगे, जो अधमरा जैसे हो गया। मारपीट से बिसाहू राम ध्रुव के नाक मुंह से खून निकलने लगा एवं बेहोश हो गया तथा संतुराम को भी आज जान से खत्म कर दुंगा कह कर दोनो मिल कर मारने लगे, जिससे संतुराम के कमर एवं आंख के पास गंभीर चोंट आयी है। परशुराम ध्रुव को भी मारने लगे तब किसी तरह से जांन बचा कर वहां से भाग गया। बिसाहू राम साहू को जादा चोंट लगने से उसकी इलाज दौरान मृत्यु हो गई। इस रिपोर्ट पर थाना पलारी में अपराध क्र. 5274/2023 धारा 341, 394, 307,302, 34 भादवि पंजीबद्ध कर आरोपी का पता तलाश किया गया एवं आरोपी बिरेन्द्र उर्फबिरू डहरिया एवं मुकेश रात्रे को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया। संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी शशांक सिंह एवं सउनि संजीव सिंह एवं थाना स्टाफका विशेष योगदान रहा है।

नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी हुआ गिरफ्तार



पलारी/बलौदाबाजार, 19 नवंबर (देशबन्धु)। पलारी थाना अंतर्गत नाबालिक से दुष्कर्म करने वाले आरोपी डगेश्वर वर्मा पिता बिरेन्द्र वर्मा उम्र 24 वर्ष निवासी जारा थाना पलारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

जानकारी के अनुसार जिले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा द्वारा महिला संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाये जाने के कड़े निर्देश के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस के दिशा निर्देशन में थाना पलारी के अपराध क्रमांक 525/2023 धारा 363, 366ए, 354, 506, 376 भादवि 4,6,8 पाक्सो एक्ट के आरोपी डगेश्वर वर्मा पिता बिरेन्द्र वर्मा उम्र 24 वर्ष निवासी जारा थाना पलारी को आज दिनांक को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया। संपूर्ण कार्यवाही में निरीक्षक शशांक सिंह, सउनि कमल किशोर देवांगन एवं समस्त थाना पलारी स्टाफका योगदान रहा।

शहर में फिर हुई चाकूबाजी की घटना, चार लोग घायल

धमतरी, 19 नवंबर (देशबन्धु)। शहर में एक बार फिर चाकूबाजी की घटना में दो लोग घायल हो गये हैं। बटेना वार्ड में चाकू बाजी की घटना हुई है जिसमें लगभग 15 लोगों ने मिलकर चार लोगों पर वार किया, जिसमें तीन अस्पतालों में घायल भर्ती हैं।

पुलिस कार्रवाई के बावजूद चाकूबाज अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। नशे की गिरफ्तार में युवा पुराने रंजीश और छोटी सी बातों को लेकर चाकू लहराने से बाज नहीं आते हैं। कुछ दिन पहले कोलियारी में नाबालिक दोस्तों ने अपने ही दोस्त की चाकू मार कर हत्या कर दी थी। उसके बाद शनिवार की रात कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत बटेना वार्ड में चाकूबाजी की घटना हुई है, जिसमें चार युवक घायल हैं। एक जिला अस्पताल में, एक मसीही अस्पताल में और रायपुर के एक अस्पताल में भर्ती है।

जिला अस्पताल में भर्ती सुनील ध्रुव उम्र 36 वर्ष पिता स्व ईतवारी राम ने बताया कि शनिवार रात लगभग 11.30 बजे फिर सभी गोविंद के घर के पास बैठे हुए थे तभी लगभग 15 लोग हथियार से लैश पहुंचे और अचानक यही है बोलकर चाकू से ताबड़ तोड़ हमला कर दिए उसके कमर के दोनों तरफ वार किए। खून से लथपथ किसी तरह वह गोविंद के घर के अंदर घुसा। थोड़ी देर बाद जब लड़के भाग गए तो उन्हें जिला अस्पताल लाकर भर्ती कराया गया। इसी तरह कौशल ध्रुव उम्र 30 वर्ष पिता शेष कुमार और उसके छोटे भाई पुष्पेंद्र ध्रुव 31 वर्ष को मसीही अस्पताल ले गए। जहां पर पुष्पेंद्र की स्थिति गंभीर होने पर उसे एम्स रायपुर में भर्ती कराया गया है। गोविंद ध्रुव 25 वर्ष को भी चोट आई है।

वह कौन थे क्यों उन्होंने वार किया यह स्पष्ट नहीं है। इस संबंध में थाना सिटी कोतवाली प्रभारी बृजेश तिवारी ने बताया कि घटना की रिपोर्ट अब तक दर्ज नहीं हुई है। ऐसे चाकूबाज पर सख्त कार्यवाही की जाएगी।

डॉ. ध्रुव ने वृद्ध व्यक्ति को मतदान कराने में किया सहयोग

बलौदाबाजार, 19 नवंबर (देशबन्धु)। डा. एल एस ध्रुव ने वृद्ध एवं असहाय लोगो को बाईक में बैठाकर मतदान करने में सहायता प्रदान किया। मंगलु यादव पिता मालिक राम यादव उम्र 57 वर्ष एवं श्याम लाल ध्रुव पिता घनश्याम उम्र 59 वार्ड 5 बलौदाबाजार के जैसे ही पता चला की सुविधा नही मिलने से आ नही पा रहे है उन्होने मतदान कराने के लिए मोटर सायकल से उसे बैठाकर मतदान कराया। स्वयं प्रथम श्रेणी अधिकारी होते हुए भी एवं चुनाव ड्यूटी में रहते हुए पं. लक्ष्मी प्रसाद तिवारी कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला बलौदाबाजार के बुथ क्रमांक 130 में लाईन लगकर मतदान किया। चाहते तो सीधा बिना लाईन लगे भी मतदान कर सकते थें। लेकिन अपने वार्ड वासियों को लाईन में लगे देखकर स्वयं भी लाईन में खडा हो गये।

अहंकार मुझे कभी छु भी नहीं सकेगा, प्रचार के दौरान अपने से बड़े काफी लोगों का पैर छूकर लिया हू आशीर्वाद

राजिम, 19 नवंबर (देशबन्धु)। मतदान होने के बाद प्रत्याशी अब रिलेक्स महसुस कर रहे हैं। भाजपा प्रत्याशी रोहित साहू इन दिनो अपने राजिम स्थित निवास में ही रहकर पार्टी कार्यकर्ताओं और क्षेत्र के लोगो से मुलाकात कर रहे है। रविवार दोपहर स्थानीय पत्रकारो से चर्चा करते हुए बहुत ही दृढ़ता के साथ कहा कि जनता का अपार समर्थन चुनाव के दौरान मिला है। विधायक चुना जाता हूं तो मेरी दिनचर्या और लोगो से जो सदभावना है वह वैसा ही बना रहेगा। कोई भी व्यक्ति बेखटके के साथ आकर मुझसे मुलाकात कर सकता है। अहंकार मुझे छु भी नही सकेगा।

रोहित साहू ने पत्रकारों के समक्ष साझा किये जनसंपर्क के दौरान खट्टे-मीठे अनुभव : जनसंपर्क के दौरान खट्टे मीठे अनुभव पूछे जाने पर श्री साहू ने कहा कि बताया कि जिस दिन 17 अगस्त को पार्टी ने उम्मीदवार के रूप में मुझे राजिम क्षेत्र में उतारा उसी दिन से मैं पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ जनसंपर्क में निकल पड़ा और अपने से बडे लोगो का आशीर्वाद लिया हू उनका आशीर्वाद >> शेष पृष्ठ 9 पर>

उनका आशीर्वाद व्यर्थ नहीं जायेगा : रोहित साहू

आओ जाने छठ पूजन व दीपोत्सव का त्यौहार

नवापारा राजिम, 19 नवंबर (देशबन्धु)। छठ पूजन का त्यौहार भारत में सभी वर्ग के लोग बड़े उमंग और उत्साह से मनाते हैस इस पर्व का शुभारंभ सूर्यास्त से लेकर सूर्योदय तक पूजन होता है इसका तात्पर्य सदैव कमजोर वर्गो की सहायता करना हे उक्त बाते वरिष्ठ स्वयंसेवक अविनाश शर्मा ने सेठ फूलचंद स्मृति महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना रेड क्रॉस के स्वयंसेवकों के समक्ष आओ जाने छठ पूजन व दीपोत्सव का त्यौहार पर परिचर्चा के आयोजन के दौरान व्यक्त की। अपने जीवन में आगे बढ़ने का हौसला रखें पूर्व स्वयंसेवक ठाकुर राम साहू ने इस पर्व पर स्वयंसेवको को बधाईयां देते हुए कहा कि दीप पर्व में एक दूसरे के बुराईयों को छोड़ कर आने वाले भविष्य में दीपावली के दिये के तरह अंधेरे को चीरते हुए उजालों को उजागर करे सदैव स्वच्छ विचारधारा रखे स ककार्यक्रम अधिकारी डॉ.आर.के. रजक ने दीपो का महापर्व दीपावली के महत्व को बताते हुए कहा कि यह पर्व अनेक पौराणिक कथाओं पर आधारित है स भगवान राम चौदह वर्ष वनवास के बाद अयोध्या लौटे व समुद्र मंथन में लक्ष्मी जी का अवतरण हुआ था साथ ही संसार में इस दिन हर उस जगह को रौशन किया जाता है जहां अंधेरा रहता है स प्रत्येक स्वंसेवक अपने जीवन में सदैव दिये की तरह प्रकाशमान रहे स हेमलता धृतलहरे, लिलिमा, पूनम, प्रियांशु ने भी अपने विचार रखे कार्यक्रम के दूसरे सत्र में स्वयंसेवकों ने राष्ट्रीय सेवा योजना के देशी खेलकूद कितने भाई कितने आप बोलो जितने खेलो के माध्यम से एक दूसरे को छठ एवं दीपोत्सव की अनेकानेक शुभकामनाएं दिए स इस परिचर्चा में भगवती, लीलेश, त्रेता, लुकेश्वर, मानसी, होरीलाल, प्रिया, अतुल, टिकेश्वरी, अमीषा, हेमंत, शरद, तनुजा कनिष्ठ व धनेन्द्र, चंद्रकांत, दिपेश, अगेश, देविका, क्षमा, राहुल, डाली, हिमांसी वरिष्ठ सहित 52 स्वयंसेवकों में हिस्सा लिया कार्यक्रम का संचालन विनय व तारणी साहू ने किया।

छठ पूजन सूर्यास्त से लेकर सूर्योदय तक पूजन इसका तात्पर्य सदैव कमजोर वर्गो की सहायता पहुंचाना : अविनाश शर्मा

मतदान के प्रतिशत व उत्साह को लेकर दोनों पार्टी कांग्रेस व भाजपा कर रहे है जीत का दावा

■ रामाधार पटेल

बलौदाबाजार, 19 नवंबर (देशबन्धु)। जिले में बढ़े हुए मतदान का लाभ व नुकसान किसे होगा यह चर्चा का विषय चौंक चौराहो पर बना हुआ है। वहीं कांग्रेस व भाजपा भी मतदाताओं के उत्साह को स्वयं के लिए फायदेमंद माना जा रहा हैं। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि भूपेश बघेल की कांग्रेस सरकार के बीते पांच सालों के कार्यो से जनता का विश्वास बढ़ा है। वहीं इस बार जारी घोषणा पत्र से मतदाताओं का विश्वास और भी ज्यादा बढ़ा है। अधिकांश कांग्रेसी तो जिले के तीनों विधानसभाओं बलौदाबाजार, भाटापारा एवं कसडोल में जीत के दावे किये जा रहे है। जबकि भाजपा के नेताओं द्वारा भी मतदान में बढे प्रतिशत को सत्ता में बदलाव होने की बात कही जा रही है। भाजपाई इस बार प्रदेश में सत्ता परिवर्तन को लेकर आश्वस्त नजर आ रहे है। वहीं कसडोल विधानसभा के कुछ लोगों का कहना है कि भाजपा व कांग्रेस का समीकरण एक निर्दलीय प्रत्याशी बिगाड सकती है। जिले के तीनों विधानसभा के प्रमुख राजनीतिक दल भाजपा व कांग्रेस के प्रत्याशी अपनी अपनी जीत पर आशान्वित है।

संपन्न विधानसभा के इस चुनाव में बलौदाबाजार के कांग्रेस नेताओं का कहना है कि भाजपा के लोग चुनाव को प्रभावित करने के लिए क्षेत्र की शांत स्थिति को खराब करने का षड्यंत्र रचा था लेकिन असफल रहे। क्षेत्र की जनता ने कांग्रेस सरकार के काम एवं कांग्रेस की घोषणा पत्र पर भरोशा किया है। वहीं कांग्रेस नेताओं ने यह भी कहा है कि प्रथम एवं दूसरे चरण के मतदान में किसान, माता, बहने, युवा, श्रमिक एवं व्यापारियों का रूझान कांग्रेस के प्रति मिला है। मोदी की गारंटी को भी जनता ने खारीज कर दिया है। जबकि भाजपा नेताओं ने कहा है कि स्वस्पूर्त्त मतदान का प्रतिशत इस बात का संकेत है कि प्रदेश में परिवर्तन की लहर बढ़ रही है। जनता ने कांग्रेस सरकार के खिलाफ अपने आक्रोश को अपने मताधिकार के जरिए व्यक्त किया है जो मतगणना दिवस 3 दिसम्बर को स्पष्ट होगा।

उल्लेखनीय है कि जिले के तीनों विधानसभा के प्रमुख राजनीतिक दल के प्रत्याशियों एवं चुनाव संचालकों व सेक्टर प्रभारियों की मंथन बैठक भी जारी है। जहां सेक्टर प्रभारियों से लेकर बूथ लेवल तक के जिम्मेदार लोग संपन्न मतदान को लेकर अपनी स्थिति से प्रत्याशियों को अवगत कराते नजर आये है। कुल मिलाकर कांग्रेस इस बार 5 साल में किये कार्यो को लेकर जनता के बीच पहुंची थी और एक बार फिर घोषणा पत्र के आधार पर प्रमुख वादे सामने रखी है। इस लिए यह चुनाव कांग्रेस के लिए काफी अहम माना जा सकता है। जबकि भाजपा ने कांग्रेस की 5 वर्ष के कार्यकाल की खामिया बताते हुए भूपेश सरकार के खिलाफ अनेक अरोप लगाते हुए क्षेत्र की जनता तक पहुंची है। पर देखना है कि दोनों प्रमुख पार्टी भाजपा व कांग्रेस के प्रति लोगो का किस तरह से रूझान आयेगा। >> शेष पृष्ठ 9 पर>

मॉर्निंग वॉक पर निकले व्यक्ति मोटर सायकल की ठोकर से घायल

धमतरी, 19 नवंबर (देशबन्धु)। समीपस्थ ग्राम डोमा के पास मॉर्निंग वॉक पर निकले अधेड़ को मोटर सायकल चालक ने ठोकर मार दी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बाइक सवार को भी चोट आई है।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम डोमा निवासी भुनु राम धीर 50 वर्ष पिता त्रिलोक रविवार की सुबह 6.30 बजे मॉर्निंग वॉक पर निकला हुआ था। मोटरसाइकिल सवार दंपति ने पीछे से जबरदस्त ठोकर मार दी, जिससे भुनु रामसर के बल सड़क पर गिर गया। जिससे उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। सूचना पर भखारा पुलिस मौके पर पहुंची। शव पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। मोटरसाइकिल क्रमांक ष्टत्न 19 क्क्क्ष4024 चालक गणेश कुंजाम ग्राम दुर्ग कोंदल उम्र 40 वर्ष को भी चोट लगी जिसे धमतरी रिफर किया गया। भखारा पुलिस इस मामले में चालक के खिलाफ 304 ए के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आगे की कार्यवाही में जुट गई है।

प्रत्याशी अपने लेखा खर्च के हिसाब की तैयारी रखें : व्यय प्रेक्षक

बिलाईगढ़ 19 नवंबर। जिले के व्यय प्रेक्षक श्री रत्नेश कुमार सिंह ने दोनों विधानसभा सारंगढ़ और बिलाईगढ़ के 9-9 प्रत्याशी कुल 18 प्रत्याशियों को कहा है कि वे अपने लेखा खर्च का हिसाब तैयारी करें और निर्धारित अवधि तक व्यय लेखा की जानकारी प्रदान करें।

आमरोरा में नक्सली भय को दर किनार कर मतदाताओं ने उत्साह से किया अपने मताधिकार का प्रयोग

गरियाबंद, 19 नवंबर (देशबन्धु)। गत लोकसभा चुनाव में नक्सली फरमान के चलते गरियाबंद जिले के पहाड़ी क्षेत्र के आमरोरा और ओढ़ मतदान केंद्र में मतदान प्रतिशत ग्राफ गिर गया था, आमारोरा में मात्र दो प्रतिशत और ओढ़ में 54 प्रतिशत ही मतदान हुआ था। लेकिन इस बार विधानसभा चुनाव 2023 में पुलिस के सुरक्षा के बीच यहां के मतदाताओं ने भारी उत्साह के साथ मतदान किया है। इस बार आमारोरा में 80 प्रतिशत और ओढ़ में 79 प्रतिशत मतदान हुआ। मतदान को लेकर महिला पुरुष दोनों वर्ग ने उत्साह दिखाया है। हालांकि महिलाओ का प्रतिशत पुरुषों के अपेक्षा अधिक रहा है।

उल्लेखनीय है कि 2019 में हुए लोकसभा चुनाव के दौरान नक्सली दहशत के चलते आमाभोरा मतदान केन्द्र में मात्र दो प्रतिशत ही मतदान हुआ था। यहां नक्सलियों ने वोट ना डालने का फरमान जारी किया था, नक्सली भय के चलते लोग मतदान करने नही गए। वोटिंग के एक दिन पहले मतदान दल और पुलिस के जवानो ने ग्रामीणो को समझाने की कोशिश की थी। फिर भी ग्रामीण मतदान केन्द्र तक नही पहुँचे। केवल 17 लोगो ने ही मतदान किया था। यही स्थिति नजदीकी ग्राम ओढ़ भी थी नक्सली भय के चलते ओढ़ मतदान केन्द्र में भी मतदान कम हुआ। केवल 54 प्रतिशत लोगो ने मतदान किया था। दरअसल मतदान दल और फोर्स के पहुचने के पहले ही नक्सलियो ने ग्रामीणो की बैठक लेकर धमकी दी थी कि जो भी मतदान करेंगा उसकी ऊंगली काट दी जाएगी। नक्सलियों के भय से लोग मतदान करने घर से ही नही निकले। जबकि इसके पहले 2018 विधानसभा चुनाव में यहां क्रमश 82 और 82.5 प्रतिशत मतदान हुआ था।

इस बार फिर विधानसभा चुनाव में यहां लोगो ने नक्सली दहशत को दरकिनार कर खुलकर मतदान किया है। ओढ़ में कैंप खुलने और पुलिस के सर्चिंग अभियान चलाने के चलते यहां नक्सली भय कम हुआ है। गरियाबंद के युवा कलेक्टर आकाश छिकारा एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अमित तुकाराम कांबले ने भी यहां मतदाताओं को जागरूक करने तथा प्रोत्साहित करने विशेष पहल की। चार माह पहले दोनों बाइक से ही ओड़ आमामोरा पहुंचे

2019 लोस चुनाव में नक्सली भय के चलते मात्र 2 प्रतिशत हुआ था मतदान

थे। लोगो की समस्याओं को गंभीरता से सुना था। विकास का वादा भी किया था। यही कारण है कि इस बार मतदाताओं ने यहां खुलकर मतदान किया।

उल्लेखनीय है जिले में बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा अंतर्गत आमामोरा और ओढ़ नक्सल प्रभावित मतदान केन्द्र है। यहां मतदान दलो को गरियाबंद से हैलीकाप्टर में ओढ़ तक भेजा जाता है। पिछले विधानसभा और लोकसभा चुनाव में भी मतदान दल हैलीकाप्टर से ही गए और वापस आए थे। लेकिन इस बार

इस बार मतदान दलो को हैलीकाप्टर के बदले सड़क मार्ग से भेजा गया था। सड़क मार्ग से मतदान दल को अमलोर तक भेजा गया, वहां से तीन किमी बाइक से ओढ तक भेजा गया। जिसके बाद ओढ़ से कड़ी सुरक्षा के बीच 12 किमी पैदल चलकर 6 सदस्यी मतदान दल आमामोरा मतदान कराने पहुचा। सुरक्षा व्यवस्था के लिए सीआरपीएफ, इसटीएफ, डीआरजी और कोबरा बंटालियने के जवान बड़ी संख्या में तैनात किए किए गए थे।।

ज्ञात हो कि आमामोरा मतदान केन्द्र अंतर्गत चार गांव आमामोरा, कुकरार, जोगपाग और नगरार के कुल मतदाना संख्या है। वही ओढ मतदान केन्द्र में ओढ़ हथौडाडीह व अमलोर शामिल है। ग्राम पंचायत ओंढ के तीन आश्रित ग्राम हथौडाडीह, अमलोर,नगरार में मूलभूत समस्या

ग्राम पंचायत ओंढ़ की जनसंख्या लगभग 770 के आसपास है और इस पंचायत क्षेत्र में कमार, भुंजिया जनजाति के लोग निवास करते है, साथ ही अन्य समाज के लोग भी निवास करते है। ग्राम पंचायत ओंढ के तीन आश्रित ग्राम है अमलोर, हथौडाडीह, और नगरार इन आश्रित ग्रामों तक पहुंचना बहुत बडी चुनौती है क्योंकि सडक की स्थिति बेहद ही खराब है पंगडडी मार्ग से होकर यहा पहुचा जाता है, ग्राम ओंढ में वन विभाग द्वारा एक रेस्ट हाऊस का निर्माण किया गया है।

ग्राम ओढ से लगभग 08 किलोमीटर दुर ग्राम पंचायत आमामोरा है जिसकी जनसंख्या 1000 के आसपास है यहां भी कमार भुजिया जनजाति के अलावा, रावत एंव अन्य जनजाति के लोग निवास करते है, ग्राम पंचायत आमामोरा के दो आश्रित ग्राम है जो ओडिसा सीमा से लगा हुआ है जोकपारा और कुकरार।

भगवान सहस्त्रबाहु जयंती पर निकाली आकर्षक कलश शोभायात्रा

कलार समाज ने जिले भर में मनाया उत्साह के साथ पर्व

कोण्डागांव, 19 नवम्बर (देशबन्धु)। स्थानीय डीएनके वार्ड स्थित डडसेना कलार समाज भवन व चैपाटी परिसर से सटे कलार समाज भवन में भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन की जयंती समाज से जुड़े लोगों ने बड़े ही धूमधाम के साथ मनाई। इस दौरान समाज पदाधिकारियों ने अपनी बात रखते हुए कहा कि, भगवान सहस्त्रबाहु का मूल नाम कार्तवीर्य अर्जुन था वह बहुत पराकर्मी और बहादुर थे। उन्होंने अपने गुरु दत्तात्रेय को प्रसन्न किया था और वरदान के रूप में उनसे 1000 भुजाएं प्राप्त की थी हजार भुजा के कारण कार्तवीर्य अर्जन को सहस्त्रबाहु के नाम से भी जाना जाता है। सहस्त्रबाहु चंद्रवंशी क्षत्रियों में सर्वश्रेष्ठ कुल के हैहयवंश क्षत्रिय हैं महाराज कार्तवीर्य अर्जुन का जन्म कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष की सप्तमी को श्रवण नक्षत्र में प्रात: काल में हुआ था। सहित भगवान शस्त्रबाहु के प्रेरक कथाओं व वीरता के बारे में सामने रखा। वही समाज को एकता के सूत्र में बंद कर रहने की बात पर वक्ताओं ने जोड़ दिया इस मौके पर नीलकंठ शार्दूल, रेमल दीवान, दिलीप दीवान, तिलक पांडे, निर्मल कुमार, सहित अन्य मौजूद रहे।

निकली विशाल शोभायात्रा

कलार समाज संभागीय मुख्यालय जुगनीकलार की दक्षिण ब्लॉक इकाई कोंडागांव ने भगवान सहस्त्रबाहु की विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर आकर्षक व विशाल कलश शोभा यात्रा निकाली। जिसमें समाज से जुड़े युवा डीजे की धुन पर थिरकते रहे तो वही रास्ते भर आतिशबाजी वह भगवान सहस्त्रबाहु के जयकारे लगाते रहे। इस मौके पर दिनेश पोया, बालकुवर प्रधान, अक्षु पांडे, शंकर सेठिया, त्रिनाथ दीवान, दृरुपत सेठिया, झुमुकलाल दीवान सहित अन्य मौजूद रहे।

कांग्रेसियों ने मनाया प्रथम महिला प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा जयंती

कोण्डागांव, 19 नवंबर (देशबन्धु)। भारत देश की प्रथम महिला प्रधान मंत्री आयरन लेडी स्व. इंदिरा गाँधी जी जयंती कांग्रेसजनों ने कोंडागांव कांग्रेस भवन में मनाया। मौजूद जनों में शामिल वकाओं ने इंदिरा जी के जीवनी को साझा किया। इस दौरान जिला अध्यक्ष झुमुकलाल दिवान, प्रदेश कांग्रेस कार्यसमिति सदस्य कैलाष पोयाम, जिला महामंत्री रितेश पटेल, शहर कांग्रेस अध्यक्ष तरुण गोलछा, शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती हेमा देवांगन, कोंडागांव नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती वर्षा यादव, पार्षद योगेंद्र पोयाम, जितेंद्र गुप्ता, युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष अमन सागर, अतुषा दिवान, हीरा दिवान, शंकर विश्वकर्मा मौजूद रहे।

23 को देवउठनी एकादशी पर तुलसी की पूजा

खरोरा, 19 नवंबर (देशबन्धु)। छठ महापर्व स्वच्छता का सबसे बड़ा प्रतीक है । प्राचीन काल से ही पर्व के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया जा रहा है। पंडित सुरेश कुमार शर्मा ने बताया कि-छठ महापर्व में माता षष्टि यानी छठ मैंया और भगवान सूर्य की पूजा आराधना की जाती है।

पौराणिक कथाओं के मुताबिक छठ मैया ब्रह्मा जी की मानस पुत्री और भगवान सूर्य नारायण की बहन है।षष्टि देवी यानी छठ मैया संतान प्राप्ति की देवी है।और शरीर का मालिक भगवान सूर्य है।जो हमारे शरीर को अपने प्रकाश किरण से निरोग बना कर रखते हैं।यह एक ऐसा व्रत है जिसमें व्रति 36 घंटे तक निर्जला उपवास करती है।यह भी माना जाता है, जो व्रति इस व्रत को विधि विधान से करते हैं उनकी मनोकामना जरूर पूरी होती है। यह पर्व मुख्य तीन दिन का होता है।

प्रथम दिन नहाए खाए,दूसरा दिन खरना और शाम को ढलते सूर्य अर्घ देना तथा तीसरे दिन उगते हुए सूर्य को अर्घ देते हैं। फिर पारण किया जाता है।यह एक ऐसा महापर्व है जिसमें ढलते सूर्य और उगते सूर्य को अर्घ दिया जाता है।इससे जीवन में आने वाली हर तरह की शारिरीक कष्ट दूर हो जाता है। इस व्रत में बिना सिलाई किए वस्त्र धारण करने का विधान है। तथा चादर बिछाकर भूमि शयन करने का विधान है।षष्टि देवी को मातृका देवी भी कहते हैं।यह

छठ पर्व विशेष

भगवान शंकर की बड़ी बहू देवसेना,जो भगवान कार्तिकेय जी की पत्नी है।उन्हीं का अंश माना जाता है। देवी भागवत में इसकी वर्णन है,जब घर परिवार में संतान की उत्पत्ति होती है।तब छ: दिन का परिवार को जननार्शौच लगता है। इन छ: दिनों तक शुभ कार्य पूजा पाठ दान तीरथ व्रत मनाही रहता है।छठे दिन घर में सवेरे लिपपोत कर वस्त्र धोकर हजामत आदि बनाकर शुद्धिकरण किया जाता है।फिर छठ्ठी अर्थात बच्चे का जन्मोत्सव मना कर कुटुंबियों को भोजन कराया जाता है।उसी दिन अर्धरात्रि को छठ्ठी माई बच्चों के सिर में आकर उनका किस्मत का निर्माण कर लेख लिखती है।जिसमें बच्चा सुखी रहेगा दुखी रहेगा धनवान होगा आध्यात्मिक होगा या नास्तिक होगा।छठ्ठी माई आशीर्वाद देकर अदृश्य रूप में ही चली जाती है। छठ्ठी माई की पूजा यज्ञ हवन प्राण प्रतिष्ठा गृह प्रवेश शादी विवाह आदि में भी षोडश मातृका के रूप में पूजा किया जाता है।इनके सोलह नाम है।

गौरी पदमा शची मेषा सावित्री विजया जया देवसेना षष्ठी स्वधा स्वाहा मातर: लोकमातर: धृति पुष्टि आत्मकुलदेवी, इत्यादि विवाह में इनकी घृत मातृका के रूप में पूजा की जाती है।गोत्रज लोग आटे और गुड़ को एक पात्र में डालकर भोग चढ़ाते हैं।फिर उसे पकवान बनाकर पूरे गोत्रज के लोग प्रसाद के रूप में पाते हैं। षष्टि माई की पूजा कार्तिक शुक्ल पक्ष छठ तिथि को मुख्य रूप से मनाने का विधान है।पहले इसे बिहार उत्तर प्रदेश झारखंड में ही विशेष रूप से मानते थे।मगर अब संचार साधन तेज होने,और शिक्षा का प्रसार बढ़ने के कारण पूरे भारत देश में महिलाएं इस व्रत को करने लगी है। यह व्रत संतान प्राप्ति और परिवार की खुशहाली बनाए रखने के लिए सर्वोपरि माना जाता हैं ।

डाक सहायक को बिदाई

पिथौरा, 19 नवंबर (देशबन्धु)। उपडाक घर पिथौरा में पिछले डेढ़ वर्षो से पदस्थ डाक सहायक कोमल सिंह को उनके गृह ग्राम प्रयागराज इलाहाबाद स्थानांतरण होने पर पिथौरा डाकघर में द्वारा सादगी पूर्ण माहौल में विदाई दी गई कोमल इसके पूर्व महासमंद उप डाकघर में अपनी सेवाएं दे चुके हैविदाई कार्यक्रम के दौरान उप डाकपाल भूपेंद्र साहू पोस्टमैन दिगेंद्र सोनी, दीपकगौतम, एमटीएस पवन गुप्ता, मुकेश यादव, पंकज कंदोई मनीषा, अजीत पटेल, आदित्य, परीक्षित हु मै श,सहित अनेक कर्मचारी उपस्थित थे डाक कर्मियो द्वारा डाक सहायक को श्रीफल एवं गिफ्ट भी प्रदान किया गया तथा उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

भोजपुरी समाज ने विधि विधानपूर्वक किया छठ पूजा, सूर्य को दिया अर्घ्य

कोण्डागांव, 19 नवम्बर (देशबन्धु)। भोजपुरी समाज द्वारा विधिविधानपुर्वक छठ पूजा करके डुबते सूर्य को अर्घ्य दिया। जिला मुख्यालय कोण्डागांव में भोजपुरी संगम समाज के द्वारा चार दिवसीय छठ पर्व का समापन सोमवार की सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही समाप्त हो जाएगा। भोजपुरी संगम समाज की महिलाएं रविवार को बंधा तालाब में पहुंची और डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया और छठ माता की विधिविधानपुर्वक पूजा अर्चना किया। इस दौरान बंधा तालाब पर गीतकारों के द्वारा भोजपुरी गीत गाए गए। इस दौरान घाट में बड़ी संख्या में भोजपुरी समाज के लोग मौजूद रहे। ज्ञात हो कि चार दिवसीय महापर्व अवसर पर रविवार की शाम महिलाओं ने डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया था। छठ पर्व पर महिलाओं द्वारा 36 घंटे का व्रत रखा जाता है। इस व्रत का समापन सोमवार को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही समाप्त हो जाएगा। जिला मुख्यालय कोंडागांव में दो से तीन स्थानों में छठ पूजा का आयोजन किया गया था। मुख्य रूप से बंधा तालाब में बड़ी संख्या में छठ पर्व कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस मौके पर महिलाओं ने निर्जला व्रत रखा था। गन्ना, नारियल, सिंघाड़ा, मोसंबी फल अर्पित कर महिलाओं ने छठ माता की पूजा अर्चना की। भोजपुरी समाज की श्रद्धालु महिलाओं ने गुरुवार से घर-घर में नहाय-खाय की रस्म के साथ छठ पर्व की शुरुआत की, और रविवार को बंधा तालाब में पूजा अर्चना के बाद डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया और सोमवार को उगते सूर्य को अर्घ्य देकर छठ पर्व का समापन किया जाएगा।

वनभैंसा की बढ़ रही संख्या, ट्रैप केमरा में मिले तस्वीर से मिल रही जानकारी

जगदलपुर, 19 नवंबर (देशबन्धु)। बीजापुर जिले में स्थित इन्द्रावती नेशनल पार्क के कुटरू में विभाग ने वनभैंसा प्रजनन केन्द्र का निर्माण 2015 में शुरू किया था, लेकिन काम शुरू होते ही नक्सलियों ने इसका विरोध किया। इसके बाद से प्रजनन केन्द्र का काम ठंडे बस्ते में है। हालांकि विभाग को क्षेत्र में ट्रैप केमरा में जो तस्वीर मिला है, उससे स्पष्ट है कि क्षेत्र में वनभैंसा की संख्या बढ़ रही है। हालांकि दशकों से गणना नहीं होने के कारण स्थिति स्पष्ट नहीं हो पा रही है। ठंड के मौसम में इन्द्रावती नदी किनारे बड़ी संख्या में वनभैंसा दिखने की जानकारी मिलती है।

उल्लेखनीय है कि राजकीय पशु वन भैसा छत्तीसगढ़ में उदंती अभ्यारण्य व इन्द्रावती राष्ट्रीय उद्यान के भैरमगढ़ अभ्यारण्य में पाए जाते हैं। इन्द्रावती नेशनल पार्क में वनभैसा की झुंड दिखाने देने की खबर मिलती रहती है और पिछले साल से ट्रैप केमरा के माध्यम से वनभैंसा की अधिकता देखी जा रही है। साथ ही वनभैसा के सावक भी झुंड में देखे गए हैं। राजकीय पशु होने के कारण सरकार वनभैंसा को संरक्षण करने लाखों रूपए खर्च कर रहा है। साथ ही इनकी वंशवृद्धि के लिए कुटरू में प्रजनन केन्द्र का निर्माण शुरू किया गया था, लेकिन विरोध के कारण निर्माण अधर में रह गया।

गर्मी में महाराष्ट्र की ओर करते हैं रूख

सूत्रों के मुताबिक इन्द्रावती नेशनल पार्क इन्द्रावती नदी किनारे स्थित है और पार्क महाराष्ट्र की सीमा से लगा है। गर्मी के सीजन में जब इन्द्रावती में पानी सूखता है, तब कुछ वनभैसा पानी की तलाश में महाराष्ट्र की ओर भी चले जाते हैं। हालांकि ठंड के सीजन में वनभैसा इन्द्रावती नदी किनारे दिखाई देते हैं।

ट्रैप केमरा से संख्या बढ़ने का दावा

इन्द्रावती नेशनल पार्क के अधिकारियों के मुताबिक कुटरू में वनभैसा प्रजनन केन्द्र का निर्माण शुरू किया गया था, लेकिन विरोध के कारण निर्माण कार्य बंद किया गया। उनका कहना था कि नेशनल पार्क में ट्रैप केमरा में कैद तस्वीर से स्पष्ट हो रहा है कि वनभैसा की वंशवृद्धि हो रही है।

प्रादेशिकी का शेष...

नगर के गुजराती समाज...

अवश्य पूरी होती है आज भी जलाराम बापा के तीर्थ के रूप पूरे विश्व में विख्यात है। प्रभातफेरी में गुजराती समाज के विकास लोटिया, मुकेश नथवानी, दीपक कामदार, चेतन मणियार, मयुर मनियार, सतीश भाई गंभीर, भीखु भाई नथवानी, राजू शाह, नरेन्द्र बाबरिया, ललित चौहान, अरविंद सोमैया, प्रियेश शाह, दर्शन सोनी, जयेश सोनी, ललित गंठेचा, गिरीश लोटिया, परेश कोटेचा, मनीष नथवानी, लतेश सोनी, ललित नथवानी, कीरिट सोनी, मेहुल नथवानी, लाला पटेल, प्रकाश मकवाणा, भरत लोटिया, महिला मंडल से रुबी कोटक, भावना सोनी, जयश्री लोटिया, पूजा शाह, अल्पा लोटिया, चेतना नथवानी, दर्शना सोनी, चन्दा बेन गंडेचा, डॉ. उजाला शाह सहित सामाजिक उपस्थित थे.

अहंकार मुझे कभी छु भी नही सकेगा...

व्यर्थ नही जायेगा। उन्होंने यह भी बताया की जनसंपर्क के दौरान अपने से बड़े कुछ लोगो के पैर छूए तो उनमें से अनेको लोगो ने यह भी कहा कि मैं कांग्रेसी हूं फिर भी इस बार कमल में वोट दूंगा क्योंकि मैं तुम्हारे व्यवहार से प्रभावित हू।

जनसंपर्क के दौरान हर गांव में जन सैलाब युवाओं का प्रेम और मातृशक्ति का स्नेह मिला

श्रीसाहू ने आगे बताया कि जनसंपर्क के दौरान मै 320 गांव पहुंचा। तकरीबन 1 लाख लोगो से मेरी मुलाकात प्रत्यक्ष रूप से हुई। हर गांव में जनसैलाब, युवाओं का प्रेम और मातृशक्तियों का स्नेह देखकर उनके आशीर्वाद से अभिभूत हो गया। श्री साहू आत्मविश्वास से लबरेज है। कहा कि मोदी की गारंटी से आम जनमानस काफी प्रभावित है। हर हाल में राजिम विधानसभा क्षेत्र को फाह हासिल कर लिए है। प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने जा रही है। बताया कि चुनाव के दौरान सुबह 6 बजे उठकर नहाने के बाद पूजा पाठ कर हल्का-फुल्का कुछ नाश्ता लेकर वे जनसंपर्क के लिए निकल पड़ते थे। एक दिन में करीब 30 से 40 किमी पैदल ही भ्रमण करते रहे। जहां दोपहर हुआ वहां पहले से निर्धारित भोजन का कार्यक्रम कार्यकर्ता तैयारी करके रखते थे। झाड़ के नीचे कभी छह-सात सौ कार्यकर्ता एक साथ बैठकर भोजन करते थे तो कभी-कभी तीन-चार सौ कार्यकर्ता।

कार्यकर्ताओं का ऐसा जुनून कभी नहीं देखा कांग्रेस के गढ़ में भी इस बार होगी सीसा कांग्रेस का किला रहेगा

कार्यकर्ताओं में ऐसा जुनुन मैंने कभी देखा नही था। इससे लगता है कि कांग्रेस बाहुल्य गांवो में भी बहुत ज्यादा वोट से लीड इस बार मिलेगी। कांग्रेस का यह किला ढढने जा रही है। यह पूछने पर कि शुरूआती दिनो में पार्टी के कुछ वरिष्ठ कार्यकर्ता,नेता नाराज चल रहे थे उनका रवैया कैसा रहा? श्री साहू ने जवाब दिया नामांकन दाखिला के बाद सारे वरिष्ठ कार्यकर्ता और नेता काम में लग गए,किसी से मुझे कोई गिला-शिकवा नही है। सारे लोगो ने साथ दिया है। कार्यकर्ताओं की बदौलत राजिम विधानसभा क्षेत्र को वे जीतने जा रहे है। कहा कि अब राजिम विधानसभा क्षेत्र का विकास एक मॉडल के रूप में आम जनता को दिखाई पड़ेगा। पत्रकारो से चर्चा के दौरान सांसद चुन्नीलाल साहू,जिला पंचायत के सदस्य चंद्रशेखर साहू,मंडल अध्यक्ष कमल सिन्हा,नगर पंचायत राजिम के सभापति ओमप्रकाश आडिल,सांसद प्रतिनिधि रिकेश साहू के अलावा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे। श्री साहू ने क्षेत्र की जनता एवं मीडिया के प्रति आभार जताया है।

मतदान के प्रतिशत व उत्साह को लेकर...

वैसे मतदान पश्चात मतदाता अपना स्पष्ट विचार देने अभी चुप्पी साधे हुए है। ज्ञात हो कि जिले के बलौदाबाजार विधानसभा में कांग्रेस से शैलेश नितिन त्रिवेदी एवं भाजपा से टंकराम वर्मा चुनाव लड़े हैं। वहीं बसपा से राजकुमार पात्रे ने प्रत्याशी है। कसडोल विधानसभा से कांग्रेस से संदीप साहू एवं भाजपा से धनीराम धॉवर ने चुनाव लडा। वहीं प्रमुख रूप से निर्दलीय गोरेलाल साहू चुनाव मैदान में सामने आये। जबकि भाटापारा विधानसभा से कांग्रेस से इंद्र साव एवं भजपा से शिवरतन शर्मा ने अपना भाग्य आजमाया है। तीनों विधानसभा में अन्य दल व निर्दलीय प्रत्याशियों की भी लम्बी लाईन थी। पर देखना है कि मतगणना दिवस 3 दिसम्बर को किसका किसका भाग्य उदय होता है।

सूर्य उपासना के पर्व में डूबते सूर्य को छठ व्रतियों ने दिया अर्घ्य

दंतेवाड़ा, 19 नवंबर (देशबन्धु)। सूर्य उपासना का पर्व सूर्य षष्ठी आज दंतेवाड़ा पूरे भक्तिभाव व श्रद्धा के साथ मनाया गया। डंकनी नदी घाट पर शाम होते ही छठव्रतियों की भीड़ एकत्र होने लगी थी। डूबते सूर्य को अर्घ्य देने बड़ी संख्या में छठव्रती नदी घाट पर पहुंचे थे। पूरे विधि विधान के साथ घंटो नदी के अंदर घुटने भर पानी में खड़े होकर भक्तों ने भगवान भास्कर को अर्घ्य देकर छठी मईया से परिवार की सुख शांति एवं समृद्धि की कामना की। सोमवार सुबह उदयीमान सूर्य को पुन: अर्घ्य दिया जाएगा, जिसके बाद छठव्रती प्रसाद ग्रहण कर व्रत का परायण करेंगे।

- दंतेवाड़ा में पूरे भक्तिभाव के साथ मनाया गया छठ पर्व
- डंकनी नदी घाट पर उमड़ी भारी भीड़
- आज सुबह उदयीमान सूर्य को दिया जाएगा अर्घ्य

कार्तिक शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि, सूर्य षष्ठी के नाम से जानी जाती है। यह पर्व बिहार व उत्तरप्रदेश में मुख्य रूप से मनाया जाता है। वहां के लोगों के लिए छठ किसी महापर्व से कम नहीं होता। बदलते समय के साथ अन्य प्रदेशों में भी लोगों ने भगवान सूर्य के उपासना के इस पर्व की महत्ता को समझा और छठ पर्व पूरे विधि विधान से मनाना शुरू कर दिया। दंतेवाड़ा में सूर्य षष्ठी पर रविवार को अस्त होते सूर्य को अर्घ्य देने डंकनी नदी घाट पर लोगों की भारी भीड़ उमड़ी थी। उल्लेखनीय है कि दीपावली के ठीक छठवें दिन मनाये जाने वाले छठ पर्व पर व्रतधारी 36 घंटे का व्रत रखते हैं और वे पानी भी ग्रहण नहीं करते। यह पर्व सूर्य देवता की उपासना का पर्व है।

छठ पर्व की कई मान्यताएं हैं महिलाएं ज्यादातर छठ पर्व पर व्रत रखती है और ऐसी मान्यता है कि व्रत रखने से महिलाओं को पुत्र रत्न की प्राप्ति होती है और साथ ही घर परिवार में हमेशा सुख शांति एवं समृद्धि होती है । इस दौरान पूरे घर की स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाता है। खरना के बाद व्रतधारी अगले दिन शाम को डूबते सूर्य को अर्घ्य और उसके अगले दिन सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही पवित्र छठ पूजा संपन्न हो जाती है। सूर्य षष्ठी के दिन महिलाएं निराहार व्रत रखकर सरोवर में भगवान सूर्य को अर्घ्य देकर पुत्र प्राप्ति की कामना करती है। चार दिवसीय छठ पर्व पर व्रत के पहले दिन षंकष्ठी गणेश चतुर्थी के साथ प्रारंभ होता है जिसे नहाय खाय कहते हैं। महिलाएं नदी में स्नान करने के उपरांत सात्विक भोजन ग्रहण करती है जिसमें चना दाल एवं लौकी का भोजन मुख्य है।

पर्व का दूसरा दिन पंचमी को खरना के नाम से जाना जाता है इस दिन महिलाएं प्रात: काल से निर्जला व्रत रहती है, शाम के समय घर पर बनाई गई देवी पर सूर्य भगवान की पूजा अर्चना की जाती है। गुड़ के सम्मिश्रण से खीर तैयार की जाती है, जिसे सूर्य भगवान को अर्पित कर प्रसाद स्वरूप वितरित किया जाता है। व्रत का तीसरा दिन अत्यंत महत्वपूर्ण होता है, यह सूर्य षष्ठी तिथि होती है। सूर्य षष्ठी पर व्रतधारी महिलाएं प्रात: काल से ही निर्जला व्रत रखकर संध्या में नदी अथवा तालाब के तट पर भगवान सूर्य देव को अर्घ्य दिया जाता है।

धूमधाम से मनाई जलाराम बापा की 224वीं जयंती

गरियाबंद, 19 नवंबर (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय गरियाबंद में गुजराती समाज द्वारा रविवार को बाबा जलाराम बापा की 224 वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर कर गुजराती समाज द्वारा भंडारा प्रसाद वितरण भी आयोजन किया गया। जिसमे नगर अन्य समाज के लोगो ने भी शामिल होकर प्रसादी ग्रहण की। इसके पहले बाबा जलाराम बापा की पूजा आरती की गई। अनुष्ठान भोग लगाया गया। लोगों ने दर्शन कर आशीर्वाद लिया। साथ ही समाज के लोगों आरती कर अपने तथा अपने परिवारजनों के सुख समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम का आयोजन गुजराती समाज प्रमुख हरीश भाई ठक्कर के निवास में किया गया था। जिसमे नगर के गुजराती समाज के सभी परिवार एकजुट हुए।

इसके पहले कार्यक्रम को लेकर गुजरात समाज में विशेष उत्साह देखा गया। सुबह से समाज के लोगो ने एक दूसरे को मिलकर ओर सोशल मीडिया में स्टेटस मेजेस के माध्यम से जलाराम जयंती की बधाई है। नगर के अन्य सभी समाज के लोगो ने भी गुजरातियों को जलाराम जयंती की बधाई दी। इसके साथ ही भंडारा प्रसाद ग्रहण करने भी सभी शामिल हुए।

समाज प्रमुख घनश्याम सरवैया, हरीश भाई ठक्कर, भरत वखारिया में कहा कि बाबा जलाराम का जन्म संवत 1856 को कार्तिक शुक्ल ससमी को राजकोट के पास ग्राम वीरपुर में हुआ था। उनके पिता प्रधान ठक्कर तथा माता राजबाई धार्मिक संस्कारों वाली महिला थी जिसका प्रभाव जलाराम पर भी हुआ। उन्होंने प्रभु भक्ति और मानव सेवा अद्भुत मिशाल कायम की।

संत जलाराम ने अपने गुरु भोजलराम के आशीर्वाद से सदावत नाम से भोजनशाला आरंभ की थी, जिसमें साधु संतों व राहगीरों के लिए 24 घंटे निशुल्क भोजन की व्यवस्था थी। लोगों ने उनके धैर्य व प्रभु भक्ति की अनेक कठिन परिक्षाएं ली लेकिन जलाराम बापा सभी परिक्षाओं में खरे उतरे, लोगों को उनके आशीर्वाद से अनेक चमत्कार घटित होते देखें जिससे उनकी ख्याति तथा एक सिद्ध संत के रूप में जन आस्था का केंद्र बन गये तथा संत जलाराम बापा के रूप में पूजें जाने लगे।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से घनश्याम सरवैया, भरत वखारिया, भीखू भाई मयाणी, संजय वखारिया, हसमुख भाई खिलोसिया, दीपक सरवैया, अमित ठक्कर, दिनेश मयाणी, हरमेश चावड़ा, प्रकाश सरवैया, आशीष ठक्कर, नितेश ठक्कर, जतिन चावड़ा, अमित वखारिया, मयूर वखारिया, किरण सरवैया, नीरज वखारिया, वैभव ठक्कर, राहुल मिठानी, कृष्णा वखारिया, आयुष ठक्कर सहित बड़ी संख्या में समाज के महिलाए भी उपस्थित थे।

छठी माई का किया पूजन, आज उगते सूर्य को अर्घ्य देंगी व्रती

खरोरा, 19 नवंबर (देशबन्धु)। लोक आस्था का महापर्व छठ शुक्रवार को नहाय-खाय के साथ शुरू हो गया है। शनिवार को खरना के तहत घर में मिठाई व गुड़ की खीर बनाई गई। मिठाई व खीर को खाकर महिलाओं ने छठ व्रत प्रारंभ किया। घाट में छठ पूजा की जाएगी।

चार दिनों तक चलने वाले पर्व के दूसरे दिन खरना हुआ। आज रविवार को व्रतीधारी महिलाएं संध्या छह बजे सूर्य देवता को अर्घ्य देकर चूजल करेंगी। इसके अगले दिन चौथे दिन सुबह भगवान सूर्य को अर्घ्य देकर पर्व का समापन होगा। मालूम हो कि छठ महापर्व सूर्य उपासना का सबसे बड़ा त्योहार है। हिंदू पंचांग के अनुसार कार्तिक शुक्ल पक्षी तिथि पर छठ पूजा होती है।

36 घंटे का निर्जला व्रत रखती हैं महिलाएं

यह व्रत कठिन माना जाता है। इसमें व्रती महिलाएं लगातार 36 घंटे निर्जला व्रत रखती हैं। सूर्य देव की उपासना और छठ मैया की पूजा करते संतान की प्राप्ति और लंबी उम्र की कामना करती हैं। नहाए-खाय के दिन सुबह जल्दी उठकर स्नान कर नए और साफ-सुबरे कपड़े पहनकर भोजन करेगी। निर्जला व्रत रखकर छठी मैया की पूजा की जाएंगी। आज डूबते सूर्य को तालाब में जाकर अर्घ्य देगी।

भगवान सूर्य के साथ छठी माई की भी पूजा-उपासना विधि-विधान के साथ की जाएगी। छठी माई सूर्यदेव की बहन हैं। धार्मिक मान्यता के अनुसार छठ व्रत संतान प्राप्ति करने की कामना, कुशलता सुख समृद्धि और दीर्घायु की कामना के लिए रखा जाता है।

देव उठनी एकादशी 23 को

महासमुंद, 19 नवंबर (देशबन्धु)। खट्टी निवासी सत्यनारायण मंदिर के पुजारी पं. सुभाष शर्मा ने बताया कि 23 नवंबर गुरूवार को (देव उठनी) तुलसी विवाह मनाया जाएगा।27 नवंबर को कार्तिम पूर्णिमा का पर्व मनाया जाएगा।

एग्जिट पोल का आयोजन करना और परिणाम का मीडिया में प्रकाशन और प्रचार-प्रसार प्रतिबंधित

बिलाईगढ़, 19 नवंबर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत 07 नवम्बर 2023 से लेकर 30 नवम्बर 2023 अपरान्ह 6.30 बजे तक किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल का आयोजन करने तथा प्रिंट व इलेक्ट्रानिक मीडिया द्वारा इसके परिणाम के प्रकाशन, प्रचार व किसी भी अन्य तरीके से उसका प्रचार-प्रसार करने पर प्रतिबंध किया गया है। भारत निर्वाचन आयोग ने अधिसूचना प्रकाशित की है, जिसमें लो.प्र.अधिनियम 1951 की धारा 126क में निर्देश दिया है कि कोई भी व्यक्ति कोई निर्गम मत (एग्जिट पोल) सर्वेक्षण नहीं करेगा और राज्य के किसी मतदान क्षेत्रों में मतदान की समाप्ति के लिए नियत समय पर समाप्त होने वाले 48 घण्टों के दौरान किसी भी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में किसी भी ओपिनियन पोल व किसी अन्य मतदान सर्वेक्षण के परिणामों सहित किसी भी प्रकार के निर्वाचन संबंधी मामले के प्रदर्शन पर प्रतिबंध रहेगा।

छत्तीसगढ़ में एग्जिट पोल 30 नवम्बर तक प्रतिबंधित

उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग के पत्र क्रमांक 491, 25 अक्टूबर 2013 में उल्लेख किया गया है कि निर्वाचन प्रचार से संबंधित विधिक उपबंध सोशल मीडिया पर उसी तरह लागू होते हैं जैसे वे किसी अन्य मीडिया का इस्तेमाल करके किए जाने वाले निर्वाचन प्रचार के किसी अन्य रूप पर लागू होते हैं। इसलिए सोशल मीडिया में भी एग्जिट पोल का आयोजन और परिणाम का प्रकाशन, प्रचार-प्रसार प्रतिबंध है।

भोजपुरी समाज ने किया सूर्य छठ पूजन का कार्यक्रम

बागबाहरा, 19 नवंबर (देशबन्धु)। नगर के भोजपुरी समाज में सूर्य षषठी ? एवं छठ पूजन कार्यक्रम में लोगों का उत्साह देखते बन रहा है। इस कार्यक्रम को लेकर समाज के द्वारा तालाब एवं अन्य स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसमें नगरवासियों का सहयोग मिला है। भोजपुरी समाज बागबाहरा के लोगों ने स्थानीय मंडी तालाब में एकत्रित होकर आज रविवार को डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर विदा किया गया। इस दौरान भोजपुरी समाज एवं नगर के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। उसके दूसरे दिन आज सोमवार को उगते सूर्य को अरग देकर पूजा अर्चना किया गया। इस अवसर पर समाज के पुरुष एवं महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं। इस कार्यक्रम को लेकर नगर पालिका एवं

शहर के उत्साही कार्यकर्ताओं के द्वारा किया गया है। अपने आस्था के प्रतीक छठ महापर्व के दूसरे दिन व्रती महिलाओं ने 36 घंटे का व्रत शुरु किया था।

आज रविवार को व्रती महिलाओं ने डूबते सूर्य को पूजा अर्चना के साथ अर्घ दिया। शाम के समय भगवान सूर्य को अर्घ्य देने की पारम्परिक परा है। जिसके लिए बांस की टोकरी में फलों, ठेकुवा, चांवल के लड्डू आदि से अर्घ्य के शुभ को सजाया जाता है। इसके बाद व्रती महिलाएं अपने परिवार के साथ मिलकर सूर्य देव को अर्घ्य देंगी। तथा डूबते सूर्य की आराधना करेंगी। वहीं महापर्व के दूसरे दिन शनिवार को खरना रहा। जिसमें भोग तैयार कर शाम के समय मीठा भात, लौकी की खिचड़ी खाकर, व्रत शुरु किया गया। नहाय खाय के साथ महापर्व छठ पूजा की शुरुवात शुक्रवार को शुरु हुआ। पहले दिन व्रती महिलाओं ने स्नान कर नए वस्त्र धारण करके शाम को शाकाहारी भोजन कर पर्व की शुरुवात की गई। जिसके बाद कल शनिवार को व्रत की शुरुवात की गई। आज रविवार को डूबते सूर्य को पूजा अर्चना के साथ अर्घ्य दिया गया।

डड़सेना कलार समाज ने मनाया सहस्त्रबाहु जयंती

कवर्धा , 19 नवंबर (देशबन्धु)। राजमहल कॉलोनी स्थित सामाजिक भवन में रविवार को डड़सेना कलार समाज ने अपने इष्ट देव भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन की जयंती पूरे विधि -विधान से पूजा अर्चना के साथ मनाई गई। जिसमें कार्यक्रम की शुरुआत सर्वप्रथम भगवान सहस्त्रबाहु के पूजा अर्चना के साथ हुआ ।भगवान सहस्त्रबाहु की महा आरती तत्पश्चात प्रसाद वितरण किया गया पूजन कार्यक्रम के मुख्य यजमान श्रीमती मनविसरी संतु जायसवाल थे । मुख्य अजमान संतु जायसवाल द्वारा उपस्थित समाज प्रमुखों को तिलक लगाकर एवं गमछा भेंट कर स्वागत किया गया। उक्त कार्यक्रम में डड़सेना कलार समाज के जिला अध्यक्ष रूपेंद्र जायसवाल, कवर्धा परिक्षेत्र के अध्यक्ष डॉ बद्री प्रसाद जायसवाल, पूर्व जिला अध्यक्ष गुलाब जायसवाल, खेलू राम जयसवाल, पुनाराम जायसवाल , श्रवण कुमार सिन्हा, थुकेल जायसवाल , भरत जायसवाल, कोमलचंद जायसवाल, संतोष जायसवाल, नत्थू जायसवाल, दुकल जायसवाल, कार्तिक जायसवाल, विदेशी जायसवाल, मोहित जायसवाल, राजेश जायसवाल, महेंद्र जायसवाल, दिनेश ,जायसवाल, रामेश्वर जायसवाल, भागवत जायसवाल,सुरेश जयसवाल, नारायण जायसवाल,बलराम जयसवाल, गजेंद्र जायसवाल, उत्तम जायसवाल, बंसी राम जयसवाल, मोहन जायसवाल, मदन जयसवाल,राहुल जायसवाल, नागेश्वर जायसवाल, कपिल जायसवाल, लाल जायसवाल, जलेश जायसवाल, शिव जायसवाल, रोहित जायसवाल , शिवनंदन सिन्हा, सुखदेव सिन्हा आदि उपस्थित रहे।

इस बार प्रदेश में फिर से बनेगी कांग्रेस की सरकार : रतन सिंगी

खैरागढ़, 19 नवंबर (देशबन्धु)। खैरागढ़ नगर पालिका परिषद के एल्डरमेन रतन सिंगी ने दूसरे चरण के मतदान के बाद कहा कि भाजपा इस चुनाव को प्रभावित करने के लिए छत्तीसगढ़ की शांत फिजा को खराब करने का षडयंत्र रचा था. लेकिन वो असफल रही प्रदेश के जागरूक मतदाता नागरिक भाजपा के बहकावे में नहीं आए रतन सिंगी ने कहा कि प्रदेश में किसान 75 से अधिक सीट जीतकर पुनः सरकार बनाने जा रही है. प्रथम व दूसरे चरण के मतदान के बाद में किसान, माता, बहनें, युवा, श्रमिक व्यापारियों का रूझान कांग्रेस के प्रति मिल रहा है. विधानसभा का यह चुनाव मोदी के झुठ, जुमले व कांग्रेस पर भरोसे का चुनाव रहा कांग्रेस की सरकार बनते ही जनता से किये सभी वादों पर काम शुरू होगा मोदी की गारंटी व भाजपा के झूठे एवं मनगढ़त आरोप को जनता ने खारिज कर दिया है. रतन सिंगी ने आगे कहा कि कांग्रेस ने चुनाव प्रचार में अपनी सरकार की योजनाओं व कांग्रेस सरकार के पिछले कामों को आधार मानकर काम किया वही भाजपा ने नकारात्मकता के आधार पर चुनाव प्रचार किया केन्द्र की मोदी सरकार व भारतीय जनता पार्टी ने संवैधानिक संस्थानों व जांच एजेंसियों का दुरूपयोग किया षड्यंत्र रचे, दुर्भावना पूर्वक छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार को बदनाम करने कुत्सीत प्रयास किया, जिसे छत्तीसगढ़ की जनता ने पूरी तरह से खारिज कर दिया कांग्रेस के घोषणा पत्र पर मतदाताओं ने भरोसा जताया है. इसके विपरीत भाजपा के लोग ही भाजपा के घोषणा पत्र पर भरोसा करने को तैयार नहीं हुये जिस तरह से प्रथम चरण के चुनाव में जनता ने भाजपा को नकारा था, उसी तरह दूसरे चरण के मतदान में भी छत्तीसगढ़ की जनता ने कांग्रेस के पक्ष में मतदान किया है. पिछली बार 2018 में दो तिहाई से बड़ी बहुमत मिली थी, अबकी बार तीन चौथाई से बड़ी बहुमत के साथ छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनेगी।

किसानों को भूपेश पर पूरा है भरोसा

प्रदेश में शेष 13 दिन बाद विधानसभा चुनाव का होगा नतीजा

खैरागढ़, 19 नवंबर (देशबन्धु)। प्रदेश में हुए विधानसभा चुनाव का नतीजा ठीक 13 दिन बाद परिणाम जनता के सामने होगा प्रदेश में हुए प्रथम चरण का चुनाव 7 नवंबर को 20 विधानसभा का चुनाव सम्पन्न हुआ था. वही दूसरे चरण का विधानसभा चुनाव 17 नवम्बर को हुआ है. जिसका परिणाम 3 दिसंबर को जनता के सामने होगा कांग्रेस पार्टी भूपेश बघेल के चेहरे पर व प्रदेश में किए गए अपने कामों के प्रति कांग्रेस पार्टी चुनाव लड़ी थी. वही भारतीय जनता पार्टी प्रदेश में नरेंद्र मोदी के चेहरे पर व केंद्र सरकार की योजनाओं पर चुनाव लड़ी थी. दोनों पार्टी कांग्रेस भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में प्रदेश की जनता को अपने पक्ष में करने के लिए नए स्कीम लॉन्च कर घोषणा पत्र जारी किया था. अब प्रदेश की जनता किस पार्टी पर अपना मुहर लगाती है. बहुत ही जल्द परिणाम आम जनता के सामने होगा मतदाताओ ने अपना वोट डाल दिया है. सभी प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में कैद हो गया है. 3 दिसंबर को परिणाम आने के बाद कांग्रेस व भाजपा पार्टी के द्वारा किए गए सच और झूठ का फैसला हो जायेगा।

सभी प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में कैद

प्रत्याशी अपने लेखा खर्च के हिसाब की तैयारी रखें : व्यय प्रेक्षक रत्नेश कुमार सिंह

बिलाईगढ़, 19 नवंबर (देशबन्धु)। जिले के व्यय प्रेक्षक श्री रत्नेश कुमार सिंह ने दोनों विधानसभा सारंगढ़ और बिलाईगढ़ के 9-9 प्रत्याशी कुल 18 प्रत्याशियों को कहा है कि वे अपने लेखा खर्च का हिसाब तैयारी करें और निर्धारित अवधि तक व्यय लेखा की जानकारी प्रदान करें। उल्लेखनीय है कि जिले के प्रत्याशियों के लेखा का मिलान तीन बार किया जा चुका है।

प्रेक्षक व प्रत्याशी, प्रतिनिधि के मौजूदगी में निर्वाचन के कागजातों-प्रपत्रों की संवीक्षा

बेमेतरा, 19 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा सामान्य निर्वाचन .2023 का दूसरे और अंतिम चरण का ज़िले की तीनों में विधानसभा निर्वाचन संपन्न होने के बाद सभी ईवीएम को ज़िला मुख्यालय स्थित कृषि उपज मंडी परिसर में बने स्ट्रांग रूम में लाया गया है। जहां सामान्य प्रेक्षक, कलेक्टर और प्रत्याशियों राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में कड़ी सुरक्षा के बीच ईवीएम को सील किया जा रहा है। वहीं शनिवार को कृषि उपज मंडी परिसर में सामान्य प्रेक्षक श्री अभिशेक कृष्णा ने ज़िले की तीनों विधानसभा की रिटर्निंग ऑफिसर व अभ्यर्थियों की उपस्थिति में जिले के सभी मतदान केन्द्र पर हुई मतदान सम्बन्धित कागजातों की संवीक्षा की गयी। इसके साथ ही जिस मतदान केंद्र पर मतदान अधिक व कम हुआ उसकी समीक्षा की गयी। वहींए मतदान केंद्रों पर हुई किसी प्रकार की समस्या के बारे में जानकारी भी ली गयी।

औसत प्रतिशत से अधिक मतदान वाले मतदान केन्द्रों के प्रपत्रों की संवीक्षा की। इसके बाद मतदान के न्द्रवार लिफाफे खोलकर प्रपत्रों की बारीकी से संवीक्षा की गई। संवीक्षा की निष्पक्षता के लिये संपूर्ण कार्रवाई की वीडियोग्राफी भी कराई गई। प्रपत्रों की संवीक्षा के दौरान प्रत्याशी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, तीनों विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफिसर सहित सीईओ ज़िला पंचायत,उप ज़िला निर्वाचन अधिकारी उपस्थित थे।

मतदान के साथ ही थमा चुनावी शोर शराबा, प्रशासन और राजनीतिक दलों ने ली राहत की सांस

गरियाबंद, 19 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव के तहत गरियाबंद जिले के दोनो विधानसभा में शांतिपूर्ण मतदान संपन्न होने के साथ ही जिले में चुनावी शोर शराबा थम गया। मतदान दलो के सकुशल वापसी के बाद शनिवार को ईव्हीएम और मशीन स्ट्रांग रूम में सील कर दी गई दी। जिसके बाद जिला और पुलिस प्रशासन ने राहत की सॉस ली। वही इसके बाद जिले में राजनीतिक दल के लोग भी रिलेक्स नजर आ रहे है। अब सीधे 03 दिसंबर को होने वाली मतगणना का इंतजार रहेगा। हालाकि इस बीच हर जीत हो लेकर अटकलों का दौर अभी से शुरू हो गया है।

इसके पूर्व बिते दो महिनो से लगातार चुनावी शोर गुल चलता रहा है। प्रशासन और राजनीतिक दल के लोग लगातार चुनावी कार्य में व्यस्त रहे। चुनाव को लेकर समय समय पर कई बैठके और प्रशिक्षण भी हुए। चुनाव संपन्न कराने जिले के विभिन्न विभागो के करीब 3 हजार से अधिक अधिकारी कर्मचारी की मदद ली गई। जो रोजाना दस से बारह घंटे ड्यूटी दिए। वही दूसरी ओर चुनाव के दौरान शांति व्यवस्था और सुरक्षित वातावरण बनाए रखने पुलिस प्रशासन ने भी काफी मेहनत की। नक्सल प्रभावित क्षेत्र और संवेदनशील क्षेत्रो में लगातार नजर बनाई रखी और कड़ी सुरक्षा मुहैया कर मतदान कार्य संपन्न कराया। हालाकि एक बड़ी चूक या लापरवाही के चलते मतदान के बाद बड़े गोबरा में बड़ी घटना घटित हो गई।

इधर, ईव्हीएम मशीन के स्ट्रांग रूम में सील होने के बाद चुनावी कार्य में लगे सभी अधिकारी कर्मचारी ने राहत की सॉस लेते हुए सीधे घर की ओर रूख किया। दरअसल दो महिने तक सतत चुनावी कार्य करने के बाद दीपावली त्यौहार और मतदान सहित आखिरी तीन दिन 16, 17 और 18 को अधिकारी कर्मचारी को ठीक से सोने तक का समय नही मिला। वापस लौटने के बाद सीधे वे घर पहुचे और अपनी नींद पूरी कीं। शनिवार और रविवार को अवकाश होने के चलते दो दिनो तक और उन्हें आराम करने का मौका मिला। चुनाव कार्य में लगे होने के चलते सरकारी अवकाश के बाद भी मुख्यालय से बाहर रहने वाले कई अधिकारी कर्मचारी अपने घर नही जा सके थे, कई दिनो से परिजनो से मुलाकात भी नही की थी। दो दिन अवकाश के चलते वे भी घर निकल गए।

सोमवार से पटरी में लौटेगा प्रशासन, रुके कार्यों को मिलेगी गति

उल्लेखनीय है कि जिले में मतदान के पहले राजनीतिक दलो के चुनाव प्रचार प्रसार की रफ्तार धीमी रही लेकिन दिन बढते ही उनमें उत्साह बढ़ा। आखरी में सभी बड़ी छोटी राजनीतिक पार्टियों ने अंतिम दिनो में चुनाव प्रचार के लिए जमकर मेहनत की। मतदान के दिन भी मतदान केन्द्रो के आसपास डटे रहे। जैसे ही मतदान संपन्न हुआ उन्होंने भी राहत की सांस ली। चुनाव प्रचार में लगातार गांव गांव घुमे पार्टी कार्यकर्ताओ को दो महिने बाद मतदान उपरांत आराम फरमाने का मौका मिला। हालाकि मतदान के बाद अगले दिन सुबह उठकर राजनीतिक दलो के पदाधिकारियों ने अपने क्षेत्रों में जनता की बीच जाकर मतदान को लेकर फीड बैक लिया और अपनी अपनी जीत के दावे के साथ ही सरकार बनाने की बात भी कही। वहीं प्रत्याशियों ने भी सभी करीबी कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर चुनाव में उनका साथ देने के लिए धन्यवाद दिया। इसके बाद वे भी चुनावी माहौल से दूर घर परिवार के बीच पहुँचे। कई पदाधिकारी चुनाव के दौरान प्रभारी रूप में अन्य जिलो से आए थे वे भी मतदान के ठीक पहले वापस लौट गए। ज्ञात हो कि शुक्रवार को जिले के दो विधानसभा के 573 मतदान केन्द्रो में शांतिपूर्ण मतदान हुआ।17 उम्मीदारो के भाग्य का फैसला ईव्हीएम में कैद हो गया। अब लोगो को 03 को होने वाले मतगणना का इंजतार रहेगा।

सोमवार से प्रशासन लौटेगा पटरी पर

जिलें में शांतिपूर्ण मतदान संपन्न होने के बाद सोमवार से अब प्रशासन भी वापस पटरी में लौटेगा। हालांकि मतगणना की तैयारी और आचार संहिता जारी रहेगी। लेकिन बीते दो तीन महिनो से रूके प्रशासकीय और विभागीय कार्य को रफ्तार मिल सकेगी। चुनावी व्यस्तता के चलते जहाँ सभी विभागों के प्रमुख अधिकारी कर्मचारी अपने कार्यालय से नदारत रहे, उसमें से अधिकांश अधिकारी अब अपने कार्यालय मे मौजूद रहेंगे। ग्रामीण स्तर से आने लोग अपनी समस्याओं को लेकर अधिकारियों से मिल सकेंगे। सोमवार से मतगणना कार्य हेतु नियुक्त अधिकारी कर्मचारी को छोड़ कर शेष सभी अपने विभागीय कार्यों को आगे बढ़ाने में जुट जायेंगे। इसके पूर्व दो महिनो तक विभागीय कार्य पेंडिग रहे, जनसमस्या को लेकर आने वाले लोगो की भी आवाजाही कम रही।